रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-07102020-222271
CG-DL-E-07102020-222271

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 406] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 30, 2020/आश्विन 8, 1942
No. 406] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 30, 2020/ASVINA 8, 1942

## भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान

**(संसद् के अधिनियम द्वारा गठित)**

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 2020

**सं. 1-सीए(5)/71/2020.**—चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उपधारा (5ख) के अनुसरण में, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की परिषद् के 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए संपरीक्षित लेखाओं और रिपोर्ट की एक प्रति जनसाधारण की जानकारी के लिए एतद्वारा प्रकाशित की जाती है।

## 71वीं वार्षिक रिपोर्ट

आईसीएआई की परिषद् को 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अपनी 71वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। 1 जुलाई, 1949 को संसद् के एक अधिनियम द्वारा आईसीएआई के प्रारंभ से लेखाकंन वृत्ति का अत्यधिक विकास हुआ है। संस्थान, जिसे केवल 1700 सदस्यों के साथ स्थापित किया गया था, 31 मार्च, 2020 को उसके सदस्यों की संख्या बढ़कर 307238 हो गई है। यह रिपोर्ट, परिषद् और इसकी विभिन्न समितियों की वर्ष 2019-2020 के दौरान की महत्वपूर्ण गतिविधियों और साथ ही संस्थान के 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लेखाओं की प्रमुख विशिष्टियों को उपदर्शित करती है। परिषद् इस अवसर पर इस रिपोर्ट में, इस अवधि के और जुलाई, 2020 के शुरूआती दिनों तक की अवधि के दौरान, सदस्यों और छात्रों के संबंध में की गई प्रमुख पहलों, महत्वपूर्ण घटनाओं, सांख्यिकीय रूपरेखाओं, आयोजित की गई संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ब्यौरों को भी समाविष्ट करती है। परिषद्, चार्टर्ड अकाउंटेंसी की वृत्ति के समाज में विद्यमान वर्तमान सम्मान के लिए सदस्यों और छात्रों की सराहना करती है। इस उद्देश्य की पूर्ति सदस्यों और छात्रों द्वारा एक साथ मिलकर उपदर्शित की गई उत्कृष्टता, स्वतंत्रता और ईमानदारी के द्वारा हुई है।

### 1. परिषद्

चौबीसवीं परिषद् का गठन 12 फरवरी, 2019 को तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया था। वर्तमान में, परिषद् 32 निर्वाचित सदस्यों और केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए गए 8 सदस्यों से मिलकर बनी है। 24वीं परिषद् की संरचना पृथक रूप से दर्शित की गई है।

**2. परिषद् की समितियां**

परिषद् ने चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 17 के निबंधनानुसार 12 फरवरी, 2020 को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की वृत्ति से संबंधित विषयों के बारे में स्थायी और विभिन्न गैर-स्थायी समितियों/बोर्डों और समूहों का गठन किया था । 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, परिषद् की विभिन्न स्थायी और अस्थायी समितियों और बोर्डों और समूहों की 281 बैठकें आयोजित की गई थीं ।

**3. संपरीक्षक**

मैसर्स रवि राजन एंड कं. एलएलपी और मैसर्स शाह गुप्ता एंड कं. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए आईसीएआई के संयुक्त संपरीक्षक थे।

**4, स्थायी समिति**

**4.1 कार्यपालक समिति**

कार्यपालक समिति आईसीएआई की परिषद् की स्थायी समितियों में से एक है । इस समिति के कृत्यों को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विनियम, 1988 के विनियम 175 के अधीन विहित किया गया है । समिति के कुछ कृत्य, आर्टिकल्ड और संपरीक्षा सहायकों तथा सदस्यों के नामों का रजिस्टर में नामांकन करने, हटाए जाने, नामों की पुन: प्रविष्टि करने, व्यवसाय प्रमाणपत्र को रद्द करने, लेखांकन वृत्ति से भिन्न किसी अन्य कारबार या व्यवसाय में नियोजित होने के लिए अनुमति प्रदान करने से संबंधित है । कार्यपालक समिति आईसीएआई की संपत्तियों, आस्तियों और निधियों की अभिरक्षक भी है और साथ ही आईसीएआई के कार्यालय के अनुरक्षण के लिए भी उत्तरदायी है ।

**4.2 वित्त समिति**

वित्त समिति, जिसे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 के माध्यम से आरंभ किया गया था, अन्य बातों के साथ, सत्य और सही लेखाओं को रखे जाने, वार्षिक बजट तैयार करने, निधियों के निवेश, निधियों से राजस्व और पूंजी, दोनों प्रकार के व्ययों के लिए आहरण करने से संबंधित और अनुषंगी गतिविधियों का नियंत्रण, कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण करती है ।

**4.3 परीक्षा समिति**

परीक्षा समिति, परीक्षाओं से संबंधित परिषद् के सभी कृत्यों का निर्वहन करती है । समिति ने, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फाउंडेशन, मध्यवर्ती, मध्यवर्ती (आईपीसी) और फाइनल (विद्यमान और पुनरीक्षित) परीक्षाओं का संचालन पूरे देश में और विदेशों में सुचारू रूप से किया । रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान कराई गई परीक्षाओं के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं ।

**मई, 2019 की परीक्षाएं –** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फाउंडेशन, मध्यवर्ती, मध्यवर्ती (आईपीसी) और फाइनल (पुराना और नया) परीक्षाओं का संचालन पूरे देश में और विदेशों में स्थित 479 केंद्रों में 2 मई से 17 मई, 2019 के दौरान सुचारू रूप से किया गया था । उक्त फाउंडेशन, मध्यवर्ती, मध्यवर्ती (आईपीसी) और फाइनल (पुराना और नया) परीक्षाएं देने वाले और उन्हें उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

| | केवल समूह 1 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले | | केवल समूह 2 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले | | दोनों समूहों की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले /एक समूह उत्तीर्ण करने वाले | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले |
| मध्यवर्ती (आईपीसी) | 45857 | 6716 | 73091 | 15932 | 17061 | 324 |
| मध्यवर्ती | 51755 | 9153 | 41350 | 13109 | 25794 | 4413 |
| फाइनल (पुराना) | 25022 | 4610 | 36945 | 8762 | 15560 | 1187 (दोनों समूह) 2729 (किसी भी एक समूह में) |
| फाइनल (नया) | 8894 | 1500 | 6529 | 1146 | 11092 | 2313 (दोनों समूह) 2101 (किसी भी एक समूह में) |

**नवंबर, 2019 की परीक्षाएं –** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फाउंडेशन, मध्यवर्ती, मध्यवर्ती (आईपीसी) और फाइनल (पुराना और नया) परीक्षाओं का संचालन पूरे देश में और विदेशों में स्थित 504 केंद्रों में 1 से 18 नवंबर, 2019 के दौरान सुचारू रूप से किया गया था । उक्त फाउंडेशन, मध्यवर्ती, मध्यवर्ती (आईपीसी) और फाइनल (पुराना और नया) परीक्षाएं देने वाले और उन्हें उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

| | केवल समूह 1 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले | | केवल समूह 2 की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले | | दोनों समूहों की परीक्षा देने वाले और उत्तीर्ण करने वाले /एक समूह उत्तीर्ण करने वाले | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले |
| **मध्यवर्ती (आईपीसी)** | 30571 | 3695 | 54489 | 10952 | 10678 | 164 |
| **मध्यवर्ती** | 69886 | 15719 | 45449 | 8122 | 31856 | 4578 |
| **फाइनल (पुराना)** | 27409 | 7384 | 37589 | 8679 | 8021 | 817 |
| **फाइनल (नया)** | 27861 | 4830 | 26972 | 7593 | 15003 | 2268 |

| | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले |
|---|---|---|
| **फाउंडेशन परीक्षा मई, 2019** | 30971 | 5753 |
| **फाउंडेशन परीक्षा नवंबर, 2019** | 87084 | 30563 |

उपरोक्त के अलावा, सामान्य प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी) संबंधी परीक्षाओं को 16 जून, 2019 को, देश भर और विदेशों में स्थित 250 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था । उक्त सीपीटी परीक्षाएं देने वाले और उन्हें उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

| | परीक्षाएं देने वाले अभ्यर्थी | उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| **16 जून, 2019 को आयोजित सीपीटी** | 20303 | 5764 |

वर्ष के दौरान, सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अर्हतापश्च पाठयक्रम – निर्धारण परीक्षा (आईएसए-एटी) का सफलतापूर्वक आयोजन 29 जून, 2019 को देश भर में 63 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया था । एक अन्य सूचना प्रणाली संपरीक्षा – निर्धारण परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन 28 दिसंबर, 2019 को देश भर में 66 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया था।

इन परीक्षाओं को देने वाले और उन्हें उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

| | परीक्षाएं देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले |
|---|---|---|
| **29 जून, 2019 को आयोजित आईएसए-एटी** | 3215 | 1038 |
| **28 दिसंबर, 2019 को आयोजित आईएसए-एटी** | 2785 | 1122 |

बीमा और जोखिम प्रबंध तकनीकी परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन नवंबर, 2019 के दौरान देश भर में कराया गया था । इस परीक्षा को देने वाले और उसे उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

| | परीक्षा देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले |
|---|---|---|
| **आईआरएम - तकनीकी परीक्षा, नंवबर, 2019** | 49 | 21 |

सदस्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कराधान – निर्धारण परीक्षा (आईएनटीटी-एटी) का सफलतापूर्वक आयोजन मई और नवंबर, 2019 के दौरान किया गया था । इस परीक्षा को देने वाले और उसे उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार थी :

| | परीक्षा देने वाले | उत्तीर्ण होने वाले |
|---|---|---|
| **मई, 2019 में आयोजित आईएनटीटी – एटी** | 297 | 76 |
| **नवंबर, 2019 में आयोजित आईएनटीटी – एटी** | 185 | 44 |

नवंबर, 2019 में प्रबंध अकाउंटेंसी पाठ्यक्रम (एमएसी) (भाग 1), निगम प्रबंध पाठ्यक्रम (सीएमसी) (भाग 1), कर प्रबंध पाठ्यक्रम (टीएमसी) (भाग 1) और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विधि और विश्व व्यापार संगठन (आईटीएल एंड डब्ल्यूटीओ) (भाग 1) में अर्हता-पश्च पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का भी आयोजन किया गया था ।

वर्ष के दौरान, अग्रिम आईसीआईटीएसएस परीक्षाओं का भी नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार आयोजन किया गया था :

| परीक्षा की तारीख | नगरों की संख्या | परीक्षा केंद्रों की संख्या | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 03.03.2019 | 89 | 112 | 10105 |
| 27.04.2019 | 102 | 122 | 11030 |
| 17.05.2019 | 67 | 71 | 3570 |
| 28.07.2019 | 90 | 103 | 8656 |
| 01.09.2019 | 89 | 98 | 7300 |
| 06.10.2019 | 73 | 79 | 4277 |
| 20.10.2019 | 68 | 71 | 2705 |
| 05.01.2020 | 102 | 125 | 10737 |
| 16.02.2020 | 101 | 121 | 9568 |

संस्थान अपनी परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में, प्रश्नपत्र निर्धारित करने के प्रक्रम से आरंभ करते हुए परिणामों की घोषणा तक की प्रक्रियाओं में निरंतर रूप से सुधार करता रहा है, जिससे परीक्षा प्रणाली की सत्यनिष्ठा और संतता, जो कि पिछले सात दशकों से सुविख्यात है, अक्षुण्ण बनी रहे तथा उसे और अधिक मजबूत तथा विकसित किया जा सके।

संस्थान की परीक्षाएं सीए पाठ्यचर्या के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक विषय के संबंध में अवधारणात्मक समझ और साथ ही व्यवहारिक प्रयोग की जांच करती हैं, जिससे छात्र वृत्ति के विभिन्न पणधारियों की आशाओं पर खरे उतर सकें। प्रश्नों की पूर्व अनुमानता की संभावनाओं को यथासंभव रूप से दूर रखते हुए छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमताओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए संस्थान की परीक्षाएं लगातार यह सुनिश्चित करती रहीं हैं कि अर्हित छात्र सुयोग्य वृत्तिक बन सकें।

**विशेष परीक्षा :** विदेशी वृत्तिक लेखांकन निकायों के साथ किए गए परस्पर मान्यता करार/समझौता ज्ञापनों से उदभूत होने वाली विशेष परीक्षाओं का, जिनमें आईसीएआई की सदस्यता को प्राप्त करने के लिए इच्छुक इंस्टीट्यूट आफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स इन आस्ट्रेलिया (सीपीए आस्ट्रेलिया) के सदस्य बैठना चाहते थे, सफलतापूर्वक आयोजन 17 से 20 जून, 2019 के दौरान नई दिल्ली में किया गया था।

**छात्र परीक्षा जीवन चक्र प्रबंध संबंधी वेब इंटरफेस :–**

आईसीएआई ने एक छात्र परीक्षा जीवन चक्र प्रबंध परियोजना नामक एकीकृत वेब इंटरफेस प्रारंभ किया था, जिस पर सीए के छात्र एकल उपयोक्ता पहचान और पासवर्ड का उपयोग करते हुए विभिन्न परीक्षा संबंधी सेवाओं तक पहुंच बना सकते हैं, जिसके अंतर्गत द्वितीय अंक सूचियां/ उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/प्रतिलिपियों, केंद्र/ माध्यम/समूह में परिवर्तन के लिए आवेदन, परीक्षा-दर-परीक्षा प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड करना, परिणामों की जांच करना और परिणाम के पश्चात् उत्तर-पुस्तिकाओं के सत्यापन/उनकी प्रमाणित प्रतियों को प्राप्त करने के लिए आवेदन करना आदि भी हैं।

**नए परीक्षा केन्द्र :** छात्रों द्वारा उनके आवास/आर्टिकल्ड प्रशिक्षण के स्थान से निकटतम संभव स्थानों पर परीक्षाएं देने को सुकर बनाने के विचार से निम्नानुसार नए परीक्षा केंद्र खोले गए थे :

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स फाउंडेशन, मध्यवर्ती, मध्यवर्ती (आईपीसी) और फाइनल (पुराना और नया) परीक्षाओं के लिए खोले गए नए परीक्षा केंद्र :

नवंबर, 2019 की परीक्षाओं से : दरभंगा (बिहार), देवेनगिर (कर्नाटक), बहादुरगंढ (हरियाणा), बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश), डिब्रूगढ़ (असम), झारसुगुड़ा (ओडिशा), कडपा (आंध्र प्रदेश), कांचीपुरम (तमिलनाडु), कुरुक्षेत्र (हरियाणा) और रानीगंज (पश्चिम बंगाल) में नए परीक्षा केंद्र खोले गए थे।

इसके अतिरिक्त, केवल फाउंडेशन परीक्षाओं के लिए अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), रायगढ़ (छत्तीसगढ़), बालोतरा (राजस्थान) और कालाबुर्गी (गुलबर्गा) (कर्नाटक) में भी परीक्षा केंद्र खोले गए थे।

### 4.4 अनुशासन निदेशालय

अनुशासन निदेशालय, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (वृत्तिक और अन्य कदाचार के मामलों के अन्वेषण और मामलों के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 2007 के अधीन उपबंधित किए गए अनुसार "प्ररूप 1 में एक औपचारिक शिकायत" या किसी "सूचना" के माध्यम से प्राप्त उसके सदस्यों के विरुद्ध वृत्तिक और/या अन्य कदाचार के मामलों के संबंध में अन्वेषण करने हेतु आईसीएआई के एक विनियामक खंड के रूप में स्थापित किया गया है।

अनुशासन तंत्र के अधीन आईसीएआई के अनुशासन निदेशालय को यह आज्ञापक कर्तव्य सौंपा गया है कि वह देश भर में स्थित उसके सदस्यों द्वारा की गई किन्हीं अभिकथित त्रुटियों/अनियमितताओं की जांच करे, जिससे वृत्ति में प्रवेश करने वाले भावी सदस्यों को विश्वसनीयता की सुदृढ़ नींव उपलब्ध कराई जा सके। हालांकि, अधिकांश सदस्य अपनी वृत्तिक विशेषज्ञता और अनुभव के माध्यम से

समाज और विश्व को निस्वार्थ और समर्पित सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं फिर भी आईसीएआई के लिए सतत रूप से यह आवश्यक है कि वह अपने संतुलित अनुशासन तंत्र के माध्यम से सावधानी बरते और नगण्य सदस्यों, जो असावधानीवश विधि का उल्लंघन कर बैठते हैं, को सही दिशा प्रदान करे।

वर्ष 2006 में, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 में किए गए संशोधनों के निबंधनानुसार आईसीएआई के अनुशासन तंत्र में कतिपय महत्वपूर्ण और अत्यंत नवीन परिवर्तन हुए हैं जो मुख्यत: अनुशासन संबंधी मामलों के संचालन की प्रक्रिया से संबंधित उपबंधों में कार्यान्वित किए गए हैं जिससे अनुशासन संबंधी मामलों के निपटान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। तदनुसार, आज की तारीख में अनुशासन तंत्र अपने दो अर्ध-न्यायिक निकायों, जिन्हें चार्टर्ड अकाउंटेट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 के उपबंधों के अनुसार गठित किया गया था, अर्थात् (i) अनुशासन बोर्ड (धारा 21क के अधीन) और (ii) अनुशासन समिति (धारा 21ख के अधीन) के माध्यम से अपने कार्यकरण कर रहा है।

अनुशासन तंत्र को उसमें अंतर्वलित प्रक्रियाओं को ऐसी रीति में विशेष रूप से तैयार किया गया है, जो पारदर्शिता सुनिश्चित करती हैं और इस प्रकार इस क्षेत्र के पणधारियों और साधारण जनता में विश्वास का संचार करती हैं और साथ ही ऐसे सदस्यों को, जिन पर वृत्तिक और/या अन्य कदाचार के आरोप लगाए गए हैं, निष्पक्ष और साम्यापूर्ण न्याय उपलब्ध कराता है।

वर्तमान परिषद् वर्ष 2020-2021 के दौरान अनुशासन समिति की एक नई खंडपीठ का गठन किया गया है और इस प्रकार अनुशासन समिति की खंडपीठों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, अर्थात् खंडपीठ I, खंडपीठ II, खंडपीठ III और खंडपीठ IV और अनुशासन बोर्ड तथा इस प्रकार यह आशा की जाती है कि निदेशक अनुशासन द्वारा तैयार की गई प्रथमदृष्ट्या राय पर विचार किए जाने के साथ-साथ जांच के अधीन मामलों के संबंध में भी शीघ्र निपटान की कार्यवाही की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, धारा 21घ के अधीन अध्यक्ष, आईसीएआई की अध्यक्षता में एक अनुशासन समिति का भी गठन किया गया है, जो शेष बचे पुराने मामलों और ऐसे मामलों, जो उसे परिषद् द्वारा पुन: निर्दिष्ट किए जाते हैं, के संबंध में कार्यवाही करेगी।

अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति के समक्ष वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पक्षकारों/साक्ष्यों के उपस्थित होने से संबंधित संशोधन पहले ही चार्टर्ड अकाउंटेट्स (वृत्तिक और अन्य कदाचार के अन्वेषणों की प्रक्रिया और मामलों का संचालन) नियम, 2007 में किए जा चुके हैं। इसके पश्चात्, अनुशासन बोर्ड और अनुशासन समिति की खंडपीठों की बैठकें शारीरिक रूप से उपस्थित होने के अलावा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से भी संचालित की जा रही हैं।

**(I) चालू वर्ष के दौरान विशिष्ट पहलें/उपलब्धियां :**

- निदेशक अनुशासन द्वारा तैयार की गई प्रथमदृष्ट्या राय पर विचार किए जाने और पूछताछ के अधीन मामलों के संबंध में त्वरित निपटान प्रक्रिया को बनाए रखने के विचार से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21ख के अधीन अनुशासन समिति की एक अतिरिक्त खंडपीठ की भी स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त, श्री अरुण कुमार, आईएएस (सेवानिवृत्त) और सुश्री नीता चौधरी, आईएएस (सेवानिवृत्त) का अनुशासन समिति (खंडपीठ IV) में शासकीय नामनिर्देशिती के रूप में नामांकन भी प्राप्त हुआ है और यह नामांकन चौबीसवीं परिषद के तीन वर्ष के कार्यकाल या अगले आदेशों तक, इनमें से जो भी पूर्वत्तर हो, लागू बना रहेगा।
- अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति के सदस्यों के समय और ऊर्जा को बचाने संबंधी ई-सुनवाईयों को आरंभ किया गया है, जो लागत के अनुसार मितव्ययी भी हैं। वर्तमान परिषद् वर्ष, अर्थात् 2020-21 के दौरान 30 जून, 2020 तक आयोजित कुल 12 बैठकों में से 11 बैठकों का आयोजन वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया है। अब, समितियों के सदस्यों को सुनवाईयों में भाग लेने हेतु भिन्न-भिन्न स्थानों की यात्रा करना आवश्यक नहीं है। मामले के पक्षकारों के पास भी यह विकल्प उपलब्ध होगा कि वे अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति की सुनवाईयों में, जो संबंधित प्रादेशिक कार्यालयों में आयोजित की जाती हैं, वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भाग ले सकते हैं।
- अनुशासन बोर्ड/अनुशासन समिति द्वारा विनिश्चित किए गए अनुशासन संबंधी मामलों के ब्यौरे और साथ ही मामलों की वाद सूची को भी आईसीएआई की वेबसाइट पर रखा जाता है जिससे विभिन्न पणधारियों के बीच और अधिक जागरुकता का सृजन किया जा सके।
- अनुशासन निदेशालय के लिए एक पृथक् वेब पोर्टल को विकसित किया गया है और उसे एक ही स्थान पर सभी सुसंगत जानकारी से लैस करके लाइव बनाया गया है।
- अनुशासन निदेशालय के कर्मचारिवृंद को तकनीकी और विधिक विषयों के संबंध में आनलाइन प्रशिक्षण देने संबंधी कार्यक्रम को आरंभ किया गया है, जिससे उन्हें इस क्षेत्र से संबंधित नवीनतम जानकारी से अवगत कराया जा सके।
- आईसीएआई की शासकीय वेबसाइट, अर्थात् www.icai.org और साथ ही अनुशासन निदेशालय के पृथक् पोर्टल, जिसका लिंक https://disc.icai.org/ पर उपलब्ध है, पर शिकायतें/परिवाद फाइल करने की आनलाइन पद्धति अब उपलब्ध है।
- संस्थान के अनुशासन निदेशालय के कतिपय प्रचालनों को संचालित करने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

**(II) चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 (की धारा 21क) के अधीन अनुशासन बोर्ड**

अनुशासन बोर्ड का गठन आईसीएआई की परिषद द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21क के अधीन किया गया है

ताकि वह सदस्यों द्वारा वृत्तिक और अन्य कदाचार के ऐसे मामलों पर विचार कर सके, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की पहली अनुसूची के अंतर्गत आते हैं और/या ऐसे मामलों पर विचार करने के लिए भी जहां सदस्यों को निदेशक (अनुशासन) द्वारा प्रथमदृष्टया रूप से किसी कदाचार का दोषी नहीं पाया जाता है।

पुनर्विलोकनाधीन वर्ष के दौरान, अनुशासन बोर्ड ने देश के विभिन्न स्थानों पर **36 बैठकें** की थी, जिसमें वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा की गई बैठकें भी सम्मिलित हैं। इन बैठकों में, बोर्ड ने **119 मामलों**, जिनके अंतर्गत पूर्व वर्षों में उसे निर्दिष्ट किए गए मामले भी सम्मिलित थे, में अपनी जांच पूरी की थी। ऐसे मामलों के, जिनका अनुशासन बोर्ड द्वारा विनिश्चय किया गया था, सांख्यिकी संबंधी ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

**अनुशासन बोर्ड (धारा 21क के अधीन) – 1 अप्रैल, 2019 से 30 जून, 2020 की अवधि के दौरान**

| क्रम सं. | विशिष्टियां | मामलों की सं. |
|---|---|---|
| क) | पूर्वोक्त अवधि के दौरान अनुशासन बोर्ड द्वारा की गई बैठकों की संख्या | 36 |
| ख) | ऐसे शिकायत/सूचना संबंधी मामलों की संख्या, जिन पर अनुशासन बोर्ड (धारा 21क के अधीन) द्वारा विचार किया गया था, जिनमें निदेशक (अनुशासन) की प्रथमदृष्टया राय प्राप्त की गई थी*। | 244 |
| ग) | ऐसे मामलों (शिकायत/सूचना संबंधी मामलों) की संख्या, जिनमें अनुशासन बोर्ड द्वारा जांच पूरी कर ली गई थी (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन बोर्ड को निर्दिष्ट किया गया था) | 119 |
| घ) | ऐसे मामलों (शिकायत/सूचना संबंधी मामले) की संख्या, जिनमें अनुशासन बोर्ड द्वारा दंड दिया गया था (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन बोर्ड को निर्दिष्ट किया गया था) | 56 |

*इसके अंतर्गत ऐसे मामले भी हैं, जिनके संबंध में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (वृत्तिक और अन्य कदाचार के मामलों का अन्वेषण और मामलों के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 2007 के नियम 6/12 के अधीन कार्यवाही की गई थी।

**(III) चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की अनुशासन समिति (धारा 21ख के अधीन)**

अनुशासन समिति का गठन आईसीएआई की परिषद द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21ख के अधीन किया गया है ताकि वह सदस्यों द्वारा वृत्तिक कदाचार के ऐसे मामलों पर विचार कर सके, जो केवल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की दूसरी अनुसूची या पहली तथा दूसरी अनुसूची, दोनों के अंतर्गत आते हैं।

पुनर्विलोकनाधीन वर्ष के दौरान, समिति ने देश भर के विभिन क्षेत्रों में अवस्थित स्थानों पर 55 बैठकें की थी, जिसमें वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा की गई बैठकें भी सम्मिलित हैं। पूर्वोक्त बैठकों के अनुक्रम के दौरान, समिति ने 300 मामलों में अपनी जांच पूरी की थी, जिसके अंतर्गत पूर्व वर्षों में उसे निर्दिष्ट किए गए मामले भी सम्मिलित थे। ऐसे मामलों के, जिनका अनुशासन समिति द्वारा विनिश्चय किया गया था, सांख्यिकी संबंधी ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

**अनुशासन समिति (धारा 21ख के अधीन) – 1 अप्रैल, 2019 से 30 जून, 2020 की अवधि के दौरान**

| क्रम सं. | विशिष्टियां | मामलों की सं. |
|---|---|---|
| क) | पूर्वोक्त अवधि के दौरान अनुशासन समिति द्वारा की गई बैठकों की संख्या | 54 |
| ख) | ऐसे शिकायत/सूचना संबंधी मामलों की संख्या, जिन पर अनुशासन समिति (धारा 21ख के अधीन) द्वारा विचार किया गया था, जिनमें निदेशक (अनुशासन) की प्रथमदृष्टया राय प्राप्त की गई थी। | 288 |
| ग) | उपरोक्त में से ऐसे शिकायत/सूचना संबंधी मामलों की संख्या, जिन्हें आगे और जांच के लिए अनुशासन समिति* द्वारा निर्दिष्ट किया गया था (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन समिति को निर्दिष्ट किया गया था)<br>*ऐसे मामलों सहित, जो निर्दिष्ट किए गए हैं | 300 |
| घ) | ऐसे मामलों (शिकायत/सूचना संबंधी मामले) की संख्या, जिनमें अनुशासन समिति* द्वारा दंड दिया गया था (ऐसे मामलों सहित, जिन्हें पूर्व वर्षों के दौरान अनुशासन समिति को निर्दिष्ट किया गया था)<br>*ऐसे मामलों सहित, जो निर्दिष्ट किए गए हैं | 78 |

**(IV) धारा (21घ) के अधीन अनुशासन समिति**

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21घ के उपबंधों के अधीन कार्यरत अनुशासन समिति, 2006 में पूर्वोक्त अधिनियम में किए गए संशोधनों से पूर्व लंबित शेष मामलों के संबंध में जांच करती है और परिषद् को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। चूंकि, अनुशासन समिति द्वारा वर्ष 2018 में ही शेष बचे सभी मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई थी और उनका निपटारा कर दिया गया था, इसलिए, पुनर्विलोकनाधीन वर्ष के दौरान इस समिति की किसी बैठक का आयोजन नहीं किया गया था।

**ऐसे मामले, जिन पर पुराने अनुशासन तंत्र [धारा 21(घ)] के अधीन कार्यवाही की गई**

1 अप्रैल, 2019 से 30 जून, 2020 तक की अवधि के दौरान परिषद् और अनुशासन समिति के समक्ष रखे गए मामलों से संबंधित आंकड़े:

| क्रम सं. | विशिष्टियां | मामलों की सं. |
|---|---|---|
| (क) | (i) पूर्वोक्त अवधि के दौरान अनुशासन समिति द्वारा निपटाए गए मामलों की संख्या<br>(ii) पूर्वोक्त अवधि के दौरान अनुशासन समिति द्वारा धारा 21घ के अधीन की गई बैठकों की संख्या | शून्य<br>शून्य |
| (ख) | अनुशासन समिति की ऐसी रिपोर्टों की संख्या, जिन पर परिषद् द्वारा विचार किया गया था (इनके अंतर्गत उन मामलों की रिपोर्टें भी हैं, जिन पर अनुशासन समिति द्वारा पूर्व वर्षों के दौरान सुनवाई पूरी की गई थी) | 6* |
| | उपरोक्त में से | |
| (ग) | क) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को पहली अनुसूची के अधीन दोषी पाया गया है किंतु चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21(4) के अधीन कोई आदेश पारित करने से पूर्व परिषद् के समक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान करने हेतु उपयुक्त पाया गया है।<br>ख) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को दूसरी अनुसूची और/या अन्य कदाचार के लिए दोषी पाया गया है किंतु जिनके मामले को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21(5) के अधीन उच्च न्यायालयों को निर्दिष्ट किया जाना है।<br>(ग) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को पहली अनुसूची और दूसरी अनुसूची/ अन्य कदाचार के लिए दोषी पाया गया है<br>(घ) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें मामला आगे और जांच हेतु अनुशासन समिति को वापस निर्दिष्ट किया गया है<br>(ङ) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को किसी कदाचार के लिए दोषी नहीं पाया गया है | शून्य<br>3<br>शून्य<br>शून्य<br>3 |
| (घ) | ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें ऐसे प्रत्यर्थियों के संबंध में धारा 21(4) के अधीन आदेश पारित किया गया था, जिन्हें पहली अनुसूची के अधीन दोषी पाया गया था | शून्य |
| (ङ) | उच्च न्यायालय द्वारा धारा 21(6) के अधीन निपटाए गए मामलों की संख्या | 1 |

* इसमें दो प्रत्यर्थियों के मामलों में संयुक्त रिपोर्ट भी सम्मिलित है।

## 5. तकनीकी और वृत्तिक विकास

### 5.1लेखांकन मानक बोर्ड (एएसबी)

लेखांकन मानक बोर्ड (एएसबी) का गठन आईसीएआई द्वारा वर्ष 1977 में ऐसे लेखांकन मानकों को विरचित करने के विचार से किया गया था, जो उत्तम, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाली लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली को स्थापित करे तथा भारत में प्रचलित भिन्न-भिन्न प्रकार की लेखांकन नीतियों और व्यवहारों का समन्वयन कर सके। इसके आरंभ से ही एएसबी नए लेखांकन मानकों की विरचना करके और साथ ही समय-समय पर विद्यमान लेखांकन मानकों का पुनरीक्षण करके सतत रूप से इस दिशा में कार्य कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारतीय लेखांकन मानकों को अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी) द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानकों (आईएएस)/अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) के समरूप बनाना है। एएसबी निरंतर जटिल होते हुए कारबार संबंधी वातावरण में लेखांकन मानकों को एकसमान रूप से प्रयुक्त करने संबंधी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है और साथ ही समय-समय पर विभिन्न मार्गदर्शन सामग्रियां भी जारी करता है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा प्रारंभ/पूरे किए गए प्रमुख क्रियाकलापों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

**(I) वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों का उन्नयन :**

संशोधन/नए भारतीय लेखांकन मानक

- आईएएसबी द्वारा जारी विभिन्न आईएफआरएस मानकों के साथ अभिसरण को बनाए रखने के लिए एएसबी द्वारा इंड एएस में निम्नलिखित संशोधनों को भारत सरकार के कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) को प्रस्तुत किया गया है ताकि उन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन अधिसूचित किया जा सके :
    - इंड एएस 103, कारबार संयोजन में कारबार पद की परिभाषा में संशोधन
    - इंड एएस 1, वित्तीय विवरणों का प्रस्तुतीकरण और इंड एएस 8, लेखांकन नीतियां, लेखांकन प्राक्कलनों में परिवर्तन और त्रुटियां, में सामग्री पद की परिभाषा में संशोधन
    - ब्याज दर बैंचमार्क सुधार (आईबीओआर) : इंड एएस 109, वित्तीय लिखते और इंड एएस 107, वित्तीय लिखते : प्रकटन में संशोधन

- कोविड-19 से संबंधित – किराया रियायतें : इंड एएस 116, पट्टे में संशोधन

उपरोक्त संशोधनों को अभी एमसीए द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया है।

- आईएएसबी द्वारा जारी अवधारणात्मक ढांचे के तत्समान इंड एएस के अधीन अवधारणात्मक ढांचा संबंधी इंड एएस को जारी किया गया है, जो 1 अप्रैल, 2020 से मानक तय करने संबंधी क्रियाकलापों को लागू है।

बोर्ड ने विद्यमान लेखांकन मानकों को यथासंभव रूप से इंड एएस के अनुरूप बनाने हेतु उन्हें पुनरीक्षित करने के अपने प्रयासों को जारी रखा और इस संबंध में एएसबी द्वारा जारी किए गए पुनरीक्षित लेखांकन मानकों के उदभासन प्ररूपों से संबंधित निम्नलिखित कार्यवाहियां की गई :

- लेखांकन मानक (एएस) 34, अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी उदभासन प्रारूप
- लेखांकन मानक (एएस) 17, पट्टों संबंधी उदभासन प्रारूप
- लेखांकन मानक (एएस) 41, कृषि संबंधी उदभासन प्रारूप

**(II) कोविड-19 से उत्पन्न हुई बाधाओं के आलोक में आईसीएआई की लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी सलाह**

- "वित्तीय रिपोर्टिंग और संपरीक्षक द्वारा विचार किया जाना" शीर्षक वाली सलाह : कोविड-19 वैश्विक महामारी द्वारा कारित चुनौतीपूर्ण आर्थिक और प्रचालन संबंधी वातावरण में लेखा तैयार करने वाले व्यक्तियों और संपरीक्षकों का मार्गदर्शन करने के लिए "वित्तीय रिपोर्टिंग और संपरीक्षक द्वारा विचार किया जाना" शीर्षक वाली एक व्यापक सलाह जारी की गई थी जिसमें लेखांकन मानक बोर्ड द्वारा संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से जारी किए गए इंड एएस और एएस के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विशिष्ट रूप से उल्लिखित किया गया था।
- "वित्तीय रिपोर्टिंग और संपरीक्षक द्वारा विचार किए जाने के संबंध में कोरोना वायरस का प्रभाव" नामक लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी सलाह के अनुलग्नक को अप्रैल, 2020 में जारी किया गया था – आशयित क्रेडिट हानि दृष्टिकोण के अधीन वित्तीय लिखतों के नुकसान की हानि के प्राक्कलन के संबंध में अतिरिक्त मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए जारी की गई लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी सलाह का एक अनुलग्नक जारी किया गया था। इस संबंध में भी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया था कि ऋण आस्थगन के संबंध में किस प्रकार से विचार किया जाना है। अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी) द्वारा जारी आईएफआरएस 9 ईसीएल के आधार पर भी एक मार्गदर्शन तैयार किया गया है।
- मई, 2020 में जारी भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) के संबंध में बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न – आर्थिक गतिविधियों में कमी आने, वित्तीय बाजारों के बाधित होने और सरकार, धनीय और विवेकपूर्ण प्राधिकरणों द्वारा की गई कार्रवाईयों की श्रृंखला के संदर्भ में लेखांकन के कतिपय क्षेत्रों में उक्त मानकों के लागू होने के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए 49 प्रश्नोत्तरों को अंतर्विष्ट करने वाले बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों को जारी किया गया था। इन बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों में प्रस्थापित मार्गदर्शन 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लागू है। आईसीएआई की वेबसाइट पर एएसबी के वेब पृष्ठ से संबंधित एक वेब लिंक विनिर्दिष्ट रूप से सृजित किया गया है, जो अनन्य रूप से कोविड – 19 से संबंधित लेखांकन संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है।
- आयोजित वेबकास्ट – कोविड-19 और वित्तीय विवरणों पर उसके प्रभाव के संबंध में 30 मार्च, 2020 को तीन वेबकास्टों का आयोजन किया गया था और साथ ही कोरोना वायरस (कोविड-19) से संबंधित लेखांकन और संपरीक्षा संबंधी मुद्दों पर एक पैनल परिचर्चा का भी आयोजन किया गया था।

**(III) इंड एएस कार्यान्वयन संबंधी समर्थन**

निम्नलिखित मार्गदर्शन टिप्पण/बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न/उदघोषणाएं जारी की गई थीं :

- 'लाभांश और लाभांश वितरण कर का प्रस्तुतीकरण' संबंधी बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (पुनरीक्षित सितंबर, 2019)
- इंड एएस संबंधी आनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – अभूतपूर्व वैश्विक महामारी, अर्थात् कोविड-19 के प्रकोप और उसके विध्वंसकारी प्रभावों को ध्यान में रखते हुए वर्चुअल या आनलाइन पाठ्यक्रम चलाना वर्तमान समय की आवश्यकता बन गया है। एएसबी ने अप्रैल, 2020 में इंड एएस संबंधी एक आनलाइन पाठ्यक्रम की घोषणा की थी। उपरोक्त आनलाइन पाठ्यक्रम के शुभारंभ को अत्यधिक उत्साहवर्धक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थी और उस पाठ्यक्रम के 12 बैचों को एक साथ आरंभ किया गया था जिनमें लगभग 1200 सदस्यों को जून, 2020 तक प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया था।

**(IV) अंतर्राष्ट्रीय पहलें : दीर्घकालिक भागीदारियां स्थापित करना**

अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी) द्वारा जारी निम्नलिखित उदभासन प्रारूपों/परामर्श पत्रों के संबंध में टिप्पणियों को आईएएसबी को प्रस्तुत किया गया था :

- लेखांकन नीतियों के प्रकटन संबंधी उदभासन प्रारूप (आईएएस 1 और आईएफआरएस व्यवहारिक विवरण 2 में प्रस्तावित संशोधन)
- एकल संव्यवहार से उदभूत होने वाली आस्तियों और दायित्वों से संबंधित आस्थगित कर संबंधी उदभासन प्रारूप (आईएएस 12 में प्रस्तावित संशोधन)

- आईएफआरएस 17, बीमा संबंधी संविदाओं में संशोधन संबंधी उदभासन प्रारूप
- अवधारणात्मक ढांचे के संदर्भ में उदभासन प्रारूप (आईएफआरएस 3 में प्रस्तावित संशोधन)
- रेट बेंचमार्क सुधार संबंधी उदभासन प्रारूप - चरण I (आईएफआरएस 9 और आईएएस 39 में प्रस्तावित संशोधन)
- आईएफआरएस मानक 2018-20 में वार्षिक सुधार संबंधी उदभासन प्रारूप
- "सामग्री" पद की परिभाषा संबंधी उदभासन प्रारूप - आईएएस 1 और आईएएस 8 में प्रस्तावित संशोधन
- लेखांकन नीतियों और लेखांकन प्राक्कलनों संबंधी उदभासन प्रारूप - आईएएस 8 में प्रस्तावित संशोधन
- ब्याज दर बेंचमार्क सुधार संबंधी उदभासन प्रारूप – चरण 2 (आईएफआरएस 9, आईएएस 39, आईएफआरएस 7, आईएफआरएस 4 और आईएफआरएस 16 में प्रस्तावित संशोधन)
- कोविड-19 किराए संबंधी रियायतों से संबंधित उदभासन प्रारूप (आईएफआरएस 16 में प्रस्तावित संशोधन)
- आईएफआरएस निर्वचन समिति द्वारा जारी अंतरिम कार्यसूची निर्णय (टीएडी):

अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ परस्पर क्रियाएं

अंतर्राष्ट्रीय आयोजन

- परस्पर फायदों के लिए वैश्विक साझेदारी का निर्माण : एशियाई-ओशनियन मानक निर्धारक संबंधी समूह (एओएसएसजी) आईएफआरएस फाउंडेशन का एक प्रमुख परामर्शी निकाय/अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी) का एक महत्वपूर्ण मंच है । सीए डा. एस.बी. जवारे, उपाध्यक्ष, एओएसएसजी द्वारा प्रतिनिधित्व प्राप्त करके आईसीएआई ने नवंबर 2019 से प्रारंभ होकर नवंबर 2021 को समाप्त होने वाली दो साल की अवधि के लिए एओएसएसजी के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया । आईसीएआई ने 11-13 नवंबर, 2019 के दौरान गोवा, भारत में एओएसएसजी की 11वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी की । एओएसएसजी की इस 11वीं वार्षिक बैठक का उद्घाटन गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत द्वारा किया गया था । इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बैठक में सुश्री सू लॉयड, उपाध्यक्ष, अतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड (आईएएसबी), आईएएसवी के प्रमुख प्रतिनिधियों, बोर्ड के सदस्यों और 27-सदस्य देशों, जिनमें अन्य देशों के साथ भारत, चीन, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया, हांग-कांग के प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे । एओएसएसजी के सदस्यों और भारतीय पणधारियों के बीच आईएफआरएस 16/इंड एएस 116 संबंधी एक सर्वेक्षण कराया गया था और इसके निष्कर्षों को एओएसएसजी की 11वीं वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किया गया था ।
- आईसीएआई ने दिल्ली और मुंबई में दो आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए थे । श्री विनोद राय, भूतपूर्व सीएंडएजी और न्यासी, आईएफआरएस फाउंडेशन ने दिल्ली में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित किया और इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विनियामकों, अर्थात् कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और सुश्री शु. लॉयड, उपाध्यक्षा, आईएएसबी के साथ बैठकों का आयोजन किया गया था ।

महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय बैठकें/सभाएं

एएसबी ने उच्च गुणवत्ता वाले वैश्विक लेखांकन मानकों को तैयार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड के साथ अपने सहयोग और योगदान को जारी रखा था । आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने निम्नानुसार विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों, अर्थात् विश्व मानक निर्धारक (डब्ल्यूएसएस), एशियाई – ओशनियन मानक निर्धारक समूह (एओएसएसजी), उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह (ईईजी) और लेखांकन मानक निर्धारक संबंधी अंतर्राष्ट्रीय मंच (आईएफएएसएस) के साथ हुई विभिन्न बैठकों में भाग लिया/ तकनीकी दस्तावेज प्रस्तुत किए :

- उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह (ईईजी) और लेखांकन मानक निर्धारक संबंधी अंतर्राष्ट्रीय मंच (आईएफएएसएस) – आईसीएआई ने परिचर्चा हेतु निम्नलिखित दो विषयों के संबंध में दस्तावेज भेजे थे :

आईएएस 20 : प्राप्य सरकारी अनुदान –

वित्तीय लागतें – आईएएस 1, आईएफआरएस 7 और आईएएस 23

- आईएफआरएस फाउंडेशन के लेखांकन मानक सलाहकारी मंच (एएसएएफ) के साथ बैठक – सीए (डा.) एस.बी. जवारे, भूतपूर्व परिषद् सदस्य और उपाध्यक्ष, एओएसएसजी ने एओएसएसजी के शासकीय प्रतिनिधि के रूप में 1-2 अप्रैल, 2019 के दौरान लंदन में एएसएएफ की त्रैमासिक बैठक में भाग लिया था ।
- आईएफआरएस सलाहकार परिषद् (आईएफआरएस एसी) – सीए एम.पी. विजय कुमार, अध्यक्ष, एएसबी ने, जिन्हें आईएफआरएस फाउंडेशन की आईएफआरएस सलाहकार परिषद् संबंधी लेखापालों की दक्षिण एशिया फेडरेशन के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया था, मार्च, 2019 में सलाहकार परिषद् की बैठक में भाग लिया था । उन्होंने संवेदनशील जानकारी के प्रकटन संबंधी एक ब्रेक आउट सत्र की अध्यक्षता भी की थी ।

अंतर्राष्ट्रीय नियुक्तियां/निर्वाचन

- सीए एम.पी. विजय कुमार, अध्यक्ष, एएसबी को 1 जुलाई, 2020 से आरंभ होने वाले तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए एसएमई मानकों के संबंध में आईएफआरएस में आईएएसबी के एक सलाहकार निकाय में एसएमई कार्यान्वयन समूह के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

**(V) विनियामक निकायों के साथ उत्तम संबंध बनाना**

विभिन्न विनियामकों द्वारा निर्दिष्ट लेखांकन संबंधी मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए गए थे और जहां कहीं उचित प्रतीत हुआ वहां सुसंगत विनियामकों के साथ विभिन्न लेखांकन संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था, उदाहरणार्थ

- कारपोरेट कार्य मंत्रालय :
  - एमसीए के अनुरोध पर एएसबी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन नए नियमों का प्रारूपण किया था, जो विद्यमान कंपनी (लेखांकन मानक) नियम, 2006 के समरूप थे और एनएफआरए को उनके संबंध में सिफारिश की गई थी।
  - नई दिल्ली में 24 अप्रैल, 2019 को आयोजित कारपोरेट कार्य मंत्रालय के मूल समूह की बैठक में – इंड एएस कार्यान्वयन के संबंध में निम्नलिखित विषयों पर प्रस्तुतीकरण किया गया था :
    - भारतीय वित्तीय सेक्टरों में इंड एएस का कार्यान्वयन – बैंककारी सेक्टर और बीमा सेक्टर
    - आईएफआरएस 9 – वित्तीय लिखतें – वैश्विक बैंकों द्वारा कार्यान्वयन
    - गैर बैंककारी वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा इंड एएस का कार्यान्वयन
- भारतीय बीमा और विनियामक विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) :
  - 28 नवंबर, 2019 को मुंबई में बीमा सेक्टर के पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें बीमाकर्ताओं की तैयारी के स्तर के संबंध में और साथ ही ऐसे अद्वितीय और विनिर्दिष्ट मुद्दों के संबंध में परिचर्चा की गई थी, जिनका समाधान उन्हें इंड एएस के शीघ्र कार्यान्वयन को समर्थ बनाने के लिए करना होगा, इन मुद्दों में इंड एएस 117 के कार्यान्वयन की तारीख तय किए बिना उसके कार्यान्वयन से संबंधित कार्ययोजना, जिसके अंतर्गत इंड एएस 104, बीमा संविदाएं के साथ अन्य इंड एएस को अपनाए जाने की संभावना पर विचार करना भी था। इस बैठक में अध्यक्ष, एएसबी, सचिव, एएसबी, आईआरडीएआई के वरिष्ठ पदधारियों, भारतीय जीवन बीमा निगम, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ईसीजीसी लिमिटेड, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और भारतीय साधारण बीमा निगम के पदधारियों ने भी भाग लिया था।
- भारतीय रिजर्व बैंक :
  - भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंककारी क्षेत्र में इंड एएस के कार्यान्वयन के संबंध में आईसीएआई को अग्रेषित विभिन्न मुद्दों के संबंध में एएसबी द्वारा समर्पित अध्ययन समूह का गठन किया गया था।
- इस अवधि के दौरान, लेखांकन पहलुओं से संबंधित मुद्दों पर कारपोरेट कार्य मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसे विभिन्न विनियामकों से प्राप्त हुए पत्रों के संबंध में उत्तर दिए गए थे।

**(VI) आयोजित किए गए आउटरीच आयोजन, सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि**

- अंतर्राष्ट्रीय रूप से मानक निर्धारक क्रियाकलापों में प्रभावी रूप से भागीदारी करने के लिए वर्चुअल आयोजनों सहित विभिन्न आउटरीच आयोजन किए गए थे। ये आउटरीच आयोजन आईएफआरएस 17, बीमा संविदाएं - में संशोधन, निष्कर्षण क्रियाकलापों – लेखांकन और रिपोर्टिंग संबंधी मुद्दों, वित्तीय रिपोर्टिंग में बेहतर संपर्क जैसे मुद्दों के संबंध में गोवा और मुंबई में आयोजित किए गए थे और इनका उद्देश्य आईएएसबी द्वारा जारी कतिपय परामर्शी दस्तावेजों के संबंध में विभिन्न पणधारियों के विचार प्राप्त करना था।
- लेखांकन मानकों के संबंध में सदस्यों के ज्ञान को नवीकृत करने तथा समृद्ध बनाने के लिए पर्यावलोकन और सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालन, लेखांकन मानक और लेखांकन मानकों को लागू करने में सामान्य रूप से पाई जाने वाली त्रुटियों जैसे विषयों के संबंध में लेखांकन वृत्तिकों की महत्वपूर्ण और मूलभूत भूमिका को सुदृढ़ बनाने के लिए इस वर्ष के दौरान दिल्ली में संगोष्ठियों/वेबीनारों/पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

**(VII) अन्य पहलें :**

(क) जारी किए गए तकनीकी प्रकाशन : इस अवधि के दौरान, बोर्ड ने 8 प्रकाशन जारी किए थे :

- 1 अप्रैल, 2019 को यथा विद्यमान लेखांकन मानकों की त्वरित संदर्भिका
  - 1 जुलाई, 2019 को यथाविद्यमान लेखांकन मानकों का सार संग्रह

- 1 अप्रैल, 2019 को यथा विद्यमान भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) के सार संग्रह का ई-पाठ और संबंधित मार्गदर्शक सामग्री
- 'आईएफआरएस 9, वित्तीय लिखतें, एक अध्ययन – विश्व भर में बैंकों पर इस संपरिवर्तन का प्रभाव'
- बुलियन (स्वर्ण) उधार लेने और उधार देने संबंधी संव्यवहारों के संबंध में लेखांकन व्यवहार संबंधी तकनीकी गाइड
- भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) : प्रकटन जांचसूची (लेखांकन वर्ष 2018-19 के लिए – पुनरीक्षित मई, 2019)
- भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) : प्रकटन जांचसूची (पुनरीक्षित फरवरी, 2020)
- लेखांकन मानक (एएस) : प्रकटन जांचसूची (पुनरीक्षित फरवरी, 2020)

➢ डिजीटल पठन केंद्र : एएसबी के सभी प्रकाशनों को डिजीटल पठन केंद्र पर अपलोड किया गया है जिस तक कहीं से भी और किसी भी समय पहुंच बनाई जा सकती है और इस प्रकार इससे विभिन्न पणधारियों को सतत पठन उपलब्ध रहता है। इसके साथ ही लेखांकन मानकों के संबंध में पणधारियों के फायदे के लिए वीडियो व्याख्यानों को भी डिजीटल मंच पर रखा गया है ।

परिषद् वर्ष 2020-21 के दौरान, इंड एएस कार्यान्वयन समिति के द्वारा संचालित क्रियाकलापों को लेखांकन मानक बोर्ड को सौंपा गया है। 1.4.2019 से 11.02.2020 तक की अवधि के लिए इंड एएस कार्यान्वयन समिति के क्रियाकलाप निम्नानुसार है :--

**(I) इंड एएस/आईएफआरएस संबंधी प्रमाणपत्र**

इंड एएस के बारे में सदस्यों को शिक्षित करने के लिए सप्ताहांत में 12 दिवसीय इंड एएस संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वर्ष के दौरान इंड एएस संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 15 बैच भारत में आयोजित किए गए हैं, जिनमें लगभग 625 प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है और विदेश में आईएफआरएस संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 2 बैच आयोजित किए गए हैं (1 बैच आबू धाबी और 1 बैच दुबई में आयोजित किया गया)।

**(II) भारतीय तकनीकी सुकारक समूह (आईटीएफजी) स्पष्टीकारक बुलेटिन**

वर्ष के दौरान, इंड एएस को लागू करने और/या उसके कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सामयिक आधार पर स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए 30 मुद्दों को सम्मिलित करने वाले पांच (5) भारतीय तकनीकी सुकारक समूह (आईटीएफजी) स्पष्टीकारक बुलेटिन (बुलेटिन क्रमांक 19 से 23) जारी किए गए। समूह ने आज की तारीख तक 162 मुद्दे सम्मिलित करते हुए 23 स्पष्टीकारक बुलेटिन जारी किए।

**(III) इंड एएस पर शैक्षणिक सामग्री**

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित इंड एएस पर शैक्षणिक सामग्री समिति द्वारा जारी की गई है :

➢ इंड एएस 8, लेखांकन नीतियां, लेखांकन मानकों और त्रुटियों में परिवर्तन, सम्मिलित करने वाली शैक्षणिक सामग्री।

➢ इंड एएस 20, सरकारी अनुदान के लिए लेखांकन और सरकारी सहायता का प्रकटन, सम्मिलित करने वाली शैक्षणिक सामग्री।

➢ इंड एएस 116, पट्टा संबंधी शैक्षणिक सामग्री।

**(IV) संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों आदि का आयोजन**

विनियामक निकायों जैसे कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय महालेखा और संपरीक्षक (सीएंडएजी) के पदधारियों द्वारा आयोजित इंडएएस पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तकनीकी सहयोग दिया गया।

➢ इंड एएस पर संगोष्ठियां, नई दिल्ली, उदयपुर और राजस्थान में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 341 प्रतिभागी उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

**5.2 वहनीयता रिपोर्टिंग मानक बोर्ड (एसआरएसबी)**

फरवरी, 2020 में संस्थान द्वारा संयुक्त राष्ट्र वहनीय विकास लक्ष्यों हेतु किसी इकाई की प्रगति के बारे में गैर-वित्तीय सूचना को मापने और प्रकट करने हेतु विस्तृत, वैश्विक रूप से समतुलनीय और समझने योग्य मानकों को विरचित करने के मिशन हेतु वहनीय रिपोर्टिंग मानक बोर्ड (एसआरएसबी) की स्थापना की गई है। बोर्ड उन तरीकों के आधार पर रणनीति के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिनसे चार्टर्ड अकाउंटेंट देश में वहनीय विकास लक्ष्यों की उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, जिससे बेहतर निर्णय करने, लोक संसाधनों के बेहतर उपयोग और अधिक लोक सेवाओं की ओर अग्रसर होंगे।

बोर्ड विश्व भर में उभरती हुई प्रवृत्तियों का पुनर्विलोकन करता है और उन क्षेत्रों की पहचान करता है जिनमें संवहनीय लेखांकन मानक और लेखांकन मैट्रिक्स विकसित करने की आवश्यकता है। बोर्ड, सरकार और विनियामकों से भी, साधारण प्रयोजन रिपोर्टिंग और किसी विशिष्ट विनियामक अपेक्षा के संबंध में इन मानकों के उपयोग को लोकप्रिय करने के लिए संवाद करेगा। बोर्ड, वहनीयता रिपोर्टिंग के विकसित होते वृत्तिक क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए अवसरों की पहचान करेगा तथा उन्हें विकसित करेगा।

बोर्ड ने निम्नलिखित पहलें की हैं –

- बोर्ड द्वारा कोविड-19 संबंधी वेबीनार का आयोजन – वहनीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर रणनीतिक ध्यान देने की आवश्यकता – और वर्ष के दौरान वहनीयता रिपोर्टिंग में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के जीवन हेतु बेहतर स्थान और विकसित होते अवसर।
- निम्नलिखित पहलें प्रगति पर हैं –
  - एकीकृत रिपोर्ट तैयार करने तथा उसके अंगीकरण में सामने आने वाले मुद्दों और चुनौतियों को दर्शाने के लिए भी भारत में निगमों द्वारा अंगीकृत वर्तमान व्यवहारों के मूल्यांकन हेतु भारत में एकीकृत रिपोर्टिंग पर विचार नेतृत्व शोध पत्र का विकास।
  - पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर द्वारा संयुक्त राष्ट्र वहनीय विकास लक्ष्यों को मापने और रिपोर्टिंग में योगदान करने में अकाउंटेंटों की भूमिका पर शोध।
  - वहनीय रिपोर्टिंग के क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट के कौशल और दक्षता को अद्यतन करने के लिए कारबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट (बीआरआर) और एकीकृत रिपोर्टिंग पर पाठ्यक्रम आरंभ करना।
  - वहनीय पृथ्वी और हरित अर्थव्यवस्था में योगदान करने के लिए वीडियो और वेबीनार के माध्यम से वहनीयता मुद्दों पर जागरुकता का सृजन करना।
  - मजबूत और वहनीय संगठनों, वित्तीय बाजारों और अर्थव्यवस्थाओं के आवश्यक चालक के रूप में अकाउंटेंटों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ब्रांड निर्माण करना।
  - अकाउंटेंटों को ऐसे तंत्र के सृजन और तंत्र के कार्यान्वयन के प्रमुख कारक, जो प्रत्येक कारबार में प्रकृति को मापना और मूल्यांकन करना अनुज्ञात करें, के रूप में विकसित करने पर शोध करना।

**5.3 संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड (एएएसबी)**

वित्तीय रिपोर्टिंग में जवाबदेही को मजबूत करके तथा भरोसा और विश्वास पुन: विकसित करके, संपरीक्षा लोक हित की सेवा करने और उसे संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संपरीक्षा, आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने, लोगों द्वारा किए जाने वाले संव्यवहारों के प्रकारों, संख्या और मूल्य को वर्धित करने में सहायता करती है। तथापि, हाल के वर्षों में कारबार के माहौल, कारबार मॉडल और उनके भौगोलिक फैलाव में जटिलता बढ़ने के कारण, संपरीक्षा का व्यवसाय विभिन्न पणधारियों की प्रत्याशा में अत्यंत उछाल ले रहा है।

आईसीएआई इन आशंकाओं के सक्रिय रूप से समाधान की आवश्यकता को समझती है। आईसीएआई अपने संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड के माध्यम से संपरीक्षा, पुनर्विलोकन, अन्य आश्वासनों, गुणवत्ता नियंत्रण और संबंधित सेवाओं पर उच्च गुणवत्ता वाले मानक विकसित करता है। ये मानक संपरीक्षा में न केवल सर्वोत्तम व्यवहारों को संहिताबद्ध करते हैं, बल्कि ये बैंचमार्क भी प्रदान करते हैं, जिनसे संपरीक्षकों के निष्पादन को मापा जा सकता है। बोर्ड, सामान्य के साथ-साथ उद्योग विशेषीकृत मुद्दों पर मार्गदर्शक टिप्पण संपरीक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से विकसित करता है। ये दस्तावेज बोर्ड की सघन सम्यक् प्रक्रिया के पश्चात् आईसीएआई की परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किए जाते हैं। आईसीएआई द्वारा जारी किए गए संपरीक्षा मानक अंतर्राष्ट्रीय संपरीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड (आईएएएसबी) द्वारा जारी किए गए अंतर्राष्ट्रीय मानकों से समन्वित किए जाते हैं। बोर्ड, तकनीकी मार्गदर्शन, प्रेक्टिस मैनुअल, अध्ययन और अन्य पत्र भी विरचित करता है, जो सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए इसके स्वयं के प्राधिकार के अधीन जारी किए जाते हैं। संपरीक्षा पर मानकों के कार्यान्वयन में सदस्यों को मार्गदर्शन करने के लिए बोर्ड उन मानकों के कार्यान्वयन संबंधी मार्गदर्शन भी करता है। आज की तारीख तक बोर्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का निम्नलिखित विस्तृत सिंहावलोकन है :

**(I) मंत्रालयों, विनियामकों को अभ्यावेदन/सुझाव**

- बोर्ड ने आरबीआई परिपत्र सं. आरबीआई/2019-20/186/ डीओआर.नं.बीपी.बीसी.47/21.04.048/2019-20 तारीख 27 मार्च, 2020 कोविड-19 विनियामक पैकेज से संबंधित कतिपय बिन्दुओं के निर्वचन के संबंध में आरबीआई को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया।
- बोर्ड ने आरबीआई को बैंकों और बैंक शाखाओं हेतु दीर्घ प्ररूप संपरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) के पुनरीक्षित प्ररूप प्रस्तुत किए।
- बोर्ड ने संपरीक्षा संबंधी पुनरीक्षित मानक (एसए) 800, 805 और 810 पर एनएफआरए को आईसीएआई की सिफारिशें प्रस्तुत की।
- बोर्ड ने सेबी को सेबी द्वारा जारी "सूचीबद्ध इकाईयों से कानूनी संपरीक्षकों के त्यागपत्र के संबंध में नीति प्रस्तावों पर परामर्शी पत्र" के संबंध में अपने मत प्रस्तुत किए।
- सेबी ने सूचीबद्ध इकाईयों के सीमित पुनर्विलोकन/संपरीक्षा रिपोर्ट के लिए प्ररूप अंतर्विष्ट करने वाला तारीख 29 मार्च, 2019 का परिपत्र जारी किया। बोर्ड ने एसए 700 (पुनरीक्षित) के साथ परिपत्र में दिए गए संपरीक्षा प्ररूपों को संरेखित किया और सेबी को प्रस्तुत किया। उसी के आधार पर, सेबी ने तारीख 19 जुलाई, 2019 को एक पुनरीक्षित परिपत्र जारी किया।

**(II) जारी किए गए प्रकाशन**

बड़े पैमाने पर सदस्यों के फायदे के लिए बोर्ड ने निम्नलिखित प्रकाशन जारी किए :

- कंपनी (संपरीक्षा रिपोर्ट) आदेश, 2020 पर मार्गदर्शक टिप्पण।
- अनुबंध और गुणवत्ता नियंत्रण मानकों पर बहु विकल्पी प्रश्न (एमसीक्यू)
- बैंक संपरीक्षा, 2020 संस्करण पर मार्गदर्शक टिप्पण।
- एसए 570 (पुनरीक्षित) फलता-फूलता कारोबार पर कार्यान्वयन मार्गदर्शन।
- एसए 720 (पुनरीक्षित), अन्य सूचना से संबंधित संपरीक्षा के उत्तरदायित्व पर कार्यान्वयन मार्गदर्शन।
- संपरीक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं और संगोष्ठियों पर पृष्ठभूमि सामग्री, 2019 संस्करण।
- अनुबंध और गुणवत्ता नियंत्रण मानकों पर तैयार निर्देश।
- लघु इकाईयों की संपरीक्षा हेतु व्यवसायी गाइड (पुनरीक्षित 2020)।

**(III) अन्य तकनीकी उपलब्धियां**

- बोर्ड ने कोविड-19 परिस्थिति के अधीन संपरीक्षा करने में सदस्यों की सहायता हेतु निम्नलिखित पहलुओं पर संपरीक्षा मार्गदर्शन जारी किया है :
  - फलता-फूलता कारोबार – कोविड-19 के दौरान संपरीक्षकों के लिए मुख्य विचारणीय बिन्दु।
  - भौतिक तालिका सत्यापन - कोविड-19 के दौरान संपरीक्षकों के लिए मुख्य विचारणीय बिन्दु।
  - संपरीक्षक रिपोर्टिंग - कोविड-19 के दौरान संपरीक्षकों के लिए मुख्य विचारणीय बिन्दु।
  - पश्चातवर्ती घटनाएं - कोविड-19 के दौरान संपरीक्षकों के लिए मुख्य विचारणीय बिन्दु।
- बोर्ड ने लेखांकन मानक बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से सदस्यों के लिए सलाह जारी की, "आईसीएआई लेखांकन और संपरीक्षा सलाह - वित्तीय रिपोर्टिंग और संपरीक्षक के विचारों पर कोरोना वायरस का प्रभाव"।
- बोर्ड ने "कोविड-19 के दौरान विभिन्न पहलुओं पर संपरीक्षा और आश्वासनप मानक बोर्ड द्वारा जारी संपरीक्षा मार्गदर्शन की संग्रह पुस्तिका जारी की"।
- बोर्ड ने आरबीआई द्वारा जारी किए गए परिपत्रों कोविड -19 विनियामक पैकेज तारीख 27 मार्च, 2020 और कोविड -19 विनियामक पैकेज – आस्ति वर्गीकरण और उपबंधीकरण, तारीख 17 अप्रैल, 2020 के संबंध में सदस्यों को मार्गदर्शन देने के लिए बैंकों की संपरीक्षा 2020 पर मार्गदर्शन टिप्पण पर एक परिशिष्ट जारी किया।
- बोर्ड ने "कम जटिल इकाईयों की संपरीक्षा संबंधी चर्चा पत्र : लोक टिप्पणियों के लिए आईएएएसबी द्वारा जारी लेखांकन पर अंतर्राष्ट्रीय मानक लागू करने में चुनौतियों के समाधान के संभावित विकल्प खोजना" पर अपनी टिप्पणी प्रस्तुत की।

**(IV) सदस्यों के लिए पहल**

- बोर्ड ने सदस्यों की जागरुकता और वृत्तिक प्रगति हेतु संपरीक्षा मानकों, बैंक संपरीक्षा और अन्य संपरीक्षा पहलों पर विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। वर्ष के दौरान ये कार्यकम मुंबई, भिलाई, रायपुर, पाली, जयपुर, पलक्कड, नई दिल्ली, बेलगाम, चेन्नई, कोयम्बटूर और कोलकाता में आयोजित किए गए।
- बोर्ड ने छह वेबकास्ट/वेबीनार कोविड – 19 पर आयोजित किए : संपरीक्षा प्रक्रिया पर प्रभाव, जिसके अंतर्गत स्टॉक सत्यापन का प्रेक्षण प्राक्कलनों की संपरीक्षा, पुन: वसूली मूल्यांकन, मूल दस्तावेजो के बजाए इलैक्ट्रानिक संपरीक्षा साक्ष्य, बैंक संपरीक्षा पर विशेष जोर के साथ व्यवसायियों की क्षमता निर्माण संबंधी उपाय भी हैं, कोरोना वायरस (कोविड -19) पर लेखांकन और संपरीक्षा मुद्दों पर पैनल चर्चा, संपरीक्षा दस्तावेजीकरण और कार्य पत्र प्रबंधन, कोरोना वायरस (कोविड – 19) पर लेखांकन और संपरीक्षा मुद्दों पर दूसरी पैनल चर्चा तथा वर्ष के दौरान बैंक संपरीक्षा पर सिंहावलोकन।
- बोर्ड ने लेखांकन, संपरीक्षा और प्रत्यक्ष करों पर वर्चुअल सीपीई बैठक की। पूर्ववर्ती वर्षों के समान इस वर्ष भी बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बैंक शाखा संपरीक्षाओं के संबंध में सदस्यों के प्रश्नों के समाधान के लिए विशेषज्ञों के आनलाइन पैनल का गठन किया। पैनल ने सदस्यों के प्रश्नों का 2 मई, 2020 से 30 जून, 2020 तक उत्तर दिया।
- बोर्ड ने सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए निम्नलिखित घोषणाएं की/स्पष्टीकरण दिए :
  - वर्तमान कोविड परिस्थिति में बैंक शाखा की दूरस्थ संपरीक्षा/सुदूर संपरीक्षा/ आनलाइन संपरीक्षा करने के दौरान विशिष्ट विचारों के संबंधी में कानूनी बैंक शाखा संपरीक्षकों के लिए सलाह।
  - संपरीक्षा रिपोर्टें और प्रमाणपत्र हस्ताक्षरित करने के लिए इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर के उपयोग की घोषणा।

- सूचीबद्ध इकाईयों के सीमित पुनर्विलोकन/संपरीक्षा रिपोर्ट और उन इकाईयों, जिनके लेखो को सूचीबद्ध इकाई के साथ समेकित करना है, के लिए प्रक्रिया और प्ररूपों के संबंध में तारीख 29 मार्च, 2019 के सेबी परिपत्र के प्रदर्श बी 3 पर सलाह।
- सूचीबद्ध इकाईयों और उनके महत्वपूर्ण अनुषंगियों के कानूनी संपरीक्षकों को त्यागपत्र पर कार्यान्वयन मार्गदर्शन/वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा करने में संलग्न होने से वापस होने की अनुप्रयोज्यता पर घोषणा।
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(16) पर संपरीक्षक की रिपोर्टिंग पर सलाह।
- आईसीएआई के सदस्यों द्वारा जारी सभी रिपोर्टों और प्रमाणपत्रों में यूडीआईएन का उल्लेख करने की अपेक्षा।

- बोर्ड ने आज की तारीख तक जारी सभी 46 मानकों को सम्मिलित करते हुए संबद्धता और गुणवत्ता नियंत्रण मानकों पर विशेषज्ञों के वीडियो व्याख्यानों को रिकार्ड किया। ये वीडियो व्याख्यान आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र पर उपलब्ध है।
- बोर्ड ने संपरीक्षा के मानकों पर अपने ई-पठन पाठ्यक्रम को पुनरीक्षित किया। पुनरीक्षित पाठ्यक्रम में आज की तारीख तक जारी सभी 46 संबद्ध और गुणवत्ता नियंत्रक मानकों को सम्मिलित किया है।
- बोर्ड ने संपरीक्षा उदघोषणाओं की आडियो पुस्तिकाएं जारी की, जिनमें सभी संबद्ध और गुणवत्ता नियंत्रण मानकों के संपूर्ण पाठों का वॉयसओवर अंतर्विष्ट हैं। आडियो पुस्तक आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र पर उपलब्ध है।
- बोर्ड ने बैंक संपरीक्षा, 2020 संस्करण पर मार्गदर्शक टिप्पण के विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के 28 वीडियो व्याख्यानों को रिकार्ड किया। ये वीडियो व्याख्यान ई-पुस्तिका के रूप में आईसीएआई की डिजिटल पठन केंद्र पर उपलब्ध है।
- बोर्ड ने बैंक संपरीक्षा, 2020 संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण पर ऑडियो पुस्तिका जारी की। यह वीडियो आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र पर उपलब्ध है।
- बोर्ड ने कंपनी (संपरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 पर मार्गदर्शक टिप्पण पर डिजिटल संसाधन जारी किए। इन संसाधनों में वीडियो व्याख्यान, एमसीक्यू और ऑडियो पुस्तक हैं। ये संसाधन आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर उपलब्ध हैं।
- बोर्ड ने समय-समय पर सदस्यों से प्राप्त संपरीक्षा पहलुओं पर विभिन्न प्रश्नों के उत्तर/स्पष्टीकरण दिए।

### 5.4 बैंकिंग वित्तीय सेवाएं और बीमा समिति (बीएफएसएंडआईसी)

समिति ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन किया :

- समिति के अध्यक्ष ने नई दिल्ली में 9 अप्रैल, 2019 को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्य से भेंट की तथा आईसीएआई और पीएफआरडीए के पारस्परिक हित के विषय पर चर्चा की।
- समिति ने मुंबई, अमरावती, नई दिल्ली में फाइनेंशियल वर्ल्ड, फिनटेक, प्रज्ञा चक्षु-एक्सप्लोरिंग इंटेलेक्चुअल एक्सिलेंस, बैंकिंग, बीमा, फिनटेक और कपट का पता लगाना और रोकना, बीएफएसआई को चालित करने वाले विश्लेषण की शक्ति, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, महिला सशक्तिकरण, संनिर्माण उद्योग में बैंकिंग की भूमिका, वृत्तिक सुसंगतता और हित पर कार्यशालाओं/शिखर सम्मेलन/संगोष्ठी/सेमीनार/वेबकास्ट/कार्यक्रम आयोजित किए।
- समिति ने डीआईआरएम पाठ्यक्रम को नवीनीकृत करने के लिए एक अध्ययन समूह का गठन किया। समूह ने दो बार 1 अगस्त, 2019 तथा 21 अगस्त, 2019 को मुंबई में भेंट की।
- इस अवधि के दौरान, डीआईआरएम तकनीकी परीक्षा उत्तीर्ण आईसीएआई सदस्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम के तीन बैच आयोजित किए गए। 15 जुलाई, 2020 तक की डीआईआरएम पाठ्यक्रम के लिए 5338 रजिस्ट्रीकरण किए गए।

### 5.5 व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी)

व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी) चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के विनियामक प्रावधानों के अधीन गठित भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की गैर-स्थायी समिति है। इस समिति को फरवरी, 2010 मास में पहले से गठित समितियों, सीए फर्मों की क्षमता निर्माण संबंधी समिति तथा लघु और मध्यम व्यवसायियों संबंधी समिति को जोड़कर "सीए फर्मों की क्षमता निर्माण के लिए तथा लघु और मध्यम व्यवसायियों संबंधी समिति" से गठित किया गया। आरंभ में, इस समिति का गठन यह विचार करके किया गया था कि सीए फर्मों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं का समाधान तथा उनकी सक्षमताओं के निर्माण और समेकन को सुकर बनाया जा सकेगा और साथ ही सीए फर्मों की सक्षमता को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न उपायों की अवधारणा को तैयार किया जाए और उन्हें कार्यान्वित किया जाए तथा साथ-साथ सीए फर्मों के समेकन के लिए विस्तृत मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। इसी प्रकार, लघु और मध्यम व्यवसायियों के लिए समिति का गठन 2009 में उनके व्यवसाय को प्रभावी रीति में करने के लिए तरीकों को समन्वित और लागू करके उन्हें सशक्त करने के लिए किया गया। अत:, समिति का अंतिम उद्देश्य सीए फर्मों के साथ-साथ लघु और मध्यम व्यवसायियों को उनके व्यवसाय पोर्टफोलियो को नवजीवन प्रदान करके सशक्त बनाना है।

वर्ष के दौरान समिति ने निम्नलिखित क्रियाकलाप किए :--

#### (I) प्रत्येक वर्ष 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी) दिवस

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी), जो इन उपक्रमों के विकास में एसएमपी और एसएमई द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के महत्व को मान्यता देती है, ने वहनीय विकास में एसएमपी के एसएमई में योगदान के बारे में जनता की जागरुकता को बढ़ाने के लिए 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय लघु और मध्यम व्यवसायी दिवस के रूप में घोषित किया है।

समिति ने विभिन्न मध्य, पश्चिमी, उत्तरी, पूर्व और दक्षिणी क्षेत्रों की विभिन्न शाखाओं तथा 3 क्षेत्रीय परिषदों आईसीएआई की एनआईआरसी, आईसीएआई की ईआईआरसी तथा आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी के माध्यम से 27.06.2020 को अंतर्राष्ट्रीय एसएमपी दिवस की संध्या पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया । समिति ने 27.06.2020 को आईसीएआई एडिनबर्ग समूह वैश्विक एसएमपी वेबीनार "फयूचर रेडी एसएमपी – वाइटल फॉर ग्लोबल इकनॉमी" भी आयोजित की ।

**पहलें**

**(II) वित्त**

- **व्यक्तिगत ऋणों के रूप में सावधि ऋण (अप्रतिभूत) सुविधा –** व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी) ने आईसीएआई के सदस्यों के लिए व्यक्तिगत ऋणों के रूप में सावधि ऋण सुविधा की व्यवस्था की है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
- **बैंक आफ बडौदा क्रेडिट काड्र्स –** व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति (सीएमपी) ने आईसीएआई के सदस्यों के लिए बैंक आफ बडौदा के पूर्ण स्वामित्व वाले समनुषंगी के साथ क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था की है । इसके ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।

**(III) कार्यालय प्रबंधन**

- **रुल्जबुक : मोबाइल एप -** सर्वोत्तम विस्तृत अनुपालन डाटाबेस रखने के लिए लक्ष्यित है । यह व्यवसायरत सदस्यों के असीमित उपयोक्ताओं के लिए 3 वर्ष तक नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
- **संपरीक्षा मोड्यूल –** संपरीक्षा प्रबंधन उत्पाद संपूर्ण संपरीक्षा जीवन चक्र के स्वचालन में सहायता करता है । यह संपरीक्षा संनिकर्ष, प्रणाली और परिणाम के मानकीकरण और संगतता को सुनश्चित करता है । यह विभिन्न संपरीक्षा प्रकारों के लिए मानक संपरीक्षा टेम्पलेट के सृजन को सुकर बनाता है और प्रत्येक संपरीक्षा क्षेत्र के लिए क्रमानुसार विस्तृत जांच सूची प्रदान करता है । यह 3 वर्ष के लिए 5 उपयोक्ता प्रति सदस्य-फर्म तथा 25 संपरीक्षा/वर्ष तक नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
- **विधिक अनुपालन प्रबंधन माड्यूल –** विधिक अनुपालन प्रबंधन माड्यूल, अनुपालन प्रबंधन को सुधारने के लिए डिजाइन किया गया उच्च अनुकूलित साफ्टवेयर उत्पाद है, जो लोक निर्भर हस्तचालित प्रक्रियाओं को बदल देता है । यह सभी अवस्थानों पर संगत रिपोर्टिंग के लिए विस्तृत "समूह स्तरीय अनुपालन डेशबोर्ड" का सृजन करता है । यह तीन वर्ष के लिए 5 उपयोक्ता प्रति सीए फर्म और 25 ग्राहक (एकल इकाई और एकल स्थान) हेतु नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
    - **अनुसचिवीय अनुपालनों के लिए बोर्ड माड्यूल –** यह प्लेटफार्म अनुसचिवीय कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले सचिवीय क्रियाकलापों को विस्तृत रूप से सम्मिलित करता है । यह 3 वर्ष के लिए पांच उपयोक्ता प्रति सीए फर्म और 25 प्राइवेट कंपनी (एकल इकाई) हेतु नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
    - **वेतन रोल प्रक्रियागत करना और श्रम अनुपालन –** उसको भारत की श्रम विधियों के अधीन विनियामक अनुपालन दस्तावेज तैयार करने के लिए एंड टू एंड ऑटोमेटिड सॉल्यूशन हेतु डिजाइन किया गया है । यह हस्तचालित आगत की अपेक्षा को हटाने के लिए वेतन रोल साफ्टवेयर के साथ श्रम अनुपालन उत्पाद को भी एकीकृत कर रहा है । तदनुसार, भविष्य में मूल वेतन रोल प्रक्रियागत क्षमताएं भी उपलब्ध होंगी । यह तीन वर्ष के लिए पांच उपयोक्ता प्रति सीए फर्म और 25 से कम कर्मचारियों (एकल इकाई और एकल स्थान) हेतु नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
    - **अनुपालन संपरीक्षा –** इस अनुपालन उत्पाद को विशिष्ट ग्राहक के लिए अनुपालन जांच सूची तैयार करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है । ये ब्यौरे कंपनी के प्रकार, उद्योग, वह राज्य, जिसमें वह स्थित है, आदि के निबंधनों में ग्राहक के ब्यौरे अद्यतन करके तैयार किए जा सकते हैं । ये जांच सूचियां ग्राहकों के लिए देश की विधि के अंतर्गत अनुपालन संपरीक्षा करने के लिए उपयोग की जा सकती हैं । यह तीन वर्ष के लिए पांच उपयोक्ता प्रति सीए फर्म और 25 (एकल इकाई और एकल स्थान) हेतु नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।
    - **व्यवहार प्रबंधन उपस्कर –** इसमें एक लोचनीय कार्य प्रवाह है, जिसमें सीए फर्म अधिन्यास प्रबंधन के लिए डिजिटल कार्य प्रवाह के उपयोग में समर्थ होगी । यह टीमों के बीच और स्वयं प्लेटफार्म के माध्यम से ग्राहकों के साथ सभी "टच पाइंट" को सुकर बनाएगा तथा सभी डाटा/दस्तावेजों को स्वयं प्लेटफार्म के भीतर सुरक्षित रूप से साझा किया जा सकेगा । यह सीए फर्मों को डाटा निजता और पहुंच नियंत्रण के प्रबंधन में सहायता करेगा । यह तीन वर्ष के लिए पांच उपयोक्ता प्रति सीए फर्म और 25 ग्राहकों हेतु नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।

- **पेपिलियो साफ्टवेयर –** यह चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए एक सुरक्षित क्लाउड आधारित सहयोगी साफ्टवेयर है। इंटरनेट पर होने के कारण पेपिलयों को कहीं से भी उपयोग किया जा सकता है। पेपिलियों का एक मोबाइल एप भी है, अत:, यह उपयोक्ताओं को कहीं से भी किसी भी समय सहयोग करने में समर्थ बनाता है। यह निबंधनों और शर्तों के अनुसार पांच से कम उपयोक्ताओं हेतु आजीवन नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।

➢ **टैली ईआरपी 9 गोल्ड साफ्टवेयर –** आईसीएआई ने बहुउपयोक्ता संस्करण साफ्टवेयर के लिए विशेष कीमत रखी है। यह सिद्धांतों और दिशानिर्देशों के समूह द्वारा शासित है। उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।

- **आईसीएआई के सदस्यों और छात्रों हेतु एन्टीवायरस साफ्टवेयर विशेष कीमत पर –** समिति द्वारा सदस्यों की एन्टीवायरस साफ्टवेयर तक पहुंच को समर्थ बनाने के लिए व्यवस्था की गई है, जिसमें विशेष छूट कीमत पर पहुंच प्रदान करने के लिए क्विक हील टेक्नोलाजी के साथ समझौता किया गया है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।
- **आईसीएआई के व्यवसायरत सदस्यों तथा सीए फर्मों के लिए व्यवहार प्रबंधन साफ्टवेयर –** समिति ने व्यवसायरत सदस्यों/फर्मों के लिए प्रभावी तरीके से व्यवसायरत व्यवहार के प्रबंधन हेतु डिजाइन किए गए क्लाउड साफ्टवेयर के रूप में व्यवहार प्रबंधन साफ्टवेयर की व्यवस्था की है। यह निबंधनों और शर्तों के अनुसार नि:शुल्क है। उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।

➢ **जीएसटी वार्षिक विवरणी (जीएसटीआर 9 और 9ग) साफ्टेवयर –** समिति ने व्यवसायरत सदस्यों तथा सीए फर्मों के लिए जीएसटी साफ्टवेयर (वार्षिक विवरणी) की व्यवस्था की है। यह निबंधनों और शर्तों के अनुसार नि:शुल्क है। उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।

- **आईसीएआई के व्यवसायरत व्यक्तियों/सीए फर्म के लिए ईएफएफ फैक्टर साफ्टवेयर –** समिति ने व्यवसायरत व्यक्तियों/सीए फर्मों के लिए ईएफएफ फैक्टर साफ्टवेयर की व्यवस्था की है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।
- **सीओआरडीएल प्रैक्टिस मेनेजमेन्ट साफ्टवेयर -** उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।
- **एक्सबीआरएल साफ्टवेयर –** समिति ने आईसीएआई के व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंटों तथा सीए फर्मों के लिए एक्सबीआरएल फाइलिंग साफ्टवेयर (सीएंडआई एंड कास्ट एंड अकाउंटिंग टैक्सोनोमी) की व्यवस्था की है। यह निबंधनों और शर्तों के अधीन सीए व्यवसायियों तथा फर्मों के लिए नि:शुल्क है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।
- **आल इन वन साफ्टवेयर – एक क्लाउड आधारित लेखांकन और अनुपालन समाधान –** क्लाउड आधारित ऑल इन वन साफ्टवेयर, व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंटों तथा सीए फर्मों के लिए सभी लेखांकन, अनुपालन, विवरणी तैयार करने तथा फाइलिंग आवयश्यकताओं के लिए एक ही समाधान है । उक्त साफ्टवेयर 3 वर्ष के लिए सीए व्यवसायियों तथा फर्मों को निबंधनों और शर्तों के अनुसार तीन उपयोक्ताओं हेतु नि:शुल्क है। उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं।

**(IV) बीमा स्कीमें**

➢ **एलआईसी समूह आवधिक बीमा –** समिति ने आईसीएआई के सदस्यों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए समूह आवधिक बीमा की एलआईसी के माध्यम से व्यवस्था की है। आवधिक बीमा पॉलिसी के अंतर्गत किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु आएगी।

➢ **स्वास्थ्य बीमा –** न्यू इंडिया फ्लेक्सी फ्लोटर ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी एक फ्लोटर पॉलिसी है, जिसके अंतर्गत प्रस्तावक स्वयं, पत्नी/पति और निर्भर बच्चे सिंगल फ्लोटर सम इंश्योर्ड के अधीन आ सकते हैं।

➢ **वाहन बीमा –** समिति द्वारा न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ मोटर वाहन बीमा की व्यवस्था की गई है। मोटर वाहन बीमा मूल रूप से सदस्यों के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें मूल्यवर्धित विशेषताएं हैं, जैसे प्राइवेट कार और दोपहिया वाहन, दोनों पर ओडी में 65 प्रतिशत छूट दी गई है।

➢ **वृत्तिक क्षतिपूर्ति –** वृत्तिक क्षतिपूर्ति सेक्शन के अंतर्गत दावों के अवार्ड और निपटारे के साथ-साथ अन्वेषण, प्रतिरक्षा या आपके विरुद्ध दावे का निपटारा है।

➢ **कार्यालय सुरक्षा शील्ड पालिसी –** बीमा कंपनी भवन और फिक्सचर तथा फिटिंग को हुए नुकसान के लिए दायित्व के साथ-साथ कार्यालय परिसर के किराएदार के विरुद्ध क्षतिपूर्ति करती है।

➢ **व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा –** यह पॉलिसी मूल रूप से बीमित व्यक्ति को कुछ प्रकार का प्रतिकर देने के लिए डिजाइन की गई है, जिसे अकेले ही दुर्घटना के परिणामस्वरूप शारीरिक क्षति होती है, जो बाह्य, हिंसक और दृश्यमान है।

- **गृह धारक बीमा –** यह पॉलिसी गृह को विभिन्न जोखिमों/खतरों से सुरक्षित करती है । इसकी सुरक्षा भवन और गृह की अंतर्वस्तुओं, जिसके अंतर्गत फर्नीचर, फिक्सचर, फिंटिंग, घरेलू उपकरण, जेवरात आदि तक भी विस्तारित है ।

उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/ पर उपलब्ध हैं ।

**(V) क्षमता निर्माण उपाय**

- **उपापन संपरीक्षा के लिए विश्व बैंक के साथ एमओयू –** समिति ने उपापन संपरीक्षा में आईसीएआई के सदस्यों के ज्ञानवर्धन के ठहराव संबंधी लिए विश्व बैंक के साथ एमओयू किया । विश्व बैंक के साथ उपरोक्त ठहराव प्रशिक्षक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संयुक्त प्रमाणन आधार पर उपापन प्रशिक्षण का प्रस्ताव करता है । इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य विभिन्न नियत कार्यों के लिए, जिनके अंतर्गत बाह्य/आंतरिक संपरीक्षा, उपापन संपरीक्षा/पश्च पुनर्विलोकन तथा आईसीएआई के फर्मों और व्यक्तिगत सदस्यों के नियत कार्य भी हैं, बैंक वित्तपोषित परियोजनाओं में उपापन अवसरों में भागीदारी के लिए आईसीएआई सदस्यों की क्षमता को बढ़ाना है ।
- **अपील तैयार करने, विलेख और दस्तावेजों का प्रारूपण, अपील प्राधिकारियों और कानूनी निकायों के समक्ष अभ्यावेदन संबंधी वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम –** सदस्यों के प्रभावी प्रारूपण कौशल का वर्धन करने के लिए विकसित किया गया है तथा सदस्यों को विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष प्रकट होने से संबंधित विधिक प्रावधानों से परिचित कराता है । पाठ्यक्रम के ब्यौरे https://resource.cdn.icai.org/50996ccbmp210718-0420.pdf पर उपलब्ध हैं ।
- **धन प्रबंधन और वित्तीय योजना पर वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (डब्ल्यूएमएफपी) –** समिति ने सदस्यों को नए कैरियर अवसरों का वर्धन करने के लिए धन प्रबंधन और वित्तीय योजना पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया है । पाठ्यक्रम के ब्यौरे https://resource.cdn.icai.org/35876ccbcaf25359-wmfp-details.pdf पर उपलब्ध हैं ।
- **वर्ग 'क', वर्ग 'ख' और वर्ग 'ग' शहरों के चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा किए गए वृत्तिक नियत कार्यों के लिए पुनरीक्षित न्यूनतम सिफारिश किए गए फीस के स्केल –** समिति ने वर्ग 'क', वर्ग 'ख' और वर्ग 'ग' शहरों के चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा किए गए वृत्तिक नियत कार्यों के लिए पुनरीक्षित न्यूनतम सिफारिश किए गए फीस के स्केलों का एक ब्रोशर तैयार किया है । उपरोक्त के ब्यौरे https://cmpbenefits.icai.org/we-content/uploads/2020/02/details-download.pdf पर उपलब्ध हैं ।
- **सीए फर्मों के नेटवर्किंग तथा अन्य समेकन उपायों का संवर्धन –** बहु स्थानों पर बेहतर वृत्तिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक संसाधन साझा करने हेतु साझा सहयोग के लिए फर्मों की नेटवर्किंग सीए फर्मों को सुविधा प्रदान की गई है । समिति व्यवसायरत व्यक्तियों/सीए फर्मों के लिए कारपोरेट रूप में संविलियन, नेटवर्किंग, व्यवहार का संवर्धन कर रही है ।

**(VI) ज्ञान को साझा करना और वर्धन**

- **आईसीएआई लर्निंग कर्व – प्रश्नों का समेकन तथा एफएक्यू और लाइव वेबकास्ट द्वारा प्रश्नों का समाधान –** समिति ने विभिन्न वृत्तिक मुद्दों पर प्रश्नों को समेकित करने के लिए एक पोर्टल आईसीएआई लर्निंग कर्व की व्यवस्था की है तथा प्रैक्टिस पोर्टफोलियो तथा अन्य पहलुओं के वर्धन के लिए कई चरणों में इन प्रश्नों का उत्तर दिया है ।
- **पोर्टल http://kb.icai.org/: आईसीएआई ज्ञान बैंक के लिए गेटवे – आईसीएआई प्रकाशनों का समेकन –** समिति ने आईसीएआई के सभी प्रकाशनों के समेकन के लिए आईसीएआई ज्ञान बैंक के गेटवे kb.icai.org पोर्टल की व्यवस्था की है । इस प्रकार पोर्टल को खोज/प्रबंधन हेतु डिजाइन किया गया है, पोर्टल ने उक्त पोर्टल में ऐसी विशेषताएं की हैं, जिससे उपयोक्ता की-फ्रेज की सहायता से अपलोड किए गए दस्तवेजों को खोजने में समर्थ होगा ।
- **आईसीएआई कनेक्ट – https://cmp.icai.org –आईसीएआई के सदस्यों के लिए एक पोर्टल –** समिति ने आईसीएआई के सदस्यों के लिए एक पोर्टल आईसीएआई कनेक्ट की व्यवस्था की है । उपरोक्त एकल विंडो सेल्फ सर्विस पोर्टल की विशेषताओं के अंतगर्त व्यक्तिगत प्रोफाइल और फर्म का गठन देखना, आईसीएआई की घोषणाएं, आईसीएआई को फीस तथा विनियामक प्रभारों के संदाय के ब्यौरे, मेरे लेख के ब्यौरे, विनियामक प्ररूपों तथा आवेदन की प्रास्थिति को देखना, ईसेवाएं, मेरी फर्में, मेरे साफ्टवेयर,पत्र और प्रमाणपत्र, सीपीई आवर्स क्रेडिटेड, नेटवर्किंग के मार्गनिर्देश, संविलयन तथा असंविलयन आदि है ।
- **समिति की विशिष्ट वेबसाइट – www.icai.org.in –** यह वेबसाइट सीए फर्मों को अपनी फर्म के ब्यौरे अपलोड करने के लिए प्लेटफार्म प्रदान करती है तथा उन्हें संपूर्ण विश्व में व्यवसायरत सदस्यों तथा सीए फर्मों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती है । यह वेबसाइट समेकन उपाय जैसे नेटवर्किंग, संविलयन और व्यवहार के कारपोरेट रूप का प्रावधान करके सदस्यों तथा सीए फर्मों के समेकन हेतु मंच के रूप में कार्य करती है ।
- **आईसीएआई के वरिष्ठ सदस्यों के लिए पोर्टल www.seniormembers.icai.org –** समिति ने एक वेबसाइट अर्थात् www.seniormembers.icai.org विकसित की है । यह वेबसाइट आईसीएआई के वरिष्ठ सदस्यों को लोचनीय कार्य घंटों वाले नियत कार्य के साथ-साथ उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् पूर्णकालिक नियत कार्य पाने के लिए प्लेटफार्म प्रदान करती है । साथ ही साथ यह उद्योग को भी अनुभवी प्रतिभावान व्यक्तियों को पाने में सहायता करेगी, जो अन्यथा साधारण परिस्थितियों में पहुंच योग्य नहीं होते । उक्त पोर्टल आईसीएआई के सभी वरिष्ठ सदस्यों के लिए उपयोगी और आसान होगा ।

- **लेखांकन मानकों की नमूना जांच सूची पर ई-बुकलेट व्यवसायियों तथा सीए फर्मों के लिए तैयार संदर्भ –** समिति ने लेखांकन मानकों की नमूना जांच सूची पर ई बुकलेट का प्रकाशन किया है, जो व्यवसायरत व्यक्तियों तथा सीए फर्मों के लिए तैयार संदर्भ के रूप में है। इसे व्यवसायरत व्यक्तियों तथा सीए फर्मों के दिन प्रतिदिन के कार्य के लिए उपयोग किया जाता है।

**(VII) समिति के प्रकाशन**

- आय-कर व्यवसाय की कार्ययोजना संबंधी ई-पुस्तिका का प्रकाशन : एक व्यवसायरत व्यक्ति के परिप्रेक्ष्य में।
- प्रैक्टिसक्रर – चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए त्रैमासिक ई-न्यूज लैटर
- कंपनी अधिनियम, 2013 संबंधी ई-पुस्तिका का प्रकाशन : एक व्यवसायरत व्यक्ति के परिप्रेक्ष्य में।
- जीएसटी की कार्ययोजना संबंधी ई-पुस्तिका को प्रकाशन एक व्यवसायरत व्यक्ति के परिप्रेक्ष्य में।

समिति ने निम्नलिखित प्रकाशन लाने के लिए पहल की है :

- "सदस्यों और सीए फर्मों के लिए आईसीएआई के विनियामक पहलुओं पर रेडी रेकनर" पर ई-पुस्तिका का प्रकाशन।
- "आर्टिकल्ड/संपरीक्षा सहायकों के विनियामक पहलुओं संबंधी रेडी रेकनर" संबंधी ई-पुस्तिका का प्रकाशन।
- सुगम संदर्भिका, 2019

**(VIII) लाइव वेबकास्ट/राष्ट्रीय सम्मेलन/कार्यशाला/संगोष्ठी/आवासीय कार्यक्रम/वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

- सीसीबीएमपी ने आय कर संबंधी नवीनतम न्यायिक निर्णयों पर व्यवसायियों के क्षमता निर्माण उपायों, जीएसटी के अधीन व्यवसायरत सीए की रणनीतियों, बैंक संपरीक्षा, बेनामी विधि के साथ आय-कर विधि और धन शोधन निवारण अधिनियम की अंतरक्रिया तथा सीए द्वारा इन विधियों के व्यवहार के अवसर, कार्यालय या घर से कार्य, कोविड-19 के पश्चात् व्यवसाय का भविष्य – वर्चुअल लेखांकन फर्म, एसए 700, एसए 701, एसए 705, तथा एसए 706, लघु इकाईयों की संपरीक्षा के लिए व्यवसायरत व्यक्ति का मार्गदर्शन, निगम संबंधी सेवाएं तथा संबंधित डिजिटाइज्ड अवसर, नेटवर्किंग और संविलयन, संपरीक्षा में जोखिमपूर्ण मुद्दे, व्यवहार प्रबंधन, आरओसी अनुपालन, अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र और रेरा में वृत्तिक अवसर, व्यवसायरत सदस्यों के लिए नैतिक संहिता, कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए व्यवसायरत सदस्यों के लिए वर्ष 2020 के दौरान कंपनी संपरीक्षा करने के दौरान सावधानियों पर 21 लाइव वेबकास्ट आयोजित की।
- समिति ने माल और सेवाकर (जीएसटी) पर व्यवसायरत व्यक्तियों की क्षमता निर्माण, 31 जनवरी, 2020 को विश्व बैंक वित्तपोषित परियोजनाओं हेतु पुनर्विलोकन पश्चात् उपापन में संपरीक्षकों को सम्मिलित करने, कंपनी अधिनियम और आय-कर, एनआरआई कराधान और जीएसटी, जीएसटी तथा प्रत्यक्ष करों में उभरती चुनौतियां, कर संपरीक्षा और आईसीडीएस, यूडीआईएन तथा पूंजी अभिलाभ कराधान और फोरेंसिक संपरीक्षा विषयों पर 26 राष्ट्रीय सम्मेलन, संगोष्ठियां, कार्यशाला और आवासीय कार्यक्रम आयोजित किए तथा ओडिशा, नई दिल्ली, अनंतपुर, भयंदर, गोरखपुर, ऑन्गोल, गुड़गांव, विशाखापट्टनम, उदयपुर, ठाणे, रांची, मंगलुरू, आसनसोल, विजयवाड़ा, इंदौर, अमृतसर, बिलासपुर, भुवनेश्वर, कोल्लम, शिरडी, मसूरी, तिरुपति आदि में वर्ष के दौरान पूंजी, जिनसे अनेक सदस्यों ने भाग लिया।
- समिति ने अप्रैल-जून, 2020 तथा अप्रैल-जुलाई, 2020 मास में "धन प्रबंधन और वित्तीय योजना" तथा "अपीलें तैयार करना, विलेखों और दस्तावेजों का प्रारूपण तथा अपील प्राधिकारियों और कानूनी निकायों के समक्ष प्रस्तुति" पर 30 सीपीई घंटे के वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों के 2 और 4 बैच आयोजित किए।

**5.6 सीपीई निदेशालय और केंद्रीयकृत वितरण व्यवस्था (सीपीईडी एंड सीडीएस)**

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) ने अपने सतत वृत्तिक शिक्षा (सीपीई) निदेशालय के माध्यम से भौतिक और वर्चुअल सीखने के उपस्करों का उपयोग करके ऐसे उपाय कार्यान्वित करता है, जो उनके क्षमता तथा वृत्तिक विकास के मूल क्षेत्रों में वर्तमान ज्ञान को अद्यतन बनाए रखने में संस्थान के सभी सदस्यों को पर्याप्त अवसर प्रदान करे।

सतत वृत्तिक शिक्षा निदेशालय (सीपीईडी) आफलाइन/आनलाइन ढंग से विशेषीकृत ज्ञान के वर्तमान और नए उभरते हुए क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से कई पहलों द्वारा अद्यतन रखता है तथा संरचनात्मक और असंरचनात्मक क्रियाकलापों के माध्यम से उनकी बाध्यकारी सीपीई अपेक्षाओं को पूर्ण करने में सहायता करता है।

परिषद् वर्ष 2019-20 में, सीपीई समिति के स्थान पर सीपीई निदेशालय का गठन किया गया, जिसमें ई-पठन को सीपीई निदेशालय का भाग बनाया गया। तत्पश्चात्, परिषद् वर्ष 2020-21 में सीपई निदेशालय के पुनरीक्षित निर्देश निबंधनों के साथ सीपीई निदेशालय तथा केंद्रीयकृत वितरण व्यवस्था (सीडीएस) का गठन किया गया।

**सीपीई निदेशालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियां तथा नवीन पहलें**

**(I) मजबूत सदस्य शिक्षण और विकास क्रियाविधि**

सीपीई, पीओयू द्वारा सीपीई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए परिषद् और सीपीई निदेशालय द्वारा जारी किए गए विभिन्न मार्गदर्शक सिद्धांतों, नियमों और निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सीपीईडी ने सीपीई कार्यक्रमों के संगठन को विनियमित और पर्यवेक्षित करने के लिए अधिक मजबूत तथा कठोर विनियामक क्रियाविधि को अंगीकार किया है। सीपीई पीओयू को उनके निरंतर सुधार तथा बेहतर कार्यकरण के लिए वर्ष भर मानीटर और पर्यवेक्षित भी किया जा रहा है।

**(II) सीपीई कथन**

वैश्विक अपेक्षाओं और व्यवहारों के समरूप, 3 वर्ष के वर्तमान ब्लॉक (1.1.2020 से 31.12.2022) के लिए सदस्यों के विभिन्न प्रवर्गों को लागू सीपीई क्रेडिट घंटे निम्नानुसार है :--

| सदस्यों का प्रवर्ग | सीपीई आवर अपेक्षा |
|---|---|
| (60 वर्ष से कम आयु के) सदस्य, जिनके पास व्यवसाय का प्रमाणपत्र है (उन सभी सदस्यों को छोड़कर, जो विदेश में रह रहे हैं) | 120 (जिसमें से कम से कम 60 सीपीई घंटे संरचनात्मक शिक्षण के होने चाहिए)<br>- प्रत्येक कलैंडर वर्ष में न्यूनतम 20 सीपीई क्रेडिट घंटे संरचनात्मक शिक्षण के |
| (60 वर्ष या अधिक) के सदस्य, जिनके पास व्यवसाय का प्रमाणपत्र है। | 90 (या तो संरचनात्मक या असंरचनात्मक)<br>- प्रत्येक कलैंडर वर्ष या तो संरचनात्मक या असंरचनात्मक शिक्षण के न्यूनतम 20 सीपीई क्रेडिट घंटे। |
| (60 वर्ष से कम आयु के) सदस्य, जिनके पास व्यवसाय का प्रमाणपत्र नहीं है, और सभी सदस्य, जो विदेश में निवास कर रहे हैं (चाहे व्यवसाय का प्रमाणपत्र रखते हों या नहीं) | 60 (या तो संरचनात्मक या असंरचनात्मक शिक्षण)<br>प्रत्येक कलैंडर वर्ष या तो संरचनात्मक या असंरचनात्मक शिक्षण के न्यूनतम 15 सीपीई क्रेडिट घंटे। |

**सदस्यों को छूट :**

- कोई सदस्य केवल विशिष्ट कलैंडर वर्ष के लिए छूट प्राप्त करता है, जिसके दौरान वह अपनी सदस्यता पहली बार प्राप्त करता है।
- निम्नलिखित वर्ग के सदस्यों को सीपीई क्रेडिट घंटों की अपेक्षा से छूट प्राप्त है :
  - (60 वर्ष और उससे अधिक आयु के) सभी सदस्य, जिनके पास व्यवसाय करने का प्रमाणपत्र नहीं है।
  - उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, जिला न्यायालयों और अधिकरण के न्यायाधीश।
  - संसद् सदस्य/विधान सभा के सदस्य/विधान परिषद् के सदस्य
  - राज्यों के राज्यपाल
  - केंद्रीय और राज्य सिविल सेवाएं
  - उद्यमी (वृत्तिक सेवाओं से भिन्न कारबार (विनिर्माण) संगठनों के स्वामी)
  - न्यायिक अधिकारी
  - सेना सेवा के सदस्य
- अस्थायी छूटें :
  - (i) गर्भावस्था के आधार पर एक कलैंडर वर्ष हेतु महिला सदस्य।
  - (ii) मामला-दर-मामला आधार पर शारीरिक रूप से अशक्त सदस्य, जिनको न्यूनतम 40 प्रतिशत या अधिक स्थायी अशक्तता है (भारतीय चिकित्सा परिषद् में रजिस्ट्रीकृत किसी चिकित्सक से, जिसे पश्च अर्हता (एम.डी., एम.एस आदि) द्वारा साक्ष्यित सुसंगत विशेषज्ञता प्राप्त हो, चिकित्सा प्रमाणपत्र द्वारा समर्थित हो)
  - (iii) लंबी गंभीर बीमारी/रुग्णता या अन्य अशक्तता, जो सीपीईडी द्वारा विनिर्दिष्ट या अनुमोदित की जाए (भारतीय चिकित्सा परिषद् में रजिस्ट्रीकृत किसी चिकित्सक से, जिसे पश्च अर्हता (एम.डी., एम.एस आदि) द्वारा साक्ष्यित सुसंगत विशेषज्ञता प्राप्त हो, चिकित्सा प्रमाणपत्र द्वारा समर्थित हो)
- सदस्य या सदस्यों का कोई वर्ग, जिसे सीपीईडी अपने पूर्ण स्वविवेक से मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के कारण विशिष्टतया या साधारणतया पूर्ण/आंशिक छूट प्रदान करे, जिसमें उनकी राय में ऐसे व्यक्ति (व्यक्तियों) को कथन में यथा विनिर्दिष्ट सीपीई की अपेक्षाओं के अनुपालन से रोके।

**(III) लॉकडाउन अवधि के दौरान की गई आईटी पहलें**

- **वेबीनार**

पश्च कोविड-19 परिस्थिति में, जनता का एकत्रित होना प्रतिबंधित था, इसलिए सभी भौतिक सीपीई सेमीनारे रद्द कर दी गई और उनको दृष्टिगत रखते हुए सभी क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं तथा विदेशी चैप्टरों को पहली बार लॉकडाउन अवधि के दौरान असंरचनात्मक सीपीई घंटे अनुदत्त करने के लिए वेबीनार आयोजित करना अनुज्ञात किया गया। तथापि, 19 मई, 2020 से वेबीनार केवल केंद्रीय समितियों द्वारा आयोजित करना अनुज्ञात किया गया।

➢ **वर्चुअल सीपीई बैठक**

(17.05.2020 से) वर्चुअल सीपीई बैठक (वीसीएम) में भाग लेने वाले व्यक्तियों को संरचनात्मक सीपीई घंटें अनुदत्त करना अनुज्ञात किया गया, जिसे सदस्यों द्वारा किसी कठिनाई का सामना किए बिना नियंत्रित आनलाइन माहौल में केंद्रीय समितियों, क्षेत्रीय परिषदों, शाखाओं, विदेशी चैप्टरों, सीपीई अध्ययन सर्कल, सीपीई अध्ययन चैप्टर और सीएमआई तथा बी अध्ययन सर्कल द्वारा आयोजित किया गया।

सीपईडी ने यह निर्णय लिया कि 20 संरचनात्मक सीपीई घंटों में से, जिसे प्रत्येक कलैंडर वर्ष में सीओपी धारण करने वाले 60 वर्ष से कम आयु के सदस्यों द्वारा अनिवार्य रूप से पूर्ण करना आवश्यक है, 31 अगस्त, 2020 तक 10 संरचनात्मक सीपीई घंटें आनलाइन तरीके द्वारा अनुदत्त किए जा सकते हैं (या तो डिजिटल पठन केंद्र के माध्यम से या उपरोक्त वर्चुअल सीपीई बैठकों के माध्यम से, जिसके अंतर्गत "नैतिक संहिता" और "संपरीक्षा पर मानक" संबंधी अनिवार्य सीपीई घंटे भी हैं)।

➢ **पुनश्चर्या पाठ्यक्रम**

केंद्रीय समितियों, क्षेत्रीय परिषदों, और विदेशी चैप्टरों को एक दिवस में अधिकतम 3 सीपीई घंटे के साथ किसी विशिष्ट विषय पर आनलाइन ढंग से अधिकतम 5 दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुज्ञात किया गया।

➢ **सीपीई/सीएमआई और बी अध्ययन सर्किल तथा सीपीई अध्ययन चैप्टर द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) या अन्य आडियो वीडियो सॉल्यूशन (ओएवीएस) के माध्यम से वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) का आयोजन**

सीपीईडी ने कोविड-19 के प्रभाव के कारण संयोजक और उप संयोजक के चुनाव/संपरीक्षकों की नियुक्ति के लिए वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) या अन्य आडियो वीडियो सॉल्यूशन (ओएवीएस) के माध्यम से सीपीई/सीएमआई एंड बी अध्ययन सर्किल द्वारा वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) करने के लिए प्रक्रिया जारी की।

**(IV) लॉकडाउन अवधि के दौरान की गई अन्य पहलें :–**

➢ सीपीईडी ने उन प्रवर्गों के सदस्यों को, जिन्हें एक कलैंडर वर्ष में (सीओपी धारक) न्यूनतम 2 संरचनात्मक सीपीई घंटे पूर्ण करना अपेक्षित है, ऑनलाइन/वर्चुअल ढंग से कलैंडर वर्ष 2020 से प्रत्येक कलैंडर वर्ष के दौरान (कुल 20 संरचनात्मक सीपीई घंटे में से कुल 4 संरचनात्मक सीपीई घंटे) "संपरीक्षा संबंधी मानक" तथा "नैतिक संहिता" से संबंधित विषयों पर प्रत्येक 20 संरचनात्मक सीपीई घंटे के अनिवार्य रूप से पूर्ण होने के संबंध में निर्णय का कार्यान्वयन किया। इसे आनलाइन/वर्चुअल ढंग से वर्ष के दौरान कभी भी पूर्ण किया जा सकेगा।

➢ वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सीपई अध्ययन सर्किल और सीपीई अध्ययन चैप्टरों द्वारा संपरीक्षित वार्षिक लेखाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख अब 15 मई, 2020 से बढाकर 15 जुलाई, 2020 वर्तमान कोविड-19 परिस्थिति में सीपीई अध्ययन सर्किल और सीपीई अध्ययन चैप्टरों द्वारा इसका अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के लिए कर दी गई है।

➢ सदस्यों द्वारा कलैंडर वर्ष 2019 के लिए असंरचनात्मक सीपीई घंटे के दावे के लिए सीपीई पोर्टल पर आनलाइन स्वघोषणा प्ररूप प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 31 मई, 2020 से बढ़ाकर 30 जून, 2020 कर दी गई है।

**(V) वैश्विक प्रसार :–**

सीपीई, पीओयू द्वारा स्विटजरलैंड, बाली, मस्कट, मलेशिया, दुबई में 7 सीपीई अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन टूर अंतर्राष्ट्रीय रूप से आयोजित किए गए।

**(VI) ब्रांड और क्षमता निर्माण**

आईसीएआई ने अपने सदस्यों को क्लास रूम अध्ययन, ई-पठन पद्धति, घरेलू कार्यपालक विकास कार्यक्रम, वेबकास्ट, जागरुकता कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि द्वारा निरंतर कौशल निखार की प्रक्रिया के माध्यम से विश्व में सभी ओर होने वाले वृत्तिक और प्रौद्योगिकी परिवर्तनों से बराबर जागरुक करने का पूर्ण प्रयास किया है। कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं :

➢ **राष्ट्रीय स्तर के सीपीई कार्यक्रम और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम**

वृत्तिक हित के विभिन्न विषयों पर आईसीएआई की सीपीई कार्यक्रम आयोजन इकाईयों द्वारा संपूर्ण देश में सदस्यों के लिए 8906 सीपीई कार्यक्रम आयोजित किए गए (जिसके अंतर्गत 13 मार्च, 2020 से 30 जून, 2020 तक वर्चुअल ढंग से आयोजित 1204 सीपीई कार्यक्रम भी हैं)।

➢ **सीए दिवस वर्चुअल राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन**

सीए दिवस के अवसर पर 29.06.2020 से 01.07.2020 तक "भविष्य में बदलाव : उत्कृष्टता को समर्थ बनाना, विश्वास में वृद्धि" विषय पर (9 अवसंचनात्मक सीपई घंटे का क्रेडिट प्रदान करते हुए) तीन दिवसीय राष्ट्रीय सीए शिखर सम्मेलन, 2020 का आयोजन किया गया।

- **पुनश्चर्या पाठ्यक्रम**

  (13.03.2020 से 30.06.2020 तक) विभिन्न विषयों अर्थात् फेमा, लेखांकन मानक, आय-कर अपील कार्यवाहियां, उन्नत एक्सेल और डाटा डेशबोर्ड, सीएएटी उपस्कर प्रयोग करते हुए डाटा/फोरेंसिक एनालिटिक्स, माइक्रोसाफ्ट एक्सेल पावर टूल्स एंड पावर बीआई के साथ एसए और डाटा विश्लेषण के व्यवहार संबंधी गाइड केंद्रीय समितियों/बोर्ड द्वारा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के रूप में 7 वर्चुटल सीपीई बैठकें (वीसीएम) आयोजित की गई।

- **राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम और अन्य महत्वपूर्ण घटनाएं**

  **आयोजित किए गए सीपीई कार्यक्रमों के प्रकार -** आईसीएआई के विभिन्न पीओयू द्वारा 150 लाइव वेबकास्ट (वेबीनार, आईसीएआई की केंद्रीय समितियों द्वारा सदस्यों के लिए 167 प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, आईसीएआई की केंद्रीय समितियों द्वारा 92 अर्हता पश्च पाठ्यक्रम, आईसीएआई की क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं की मेजबानी में और आईसीएआई की केंद्रीय समितियों/बोर्ड द्वारा 19 राष्ट्रीय स्तर, आईसीएआई, आरवीओ द्वारा पूर्व रजिस्ट्रेशन शिक्षा पाठ्यक्रम के 16 बैच, आईआईआईपीआई द्वारा पूर्व रजिस्ट्रेशन शिक्षा पाठ्यक्रम के 13 बैच।

- **नई सीपीई कार्यक्रम आयोजक इकाईयों (पीओयू) का आरंभ**

  सदस्यों को उनके निकटवर्ती स्थानों में सीपीई क्रियाकलापों को करने के लिए देश के मुफसिल/दूरस्थ क्षेत्रों में सहायता करने के लिए 3 और सीपीई पीओयू खोले गए, जिससे भारत और विदेश में 613 सीपीई पीओयू के मजबूत नेटवर्क तक पहुंच हुई।

**(VII) सामाजिक सहायता – देश के प्रति प्रतिबद्धता :–**

वर्ष के दौरान जीएसटी और जीएसटी संपरीक्षा, नैतिक मानक, नैतिक संहिता, वृत्तिक नैतिकता, कंपनी अधिनियम, रेरा, संपरीक्षा संबंधी मानक, आईसीडीएस, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, विमुद्रीकरण, कालाधन, बेनामी संव्यवहार और अघोषित आय, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, भारत में कारबार करने की सुगमता, स्टार्ट-अप, यूडीआईएन, निगम सामाजिक उत्तरदायित्व, निवेशक जागरुकता आदि पर भौतिक ढंग और वर्चुअल ढंग से सीपी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**प्रकाशन निदेशालय-सीपीईडी**

संस्थान का प्रकाशन निदेशालय प्राथमिक रूप से निम्नलिखित तीन क्षेत्रों में कार्यरत है :

- छात्रों तथा सदस्य संबंधित प्रकाशनों के लिए अध्ययन सामग्री का मुद्रण।
- केंद्रीयकृत वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रकाशनों का विक्रय और वितरण।
- भंडार लेखा, विक्रय लेखा रखना तथा शाखाओं के साथ भंडार ओर प्राप्य वस्तुओं का समन्वीकरण।

**नए प्रकाशन लाए गए**

रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान प्रकाशन निदेशालय ने अध्ययन बोर्ड तथा अन्य समितियों की ओर से विभिन्न नए प्रकाशनों का मुद्रण किया।

**केंद्रीयकृत वितरण प्रणाली**

जुलाई, 2017 से आईसीएआई के सभी प्रकाशन, जिसके अंतर्गत अध्ययन सामग्री, पुनरीक्षण प्रश्न पत्र और सदस्य संबंधी प्रकाशन हैं, सीडीएस पोर्टल पर क्रय आदेश देने पर रजिस्टर्ड छात्रों तथा व्यक्तियों को केंद्रीयकृत वितरण प्रणाली पोर्टल (www.icai-cds.org) के माध्यम से भेजे जाते हैं। सीडीएस पोर्टल कई प्रकार की निशानियां जैसे टाई, कफ लिंक, लेपल पिन, डायरी और कलैंडर भी रखता है।

**भविष्य के प्रयास**

निदेशालय के भविष्य के प्रयास निम्नानुसार हैं :

1. सीडीएस पोर्टल पर विक्रय के लिए सीए ब्रांडिंग के साथ नई उच्च गुणवत्ता की निशानियों का आरंभ।
2. क्रय की गई सामग्री के परिदान के लिए तैयारी के समय में कमी।
3. सीडीएस पोर्टल पर डिजीटल ढंग से पाठक के संवर्धन हेतु डिजिटल बीडिंग कॉपी लिंक दी जानी है।

**5.7 कारपोरेट विधियां और कारपोरेट शासन समिति (सीएलएंडसीजीसी)**

निगम विधियां और निगम शासन संबंधी समिति के पास व्यवसाय के सशक्तिकरण के साथ-साथ सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों के साथ उचित निगम शासन के वर्धन और उसे सुकर बनाने की ओर प्रमुख भूमिका निभाने का दृष्टिकोण है। समिति, सरकार के साथ विनियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए समन्यवकारी प्रयास कर रहा है तथा निरंतर कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ संवाद कर रहा है और कंपनी अधिनियम के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर रहा है/सुझाव दे रहा है/निरंतर इनपुट दे रहा है। समिति का लक्ष्य निगम विधियों के संबंध में सदस्यों के ज्ञान को अद्यतन करना है।

**महत्वपूर्ण उपलब्धियां और पहलें**

**(I) एमसीए/सेबी/एनएफआरए को अभ्यावेदन/सुझाव**

कंपनी अधिनियम, 2013

समिति कंपनी अधिनियम, 2013 के सहज कार्यान्वयन के लिए कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ नियमित संवाद करती है । समिति ने कारपोरेट कार्य मंत्रालय/राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण को निम्नलिखित अभ्यावेदन/इनपुट/राय/सुझाव प्रस्तुत किए :

- "क्या शेयर प्रीमियम के कारण प्राप्त नकदी से पूंजी आस्तियों के क्रय से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 में कोई उल्लंघन हुआ है" के बारे में राय कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) को जुलाई, 2020 में प्रस्तुत की गई ।
- एनएफआरए-2 को फाइल करने के लिए समय विस्तार के बारे में तथा वर्ष 2017-2018 के लिए लागू होने के बारे में अभ्यावेदन जुलाई, 2020 में प्रस्तुत किया गया । एनएफआरए ने परिपत्र जारी किया है तथा प्ररूप एनएफआरए-2 फाइल करने के लिए समय और 60 दिन तक विस्तारित किया है ।
- संपरीक्षा स्वतंत्रता और जवाबदेही पर एमसीए द्वारा जारी परामर्श पत्र पर आईसीएआई के सुझाव ।
- संपरीक्षा फाइलों को प्रस्तुत करने के लिए एनएफआरए द्वारा जारी प्रारूप प्रक्रिया पर आईसीएआई की प्रारूप सिफारिशें जून, 2020 में आगे प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रपति कार्यालय में भेजी गई ।
- कंपनी नए समझौता स्कीम, 2020 में कतिपय मुद्दों पर अभ्यावेदन एमसीए को मई, 2020 में भेजा गया ।
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के अधीन कुल लाभ की संगणना के संबंध में मुद्दों से संबंधित एमसीए से प्राप्त पत्र का उत्तर सीएसआर दायित्व की संगणना हेतु जनवरी, 2020 में प्रस्तुत किया गया ।
- सीएसआर-2018 पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर आईसीएआई सुझाव जनवरी, 2020 में प्रस्तुत किए गए ।
- कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा गठित कंपनी विधि समिति की रिपोर्ट पर आईसीएआई सुझाव नवंबर, 2019 में प्रस्तुत किए गए ।
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 144 के अधीन क्या प्रबंधन सेवाएं गठित करेगा/नहीं करेगा, के संबंध में आईसीएआई सिफारिशें एमसीए को जून, 2019 में प्रस्तुत की गई ।
- निम्नलिखित मुद्दों पर श्री उदय कोटक समिति के अधीन निगम शासन पर समिति की सिफारिशों पर आईसीएआई के सुझाव एमसीए को जून, 2019 में प्रस्तुत किए गए ।
  - ✓ आईसीएआई की प्रवर्तन/अनुशासनात्मक प्रक्रिया के संबंध में आईसीएआई सिफारिशों की भूमिका मजबूत करना ।
  - ✓ आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्टिंग को मजबूत करना ।
  - ✓ संपरीक्षा गुणवत्ता सूचकों पर अधिक पारदर्शिता ।
  - ✓ गुणवत्ता पुनर्विलोकन बोर्ड (क्यूआरबी) के वर्तमान विनियामक प्रावधानों के स्वतंत्र कार्यकरण को मजबूत करना ।
- कालावधि की समाप्ति के पश्चात् आंतरिक संपरीक्षक की बाह्य संपरीक्षक और विलोमत: नियुक्ति के लिए यू.के., यू.एस., आस्ट्रेलिया और सिंगापुर द्वारा अनुसरण किए जाने वाले व्यवहारों पर आईसीएआई के सुझाव जून, 2019 में एमसीए को प्रस्तुत किए गए ।
- कंपनी अधिनियम, 2013 में सीएसआर के प्रावधानों, कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 तथा सीएसआर से संबंधित जारी परिपत्रों के संबंध में एमसीए द्वारा गठित सीएसआर संबंधी उच्च स्तरीय समिति को आईसीएआई की टिप्पणियों/सुझावों को मई, 2019 में प्रस्तुत किया गया ।
- कंपनियों में शासन सुधारने के संबंध में अभ्यावेदन ।
- एडीटी-1 फाइल करने के लिए अतिरिक्त फीस से छूट के लिए निवेदन, जहां कंपनियों द्वारा अप्रैल, 2019 में एमसीए को प्रस्तुत एक्टिव प्ररूप को फाइल करने के संबंध में 1 अप्रैल, 2014 से 19 अक्तूबर, 2014 की अवधि के लिए जीएनएल-2 प्ररूप पहले ही फाइल कर दिया गया है । एमसीए के स्पष्टीकरण जारी किया है तथा 15.06.2019 तक फॉर्म एडीटी-1 फाइल करने के लिए फीस से छूट दे दी है ।

**(II) कंपनी अधिनियम, 2013 के लिए विधि निर्माण प्रक्रिया को सुकर बनाना**

- आईसीएआई संपरीक्षा स्वतंत्रता और जवाबदेही पर परामर्श पत्र पर पणधारियों के सुझावों पर चर्चा के लिए एमसीए द्वारा गठित समिति का सदस्य है ।
- आईसीएआई निगम शासन के लिए राष्ट्रीय फाउंडेशन शासी परिषद् (एनएफसीजी) का एक सदस्य है ।

- आईसीएआई वर्ष 2019-20 के लिए भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा गठित सचिवीय मानक बोर्ड (एसएसबी) का सदस्य है।
- आईसीएआई गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय के अन्वेषण मैनुअल के प्रारूपण परिशिष्ट के लिए समिति का एक सदस्य है।
- आईसीएआई, पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की कंपनी विधि और निगम शासन समिति का एक सदस्य है।
- आईसीएआई कंपनी (निक्षेप की स्वीकार्यता) नियम, 2014 के परीक्षण वाले समूह का एक सदस्य है।
- आईसीएआई कंपनी अधिनियम, 2013 के संरेखण से संबंधित सुझावों के परीक्षण के लिए उप समूह (2) का सदस्य है।
- आईसीएआई कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन कार्य को कारगर बनाने हेतु कार्य समिति का सदस्य है।
- आईसीएआई सेबी द्वारा गठित सीमित पुनर्विलोकन और संबंधित प्रक्रिया के विस्तारक्षेत्र संबंधी समूह का सदस्य है।

**(III) कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ संवाद**

**स्पाइस+ के माध्यम से निगमीकरण हेतु एमसीए की पहल का समर्थन –** आईसीएआई उन्नत एकीकृत स्पाइस+ (ई-प्ररूप-32) आरंभ करके कारबार करने में सुगमता के लिए भारत की पहल के भाग के रूप में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए कारपोरेट कार्य मंत्रालय का सहयोग कर रहा है। यह एक एकीकृत वेब प्ररूप है, जो 3 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा 10 सेवाएं प्रदान करता है (कारपोरेट कार्य मंत्रालय, श्रम मंत्रालय और वित्त मंत्रालय का राजस्व विभाग) तथा एक राज्य सरकार (महाराष्ट्र), इस प्रकार भारत में कारबार आरंभ करने के लिए कई प्रक्रियाएं, समय और लागत बचाता है और समिति ने कंपनी को निगमित करते समय सामने आने वाली कठिनाईयों पर पणधारियों से टिप्पणियां/सुझाव भी मांगे हैं। एमसीए द्वारा उठाए गए कदमों के संबंध में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) अपनी कारपोरेट विधियां तथा कारपोरेट शासन समिति (सलएलएंडसीजीसी) के माध्यम से सभी पणधारियों के लाभ हेतु स्पाइस+ के माध्यम से कंपनियों के निगमन पर एक तकनीकी गाइड लाया है।

**स्वतंत्र निदेशक पोर्टल पर कार्य करने के लिए एमसीए – आईआईसीए का सहयोग –** आईसीएआई ने स्वतंत्र निदेशकों के लिए डाटा बैंक पोर्टल के विकास के संबंध में एमसीए-आईआईसीए की नई पहल पर आईआईसीए के साथ भागीदारी की है। जैसा कि आईआईसीए द्वारा वर्णन किया गया है, इस पोर्टल का सृजन देश के सभी स्वतंत्र निदेशकों तथा स्वतंत्र महिला निदेशकों का केंद्रीय कोष बनाने के उद्देश्य से सृजन किया जा रहा है। डाटा बैंक भारत सरकार का उसकी ई-पठन और स्व:मूल्यांकन को सुकर बनाने की विशेषताओं के साथ अनुमोदित होगा। आईआईसीए ने हित के क्षेत्रों के लिए आईसीएआई के साथ भागीदारी के लिए निवेदन किया है, अर्थात् :

- अधिवक्ता कार्य
- शोध और मामला अध्ययन
- क्षमता निर्माण
- आईडी के निरंतर वृत्तिक विकास हेतु स्व:मूल्यांकन

इस संबंध में, स्वतंत्र निदेशक पोर्टल के लिए आईसीएआई तथा आईआईसीए की भागीदारी के संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जाएंगे।

**कंपनी (संशोधन) विधेयक, 2020 में प्रस्तावित संशोधन का सार –** कंपनी (संशोधन) विधेयक लोक सभा में 17 मार्च, 2020 को प्रस्तुत किया गया है। विधि का पालन करने वाले कारपोरेटों को बने रहने में अधिक सुगमता को सुकर बनाने के लिए सरकार के निरंतर प्रयास को दृष्टिकगत रखते हुए, 18 सितंबर, 2019 को मंत्रालय, उद्योग चैम्बर, वृत्तिक संस्थानों और विधि के क्षेत्र से प्रतिनिधियों से मिलकर बनी कंपनी विधि समिति (सीएलसी) अधिनियम के कुछ और अपराध मुक्त करने तथा देश में निगमों के बने रहने को और सुगम बनाने के लिए अन्य सहवर्ती उपाय करने के लिए गठित की गई। सीएलसी ने अपनी रिपोर्ट नवंबर, 2019 में प्रस्तुत की है। सीएलसी की सिफारिशों तथा सरकार द्वारा आंतरिक पुनर्विलोकन के आधार पर उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अधीन तुच्छ प्रक्रियागत या तकनीकी त्रुटियों को अपराध मुक्त करके सिविल दोष मानने के लिए, अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का संशोधन करने का प्रस्ताव है और न्यायालयों में मामलों के कुल लंबन पर विचार करते हुए व्यतिक्रम के मामलों में अपराध तत्व को हटाने के लिए एक सिद्धांत आधारित उपागम अंगीकार किया गया, जिसे वस्तुनिष्ठ रूप से निर्धारित किया जा सकता है और जिसमें अन्य कपट का तत्व नहीं है या वृहद लोक हित अंतर्वलित नहीं है। इसके अतिरिक्त, सरकार अधिनियम के कतिपय अन्य संशोधनों के माध्यम से निगमों के बने रहने में अधिक सुगमता प्रदान करने का प्रस्ताव करती है। विधेयक में 64 संशोधन हैं तथा उत्पादक कंपनी या लघु कंपनियों के लिए कम शास्ति का प्रावधान किया गया है। कंपनी (संशोधन) विधेयक, 2020 में प्रस्तावित संशोधनों का सार आईसीएआई की वेबसाइट पर है।

**एमसीए ई-प्ररूप एक्टिव (एक्टिव कंपनी टैगिंग एंड वेरिफिकेशन) आईएनसी-22ए की प्रमुख विशेषताओं के प्रसार के संबंध में सचिव, एमसीए के साथ बैठक –** 15 मार्च, 2019 को सचिव एमसीए के साथ एमसीए ई-प्ररूप एक्टिव (एक्टिव कंपनी टैगिंग एंड वेरिफिकेशन) आईएनसी-22ए की प्रमुख विशेषताओं के प्रसार के संबंध में बैठक की गई, जिसमें इस बात पर चर्चा हुई कि अच्छे निगम शासन के लिए इस प्रकार की स्कीमों को अनिवार्य बनाना आवश्यक है।

**सीपीएसई की संपरीक्षा समिति के सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहयोग –** लोक उपक्रम विभाग (डीपीई) ने आईसीएआई को डीपीई के साथ सहयोग करके सीपीएसई की संपरीक्षा समिति के सदस्यों के लिए 2019-20 के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निवेदन किया है । इस संबंध में, 3 घंटे प्रतिदिन, 3 दिन के लिए समिति ने वेबीनार आयोजित करने का निश्चय किया, जिसके लिए संपरीक्षकों की सहज समझ के लिए अभ्यावेदन तैयार किए जा सकते हैं। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी की गई संपरीक्षा जांच सूची पूर्व वेबीनार तैयारी के रूप में इस प्रकार की वेबीनारों के लिए भी निर्दिष्ट की जा सकती है।

**(IV) प्रकाशन और अन्य :**

- स्पाइस+ के माध्यम से कंपनियों के आसान निगमन पर तकनीकी गाइड
- निगम शासन दृष्टिकोण से स्वतंत्र निदेशकों के प्रावधानों पर तकनीकी गाइड।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रभाग-I, गैर भारतीय लेखांकन मानक अनुसूची III पर मार्गदर्शक टिप्पण (पुनरीक्षित जुलाई, 2019 संस्करण)
- कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रभाग-2, गैर भारतीय लेखांकन मानक अनुसूची III पर मार्गदर्शक टिप्पण (पुनरीक्षित जुलाई, 2019 संस्करण)
- कंपनी अधिनियम, 2013 पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न – पुनरीक्षित जुलाई, 2019 संस्करण
- एनबीएफसी के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के प्रभाग III पर मार्गदर्शक टिप्पण, जो भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) के साथ अनुपालन के लिए अपेक्षित है।
- कंपनी फ्रेश स्टार्ट स्कीम तथा एलएलपी सैटलमेंट स्कीम, 2020 पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (मूल और उपांतरित)
- कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन प्रभारों के सृजन या उपांतरण से संबंधित प्ररूपों को भरने के लिए समय में छूट के लिए स्कीम पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)

**(V) अन्य पहलें**

- समिति ने वेबकास्ट के दौरान भाग लेने वाले व्यक्तियों से प्राप्त प्रश्नों पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न तैयार किए और उन्हें कारपोरेट कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत किया। कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने समिति द्वारा प्रस्तुत एफएक्यू के आधार पर तैयार ई-प्ररूप आईएनसी 22ए पर एफएक्यू जारी किए हैं । एफएक्यू कारपोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट पर http://mca.gov.in/MinistryV2/active.html लिंक पर दिए गए हैं।
- समिति ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (निगम सामाजिक दायित्व) के संशोधन पर आधारित एफएक्यू तैयार किए हैं।
- समिति ने कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के विभिन्न प्रावधानों पर सदस्यों से सुझाव/टिप्पणियां आमंत्रित किए हैं।
- आईसीएआई डिजिटल पठन केंद्र पर अपलोड किए गए निगम विधियों और निगम शासन समिति के प्रकाशन – आईसीएआई ने आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र (https://learning.icai.org/elearning), जो एक एकीकृत पठन और नॉलेज ईको-सिस्टम है, पर सदस्य प्रकाशनों के डिजिटाइजेशन को प्रक्रियागत किया है, यह विचार किया गया है कि उक्त प्रकाशनों को आज की तारीख तक अद्यतन जानकारी के साथ उपलब्ध करवाया जाना है। इस संबंध में, वे प्रकाशन, जो सीएलएंडसीजीसी द्वारा जारी किए गए हैं, पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा सदस्यों को देखने के लिए उपलब्ध हैं।

**(VI) कार्यक्रम/सम्मेलन/वेबकास्ट**

- समिति ने 7 लाइव वेबकास्ट/वेबीनार, पश्च कोविड-19 अर्थव्यवस्था और शासन, "आईसीएआई नेतृत्व शिखर सम्मेलन – पश्च कोविड-19 परिदृश्य", कंपनी फ्रेश सेटलमेंट स्कीम, 2020 तथा पुनरीक्षित एलएलपी सेटलमेंट स्कीम, 2020 का विश्लेषण और मुख्य विशेषताएं, एमसीए ई-फार्म – डीपीटी-3- अनुपपलन और अन्य पहलू, समिति ने कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2019 की मुख्य विशेषताएं एमसीए – ई-फार्म एक्टिव (सक्रिय कंपनी टैगिंग पहचान और सत्यापन) आईएनसी – 22ए – वर्ष के दौरान अनुपालन और अन्य पहलू।
- समिति ने एमसीए ई-फार्म एक्टिव (सक्रिय कंपनी टैगिंग पहचान और सत्यापन) आईएनसी – 22ए, निदेशकों तथा उच्चाकांक्षी निदेशकों के लिए "प्रभावी बोर्ड गति की" पर सम्मेलन, तमिलनाडु सरकार के आईएएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा वर्ष के दौरान संपूर्ण देश में समिति ने कंपनी अधिनियम, 2013 पर 21 प्रशिक्षण/जागरुकता कार्यक्रम के बारे में जागरुकता के सृजन हेतु संपूर्ण देश में सात कार्यक्रम संचालित किया।

**(VII) कारपोरेट विधियों से संबंधित सदस्यों के वृत्तिक विकास के लिए अद्यतन जानकारी**

समिति वृत्तिक विकास के लिए सदस्यों हेतु नियमित रूप से अद्यतन जानकारी की श्रृंखला जारी करती है, जिसके अंतर्गत कारपोरेट विधियों पर अद्यतन जानकारी भी है। आईसीएआई की वेबसाइट पर 31 मई, 2020 तक अद्यतन 22वें अंक अपलोड किया गया है।

और, कार्यालय द्वारा निम्नलिखित घोषणाएं/विश्लेषण तैयार किए गए हैं तथा अध्यक्ष सीएलएंडसीजीसी से अनुमोदन पर आईसीएआई की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।

- कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 30 सितंबर, 2020 तक इसके वित्तीय विवरण वीसी या ओएवीएम के माध्यम से अनुमोदन करने के लिए बोर्ड बैठक के संचालन हेतु तथा सीएलएंडसीजीसी आईसीएआई द्वारा स्वतंत्र निदेशक डाटा बैंक में स्वतंत्र निदेशक के रजिस्ट्रेशन के लिए और छूट दी गई है।
- समिति ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन प्रभारों के सृजन या उपांतरण से संबंधित फार्म भरने के लिए समय में छूट के लिए स्कीम।
- सीएलएंडसीजीसी आईसीएआई द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग या अन्य आडियो विजुअल साधनों के माध्यम से वार्षिक साधारण बैठक आयोजित करने पर स्पष्टीकरण।
- कोविड-19 के कारण उत्पन्न हुए खतरे के कारण कंपनियों द्वारा साधारण और विशेष संकल्पों के पारित करने पर एमसीए द्वारा जारी स्पष्टीकरण तथा असाधारण साधारण बैठक (ईजीएम) आयोजित करने के संबंध में जागरुकता के सृजन हेतु घोषणा।
- सीएलएंडसीजीसी आईसीएआई द्वारा 31 जुलाई, 2020 तक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(2) के अधीन राइट्स इश्यू खोलने के लिए सूचीबद्ध आस्तियों द्वारा सूचना के प्रेषण के संबंध में एमसीए द्वारा जारी स्पष्टीकरण के संबंध जागरुकता का सृजन करने संबंधी उदघोषणा।
- सीएलएंडसीजीसी आईसीएआई द्वारा 31 जुलाई, 2020 तक समिति ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(2) के अधीन राइट्स इश्यू खोलने के लिए सूचीबद्ध इकाईयों द्वारा नोटिस भेजने पर स्पष्टीकरण।
- सीएलएंडसीजीसी आईसीएआई द्वारा कोविड-19 फैलने को दृष्टिगत रखते हुए कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना/परिपत्र/सलाहें।
- एमसीए ने व्यतिक्रमी कंपनियों/एलएलपी को अतिरिक्त फीस में एक बार ही छूट देने के लिए एलएलपी सेटलमेंट स्कीम, 2020 तथा कंपनी फ्रेश सेंटलमेंट स्कीम, 2020 आरंभ की।
- प्रत्येक वर्ष 30 जून तक ई-फार्म डीआईआर-3 केवाईसी की फाइलिंग के संबंध में एमसीए अधिसूचना का विश्लेषण।
- एक बार रिटर्न 29 जून, 2019 तक डीपीटी-3 प्ररूप की फाइलिंग के संबंध में एमसीए अधिसूचना का विश्लेषण।
- ई-एक्टिव प्ररूप फाइल करने के लिए तारीख 15 जून, 2019 तक विस्तारित करने के संबंध में घोषणा।
- कंपनी (दूसरा संशोधन) अध्यादेश, 2019 के प्रावधानों का सार।
- कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 2018 के प्रावधानों के संबंध में अधिसूचना तारीख 2 नवंबर, 2018 का सार।

## 5.8 प्रत्यक्ष कर समिति (डीटीसी)

**(I) सीबीडीटी को अभ्यावेदन/संवाद**

- अध्यक्ष सीबीडीटी को निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए आय-कर विवरणी फाइल करने की सम्यक् तारीख बढ़ाने का निवेदन करते हुए अभ्यावेदन दिया गया।
- भारतीय लागत लेखापाल संस्थान द्वारा आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 288(2) से संबद्ध स्पष्टीकरण में "लेखापाल" की परिभाषा का संशोधन करने का निवेदन करते हुए तारीख 18 जुलाई, 2019 के प्रस्तुत किए गए पत्र के संदर्भ में संस्थान की चिंताओं के संबंध में माननीय वित्त मंत्री को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया।
- नए करदाता संबंधी जानकारी (टीपीआई) श्रृंखला ब्रोशरों के सृजन के लिए प्रत्यक्ष करों से संबंधित विषयों/क्षेत्रों की पहचान करने के लिए आईसीएआई के अंतर्निवेशों के संबंध में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया।
- अध्यक्ष, सीबीडीटी को करदाताओं द्वारा सामना की जा रही अनावश्यक कठिनाईयों के मुद्दे को हल करने के निवेदन के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत किया।
- भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 288(2) से संबद्ध स्पष्टीकरण में "लेखापाल" की परिभाषा का संशोधन करने का निवेदन करते हुए तारीख 2 अगस्त, 2019 के पत्र सं. आईसीएसआई : पीएफपी : 2019 के संदर्भ में संस्थान की चिंताओं के संबंध में वित्त मंत्री को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया।

- सीबीडीटी को कर संपरीक्षा रिपोर्टें तथा संबंधित विवरणी प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तारीख को 30 सितंबर, 2019 से बढ़ाकर 30 नवंबर, 2019 करने के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- आय-कर नियम, 1962 के संबंध में आईसीएआई के अंतर्निवेशों के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- जम्मू-कश्मीर में अवस्थित निर्धारितियों को विशेष शिथिलताएं उपलब्ध कराने का अनुरोध करने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- सीबीडीटी द्वारा प्रत्यक्ष कर विधियों के अधीन अभियोजन के लिए मामलों की पहचान और कार्यवाहियों हेतु प्रक्रिया के संबंध में जारी परिपत्र संख्या 24/2019, तारीख 9.9.2019 के संबंध में आईसीएआई की चिंताओं के बारे में अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- प्ररूप सं. 10ख और नियम 17ख में प्रस्तावित संशोधनों की प्रारूप अधिसूचना के संबंध में आईसीएआई के अंतर्निवेशों के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- आय-कर नियम, 1962 के संबंध में आईसीएआई के आगे और अंतर्निवेशों के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- सीपीसी (टीडीएस) से प्राप्त पत्र के उत्तर में टीडीएस से संबंधित सुझावों के संबंध में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- प्रत्यक्ष कर विधियों के अधीन अपराधों के शमन के लिए (एक बार उपाय के रूप में) समय की छूट देने के संबंध में 31.12.2019 से कम से कम एक मास तक समय बढ़ाने का निवेदन करने के लिए सीबीडीटी को अभ्यावेदन दिया गया ।
- सीबीडीटी को धारा 206ग – प्रावधान का लागू होना भारत की वन उपज तक सीमित हो – इमारती लकड़ी, जो भारत के बाहर से आयात की जाती है, पर स्रोत पर कर संग्रहण लागू होना अपवर्जित हो, का संशोधन करने का निवेदन करने के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- सीबीडीटी को अर्थव्यवस्था/कारबार की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए (तेज) मूल्यांकन के मामले में मांग/अनुदान को रोकना जारी करने के लिए की गई मांग के 20 प्रतिशत पूर्व निक्षेप की दर को कम करने का निवेदन करने के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- माननीय वित्त मंत्री, माननीय वित्त राज्य मंत्री तथा अध्यक्ष, सीबीडीटी को "प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास विधेयक, 2020" में विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के अनुरोध के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- सीबीडीटी को प्ररूप 26एएस में पूर्ण कर प्रत्यय के बावजूद अनावश्यक मांग नोटिस जारी करने के संबंध में कठिनाई पर विचार करने के अनुरोध के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- कोरोना वायरस के प्रसार पर विचार करते हुए आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 6(1) के विद्यमान उपबंधों से एक बार रोक/ 30 दिन की छूट देने का अनुरोध करने के लिए सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- सीबीडीटी को आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 112क के अधीन दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभों के कारण करदाताओं को गलत ढंग से दो बार कर चुकाने पर इस मुद्दे को हल करने के लिए विचार करने हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- "प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास अधिनियम, 2020" पर आईसीएआई के मुद्दों/सुझावों को प्रस्तुत करने के संबंध में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 206ग तथा धारा 194ण के लिए दिशानिर्देशों के मुद्दे के संबंध में आईसीएआई के इनपुट के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- सीबीडीटी को 15.06.2020 को बकाया अग्रिम कर की पहली किश्त पर छूट देने पर विचार करने के अनुरोध के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- कोविड-19 के प्रसार के कारण होने वाले प्रक्रियागत और विधिक मुद्दों के संबंध में आईसीएआई के सुझावों के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- "प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास अधिनियम/नियम, 2020" तथा उसके अधीन अधिसूचित प्ररूपों पर आईसीएआई के मुद्दों/सुझावों के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 12(1)(कग) के अधीन 12कख (नए रजिस्ट्रेशन के लिए प्रक्रिया) के अंतर्गत आवेदन के लिए प्ररूप अधिसूचित करने/जारी करने के अनुरोध के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।
- आय-कर अधिनियम, 1961 के अधीन विभिन्न अनुपालनों की अंतिम तारीख को बढ़ाने के अनुरोध के बारे में सीबीडीटी को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया ।

**(II) मंत्रालय/सीबीडीटी के साथ बैठकें**

- आईसीएआई की प्रत्यक्ष कर समिति के अध्यक्ष, जिन्हें सीबीडीटी द्वारा गठित समिति का सदस्य नामित किया गया था, की बैठकें बंगलौर और मुंबई में ई-निर्धारण के लिए डाटा संरचना और डाटा अपलोड करने की रुपात्मकता का परीक्षण करने के लिए हुई।
- संयुक्त सचिव (टीपीएल) – II, सीबीडीटी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली के साथ आय-कर नियम, 1962 पर आईसीएआई के इनपुट प्रस्तुत करने के बारे में चर्चा के संबंध में बैठक हुई।
- आईसीएआई के प्रतिनिधियों की संयुक्त सचिव (टीपीएल)-II, सीबीडीटी, नार्थ ब्लॉक के साथ 18.10.2019 को बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार रजिस्टर्ड मूल्यांकक की संकल्पना के संबंध में हुई।
- अध्यक्ष, आईटीएटी के साथ 10.12.2019 को आईटीएटी दिल्ली में आईटीएटी के संस्थापना दिवस के उत्सव के संबंध में आईसीएआई से सहयोग प्राप्त करने तथा आईटीएटी के नए सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु पृष्ठभूमि सामग्री तैयार करने के बारे में बैठक हुई।

**(III) संघीय बजट के बारे में क्रियाकलाप**

- बजट पूर्व ज्ञापन, 2019 की प्रस्तुति
- बजट पश्च ज्ञापन, 2019 की प्रस्तुति
- बजट पूर्व ज्ञापन, 2020 की प्रस्तुति
- बजट पश्च ज्ञापन, 2020 की प्रस्तुति

**(IV) अन्य पहलें**

- आय-कर विभाग के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट के अपेक्षित डाटा को साझा किया।
- श्री आत्म साहू, उप निदेशक, सीएल-V अनुभाग, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एचक्यू) से प्राप्त ई-मेल का उत्तर दिया।
- निगम विधियां और निगम शासन समिति को प्रस्तुत सीएसआर क्रियाकलापों के लिए प्रत्यक्ष कर लाभ (निगम सामाजिक दायित्व पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट, 2018 (अगस्त, 2019)) पर इनपुट निगम विधि और निगम शासन समिति को प्रस्तुत किए गए।
- समिति द्वारा वर्ष के दौरान विभिन्न विषयों पर आठ लाइव वेबकास्ट आयोजित की गई जैसे कि आय-कर पदधारियों के साथ प्ररूप 24थ में टीडीएस विवरण फाइल करने वाले टीडीएस कटौतीकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण तथा प्ररूप 16 के भाग ख में नए परिवर्तन, संघीय बजट 2019-20 के कर प्रस्तावों की प्रारंभिक विशेषताएं, आय-कर रिटर्न फॉर्म को समझना और ई-फाइलिंग, चेहरा रहित ई-निर्धारण – मुद्दे और चुनौतियां, संघीय बजट 2020-21 के कर प्रस्तावों की विशेषताएं, एनआरआई कराधान – नए संशोधन – विश्लेषण और प्रभाव, विवाद से विश्वास विधेयक, 2020 – मुद्दे और चुनौतियां तथा प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास विधेयक, 2020।
- 18 जून, 2020 से 22 जून, 2020 तक आईसीएआई की प्रत्यक्ष कर समिति द्वारा आयोजित आय-कर अपील कार्यवाहियों पर आनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम।
- सीबीडीटी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित प्रत्यक्ष कर से संबंधित विषयों जैसे परिपत्र, अधिसूचनाएं, प्रेस विज्ञप्तियां, आदेश आदि पर आईसीएआई वेबसाइट को नियमित रूप से अद्यतन करना।
- समिति सीबीडीटी द्वारा महत्वपूर्ण परिपत्रों, अधिसूचनाओं, प्रेस विज्ञप्तियां, आदेश आदि का सीए जर्नल में मासिक योगदान करती है।
- समिति ने वर्ष के दौरान 19 सेमीनार/सम्मेलन/कर जागरुकता कार्यक्रम/कार्यशाला/व्याख्यान आयोजित किए।

**5.9 आर्थिक, वाणिज्यिक विधियों और आर्थिक सलाह संबंधी समिति (सीईसीएलएंडईए)**

- विभिन्न सरकारी प्राधिकारियों/विनियामकों को अभ्यावेदन :

  यूडीआईएन समेत सीए प्रमाणपत्र के लिए पृथक् प्ररूप के संबंध में अध्यक्ष ओडिशा भू संपदा विनियामक प्राधिकरण को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया।

- मार्गदर्शक टिप्पण/तकनीकी मार्गदर्शिका/प्रकाशन आदि

  अविनियमित निक्षेप पाबंदी स्कीम अधिनियम, 2019 पर सदस्यों की विशेषज्ञता के दायरे को विस्तृत करने के प्रयास में, समिति ने "अविनियमित निक्षेप पाबंदी स्कीम अधिनियम, 2019 पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न" शीर्षक पर ई-प्रकाशन जारी किया।

- भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी अध्ययन समूह

समिति ने "भारतीय अर्थव्यवस्था पर अध्ययन समूह" का गठन कोविड-19 से उत्पन्न समस्या को हल करने तथा कारबार करने की सुगमता में वृद्धि करके भारत को प्रतिस्पर्धात्मक और आकर्षक निवेश स्थान बनाने संबंधी रिपोर्ट तैयार करने तथा उसे सरकार को प्रस्तुत करने के लिए किया ।

- संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला/वेबकास्ट

  इस अवधि के दौरान, विभिन्न वाणिज्यिक और आर्थिक विधियों, जिनके अंतर्गत फेमा, बेनामी विधि, पीएमएलए हैं, भू-संपदा परियोजनाओं के विशेष संदर्भ के साथ भारत में साधारण वित्तपोषण परिदृश्य, कोविड प्रोत्साहन पैकेज के अधीन एमएसएमई की वित्तीय सहायता आदि पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

- धन शोधन निवारण विधियों संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

  समिति ने मुंबई, नोएडा, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू और हैदराबाद में 2019-20 के दौरान धन शोधन निवारण विधियों (धन शोधन निवारण विशेषज्ञ) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 9 बैच सफलतापूर्वक आयोजित किए ।

- एडीआर (माध्यस्थम्, मध्यक्ता, सुलह) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

  समिति ने मुंबई और नोएडा में 2019-20 के दौरान एडीआर (माध्यस्थम्, मध्यक्ता, सुलह) संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 2 बैच सफलतापूर्वक आयोजित किए ।

**5.10 अंकीय लेखांकन और आश्वासन बोर्ड (डीएएबी)**

सूचना शासन, नियंत्रण, सुरक्षा और संपरीक्षा वृत्तिकों के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंटों की भूमिका को सुदृढ़ बनाने के लिए आईसीएआई ने वर्ष 2018 में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति (सीआईटी) का अंकीय लेखांकन और आश्वासन बोर्ड (डीएएबी) में विलयन कर दिया था । डीएएबी अपने लेखांकन तथा आश्वासन के संबंध में प्रौद्योगिकी के प्रभाव से संबंधित मुद्दों पर प्रास्थिति पत्रों और लेखों के माध्यम से ज्ञान का आधार विकसित कर रहा है । कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोट संबंधी प्रक्रिया स्वचालन, ब्लॉकचेन, क्लाउड संगणना और लेखांकन तथा आश्वासन संबंधी वृहद डाटा के भावी प्रभावों के संबंध में अवधारणा पत्रों को तैयार करने के लिए अनुसंधान किया जा रहा है । इसका प्रयोजन चार्टर्ड अकाउंटेंटों की उनके ज्ञान में विस्तार करने और आज के डिजीटल युग में नए क्षेत्रों में उनके कौशलों को विकसित करने में सहायता करना है ।

**महत्वपूर्ण उपलब्धियां :**

**(I) जारी किए गए प्रकाशन**

- **लेखापालों के लिए क्लाउड संगणना संबंधी गाइड**

  क्लाउड संगणना, उसे लागू करने संबंधी माडलों, चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए क्लाउड संगणना के परिदृश्य में संभाव्य चिंताएं और अवसरों पर आधारिक अवधारणाओं के संबंध में उपयोगी अंतर्निवेश उपलब्ध कराती है ।

- **वृत्तिक लेखांकन फर्मों के लिए डिजीटल सक्षमता परिपक्वता माडल (डीसीएमएम) – पाठ 2.0 और कार्यान्वयन गाइड**

  इस नए पाठ में लेखांकन फर्मों के विनिर्दिष्ट प्रवर्गीकरण संबंधी लेखा विषय और प्रवीणता तथा उत्पादकता संबंधी अभिलाभों को प्राप्त करने हेतु अपनाई जाने वाली संबद्ध प्रौद्योगिकी को विचार में लिया गया है । इसमें उभरती प्रौद्योगिकियों के संबंध में एक नए खंड को भी सम्मिलित किया गया है और यह प्रत्येक खंड के कार्यान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराती है ।

- **रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन संबंधी ई-पठन**

  इस प्रकाशन में कार्यान्वयन जीवन चक्र, आरपीए प्रदाय सामर्थ्य, प्रक्रियाओं का मूल्यांकन तथा वित्त और लेखांकन में मामलों के उपयोग को सम्मिलित किया गया है । यह ई-पठन आईसीएआई के डिजीटल पठन केंद्र पर उपलब्ध है ।

- **लेखांकन वृत्तिकों के लिए साइबर सुरक्षा संबंधी आधारिक जानकारी के संबंध में ई-पठन**

  इस प्रकाशन में साइबर सुरक्षा संबंधी अवधारणाओं और उपकरणों को सम्मिलित किया गया है । इसमें, इस मुद्दें पर परिचर्चा को भी सम्मिलित किया गया है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स किस प्रकार अपने व्यवसाय की साइबर सुरक्षा संबंधी खतरों से सुरक्षा कर सकते हैं साथ ही इसमें मामला अध्ययनों को भी सम्मिलित किया गया है ।

- **माइक्रोसाफ्ट एक्सेल में डाटा समेकन और विश्लेषण संबंधी सिमुलेशन वीडियो और साथ ही "शो मी" तथा "ट्राई मी" दृष्टिकोण**

**(II) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के प्रति पहलें**

- बोर्ड ने, भारतीय निगम विधिक सेवा (आईसीएलएस) अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए "न्यायालयीन लेखांकन और कपट का पता लगाने संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम", भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पदधारियों के लिए कपट और न्यायालयीन संबंधी कार्यक्रम, गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) के अधिकारियों के लिए कपट और न्यायालयीन संबंधी कार्यक्रम और तेलंगाना राज्य सरकार के आईएएस और वरिष्ठ पदधारियों के लिए मानेसर, हैदराबाद, गुरुग्राम और दिल्ली में प्रशिक्षण कार्यक्रमों/सत्रों का आयोजन किया था ।

- आईओसीएल अधिकारियों हेतु वृत्तिक लेखापालों संबंधी ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी से संबंधित आईसीएआई का पाठ्यक्रम।

**(III) महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजन**

- लेखापालों और संपरीक्षकों की यूरोपीय फेडरेशन (ईएफएए) ने आईसीएआई के डीएएबी द्वारा जारी "वृत्तिक लेखांकन फर्मों के लिए डिजीटल सक्षमता परिपक्वता माडल (डीसीएमएम) – पाठ 1.0" को अपनाया है, जिससे उसके एक अद्यतन पाठ को तैयार करके उसका यूरोप में प्रचार-प्रसार किया जा सके।

  अध्यक्ष, डीएएबी ने "ईएफएए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2019 – डिजीटल व्यवहार को तैयार करना" विषय पर 27 जून, 2019 को एमस्टरडैम में आयोजित सम्मेलन में आईसीएआई का प्रतिनिधित्व किया था, जिसमें ईएफएए सक्षमता और परिपक्वता माडल का शुभारंभ किया गया था और इस प्रकार आईसीएआई के योगदान हेतु आभार व्यक्त किया गया था।

- इंग्लैड और वेल्स के चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएईडब्ल्यू) के साथ वित्तीय और लेखांकन में स्वचालन के विषय पर संयुक्त अनुसंधान।

- दोहा, दुबई और बहरीन में "वृत्तिक लेखापालों के लिए ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी संबंधी आईसीएआई के पाठ्यक्रम" का आयोजन किया गया था।

- वर्ष के दौरान, डिजीटल लेखांकन वृत्ति 2.0, डाटा विश्लेषण और कारबार बुद्धिमता के संबंध में केएनआईएमई का उपयोग करते हुए, आधुनिक एक्सेल (डाटा विश्लेषण), न्यायालयीन विश्लेषण, सीएएटी उपकरणों का उपयोग करते हुए, आईएस संपरीक्षा संबंधी व्यवहारिक गाइड, डीआईएसए 3.0 कार्यान्वयन, त्वरित अवलोकन – डीआईएसए पाठ्यचर्या 2.0 तथा आईएसए एटी परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दू, डाटा विश्लेषण सीबीएस फाइलों संबंधी सिमुलेशन, व्यवसायरत फर्मों के लिए स्व:निर्धारण उपकरणों संबंधी विभिन्न राष्ट्रीय सम्मेलनों/कार्यशालाओं/कार्यक्रमों/सत्रों/शिखर बैठकों / संगोष्ठियों/वेबीनारों का हैदराबाद, कानपुर, इंदौर, अहमदाबाद, पटना और नई दिल्ली में आयोजन किया गया था।

- पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/वर्चुअल सीपीई बैठक – सीएएटी उपकरणों का उपयोग करते हुए आधुनिक एक्सेल और डाटा डैशबोर्ड/वीसीएम-डाटा विश्लेषण/आईएसए के लिए व्यवहारिक गाइड/माइक्रोसाफ्ट एक्सेल पावर उपकरणों और पावर बीआई के साथ डाटा विश्लेषण और विजुलाइजेशन संबंधी सत्रों का आयोजन।

- डीआईएसए पात्रता परीक्षा और एफएएफडी निर्धारण परीक्षा का पहली बार आनलाइन संचालन । इसके अतिरिक्त, आईसीएआई डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से पहली बार आंतरिक आनलाइन एफएएफडी निर्धारण परीक्षा का आयोजन भी किया गया था।

- डिजीटल व्यवहार वेबीनार श्रृंखला
  - लेखापालों के लिए साइबर सुरक्षा – अवधारणाएं और उपकरण
  - कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग शेपिंग फिनटेक लैंडस्केप

- 5 दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/वर्चुअल सीपीई बैठक - माइक्रोसाफ्ट एक्सेल पावर उपकरणों और पावर बीआई के साथ डाटा विश्लेषण और विजुअलाइजेशन संबंधी सत्रों का आयोजन।

**(IV) वृत्तिक लेखापालों के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी**

बोर्ड ने वृत्तिक लेखापालों के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी संबंधी एक 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को आरंभ किया है, जो ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी की प्रस्तावना को प्रस्तुत करेगा और विभिन्न उद्योगों में उपयोग संबंधी मामलों को विकसित करेगा। यह पाठ्यक्रम पारदर्शी लेखांकन प्रणाली को समर्थ बनाने में नवीनता लाए जाने के निबंधनानुसार तथा वर्तमान लेखांकन व्यवहारों को पूर्णता परिवर्तित करने की भी संभावना को विचार में लेते हुए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के भविष्य को समाविष्ट करता है। बोर्ड ने वर्ष के दौरान सफलतापूर्वक इस पाठ्यक्रम के 12 कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

**(V) सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम**

बोर्ड द्वारा संचालित सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम (डीआईएसए) को वर्ष 2001 में सूचना प्रणाली संपरीक्षा के क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के कौशल में वृद्धि करने के लिए आरंभ किया गया था, जिसके संबंध में मांग बढ़ती जा रही थी। डीआईएसए पाठ्यक्रम ने प्रौद्योगिकी, सूचना संबंधी आश्वासन और सूचना प्रबंध संबंधी विशेषज्ञता को संयोजित किया था, जिसने डीआईएसए अर्हित चार्टर्ड अकाउंटेंटों को विश्वसनीय सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार और सूचना सुरक्षा आश्वासन सेवाओं के प्रदाताओं के रूप में विकसित होने में समर्थ बनाया। वर्ष 2001 से आज की तारीख तक 29,000 से अधिक सदस्यों ने इस पाठ्यक्रम को अर्हित किया है। डीआईएसए का संचालन श्रीलंका के चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान और नेपाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के लिए भी किया गया था। डीआईएसए अर्हता को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में पृष्ठांकित करने के विचार से बोर्ड अमेरिकन नेशनल स्टैडर्ड्स इंस्टीट्यूट्स (एएनएसआई) प्रमाणन प्राप्त करने के लिए कार्यवाही कर रहा है। अंकीय लेखांकन और आश्वासन बोर्ड ने सूचना प्रणाली संपरीक्षा संबंधी अपने अर्हता-पश्च पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को भी अद्यतन किया था। वर्ष के दौरान कुल 105 बैचों का आयोजन किया गया था।

- 1 जुलाई, 2020 को सीए दिवस के अवसर पर सूचना प्रणाली संपरीक्षा के पुनरीक्षित पाठ्यक्रम (डीआईएसए 3.0) का शुभारंभ किया गया था।
- डीआईएसए 3.0 के लिए सभी संकाय सदस्यों को पुनरीक्षित पाठ्यचर्या से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षु को प्रशिक्षित करने संबंधी छह दिवसीय वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

**(VI) न्यायालयीन लेखांकन और कपट का पता लगाने संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

बोर्ड, "न्यायालयीन लेखांकन और कपट का पता लगाने संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम" का संचालन करता है और आज की तारीख तक लगभग 6400 सदस्यों ने इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को अर्हित किया है। इस विशेषीकृत पाठ्यक्रम का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंटों की, लेखांकन, संपरीक्षा, सीएएटी/डाटा माइनिंग उपकरणों संबंधी कौशलों और कपट/त्रुटियों का पता लगाने संबंधी अन्वेषणात्मक कौशलों को अर्जित करने में सहायता करना है। वर्ष के दौरान इसके कुल 55 बैचों का आयोजन किया गया था। कोविड-19 महामारी के दौरान बोर्ड ने वर्चुअल पद्धति के माध्यम से एफएएफडी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 14 बैचों का आयोजन किया है, जिनमें 1200 से अधिक सदस्यों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा किया था।

**(VII) बोर्ड द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों के संबंध में कार्यशालाओं/शिखर सम्मेलनों/ प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन**

वर्ष के दौरान, बोर्ड ने 25 से अधिक उभरती प्रौद्योगिकियों के संबंध में कार्यशालाओं/शिखर सम्मेलनों/ प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया था।

**(VIII) वित्तीय न्यायालयीन संपरीक्षा और कपट संबंधी अन्वेषणों में संयुक्त समुन्नत व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आईसीएआई और गुजरात न्यायालयीन विज्ञान विश्वविद्यालय (जीएफएसयू) के बीच समझौता ज्ञापन**

बोर्ड ने आईसीएआई के सदस्यों के लिए वित्तीय न्यायालयीन संपरीक्षा और कपट संबंधी अन्वेषणों में समुन्नत व्यवहारिक प्रशिक्षण का आयोजन करने हेतु गुजरात न्यायालयीन विज्ञान विश्वविद्यालय (जीएफएसयू), गांधीनगर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**5.11 नैतिक मानक बोर्ड (ईएसबी)**

लेखांकन वृत्ति में नैतिकता अत्यंत मूल्यवान है। यह ऐसे सभी व्यक्तियों के लिए अनिवार्य है जो चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा पर विश्वास रखते हैं। इस क्षेत्र में पणधारियों की संख्या काफी अधिक है – चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के प्रत्येक सदस्य के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कोई न कोई संबंध अवश्य रखते हैं और यहां से संस्थान के नैतिक मानक बोर्ड की भूमिका आरंभ होती है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य वृत्तिक आचार का निष्कपट रूप से पालन करते हैं।

यद्यपि, लेखांकन वृत्ति और नैतिकता का संबंध लेखांकन वृत्ति जितना पुराना ही है, फिर भी संस्थान की परिषद् ने, सदस्यों के लिए नैतिकता के ऐसे सिद्धांतों को तैयार करने, जो जनता में विश्वास बनाए रखने की गारंटी प्रदान करने जितने कठोर हों, के प्रमुख उत्तरदायित्व के साथ 1976 में नैतिक मानक बोर्ड का गठन किया था।

नैतिक मानक बोर्ड चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए नैतिक मानकों और अन्य उदघोषणाओं को तैयार करता है तथा जारी करता है। यह उत्कृष्टता, स्वतंत्रता, सत्यनिष्ठा के दीर्घकालिक नैतिक आदर्शों को अक्षुण्ण रखते हुए और साथ ही सदस्यों के सम्मान और हितों की संरक्षा करने के लिए तथा सदस्यों हेतु एक क्रियाशील और समकालीन नैतिक संहिता और नैतिक व्यवहार को तैयार करने का कार्य करता है।

नैतिक मानक बोर्ड का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए नैतिक मानक निर्धारित करना, स्थानीय विधियों के अधीन रहते हुए उन्हें नैतिकता से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम व्यवहारों के साथ अभिसरित करना और इस प्रकार चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता और संगतता में अभिवृद्धि करना और जनता में वृत्ति के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना है।

सदस्यों के लिए नैतिक सिद्धांतों की विरचना करने के अतिरिक्त, बोर्ड उसे निर्दिष्ट किए जाने वाले नैतिक मुद्दों की समीक्षा भी करता है और उनके संबंध में सलाह भी प्रदान करता है। यह समय-समय पर सदस्यों के लिए 'नैतिक संहिता' का पुनर्विलोकन करता है और उसके पुनरीक्षित संस्करणों का प्रकाशन करता है। बोर्ड के अन्य प्रकाशनों, अर्थात् 'नैतिक मुद्दों संबंधी एफएक्यू' और 'स्वतंत्र संपरीक्षकों संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण' को भी समय-समय पर पुनरीक्षित किया जाता है। बोर्ड सदस्यों की ईमानदारी, वस्तुनिष्ठता, सक्षमता और वृत्तिकता के संबंध में जनता में जागरुकता और विश्वास का संवर्धन करता है। यह सदस्यों की, किसी अस्तित्व के संपरीक्षकों के रूप में उन्हें अनुचित रूप से हटाए जाने संबंधी शिकायतों के संबंध में तैयार की गई प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करता है और सदस्यों के हितों की संरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाता है। नैतिक मानक बोर्ड अपने निर्देश निबंधनों का प्रत्येक दो वर्षों में पुनर्विलोकन करता है।

बोर्ड सदस्यों को दिन-प्रतिदिन की परिस्थितियों में उनके समक्ष आने वाले वृत्तिक मुद्दों के संबंध में सलाह भी प्रदान करता है। सदस्य नैतिक सुविधा केंद्र, ई-सहायता, ट्विटर, ई-मेल और पत्रों के माध्यम से बोर्ड तक पहुंच बना सकते हैं। बोर्ड का www.icai.org पर अपना एक वेब पृष्ठ भी है और साथ ही उसका एक पृथक् पोर्टल भी है, अर्थात् esb.icai.org।

**महत्वपूर्ण उपलब्धियां**

नैतिक संहिता के 12वें संस्करण को जारी किया गया है। पुनरीक्षित नैतिक संहिता संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे पहली बार तीन जिल्दों में विभाजित किया गया है। नैतिक संहिता 2009 (11वां संस्करण) में दो भाग, अर्थात् भाग "क" और भाग "ख"

सम्मिलित थे, भाग "क" अंतर्राष्ट्रीय अकाउंटेंट्स नैतिक मानक बोर्ड द्वारा जारी नैतिक संहिता पर आधारित था जबकि भाग ख संस्थान के सदस्यों को शासित करने वाले घरेलू उपबंधों पर आधारित था। भाग क के पुनरीक्षित तत्समान भाग को पुनरीक्षित संहिता की जिल्द 1 के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, जो आईईएसबीए नैतिक संहिता, 2018 संस्करण पर आधारित है। भाग ख के पुनरीक्षित तत्समान भाग को पुनरीक्षित संहिता की जिल्द 2 के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। जिल्द 3 में मामला विधि संदर्भिका सम्मिलित है और इसके अतिरिक्त उसमें अनुशासन संबंधी अद्यतन मामला विधियों को भी अंतर्विष्ट किया गया है, जो पूर्व में नैतिक संहिता के भाग ख में टीका-टिप्पणियों के रूप में विद्यमान थी। पुनरीक्षित नैतिक संहिता का यह संस्करण 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी है।

**नैतिक मानक बोर्ड द्वारा कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण**

- किसी ऐसी चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म, जिसकी कर संपरीक्षा किसी एकमात्र स्वामित्व वाली फर्म द्वारा की जाती है, के लिए यह अनुज्ञेय नहीं होगा कि वह उस एकमात्र स्वामी के पुत्र के कारबार समुत्थान की संपरीक्षा करे।
- सदस्यों के लिए आय-कर विवरणियों की ई-फाइलिंग के प्रयोजन के लिए और अन्य सेवाओं हेतु आनलाइन पोर्टल आरंभ करना अनुज्ञेय नहीं होगा।
- चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की पहली अनुसूची के भाग 1 के खंड 7 की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए "रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक" पदनाम को अनुज्ञेय समझा जाएगा किंतु किसी संक्षिप्त नाम चाहे कोई भी हो, का उपयोग अनुज्ञेय नहीं होगा।
- व्यवसायरत किसी सदस्य के लिए यह अनुज्ञेय नहीं होगा कि वह अपनी संचयित पूंजी की विशेष निधियों पर ब्याज अर्जित करने के लिए ऋण प्रदान करे क्योंकि यह किसी अन्य व्यवसाय/कारबार के समतुल्य होगा। सदस्य, यदि वह ऐसा करने की वांछा करता है तो उसे इस संबंध में परिषद् की विनिर्दिष्ट अनुज्ञा प्राप्त करनी चाहिए।
- कोई व्यवसायरत सदस्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अधीन किसी सहकारी प्रत्यय और मितव्यय सोसाइटी का "निदेशक साधारण" बन सकेगा बशर्ते वह उसके भागीदार के रूप में कार्य न कर रहा हो।
- चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की पहली अनुसूची के भाग 1 के खंड (11) के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए किसी व्यवसायरत सदस्य के लिए यह अनुज्ञेय नहीं होगा कि वह किसी स्टॉक एक्सचेंज में डेरीवेटिव संव्यवहारों को करे क्योंकि यह किसी प्रकार का कोई निवेश नहीं है अपितु यह एक कारबार के समान है।
- व्यवसायरत सदस्यों के लिए किसी राजनैतिक दल में कार्यपालक सदस्य/ किसी पदधारक का मानदेय पद धारण करना अनुज्ञेय होगा।
- संस्थान के साथ अरजिस्ट्रीकृत किसी भागीदारी फर्म के लिए यह अनुज्ञेय नहीं होगा कि वह कोई वृत्तिक समनुदेशन प्राप्त करे चाहे वह केवल व्यवसायरत सदस्यों से मिलकर ही बनी हो।
- किसी सदस्य के लिए यह अनुज्ञेय नहीं होगा कि वह ऐसा कोई प्रमाणन संबंधी समनुदेशन पूरा करे, जिसमें उसका ग्राहक सदस्य का कोई नातेदार है। इस प्रयोजन के लिए "नातेदार" पद की परिभाषा वह होगी, जिसे लेखांकन मानक (एएस) – 18 में उल्लिखित किया गया है।
- सदस्यों के लिए यह अनुज्ञेय नहीं होगा कि वह शेयर ट्रेडिंग में संलिप्त हों, तथापि, वे निवेश के प्रयोजन के लिए शेयरों को धारण कर सकते हैं।

## 5.12 विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी)

ईएसी का गठन संस्थान द्वारा वर्ष 1975 में संस्थान के सदस्यों और अन्य पणधारियों को सलाहकारी सेवा नियमों के अनुसार लेखांकन, संपरीक्षा और संबद्ध विषयों में मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु किया गया था। लेखांकन वृत्तिक प्राय: वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित दुरुह और जटिल मुद्दों में उलझ जाते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी) संस्थान के सदस्यों से प्राप्त होने वाली शंकाओं के संबंध में उत्तर प्रदान करती है।

समिति द्वारा दी गई रायों को, रायों के सार-संग्रह के रूप में प्रकाशित किया जाता है। अभी तक, रायों के सार-संग्रहों की 36 जिल्दों का प्रकाशन किया गया है। विभिन्न पणधारियों की आशाओं के अनुरूप विशिष्ट रूप से उत्तम लेखांकन और संपरीक्षा व्यवहारों को सुदृढ़ बनाने में ईएसी की भूमिका सदैव ही महत्वपूर्ण रही है।

### (I) विशेषज्ञ राय

समिति विनिर्दिष्ट स्थितियों/परिस्थितियों में लेखांकन और/या संपरीक्षा संबंधी सिद्धांतों से संबंधित मुद्दों के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर राय के रूप में उपलब्ध कराती है। तथापि, यह ऐसे प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध नहीं कराती है, जिनमें विभिन्न अधिनियमितियों का विधिक निर्वचन अंतर्वलित होता है। समिति इस प्रयोजन के लिए विरचित सलाहकार सेवा नियमों के अनुसार प्रश्नों को स्वीकार करती है। समिति ऐसे प्रश्नों का भी उत्तर उपलब्ध नहीं कराती है, जो संस्थान की अनुशासन समिति, विधि के किसी न्यायालय, आय-कर प्राधिकरणों या सरकार के किसी अन्य विभाग के समक्ष लंबित मामले से संबंधित हैं। ये नियम आईसीएआई की वेबसाइट पर http://www.icai.org/new_category.html?c_id=142 हाइपर लिंक के अधीन उपलब्ध हैं या उन्हें नई दिल्ली स्थित संस्थान के प्रधान कार्यालय से अभिप्राप्त किया जा सकता है।

ईएसी द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विनियामकों और अन्य शासकीय प्राधिकारियों, जैसे कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए), भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आदि द्वारा अनुशंसा की गई है। ये विनियामक/प्राधिकारी उस समय समिति की राय की ईप्सा करते हैं जब लेखांकन और संपरीक्षा सिद्धांतों से संबंधित कोई जटिल मुद्दे उनके समक्ष आते हैं।

विशेषज्ञ सलाहकार समिति द्वारा अभिव्यक्त रायें उपलब्ध कराए गए तथ्यों पर आधारित होती हैं और साथ ही उन्हें सुसंगत विधिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा प्रश्न पूछे जाने की तारीख को विद्यमान लेखांकन/संपरीक्षा सिद्धांतों को विचार में लेते हुए समिति द्वारा राय को अंतिम रूप प्रदान किया जाता है।

**(II) वर्ष के दौरान जारी की गई 42 राय**

समिति ने, संस्थान के सदस्यों द्वारा विभिन्न लेखांकन संबंधी मुद्दों पर उसे निर्दिष्ट किए गए प्रश्नों के संबंध में 40 रायों को अंतिम रूप प्रदान किया था जैसे कि पट्टाधृत भूमि का परिशोधन, वेतन पुनरीक्षण के लिए उपबंध, स्पेयर्स का वर्गीकरण, एआईएफ द्वारा नकद आधारित लेखांकन, आस्थगित लेखा अतिशेषों का सृजन, लौह अयस्कों की मद सूचियों का मूल्यांकन इंड एएस 115, फीडस्टॉक सहायिकी का प्रकटन के अधीन प्रिंसीपल बनाम अभिकर्ता का वर्गीकरण, खनन पट्टा विलेखों के निष्पादन के मद्दे संदत्त/संदेय स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण प्रभारों का परिशोधन, वारंटी, प्रतिस्थापन, वस्तु सूची और संदेहास्पद ऋणों और दावों के संबंध में आस्थगित कर आस्तियों को मान्यता प्रदान न करना, निम्नलिखित के संबंध में लेखांकन संबंधी व्यवहार – परियोजना बीमा, कर्मचारी फायदे संबंधी व्यय/किराया संबंधी व्यय/यात्रा संबंधी व्यय/रख-रखाव संबंधी व्यय, जिन्हें किसी परियोजना के संनिर्माण के दौरान उपगत किया जाता है, आरजीजीएलवीवाई के अधीन प्रतिभूति निक्षेप, इंड एएस 109, पट्टाधृत भूमि के अनुसार गैर वित्तीय संविदाओं में अंतर्निहित व्युत्पत्तियां, समर्पित माल-भाड़ा कारीडोर रियायत करार आदि तथा इसके अतिरिक्त विनियामकों/शासकीय प्राधिकारियों से प्राप्त विभिन्न लेखांकन संबंधी मुद्दों पर दो राय और तैयार की गई थी।

**(III) "ईएसी द्वारा इंड एएस के अधीन समकालीन मुद्दों पर दी गई राय" विषय पर वेबकास्ट**

ज्ञान और सूचना के प्रसार हेतु तथा सदस्यों और अन्य पणधारियों के बीच प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में और साथ ही समिति द्वारा जारी की गई रायों के संबंध में जागरुकता का सृजन करने हेतु 15 अप्रैल, 2020 को "ईएसी द्वारा इंड एएस के अधीन समकालीन मुद्दों पर दी गई राय" विषय पर एक वेबकास्ट का आयोजन किया गया था। इस वेबकास्ट को अत्यधिक सफलता प्राप्त हुई थी, जिसमें कुल 4923 आईपी का उपयोग हुआ था और कुल मिलाकर 15634 दर्शकों ने इसे देखा था।

**(IV) रायों का सार-संग्रह**

सदस्यों के हितों का ध्यान रखते हुए और उनके मार्गदर्शन हेतु ईएसी अपनी रायों को एक प्रकाशन के रूप में प्रकाशित करती है, अर्थात् 'रायों का सार-संग्रह'। अब तक रायों के सार-संग्रह की 36 जिल्दों का प्रकाशन किया गया है और एक जिल्द में किसी एक परिषद् वर्ष के दौरान अंतिम रूप प्रदान की गई राय अंतर्विष्ट होती हैं। इन जिल्दों के पाठकों की संख्या काफी अधिक है और लेखापाल भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय मार्गदर्शन हेतु इन जिल्दों में अंतर्विष्ट रायों का संदर्भ लेते हैं। समिति द्वारा आधुनिक और उपयोक्ता मित्र खोज सुविधा को अंतर्विष्ट करने वाला एक डिजीटल मंच तैयार किया गया है जिसमें इन जिल्दों में अंतर्विष्ट महत्वपूर्ण 1400 रायों को सम्मिलित किया गया है, जिसे समिति द्वारा तैयार किया गया है और संस्थान की वेबसाइट पर https://www.icai.org/new_post.html?post_id=968&c_id=60 हाइपर लिंक के अधीन रखा गया है। इस श्रृंखला में अगली जिल्द, अर्थात् रायों के सार-संग्रह की जिल्द 37 का संकलन किया जा रहा है और इसे शीघ्र ही जारी किए जाने की संभावना है।

समिति द्वारा अंतिम रूप प्रदान की गई ऐसी कुछ रायों को, जो साधारण रूप से वृत्ति हेतु संगत हैं, संस्थान के जर्नल 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' में प्रकाशित किया जाता है। समिति द्वारा हाल ही में दी गई कुछ रायों को संस्थान की वेबसाइट पर भी रखा जाता है।

**5.13 वित्तीय रिपोर्टिंग पुनर्विलोकन बोर्ड (एफआरआरबी)**

आईसीएआई, वित्तीय रिपोर्टिंग व्यवहारों में सुधार लाने के अपने प्रयासों के भागरूप में एफआरआरबी के माध्यम से विभिन्न उद्यमों के साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों और उन पर संपरीक्षकों की रिपोर्ट का पुनर्विलोकन करता है। बोर्ड का उद्देश्य उत्तम वित्तीय रिपोर्टिंग की परिस्थितियों को बनाए रखना और साथ ही वित्तीय रिपोर्टिंग और उत्तम शासन में पारदर्शिता का संवर्धन करना भी है, जो संपरीक्षित वित्तीय विवरणों में निवेशकों के विश्वास के संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड विभिन्न विनियामकों, अर्थात् एमसीए, सेबी, ईसीआई और अन्य विनियामकों की, समय-समय पर उनके द्वारा निर्दिष्ट मामलों का पुनर्विलोकन करके सहायता करता है।

**(I) वर्ष की उपलब्धियां :**

किए गए पुनर्विलोकन (स्व:विवेकानुसार चुने गए या शेष मामलों के रूप में लिए गए मामलों का पुनर्विलोकन) – इस अवधि के दौरान, बोर्ड ने स्वविवेकानुसार चुने गए या विशेष मामले के रूप में 84 मामलों का पुनर्विलोकन किया था। इसके अंतर्गत, 20 ऐसे वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन, जिन्हें विशेष मामलों के रूप में लिया गया था और साथ ही इंड एएस वित्तीय विवरणों के 9 मामलों का भी पुनर्विलोकन किया गया था।

**(II) समाज के प्रति योगदान तथा राष्ट्र के लिए प्रतिबद्धता**

विनियामकों का समर्थन करने के अपने प्रयास में बोर्ड द्वारा इस अवधि के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण समनुदेशनों को पूरा किया गया था :

- विनियामकों द्वारा निर्दिष्ट मामलों के पुनर्विलोकन की प्रास्थिति
  - भारत निर्वाचन आयोग ने एफआरआरबी द्वारा पूर्व वर्षों में विभिन्न राजनैतिक दलों के वार्षिक संपरीक्षित लेखाओं के पुनर्विलोकन में निभाई गई भूमिका की सराहना की थी और साथ ही राजनैतिक दलों के संपरीक्षकों के लिए आयोजित की गई एक कार्यशाला की भी अनुशंसा की थी। आयोग ने एफआरआरबी से पुन: यह अनुरोध किया है कि वह कम से कम छह राष्ट्रीय राजनैतिक दलों और मान्यताप्राप्त दलों के, जिनकी वार्षिक आय/व्यय दस करोड़ रुपए से अधिक है, वार्षिक संपरीक्षित लेखाओं का पुनर्विलोकन करे। तदनुसार, बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 से संबंधित 15 राजनैतिक दलों के वार्षिक संपरीक्षित लेखाओं का पुनर्विलोकन किया है।
  - वर्ष के दौरान, बोर्ड ने कारपोरेट कार्य मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा मीडिया में आने वाली रिपोर्टों और प्राप्त हुए अन्य प्रतिनिर्देशों के आधार पर उसे निर्दिष्ट किए गए विभिन्न उद्यमों के 14 साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों और उन पर संपरीक्षकों की रिपोर्टों (विशेष मामलों के रूप में) का पुनर्विलोकन भी किया है।
  - भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) से प्राप्त परिसमापनाधीन कंपनियों की सूची के आधार पर बोर्ड ने चुनी गई 25 सूचीबद्ध कंपनियों का भी पुनर्विलोकन किया है।
  - भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के कार्यालय से आईसीएआई को ऐसी सीए फर्मों की एक सूची प्राप्त हुई थी जिनकी "पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के संपरीक्षकों के रूप में असंतोषप्रद कार्यपालन" के रूप में पहचान की गई थी और जिन्हें सलाह जारी की गई थी या उन फर्मों को विनिर्दिष्ट अवधि के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। बोर्ड ने ऐसे 5 समुत्थानों के एक साधारण प्रयोजन वित्तीय विवरणों का पुनर्विलोकन किया था, जिनके लिए सीएंडएजी ने संपरीक्षा फर्म को सलाह जारी की थी।

**(III) प्रकाशन : जर्नल में लेख**

बोर्ड ने, पुनर्विलोकन के दौरान पाए गए अननुपालनों के संबंध में संस्थान के सदस्यों और अन्य संबद्ध व्यक्तियों को अवगत कराने के विचार से, विभिन्न लेखांकन मानकों से संबंधित 'रिपोर्टिंग बाध्यताओं का अननुपालन' विषय से संबंधित लेखों की एक श्रृंखला का जर्नल में प्रकाशन आरंभ किया था। इस दिशा में, एएस 2 : वस्तु सूचियां, एएस 3 : नकद प्रवाह विवरण, एएस 15 : कर्मचारियों के फायदे, एएस 18 : संबद्ध पक्षकार प्रकटनों, एएस 22 : आय पर करों संबंधी लेखांकन, कंपनी (संपरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, एएस 5 : अवधि के लिए शुद्ध लाभ या हानि, लेखांकन नीतियों में पूर्व अवधि मदें और परिवर्तन, एएस 9 : राजस्व की मान्यता, एएस 11 : विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तनों का प्रभाव, एएस 20 : प्रति शेयर उपार्जन, एएस 13 : निवेशों के लिए लेखांकन और एएस 26 : अर्मूत आस्तियों से संबंधित 'रिपोर्टिंग बाध्यताओं का अननुपालन' विषय से संबंधित 8 लेखों को संस्थान के जर्नल 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' के क्रमश: अप्रैल, 2019, मई, 2019, जून, 2019, अगस्त, 2019, सितंबर, 2019, अक्तूबर, 2019, नवंबर, 2019 और दिसंबर, 2019 के अंकों में प्रकाशित किया गया है।

**(IV) सदस्यों को सशक्त करना और सक्षमता निर्माण**

लेखांकन मानकों, संपरीक्षा संबंधी मानकों और अन्य वित्तीय रिपोर्टिंग अपेक्षाओं में होने वाले नवीनतम परिवर्तनों और साथ ही सदस्यों के ज्ञान और कौशल में अभिवृद्धि करने के लिए इस अवधि के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलाप किए गए थे :

- **सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालनों से संबंधित वेबकास्ट –** बोर्ड ने, नियमित आधार पर बोर्ड द्वारा वित्तीय विवरणों में सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालनों के संबंध में वेबकास्टों की एक श्रृंखला का आयोजन आरंभ किया। इसे ध्यान में रखते हुए एएस 15, एएस 3, एएस 2, एएस 18, कंपनी अधिनियम, 2013, एएस 22, सीएआरओ, एएस 5, एएस 9, एएस 11, एएस 20, एएस 13 और एएस 26 के संबंध में सामान्य रूप से पाए जाने वाले अननुपालनों के संबंध में 9 लाइव वेबकास्टों का आयोजन किया गया था, जिनमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया था।
- **लेखांकन मानकों को लागू करने में सामान्य रूप से पाई जाने वाली त्रुटियों से संबंधित वेबीनार –** लेखांकन मानकों को लागू करने के संदर्भ में, लेखांकन मानकों के अधीन विवरण तैयार करने में सामान्य रूप से विभिन्न त्रुटियां पाई जाती हैं। तदनुसार, "लेखांकन मानकों को लागू करने में सामान्य रूप से पाई जाने वाली त्रुटियों" से संबंधित एक वेबीनार का आयोजन एएसबी के साथ संयुक्त रूप से 15-18 जून, 2020 के दौरान किया गया था, जिससे आईसीएआई के सदस्यों के लेखांकन मानकों को लागू करने के क्षेत्र में ज्ञान की अभिवृद्धि की जा सके।
- **तकनीकी पुनर्विलोककों को पैनलबद्ध करना –** इंड एएस आधारित वित्तीय विवरणों का ब्यौरेवार पुनर्विलोकन करने के लिए बोर्ड ऐसे और अधिक तकनीकी पुनर्विलोककों को पैनलबद्ध करने के लिए कार्यवाही कर रहा है, जिनके पास इंड एएस (आईएफआरएस) में विशेषज्ञता है।

**5.14 जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर समिति (जीएसटी एंड आईटीसी)**

**(I) सरकार को/के समक्ष अंत:निवेश/प्रतिवेदन/प्रस्तुतीकरण :** समिति ने सरकार को/के समक्ष निम्नलिखित अंत:निवेश/प्रतिवेदन/ प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किए हैं :

- 12 सितंबर, 2019 को वर्ष 2017-18 के लिए जीएसटी वार्षिक विवरणी और संपरीक्षा प्रमाणपत्रों के संबंध में सुझाव।
- समिति ने ई-बीजक मानकों के प्रारूपण में जीएसटीएन का समर्थन किया था।
- बजट-पूर्व ज्ञापन, 2020।
- 16 नवंबर, 2019 को विवरणी फाइल किए जाने संबंधी मुददों पर माननीय वित्त मंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण।
- 5 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमाशुल्क के पदधारियों के समक्ष प्रस्तुतीकरण, जिसमें बजट-पूर्व ज्ञापन 2020 में अंतर्विष्ट सुझावों को विशिष्ट रूप से बताया गया था।
- 18 मार्च, 2020 को कोविड-19 के कारण जीएसटीएन के अधीन करदाताओं को शिथिलता उपलब्ध कराने संबंधी प्रतिवेदन।
- 20 मार्च, 2020 को उक्त एसवीएलडीआर स्कीम में संदाय की अंतिम तारीख को आगे और साठ दिनों तक विस्तारित करने संबंधी प्रतिवेदन।
- 27 फरवरी, 2020 को, वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए जीएसटी वार्षिक विवरणी फाइल करने में रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए अपनी वार्षिक विवरणी फाइल नहीं की थी, के समक्ष आने वाली कठिनाईयों को विशिष्ट रूप से दर्शित करते हुए प्रतिवेदन।
- 3 मार्च, 2020 को आय-कर संपरीक्षा के समरूप प्ररूप 9ग में सुलह विवरण फाइल करने के लिए सीए को एक पृथक् लॉग-इन सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी प्रतिवेदन।
- 3 मार्च, 2020 को नियम 36 के उपनियम (4) को भूतलक्षी रूप से वापस लेने का अनुरोध करते हुए प्रतिवेदन।
- 3 मार्च, 2020 को वार्षिक विवरणी फाइल करने की अंतिम तारीख तक वित्तीय वर्ष 2018-19 से संबंधित इनपुट कर प्रत्यय के फायदे को अनुज्ञात करने संबंधी प्रतिवेदन।
- 3 मार्च, 2020 को सीए द्वारा प्रमाणित/जारी किए जाने वाले प्ररूपों/प्रमाणपत्रों में यूडीआईएन का उल्लेख करने की सुविधा प्रदान करने संबंधी प्रतिवेदन।
- 21 अगस्त, 2019 को जीएसटी वार्षिक विवरणी और संपरीक्षा रिपोर्ट फाइल करने की अंतिम तारीख को विस्तारित करने संबंधी प्रतिवेदन।
- 13 जून, 2019 को वार्षिक विवरणी और संपरीक्षा रिपोर्ट, अर्थात् प्ररूप 9/9ग को फाइल करने में आने वाली तकनीकी बाधाओं को दूर करने हेतु प्रतिवेदन।
- 17 जुलाई, 2019 को, 30 जून, 2019 को समाप्त होने वाले त्रैमास के लिए संयोजन प्रदायकर्ता द्वारा विवरण फाइल किए जाने और कर का संदाय करने की अंतिम तारीख को विस्तारित करने हेतु प्रतिवेदन।
- जीएसटी शिकायत समाधान समिति में सीए सदस्यों को सम्मिलित करने संबंधी प्रतिवेदन।
- 30 दिसंबर, 2019 को दमन और दादरा और नागर हवेली की अधिकारिता को जीएसटीएटी मुंबई से जीएसटीएटी की सूरत क्षेत्र खंडपीठ में परिवर्तित करने संबंधी प्रतिवेदन।

**(II) प्रकाशन – अनुसंधान पहलें :** समिति ने जीएसटी और अन्य अप्रत्यक्ष करों से संबंधित निम्नलिखित नए/पुनरीक्षित प्रकाशन निकाले :

- जीएसटी के अधीन रजिस्ट्रीकरण संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन ई-वे विधेयक संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - अप्रैल, 2020
- जीएसटी के अधीन वार्षिक विवरणी संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन प्रतिदाय संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - अप्रैल, 2020
- जीएसटी के अधीन टीडीएस उपबंधों संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन ब्याज, विलंब शुल्क और शास्तियों संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन अग्रिम विनिर्णय संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन प्रतिलोम प्रभार संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन आकस्मिक कराधेय व्यक्ति संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी के अधीन बीजक जारी करने संबंधी हैंडबुक – प्रथम संस्करण - मई, 2020

- जीएसटी के अधीन जॉब वर्क संबंधी हैंडबुक – तीसरा संस्करण - मई, 2020
- जीएसटी में सीए प्रमाणपत्रों संबंधी गाइड – प्रथम संस्करण - फरवरी, 2020
- जीएसटी के अधीन छूट प्राप्त पूर्तियों संबंधी हैंडबुक – दूसरा संस्करण - फरवरी, 2020
- जीएसटी संबंधी पृष्ठभूमि सामग्री – आठवां संस्करण - नवंबर, 2019
- जीएसटी अधिनियमों और नियमों संबंधी बेयर विधि – चौथा संस्करण – अक्तूबर, 2019
- जीएसटी संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड – दूसरा संस्करण - मई, 2019
- सबका विश्वास (लीगेसी डिस्प्यूट रिजोल्यूशन) स्कीम, 2019 संबंधी पृष्ठभूमि सामग्री – प्रथम संस्करण – अक्तूबर, 2019
- सरकारी पदधारियों के लिए बीजीएम संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम – अक्तूबर, 2019

**(III) ई-पहलें**

- **समाधान विवरण, संपरीक्षा और अपील तथा संपरिवर्तन संबंधी पाठ्यक्रम –** समिति ने 25 अप्रैल से 3 मई, 2020 के दौरान समाधान विवरण, संपरीक्षा और अपील तथा संपरिवर्तन संबंधी एक पांच दिवसीय आनलाइन पाठ्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 1600 सदस्यों द्वारा भाग लिया गया था।
- **वर्चुअल कक्षाओं के माध्यम से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम –** 18 मई, 2020 से 1 जून, 2020 के दौरान ग्वालियर और सूरत में पाठ्यक्रम के पूरे न हुए बैच के लिए वर्चुअल कक्षाओं के एक बैच का आयोजन किया गया था। इसके अतिरिक्त, जून, 2020 में इस पाठ्यक्रम के दो नए बैचों का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 200 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया था।
- **जीएसटी संबंधी लाइव वेबकास्ट की श्रृंखला –** समिति ने जीएसटी संबंधी एक 5 दिवसीय लाइव वेबकास्ट श्रृंखला का आयोजन किया था जिसे औसतन लगभग 10000 सदस्यों द्वारा देखा गया था।
- **लाइव वेबकास्ट –** सदस्यों की जानकारी को अद्यतन बनाने और नवीन प्रौद्योगिकी का उन्हें फायदा देने के लिए समिति नियमित रूप से लाइव वेबकास्टों का आयोजन कर रही है, जिन्हें सदस्यों द्वारा उनके कार्यस्थान/ घर से माउस के एक क्लिक के माध्यम से देखा जा सकता है। इस अवधि के दौरान सदस्यों के साधारण फायदे के लिए इस प्रकार के 16 लाइव वेबकास्टों का आयोजन किया गया था।
- **जीएसटी वार्षिक विवरणी से संबंधित रिकार्ड किए गए वीडियो –** समिति ने जीएसटी की वार्षिक विवरणी की संपूर्ण सारणी के संबंध में वीडियो रिकार्ड किए हैं और ऐसे 30 वीडियो को सदस्यों के साधारण फायदे हेतु अपनी वेबसाइट पर रखा है।

  - समिति ने जीएसटी के विभिन्न पहलूओं से संबंधित 75 लघु वीडियो को भी वेबसाइट पर रखा है, जिन्हें परिषद् वर्ष 2018-19 के दौरान रिकार्ड किया गया था और ये वीडियो आईसीएआई के सामान्य पोर्टल https://learning.icai.org/LX/contents/content_home?current_community_id=idtc-gst-2019-746-1666&content_player=true पर देखे जा सकते हैं।

**(IV) अन्य पहलें :**

- **आईसीएआई का जीएसटी संबंधी ई-न्यूज लैटर –** आईसीएआई अप्रैल, 2017 से जीएसटी संबंधी एक ई-न्यूज लैटर जारी कर रहा है। जून, 2020 तक इस ई-न्यूज लैटर के 27 अंक जारी किए जा चुके हैं।
- **जीएसटी संबंधी मानकीकृत पीपीटी –** समिति ने जीएसटी से संबंधित एक मानकीकृत पीपीटी को तैयार किया है और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा विभिन्न कार्यक्रमों में जीएसटी संबंधी सत्रों में एक समानता लाने और साथ ही पीपीटी के माध्यम से जीएसटी को सदस्यों द्वारा उचित रूप से समझने हेतु एक उपकरण उपलब्ध कराने के विचार से इसे अपनी वेबसाइट पर रखा है।
- **आईसीएआई का जीएसटी के प्रति योगदान, जिसे जीएसटीएन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है –** माल और सेवाकर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने 5 अप्रैल, 2019 को अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आईसीएआई के जीएसटी व्यवस्था के विकास में योगदान और समर्थन को मान्यता प्रदान करते हुए आईसीएआई को सम्मानित किया था। श्री नवीन कुमार, मुख्य अतिथि, पूर्व अध्यक्ष, जीएसटीएन ने श्री अजय भूषण पांडे, अध्यक्ष, जीएसटीएन और राजस्व सचिव, भारत सरकार और श्री कृषणामूर्ति सुब्रमणियम, मुख्य आर्थिक सलाहकार की उपस्थिति में आईसीएआई को सम्मानित किया था।
- **जीएसटी संबंधी सर्वेक्षण –** जीएसटी कार्यान्वयन की संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में कराए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर भारत में जीएसटी के प्रभाव संबंधी एक रिपोर्ट तैयार की गई थी। इसके अतिरिक्त, टैक्सटाइल, एफएमसीजी, चाय, जूट और पर्यटन उद्योग जैसे उद्योगों पर जीएसटी के प्रभाव को भी पूर्वोक्त रिपोर्ट में सम्मिलित किया गया है। समिति ने इस सर्वेक्षण को कराने हेतु 12 अध्ययन समूहों की विरचना की थी, जिन्होंने उद्योग पर जीएसटी के प्रभाव संबंधी अवधारणा पत्रों को तैयार किया था।

- **अप्रत्यक्ष करों से संबंधित अद्यतन जानकारी, जिसके अंतर्गत विधिक परिवर्तन भी हैं –** सदस्यों की जानकारी को अद्यतन करने के विचार से अप्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में, जिसके अंतर्गत जीएसटी भी है, महत्वपूर्ण अधिसूचनाओं, परिपत्रों और अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं के सार को नियमित रूप से आईडीटी नेट के माध्यम से रजिस्ट्रीकृत सदस्यों के बीच समिति की वेबसाइट https://idtc.icai.org/ के माध्यम से परिचालित किया जाता है।
- **सरकारी पदधारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम –** सरकार को सक्षमता निर्माण के क्षेत्र में सहायता करने और राष्ट्र निर्माण हेतु अपनी भागीदारी प्रदान करने के विचार से समिति ने देश भर में स्थित विभिन्न कमीशनरियों में जीएसटी संबंधी 9 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया था।
- **सबका विश्वास (लीगेसी डिस्प्यूट रिजोल्यूशन) स्कीम, 2019 से संबंधित आउटरीच कार्यक्रम –** समिति ने केंद्रीय माल और सेवाकर (सीजीएसटी एंड सीएक्स), दिल्ली जोन के साथ संयुक्त रूप से सबका विश्वास (लीगेसी डिस्प्यूट रिजोल्यूशन) स्कीम, 2019 से संबंधित एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें 200 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया था। इसके अतिरिक्त, विशाखापट्टनम और पूणे कमीशनरियों के साथ संयुक्त रूप से इस प्रकार के आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था।

**(V) पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों आदि के माध्यम से सदस्यों के लिए जागरुकता कार्यक्रम**

- **जीएसटी संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम :** समिति ने सदस्यों को प्रणालीगत रीति में जीएसटी के क्षेत्र में विशेषीकृत और अद्यतन ज्ञान उपलब्ध कराने के विचार से तथा उनके कौशलों में अभिवृद्धि करने के लिए वर्ष के दौरान जीएसटी संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 27 बैचों का संचालन किया है, जिसमें 1159 सदस्यों ने भाग लिया है।
- **राष्ट्रीय कार्यक्रम/सम्मेलन :** सदस्यों की जानकारी को अद्यतन बनाने और उन्हें इस प्रयोजन हेतु सहायता प्रदान करने के लिए जिससे वे अन्य वृत्तियों के मुकाबले अपनी अग्रता बनाए रखें, समिति ने झारसुगुडा, चेन्नई, एर्नाकुलम, पिंपरी चिंचवाड़, सूरत और पूणे में राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रमों के रूप में छह राष्ट्रीय कार्यक्रमों/सम्मेलनों का आयोजन किया था, जिनमें लगभग 3641 सदस्यों ने भाग लिया था।
- **कार्यक्रम, संगोष्ठियां और सम्मेलन :** इस अवधि के दौरान समिति द्वारा 70 कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और सम्मेलनों तथा कार्यशालाओं आदि का आयोजन किया गया है, जिनमें 10,000 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया था।

### 5.15 आंतरिक संपरीक्षा मानक बोर्ड (आईएएसबी)

वर्तमान समय में, संगठन वित्तीय जोखिमों और नियंत्रणों से संबंधित पारंपरिक जोखिमों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के अन्य जोखिमों का सामना भी कर रहे हैं, जैसे कि रणनीति, संस्कृति और आचार, आईटी तथा डाटा सुरक्षा आदि। इस प्रकार, यह अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि आतंरिक संपरीक्षक के पास उच्चतर कारबार संबंधी बुद्धिमत्ता, क्रियाशील संपर्क कौशल, अडिग ईमानदारी और नैतिकता, कारबार से संबंधित जोखिमों के संबंध में उत्कृष्ट पकड़ और इन जोखिमों का सामना करने के लिए समृद्ध अनुभव हो।

ऐसा करने में सदस्यों को समर्थ बनाने की प्रक्रिया को सुकर बनाने हेतु बोर्ड अथक रूप से आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानकों और तकनीकी गाइडों/अध्ययनों/मैनुअलों के रूप में उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी साहित्य निकालता रहा है, जिसमें आंतरिक संपरीक्षकों की सहायता करने संबंधी महत्वपूर्ण उपकरण अंतर्वलित होते हैं, जिनका उपयोग करके वे अपने ग्राहकों और/या नियोजकों को प्रभावी और दक्ष आंतरिक संपरीक्षा सेवाएं उपलब्ध करा सकते हैं।

**(I) आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए)**

आंतरिक संपरीक्षा संबंधी ये मानक कार्यपालन संबंधी बैंचमार्कों के रूप में भी कार्य करते हैं क्योंकि वे सदस्यों द्वारा निष्पादित की जाने वाली आंतरिक संपरीक्षा और अन्य आश्वासन सेवाओं में सर्वोत्तम व्यवहारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। बोर्ड ने चरणबद्ध रीति में आंतरिक संपरीक्षा मानकों को कंपनियों के कतिपय वर्ग के लिए आज्ञापक बनाने हेतु प्रक्रिया भी आरंभ की है। एसआईए की आज्ञापक प्रास्थिति आईसीएआई के लिए एक ऐसे आरंभ बिन्दु के रूप में सिद्ध होगी, जिससे वह आंतरिक संपरीक्षा वृत्ति संगतता में अभिवृद्धि करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर सकेगा।

ये सिद्धांत आधारित मानक सदस्यों को एक उच्च मूल्यों वाले विश्वसनीय सलाहकार के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में समर्थन प्रदान करेंगे और साथ ही उन्हें वृत्ति का विशेषज्ञ बनाने में सहायता भी करेंगे। आंतरिक संपरीक्षा मानक बोर्ड ने इस अवधि के दौरान आंतरिक संपरीक्षा संबंधी निम्नलिखित पुनरीक्षित मानकों को जारी किया है :

- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 120, आंतरिक नियंत्रण
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 350, संपरीक्षा समनुदेशनों का पुनर्विलोकन और पर्यवेक्षण
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 390, पूर्व संपरीक्षा मुद्दों की मानीटरी और रिपोर्टिंग
- बोर्ड ने आंतरिक संपरीक्षा के क्षेत्र में व्यवसायरत सदस्यों के लिए एकल संदर्भिका के रूप में आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानकों (1 फरवरी, 2020 को यथाविद्यमान) का सार संग्रह भी निकाला है।

बोर्ड आंतरिक संपरीक्षा संबंधी निम्नलिखित मानकों को जारी करने के लिए भी कार्यवाही कर रहा है :

- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 130, जोखिम प्रबंध
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 520, सूचना प्रौद्योगिकी के आधुनिक युग में संपरीक्षा
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 530, वित्तीय पक्षकार सेवा प्रदाता
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 140, शासन
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 150, विधियों और नियमों का अनुपालन
- आंतरिक संपरीक्षा संबंधी मानक (एसआईए) 250, शासन का प्रभार धारण करने वाले व्यक्तियों के साथ संपर्क

**(II) उद्योग विनिर्दिष्ट और साधारण आंतरिक संपरीक्षा गाइड**

बोर्ड ने विभिन्न परियोजनाओं, अर्थात् बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा के मैनुअल के पुनरीक्षण (2016 संस्करण), एफएमसीजी सेक्टर की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड, बैंकों में जोखिम आधारित आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड, भेषजीय उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड, स्टॉक दलालों की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड, एल्कोहाली सुपेय उद्योग की आंतरिक संपरीक्षा संबंधी तकनीकी गाइड और कपट अन्वेषण संपरीक्षाओं संबंधी अध्ययन का पुनर्विलोकन करने के लिए एक अध्ययन समूह का गठन किया है।

**(III) बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

सदस्यों को बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी जटिलताओं को समझने में समर्थ बनाने के लिए आईसीएआई का आंतरिक संपरीक्षा मानक बोर्ड "बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा" संबंधी एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का संचालन कर रहा है। बोर्ड ने विभिन्न स्थानों पर बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 48 बैचों को सफलतापूर्वक पूरा किया है और इस अवधि के दौरान लगभग 840 सदस्यों ने इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक अर्हित किया है।

**(IV) बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

बोर्ड ने इस अवधि के दौरान बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी वर्चुअल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 28 बैचों का आयोजन किया था, जिनमें लगभग 1750 व्यक्तियों ने सफलतापूर्वक इस पाठ्यक्रम को पूरा किया था।

**(V) बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का ई-पठन**

सदस्यों को सुगम पहुंच उपलब्ध कराने के लिए आंतरिक संपरीक्षा मानक बोर्ड ने "बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम" के ई-पठन मॉडयूलों को विकसित करने की परियोजना को आरंभ किया है, जिसमें समवर्ती संपरीक्षा के व्यवहारिक पहलुओं से संबंधित क्विज़ों और मामला अध्ययनों को सम्मिलित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के ई-पठन संबंधी सभी सत्रों की वीडियो रिकार्डिंग पूरी कर ली गई है और उन्हें संस्थान के ई-पठन मंच पर अपलोड किया जा रहा है।

**(VI) आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

बोर्ड ने "आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम" की पाठ्यचर्या संरचना का पुनरीक्षण किया है, जिसका, उसमें नए विषयों और सूचना प्रौद्योगिकी को पूर्णरूपेण समाविष्ट करते हुए, पूर्णतया सुधार किया गया है। इसके अतिरिक्त, आंतरिक संपरीक्षा संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के ई-पठन संबंधी सभी माड्यूलों की वीडियो रिकार्डिंग पूरी कर ली गई है और उन्हें संस्थान के ई-पठन मंच पर अपलोड किया जा रहा है। बोर्ड वर्तमान में पाठ्यक्रम के लिए पहचान किए गए संकाय के लिए संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन करने की योजना तैयार कर रहा है। इसके पश्चात्, बोर्ड इस पाठ्यक्रम से संबंधित बैचों की समय-सूची को अंतिम रूप प्रदान करेगा।

**(VII) आंतरिक संपरीक्षा संबंधी जागरुकता के लिए कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सम्मेलन और वेबीनार**

सदस्यों के बीच ज्ञान के प्रसार के लिए एक मंच उपलब्ध कराने के विचार से बोर्ड ने इस अवधि के दौरान, विभिन्न अवस्थानों पर, जैसे कि नई दिल्ली, अमृतसर, जलगांव, नासिक, गुरुग्राम, बंगलूरू, अहमदाबाद, भूज, गांधीधाम, एर्नाकुलम, विशाखापट्टनम और यमुनानगर में आंतरिक संपरीक्षा संबंधी 14 कार्यक्रमों का आयोजन किया है। बोर्ड ने कोरोना वायरस (कोविड-19) से संबंधित और लाइव वेबकास्टों का भी आयोजन किया है, इनमें इस वायरस के आंतरिक संपरीक्षा के क्षेत्र और भारतीय आटोमोबाइल क्षेत्र पर हुए प्रभाव के संबंध में चर्चा की गई थी। इसके अतिरिक्त, ऐसे अनिश्चित समयों में अपनाए जाने वाले जोखिम प्रबंध ढांचे के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया था।

**5.16 अंतरराष्ट्रीय कराधान संबंधी समिति (सीआईटी)**

**(I) सरकार को प्रतिवेदन/उसके साथ परस्पर संवाद**

- बजट-पश्च ज्ञापन में सम्मिलित किए जाने हेतु प्रस्तुतीकरण
- अंतर्राष्ट्रीय कराधान के संबंध में बजट-पूर्व ज्ञापन, 2020 को प्रस्तुत किया जाना
- आय-कर अधिनियम, 1961 (अधिनियम) की धारा 195 में वित्त (संख्यांक 2) अधिनियम, 2019 के द्वारा किए गए संशोधन को प्रभावी करने हेतु आय-कर नियम, 1962 में नया नियम 29खक तथा प्ररूप 15ङ अंत:स्थापित करके संशोधन किए जाने के प्रस्ताव के संबंध में जनता से परामर्श किए जाने संबंधी प्रतिवेदन।

- कर रेजीडेंसी प्रमाणपत्रों की मान्यता को विस्तारित करने के मुद्दे पर विचार किए जाने हेतु अनुरोध करने संबंधी प्रतिवेदन।
- अंतर्राष्ट्रीय कराधान और अंतरण कीमत निर्धारण के संबंध में निर्धारिती के समक्ष आने वाले मुद्दों का समाधान करने हेतु प्रतिवेदन।

**(II) अंतर्राष्ट्रीय कराधान संबंधी सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/वेबकास्ट (1.4.2019 से 30.06.2020)**

समिति ने इस अवधि के दौरान जीएएआर – मुद्दे ओर मामला अध्ययन, स्वामिस्व और तकनीकी सेवाओं के लिए फीस – मामला अध्ययन, संघीय बजट 2019 में अंतर्विष्ट कर प्रस्ताव, अंतर्राष्ट्रीय कराधान, धारा 195 के अधीन टीडीएस तथा 15गक/गख प्रमाणन, बहुपक्षीय लिखतों (एमएलआई) का पर्यावलोकन, अंतरण कीमत निर्धारण और अंतर्राष्ट्रीय कराधान, संघीय बजट 2020-21 में अंतर्विष्ट प्रमुख कर संबंधी प्रस्ताव, कोविड-19 के कारण कर संघि से संबंधित प्रभाव, एनआरआई कराधान – हाल ही में किए गए संशोधन – विश्लेषण और विवक्षाएं, वित्त अधिनियम, 2020 के द्वारा किए गए कतिपय महत्वपूर्ण संशोधन – अंतर्राष्ट्रीय कराधान जैसे विषयों पर नई दिल्ली, मुंबई और गुरुग्राम में अनेक लाइव वेबकास्टों/संगोष्ठियों/राष्ट्रीय सम्मेलनों /कार्यशालाओं का आयोजन किया था।

**(III) अंतर्राष्ट्रीय कराधान में अर्हता-पश्च डिप्लोमा**

समिति ने इस अवधि के दौरान, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, बंगलूरू, गुरुग्राम और चेन्नई में अंतर्राष्ट्रीय कराधान के क्षेत्र में अर्हता-पश्च डिप्लोमा के 7 बैचों का संचालन किया है, जिसमें 471 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

**(IV) अन्य पहलें**

- समिति ने नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर ई-पठन माड्यूलों को सम्मिलित किया है :
  - प्रभावी प्रबंध का स्थान
  - विदेशी कर प्रत्यय
  - कर संधियों का निर्वचन, जिसके अंतर्गत एमएलआई संबंधी परिप्रेक्ष्य भी हैं
- निम्नलिखित प्रकाशनों का पुनरीक्षण किया गया था :
  - अंतर्राष्ट्रीय कर से संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पृष्ठभूमि सामग्री
  - प्रवासी कराधान संबंधी तकनीकी गाइड
  - आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 92ङ के अधीन रिपोर्ट से संबंधित मार्गदर्शन (अंतरण कीमत निर्धारण)
- समिति ने "सीमा पार के संव्यवहार और निवेश" नामक एक नए प्रकाशन को भी जारी किया है।
- सीए जर्नल में अंतर्राष्ट्रीय कराधान से संबंधित लेखों का योगदान।
- घरेलू और साथ ही विदेशों में स्थित सदस्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कराधान के विषय में नियमित रूप से अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना। समिति ने 21.12.2019 से तीन वर्ष की अवधि के लिए कैपिटल मार्किट पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक ठहराव किया है जिससे वे व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंटों और सीए फर्मों को विशेष छूट प्राप्त प्रस्तावना के अधीन अपने कैपिटल लाइन कारपोरेट डाटाबेस से संबंधित अनुज्ञप्तियां मंजूर करेंगे।

**5.17 उद्योग और कारबार में लगे सदस्यों संबंधी समिति (सीएमआईएंडबी)**

उद्योग और कारबार में लगे सदस्यों संबंधी समिति (सीएमआईबी), जो परिषद् की गैर-स्थायी समितियों में से एक है, व्यष्टिक और संगठनात्मक उद्देश्यों के साथ सामंजस्य बिठाने, उद्योग और आईसीएआई के बीच अंतरापृष्ठ का सृजन करने और चार्टर्ड अकाउंटेंटों को उनके पारंपरिक क्षेत्रों से परे कंपनी, कारबार और वाणिज्य के कार्यकरण से संबंधित सभी पहलुओं के संबंध में एक ज्ञानवान व्यक्ति के रूप में मान्यता प्रदान करने/स्थापित करने के लिए एक प्रभावी मंच का प्रयोजन सिद्ध करती है। यह समिति उद्योग और कारबार में सेवारत सीए और संस्थान के बीच निकट संबंध को प्रोत्साहित करने तथा उसमें अभिवृद्धि करने का कार्य करती है। इस प्रयास का समर्थन करने के लिए, सीएमआईएंडबी सदस्यों के फायदे के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धन सम्मेलनों, उद्योग बैठकों और आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। सीएमआईएंडबी के अन्य महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में सदस्यों के हित में कैम्पस नियोजन कार्यक्रमों और आईसीएआई जॉब पोर्टल के माध्यम से युवा और अनुभव प्राप्त, दोनों प्रकार के चार्टर्ड अकाउंटेंटों को नियोजन अवसर उपलब्ध कराना, कारबार और उद्योग में लगे चार्टर्ड अकाउंटेंटों की उदाहरणात्मक उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करने के लिए गौरवशाली आईसीएआई पुरस्कारों का आयोजन करना, वृत्तिक दिलचस्पी के विषयों में सामान्य प्रकाशन जारी करना, सीपीई अध्ययन सर्कलों का सृजन करना, आदि सम्मिलित हैं। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान किए गए प्रमुख क्रियाकलापों को नीचे उपदर्शित किया गया है :

**(I) नियोजन कार्यक्रम**

***नए अर्हित सीए के लिए कैम्पस नियोजन कार्यक्रम :***

- अगस्त-सितंबर, 2019 : इस कार्यक्रम का आयोजन 18 केंद्रों में किया गया था, जिसके लिए 9051 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रीकृत किया था, जिनमें से 6491 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए थे। इसमें 137 संगठनों ने भाग लिया था और कुल 2135 अभ्यर्थियों को नौकरियों के प्रस्ताव दिए गए थे। घरेलू नौकरी के लिए अधिकतम 24.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष के वेतन

(कंपनी को लागत) का प्रस्ताव किया गया था और अंतर्राष्ट्रीय नौकरी के लिए 36.00 लाख प्रतिवर्ष के वेतन का प्रस्ताव किया गया था।

- फरवरी-मार्च, 2020 में : राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की उदघोषणा से पूर्व इस कार्यक्रम के अधीन 9 प्रमुख केंद्रों में साक्षात्कारों का आयोजन किया गया था, जिसके लिए 9272 अभ्यर्थियों ने 9 प्रमुख केंद्रों और 9 छोटे केंद्रों, दोनों के लिए रजिस्ट्रीकृत किया था। इसमें 9 प्रमुख केंद्रों और 6 छोटे केंद्रों में कुल 94 संगठनों ने भाग लिया था और प्रमुख केंद्रों में कुल 2307 अभ्यर्थियों को नौकरियों के प्रस्ताव दिए गए थे। कोविड-19 महामारी के कारण किए गए लाकडाउन के कारण सभी साक्षात्कार जून, 2020 मास में 6 छोटे केंद्रों पर वर्चुअल पद्धति के माध्यम से लिए गए थे, जिनमें 444 अभ्यर्थियों को नौकरियों के प्रस्ताव दिए गए थे, जिससे नौकरी संबंधी प्रस्तावों की कुल संख्या बढकर 2751 हो गई थी। घरेलू नौकरी के लिए अधिकतम 21.57 लाख रुपए प्रतिवर्ष के वेतन (कंपनी को लागत) का प्रस्ताव किया गया था।

***सीए फाइनल रैंक धारकों के लिए विशेष नियोजन कार्यक्रम***

- प्रथम विशेष नियोजन कार्यक्रम : 8 सितंबर, 2019 को बंगलूरू में इस विशेष नियोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें 10 संगठनों ने भाग लिया था और कुल 82 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए थे, जिनमें से सभी अभ्यर्थियों को नौकरियों का प्रस्ताव दिया गया था। घरेलू नौकरी के लिए अधिकतम 24.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष के वेतन (कंपनी को लागत) का प्रस्ताव किया गया था और अंतर्राष्ट्रीय नौकरी के लिए 36.00 लाख प्रतिवर्ष के वेतन का प्रस्ताव किया गया था।
- द्वितीय विशेष नियोजन कार्यक्रम : 25 फरवरी, 2020 को बंगलूरू में इस विशेष नियोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें 14 संगठनों ने भाग लिया था और कुल 127 अभ्यर्थियों में से 85 अभ्यर्थियों को नौकरियों का प्रस्ताव दिया गया था। नौकरी के लिए अधिकतम 21.18 लाख रुपए प्रतिवर्ष के वेतन (कंपनी को लागत) का प्रस्ताव किया गया था।

***अनुभव प्राप्त सीए के लिए नियोजन***

पार्श्विक नियोजन : 25-28 जून, 2019 के दौरान अनुभव प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंटों को प्रमुख संगठनों में कैरियर अभिवृद्धि को सुनिश्चित करने हेतु नियोजन अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक मंच उपलब्ध कराए जाने के लिए इस पार्श्विक नियोजन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में 14 कंपनियों (17 साक्षात्कार दलों) ने 226 रिक्तियों को भरने के लिए भाग लिया था।

**(II) प्रबंध विकास कार्यक्रम :**

- एमडीपी का प्रथम बैच : सीए फाइनल रैंक धारकों के लिए एमडीपी के प्रथम बैच का सफलतापूर्वक आयोजन 22 अगस्त से 13 सितंबर, 2019 के दौरान बंगलूरू में मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन के सहयोग से किया गया था, कुल 199 रैंक धारकों मे से 89 अभ्यर्थियों (73 जनरल और 16 ईडब्ल्यूएस) ने उक्त कार्यक्रम के लिए स्वयं को रजिस्ट्रीकृत किया था।
- एमडीपी का द्वितीय बैच : एमडीपी के द्वितीय बैच का सफलतापूर्वक आयोजन 3 से 25 फरवरी, 2020 के दौरान बंगलूरू स्थित मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन के परिसर में किया गया था, कुल 205 रैंक धारकों मे से 127 अभ्यर्थियों (84 जनरल और 43 ईडब्ल्यूएस) ने उक्त कार्यक्रम के लिए स्वयं को रजिस्ट्रीकृत किया था।

**(III) पुरस्कार**

13वें आईसीएआई पुरस्कार और लीडरशिप शिखर सम्मेलन, 2020 : समिति ने मुंबई स्थित होटल सहारा स्टार में सफलतापूर्वक अपने 13वें आईसीएआई पुरस्कार और लीडरशिप शिखर सम्मेलन, 2020 का आयोजन किया था। आईसीएआई केवल महान वृत्तिकों का ही सृजन नहीं करता है अपितु वह इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों के माध्यम से वृत्ति को प्रदान की गई उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अभिस्वीकृति भी प्रदान करता है, जो ऐसे व्यष्टियों को सम्मानित करने के लिए आरंभ किए गए हैं, जिनके पास उत्कृष्ट कौशल, समर्पण, उत्साह, नेतृत्व की क्षमता और अपना सर्वोत्तम प्रदान करने का सामर्थ्य है। 25 पुरस्कार विजेताओं को श्री पीयूष गोयल माननीय रेल और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। इस पुरस्कार हेतु विजेताओं का चयन श्री किशोर बियानी, संस्थापक फयूचर समूह की अध्यक्षता वाले ज्यूरी पैनल द्वारा किया गया था।

इस आयोजन की मूल्यवृद्धि करने हेतु एक लीडरशिप शिखर सम्मेलन 2020 का भी आयोजन इसके साथ उसी दिवस किया गया था, जो एक बहु आयामी शिखर सम्मेलन है। इस शिखर सम्मेलन को ऐसी रीति में तैयार और विरचित किया गया था, जिससे सदस्यों की ऐसे समकालीन और नवीन विषयों से संबंधित जानकारी को अद्यतन किया जा सके, जो वृति के क्षेत्र और उसके हित के प्रति संगत हैं।

**(IV) आयोजित कार्यक्रम**

इस वर्ष के दौरान, समकालीन विषयों, अर्थात् नई औद्योगिक नीति की विरचना, एफटीपी, फेमा-विदेशी निवेश, एफडीआई, ओडीआई : नीति, विनियम और आगे की कार्ययोजना, कोविड-19 का स्वयं पर तथा उद्योग, अर्थव्यवस्था और स्टॉक मार्किट पर प्रभाव, आईसीएआई लीडरशिप शिखर सम्मेलन – कोविड-19 पश्च परिदृश्य, फेमा, विश्व और भारत – कोविड-19 पश्च, वृत्तिक सफलता के पथ पर अग्रसर होने जैसे विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों, जिनके अंतर्गत संगोष्ठियां, लाइव वेबकास्ट, परस्पर क्रियाशील बैठकें, सीएफओ बैठकें आदि भी थे, का आयोजन रायपुर, गुरुग्राम, एलेप्पी, तिरुवनंतपुरम्, नोएडा, गाजियाबाद, चंडीगढ, बंगलूरू, नागपुर, औरंगाबाद और कोयम्बटूर में किया गया था।

**(V) अन्य पहलें**

- उद्योग में लगे सदस्यों के लिए नए सीपीई अध्ययन सर्कल – सीएमआई एंड बी ने आईसीएआई के उद्योग में लगे सदस्यों के लिए इंडस टॉवर लिमिटेड के साइबर हब सीपीई अध्ययन सर्कलों का सृजन किया है।
- परामर्शदाता पोर्टल का शुभारंभ – सीएमआईएंडबी ने 14 जनवरी, 2020 को, उभरते और सुस्थापित वृत्तिकों के बीच बेहतर संपर्क को सुकर बनाते हुए सीए के विकास को अग्रसर करने हेतु एक परामर्शदाता पोर्टल (https://mentorship.icai.org) का शुभारंभ किया है।
- प्रकाशन – सीएमआईएंडबी ने 14 फरवरी, 2020 को 13वें आईसीएआई पुरस्कार समारोह के दौरान "क्विक इन साइट ऑन जीएसटी – बैंकिंग सेकटर' नामक एक प्रकाशन भी जारी किया था।

**5.18 पियर पुनर्विलोकन बोर्ड (पीआरबी)**

व्यवसाय करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की क्वालिटी को सुनिश्चित करने की आवश्यकता को मान्यता प्रदान करते हुए पियर पुनर्विलोकन बोर्ड की स्थापना वर्ष 2002 में की गई थी। पियर पुनर्विलोकन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संस्थान के सदस्य आश्वासन सेवा समनुदेशनों को पूरा करते समय (क) यथालागू तकनीकी, वृत्तिक और नैतिक मानकों, जिसके अंतर्गत उनसे संबंधित अन्य विनियामक अपेक्षाएं भी हैं, का अनुपालन करते हैं और (ख) उनके द्वारा दी जाने वाली आश्वासन सेवाओं की गुणवत्ता को पर्याप्त रूप से उपदर्शित करने के लिए दस्तावेजीकरण सहित समुचित प्रणालियां सुस्थापित हैं। किसी व्यवसायी इकाई के पियर पुनर्विलोकन का संचालन, पियर पुनर्विलोकक के रूप में ज्ञात एक स्वतंत्र मूल्यांकक द्वारा किया जाता है।

बोर्ड के प्रयास की दो विनियामकों, अर्थात् सेबी और सीएंडएजी द्वारा मान्यता की अपेक्षाओं का नीचे कथन किया गया है :–

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध अस्तित्वों के लिए 1 अप्रैल, 2010 से यह आज्ञापक बना दिया है कि संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत सीमित पुनर्विलोकन/कानूनी संपरीक्षा रिपोर्ट केवल उन संपरीक्षकों द्वारा तैयार की जाएगी, जिन्होंने स्वयं को पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया के अध्यधीन किया है और जो संस्थान के 'पियर पुनर्विलोकन बोर्ड' द्वारा जारी विधिमान्य प्रमाणपत्र धारण कर रहे हैं।
- भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) ने भी पियर पुनर्विलोकन बोर्ड के कार्य को मान्यता प्रदान की है ; अब वह आवेदन प्ररूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों से उनकी पियर पुनर्विलोकन प्रास्थिति के बारे में अतिरिक्त ब्यौरे मांगता है, ताकि पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के लिए संपरीक्षा आबंटित की जा सके। इसके अतिरिक्त, पिछले कुछ वर्षों से सीएंडएजी वार्षिक रूप से आईसीएआई से उन फर्मों के ब्यौरे मांग रहा है, जिन्हें पियर पुनर्विलोकन बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं।

**क्रियाकलाप/पहलें**

**(I) व्यवसायरत यूनिटों का पियर पुनर्विलोकन :**

पियर पुनर्विलोकन के परिधि क्षेत्र में अभिवृद्धि करने तथा इसे और अधिक प्रभावी बनाने और साथ ही अधिकाधिक फर्मों को पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया के अधीन लाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। बोर्ड के योजनाबद्ध प्रयासों ने पियर पुनर्विलोककों के प्रभावी कार्यपालन के साथ मिलकर व्यवसायी यूनिटों को इस बात के लिए प्रेरित किया है कि वे उनके द्वारा साधारण रूप से समाज को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाएं। नमूनों के उपयुक्त चयन और प्रभावी पुनर्विलोकन पर अत्यधिक ध्यान दिया जाता है। 30 जून, 2020 तक पियर पुनर्विलोकन बोर्ड ने 11855 मामलों पर विचार किया है और पियर पुनर्विलोकन प्रमाणपत्र जारी किए हैं।

**(II) पियर पुनर्विलोककों का प्रशिक्षण और उन्हें पैनलबद्ध करना**

यह सुनिश्चित करने के लिए कि पुनर्विलोकन करने में संगतता और एकसमानता है, बोर्ड पुनर्विलोककों को पुनर्विलोकन हेतु व्यवाय इकाईयां आबंटित करने से पूर्व उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसके प्रारंभ से लेकर अब तक बोर्ड ने पूरे भारत वर्ष में 211 पियर पुनर्विलोकन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिनमें से 21 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन इस वर्ष के दौरान किया गया है। पियर पुनर्विलोकन बोर्ड ने अपने प्रारंभ के पश्चात् से 6073 पियर पुनर्विलोककों को पैलबद्ध किया है तथा उन्हें प्रशिक्षित किया है।

भविष्य की योजनाएं : आगे बढते हुए, बोर्ड ने यह योजना बनाई है कि वह पुनरीक्षित पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया के साथ पियर पुनर्विलोककों और प्रशिक्षण प्रदान करने वाले व्यक्तियों को अद्यतन जानकारी प्रदान करेगा। इस उद्देश्य से बोर्ड निम्नलिखित आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन करेगा :

- प्रशिक्षण प्रदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना : विद्यमान प्रशिक्षण प्रदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित करना।
- विद्यमान पुनर्विलोककों को प्रशिक्षण देना : विद्यमान पुनर्विलोककों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।
- भावी पुनर्विलोककों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना और साथ ही उनके लिए उन्हें पैनलबद्ध करने संबंधी परीक्षाओं का आयोजन करना।

**(III) राष्ट्रीय सम्मेलन/लाइव वेबीनार**

वर्ष के दौरान, गाजियाबाद, जबलपुर और नोएडा में तीन राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया गया था । वर्ष के दौरान, बैंक संपरीक्षा पर विशेष रूप से जोर देते हुए संपरीक्षा दस्तावेजीकरण, कानूनी संपरीक्षा हेतु बनाए रखे जाने वाले दस्तावेजों, पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया हेतु दस्तावेजों, लघु और मध्यम व्यवसाय इकाईयों - पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया में पियर पुनर्विलोकन और संपरीक्षा दस्तावेजीकरण तथा रिपोर्टिंग को किस प्रकार सर्वोत्तम रूप से उपयोग में लाया जाए, विषय पर छह वेबीनारों का आयोजन किया गया था ।

**(IV) बोर्ड के विभिन्न प्रकाशनों का पुनरीक्षण**

पियर पुनर्विलोकन बोर्ड के निम्नलिखित विद्यमान प्रकाशनों को पुनरीक्षित किया गया है :

- पियर पुनर्विलोकन संबंधी विवरण नामक प्रकाशन का बोर्ड द्वारा पुनरीक्षण किया गया है और उसे परिषद् द्वारा अप्रैल, 2020 मे आयोजित उसकी बैठक के दौरान अनुमोदित कर दिया गया था । यह विवरण 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी हो गया है ।
- पियर पुनर्विलोकन मैनुअल : बोर्ड ने पियर पुनर्विलोकन संबंधी विवरण में किए गए विभिन्न परिवर्तनों को समाविष्ट करने के लिए इस प्रकाशन का पुनर्विलोकन किया है । व्यवसायी इकाई, पुनर्विलोकक की घोषणा, प्रश्नोत्तर, अनुलग्नक आदि के विभिन्न प्ररूपों को भी पुनरीक्षित किया गया है और उन्हें मैनुअल के परिशिष्ट का भाग बनाया गया है । लेखांकन मानकों और संपरीक्षा संबंधी मानकों से संबंधित सिफारिशात्मक जांच सूचियों को अद्यतन बनाया गया है तथा इंड एएस संबंधी जांच सूची को उसमें जोडा गया है । मैनुअल को, उसमें और अधिक प्रभावी और सुंदर आकृति वाले फ्लोचार्ट को सम्मिलित करके और अधिक उपयोक्ता मित्र बनाया गया है, जिससे पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया और आनसाइट तथा आफसाइट प्रक्रियाओं, प्रक्रिया प्रभावों आदि को कदम-दर-कदम समझने में सुगमता हो ।
- सलाहों से संबंधित हैंडबुक : "हैंडबुक आन एडवाइजरिज फार प्रैक्टिस यूनिट्स", "हैंडबुक आन एडवाइजरिज फार पियर रिव्यूयर्स" और 'एफएक्यू' के विद्यमान प्रकाशनों को समामेलित किया गया है । इस हैंडबुक में बोर्ड द्वारा पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया, नमूने के आकार, पियर पुनर्विलोकन की फीस, दृष्टांतात्मक समय अनुसूची आदि को सम्मिलित किया गया है । यह हैंडबुक पियर पुनर्विलोककों के लिए एक गाइड के समरूप है और साथ ही व्यवसायी इकाईयों को भी यह मार्गदर्शन प्रदान करती है क्योंकि इसमें उनके लिए विभिन्न सलाहें और साथ ही अनेकों बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न अंतर्विष्ट हैं ।

**(V) पियर पुनर्विलोकन की फीस का पुनरीक्षण**

पियर पुनर्विलोकन संबंधी विवरण द्वारा पियर पुनर्विलोकन बोर्ड में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बोर्ड ने 4 जून, 2020 को आयोजित अपनी 64वीं बैठक में पियर पुनर्विलोकन की फीस का पुनरीक्षण किया है, जिसमें पुनर्विलोककों और उनके अर्हित सहायकों को दिया जाने वाला मानदेय और टीए/डीए भी सम्मिलित है । इस पुनरीक्षण से पूर्व पियर पुनर्विलोकन के लिए पुनर्विलोकनाधीन अवधि में व्यवसायी इकाईयों के आश्वासन सेवा ग्राहकों से प्राप्त होने वाली औसत सकल प्राप्तियों/राजस्व (प्रतिवर्ष) पर निर्भर करते हुए 15000 से 100000 रुपए के बीच प्रभारित की जाती थी । इस अधिकतम सीमा को ऐसी व्यवसायी इकाईयों के लिए, जिनकी आश्वासन सेवा ग्राहकों से प्राप्त होने वाली औसत सकल प्राप्तियां/राजस्व 30 करोड रुपए प्रतिवर्ष से अधिक हैं, बढाकर पांच लाख रुपए कर दिया गया है । यह पुनरीक्षित फीस की संरचना वेबसाइट पर https://resource.cdn.icai.org/24073revised cpr prb.pdf हाइपर लिंक के अधीन रखी गई है ।

**(VI) नमूना चुनने के मानदंडों का पुनरीक्षण**

बोर्ड ने 4 जून, 2020 को आयोजित अपनी 64वीं बैठक में पुनर्विलोककों के लिए न्यूनतम नमूना चयन करने संबंधी मानदंडों को भी पुनरीक्षित किया है । यह पुनरीक्षित नमूना चुनने संबंधी मानदंड वेबसाइट पर https://resource.cdn.icai.org/60093prb-sample-review.pdf हाइपर लिंक के अधीन रखे गए हैं । पुनर्विलोकक द्वारा चुने जाने वाले न्यूनतम नमूने अब व्यवसायी इकाई के स्तर और साथ ही पुनर्विलोकनाधीन अवधि में व्यवसायी इकाईयों के आश्वासन सेवा ग्राहकों से प्राप्त होने वाली औसत सकल प्राप्तियों/राजस्व (प्रतिवर्ष) पर आधारित है ।

**(VII) प्रणाली अद्यतन करने के लिए पियर पुनर्विलोककों और व्यवसायी इकाईयों से प्राप्त डाटा को सुमेलित करने हेतु आनलाइन प्ररूपों को तैयार करना**

बेहतर पारदर्शिता और उत्तम शासन हेतु विद्यमान व्यवसायी इकाईयों (पीयू) और पैनलबद्ध पियर पुनर्विलोककों (आरई) के वर्तमान डाटा को सुमेलित करने हेतु आनलाइन प्ररूपों को तैयार किया गया है । इन पीयू और आरई को यह अनुरोध करते हुए कि वे इन प्ररूप में अपनी विशिष्टियों को भरकर उसे प्रस्तुत करें, बडी संख्या में ई-मेल भेजी जाएंगी । इस प्ररूप का उद्देश्य पैनलबद्ध पियर पुनर्विलोककों से उनके हित की अभिव्यक्ति को प्राप्त करना भी है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या वे पुनर्विलोककों के रूप में कार्य करना जारी करने के लिए इच्छुक हैं और क्या वे एल I और एल II प्रवर्ग की फर्मों के रूप में अपने वर्गीकरण के लिए भी इच्छुक हैं । इसी प्रकार, पीयू से भी इस संबंध में डाटा प्राप्त किया जाएगा, जिससे उन्हें एल I और एल II प्रवर्ग की फर्मों के रूप में वर्गीकृत किया जा सके । इस प्रकार, सुमेलित डाटा को आशयित रूप से, पियर पुनर्विलोकन बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे नए साफ्टवेयर में डाला जाएगा जिससे पियर पुनर्विलोकन की प्रक्रिया को स्वचालित बनाया जा सके ।

**(VIII) पियर पुनर्विलोकन के महत्व के बारे में जागरुकता का सृजन करने के लिए सोशल मीडिया मंचों का उपयोग**

सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया के महत्व के संबंध में जागरुकता का सृजन करने के लिए छोटी-छोटी टैग लाइनों के साथ लघु कलात्मक कृतियों को विकसित और तैयार किया गया है।

**(IX) पियर पुनर्विलोकन साफ्टवेयर**

शीघ्र ही पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया को एक साफ्टवेयर के माध्यम से निष्पादित किया जाएगा।

**(X) कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए पियर पुनर्विलोकन प्रमाणपत्र की विधिमान्यता के संबंध में विस्तारण को मंजूर करना**

कोविड-19 महामारी के प्रसार तथा राष्ट्रव्यापी लाकडाउन में हुए बहुधा विस्तार और साथ ही विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चरणबद्ध रीति में मंजूर किए गए आंशिक अनुतोषों को ध्यान में रखते हुए सदस्य पियर पुनर्विलोकन प्रक्रिया को पूरा करने में कठिनाईयों का सामना कर रहे थे । तदनुसार, पियर पुनर्विलोकन बोर्ड ने तारीख 30.03.2020 की एक उदघोषणा को वेबसाइट पर https://resource.cdn.icai.org/58882prb47971.pdf हाइपर लिंक के अधीन रखा है और साथ ही तारीख 29.05.2020 की एक नई उदघोषणा को भी आईसीएआई की वेबसाइट पर https://resource.cdn.icai.org/59761prb48614.pdf हाइपर लिंक के अधीन रखा है, जिसके द्वारा 'देश भर में कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए पियर पुनर्विलोकन प्रमाणपत्र की विधिमान्यता के संबंध में आगे और विस्तारण' को मंजूर किया गया है।

**5.19 वृत्तिक विकास समिति (पीडीसी)**

यह समिति वर्ष 1962 में स्थापित की गई थी, जिसका उद्देश्य संस्थान के सदस्यों के लिए कारबार जगत के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त अवसरों की खोज करने और साथ ही उनका विकास करना है, जिससे चार्टर्ड अकाउंटेंटों की वृत्तिक योग्यता और कौशलों का उपयुक्त रूप से उपयोग किया जा सके। समिति, नए-नए क्षेत्रों में वृत्तिक अवसरों की पहचान करने के अपने प्रयासों के अंतर्गत केंद्रीय और राज्य सरकारों, विनियामक निकायों, अन्य अभिकरणों आदि से परस्परर क्रियाएं करती हैं, जिसके अधीन उनसे यह अनुरोध किया जाता है कि वे चार्टर्ड अकाउंटेंटों की विशेषज्ञता का लाभ उठाएं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सेवाओं का उपयोग करें।

वर्ष 2019 से, समिति, सहकारिता और एनपीओ सेक्टरों से संबंधित क्षेत्रों की जांच पडताल कर रही है, जिससे सदस्यों और अन्य पणधारियों को, उनके लिए नए क्षेत्रों की खोज करके उन्हें सुसज्जित किया जा सके और साथ ही सहकारिता और एनपीओ सेक्टरों में मूल सक्षमताओं को बनाए रखते हुए उनका विकास किया जा सके।

चार्टर्ड अकाउंटेंटों के विद्यमान और नए क्षेत्रों में कौशल सेटों में अभिवृद्धि करने के विचार से समिति हित के समकालीन क्षेत्रों के संबंध में वेबीनारों, सगोष्ठियों और कार्यशालाओं का भी आयोजन करती है।

**(I). वृत्तिक संगतता के विषयों पर विभिन्न विनियामकों के साथ बैठकें**

- "साइबर सुरक्षा ढांचे" के संबंध में आरबीआई से बैठक : आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने 18 अप्रैल, 2019 को मुंबई में आरबीआई के बैंककारी पर्यवेक्षण विभाग के सीएसआईटीई प्रकोष्ठ के एक दल से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में साइबर सुरक्षा ढांचे के संबंध में पहली बार कानूनी संपरीक्षकों द्वारा अतिरिक्त प्रमाणन प्रदान करने के मुद्दे पर बातचीत की गई थी। आईसीएआई के अनुरोध को स्वीकार करते हुए आरबीआई ने एससीए को, इस संबंध में बैंकों द्वारा अनुपालन के स्तर का मूल्यांकन करने हेतु उनके द्वारा अनुसरित की जाने वाली पद्धतियों के संबंध में सलाह दी थी और साथ ही इस संबंध में भी सलाह दी थी कि इस विषय संबंधी प्रमाणपत्र एससीए द्वारा दीर्घ प्ररूप संपरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- आरबीआई के साथ बैठक पीडीसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने जून, 2019 मास के दौरान श्री आर. सुब्रमणियन, मुख्य महा प्रभारी प्रबंधक, डीबीएस, श्रीमती दिव्या एस. दौर, महाप्रबंधक, संपरीक्षा विनियमन अनुभाग के साथ बैठकें की थी, जिनमें बैंकों की संपरीक्षा करते समय विभिन्न संपरीक्षकों के समक्ष आने वाले बैंकों की समवर्ती संपरीक्षा को सुदृढ़ करने, पब्लिक सेकटर बैंकों द्वारा कानूनी केंद्रीय संपरीक्षकों की संख्या में कमी करने, कानूनी बैंक शाखा आबंटन में चक्रानुक्रम और आराम देने की नीति आदि जैसे मुद्दों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया था।
- नाबार्ड के साथ बैठक : पीडीसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने 3 जून, 2019 को श्री के. राघवेन्द्र राव, सीजीएम, सुश्री सरिता अरोड़ा, सीजीएम और नाबार्ड के अन्य पदधारियों से एक बैठक की थी। इस बैठक के दौरान वृत्ति से संबंधित अनेक चिंताओं जैसे संपरीक्षा में अंतराल, संपरीक्षा और जांच रिपोर्ट में भिन्नता, एलएफएआर और संपरीक्षकों की अर्हता तथा लेखांकन मानकों का अनुपालन आदि पर विचार-विमर्श किया गया था। प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संपरीक्षा फीस को पुनरीक्षित करके बढ़ाया जाना, कर संपरीक्षा के लिए पृथक् फीस, एक संपरीक्षक को सीमित संख्या में शाखाओं का आबंटन और संपरीक्षा हेतु आबंटन के लिए एकमात्र स्वामित्व वाली फर्म को विचार में लिए जाने आदि जैसे विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई थी, जिनके प्रति नाबार्ड ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है।
- भारतीय बैंकों के संघ के पदधारियों के साथ बैठक : पीडीसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने 3 जून, 2019 को श्री के. ईश्वर, आईबीए के एक बैठक की थी, जिसमें उनके द्वारा न्यायालयीन संपरीक्षकों को पैनलबद्ध किए जाने संबंधी निकाली गई निविदा में यथा उल्लिखित कड़े मानदंडों और उसकी अंतिम तारीख के विस्तारण से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया

गया था। उस समय आईबीए से प्राप्त प्रतिक्रियाएं पर्याप्त थी इसलिए उन्हें यह प्रतीत हुआ कि उक्त निविदा को या तो वापस लिया जाना चाहिए अथवा उसे विस्तारित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आईसीएआई द्वारा बैंक शाखा संपरीक्षा के लिए चयन और आबंटन किए जाने के संबंध में विकसित किए गए साफ्टवेयर का सभी बैंकों द्वारा उपयोग किए जाने के विषय पर जोर डालते हुए आईबीए ने संयुक्त प्रयासों के साथ इस बात पर सहमति व्यक्त की है कि वह आईसीएआई द्वारा एक प्रदर्शन की व्यवस्था करेगा, जिसमें सभी बैंक भाग लेंगे।

**(II) बैंक शाखा संपरीक्षा आबंटन के लिए साफ्टवेयर**

संस्थान ने अनेक वर्षों से स्वयं बैंकों के बोर्ड द्वारा पब्लिक सेक्टर बैंकों के संपरीक्षकों की नियुक्ति से संबंधित मुद्दे के संबंध में अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। पब्लिक सेक्टर बैंकों के प्रबंध मंडल के पास कोई प्रमुख स्वामित्व संबंधी हित नहीं होता है। इसलिए, बैंकों के प्रबंध मंडल द्वारा संपरीक्षकों की नियुक्ति किए जाने संबंधी यह स्वायतत्ता बैंककारी जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र में अत्यंत जोखिम से भरी है।

इस मुद्दे का समाधान करने हेतु तथा पब्लिक सेक्टर बैंकों (पीएसबी) के संपरीक्षकों की नियुक्ति में स्वायतत्ता के उद्देश्य से आईसीएआई द्वारा बेतरतीब ढंग से संपरीक्षकों का चयन करने और उन्हें पीएसबी में उपलब्ध रिक्तियों के साथ सहबद्ध करके पीएसबी के कानूनी संपरीक्षकों के चयन और आबंटन हेतु एक वेब आधारित उपयोजन तैयार किया था।

वर्ष 2020 में, आईसीएआई ने उक्त साफ्टवेयर का उपयोग करने हेतु सभी बैंकों से संपर्क किया था और साथ ही 16 जनवरी, 2020 को आयोजित आईबीए के साथ एक बैठक में उस साफ्टवेयर से संबंधित एक प्रस्तुतीकरण भी किया था। इस बैठक में विभिन्न पब्लिक, प्राइवेट और विदेशी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस दिशा में अनुवर्ती कार्यवाही के अनुसरण में वर्ष 2019-20 के दौरान 9 बैंकों, अर्थात् भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बडौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक, सैन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, केनरा बैंक, ओरियन्टल बैंक आफ कामर्स, पंजाब और सिंध बैंक तथा यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया ने बैंक शाखा संपरीक्षकों के चयन/आबंटन के लिए इस साफ्टवेयर का उपयोग किया है।

**(III) विभिन्न प्राधिकारियों के लिए पैनल**

**आरबीआई और नाबार्ड के लिए बैंक शाखा संपरीक्षकों का पैनल**

पीडीसी, सीए सदस्यों हेतु साम्यापूर्ण वृत्तिक अवसरों का पता लगाने के अपने प्रयास के भागरूप में प्रत्येक वर्ष बहुप्रयोजन पैनलबद्ध किए जाने संबंधी प्रारूप हेतु आवेदन निकालता है, जिसमें आईसीएआई के अभिलेखों और पूर्व वर्षों में उनके द्वारा किए गए एमईएफ आवेदन के आधार पर आवेदकों का पहले से भरा गया डाटा अंतर्विष्ट होता है। एमईएफ को और अधिक विस्तृत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया था, जिससे एक केंद्रीयकृत मंच के माध्यम से अधिकतम जानकारी एकत्रित करके उसका प्रचार-प्रसार किया जा सके। सदस्यों हेतु यह सुकर बनाया गया था कि वे अंकीय रूप से हस्ताक्षरित घोषणाओं या स्केन की गई घोषणाओं को प्रस्तुत करने के अलावा आनलाइन रूप से वित्तीय दस्तावेजों को भी अपलोड कर सकते हैं।

आरबीआई, नाबार्ड और विभिन्न अन्य प्राधिकारियों/अधिकरणों, जैसे कि पब्लिक सेक्टर बैंक, प्राइवेट सेक्टर बैक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, शासकीय परिसमापक, सिडबी, सेबी आदि को उनके द्वारा विनिर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार चार्टर्ड अकाउंटेंटों/फर्मों के पैनल उपलब्ध कराए गए थे।

**(IV) वर्ष 2019-20 के लिए पब्लिक सेक्टर बैंकों की बैंक शाखा संपरीक्षा के संबंध में किए गए उपाय**

कोविड-19 महामारी के अचानक हुए संक्रमण के कारण, आईसीएआई ने सभी बैंक शाखा संपरीक्षकों के लिए यह सलाह जारी की थी कि वे किस प्रकार आनलाइन रूप से संपरीक्षा का संचालन कर सकते हैं और साथ ही किस प्रकार ग्रीन जोन में आने वाले क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न चरणों में आफलाइन रूप से संपरीक्षा का संचालन किया जा सकता है। आईसीएआई ने इस संबंध में आरबीआई और बैंकों से भी संपर्क किया था। आरबीआई ने पीएसबी में शाखा संपरीक्षा हेतु इस अंतर्निहित आवश्यकता को स्वीकार किया था और उन्होंने अपने पूर्ववर्ती दिशा-निर्देशों में "अग्रिम निधियों का 90 प्रतिशत और गैर वित्तपोषित अग्रिमों का 90 प्रतिशत" शब्दों को सम्मिलित करके 90 प्रतिशत तक के अग्रिमों को प्रतिधारित किया था। आरबीआई ने आईसीएआई के इन विचारों का समर्थन किया था कि ईएसबी में शाखा संपरीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे समाप्त नहीं किया जा सकता तथा उसने बैंकों को यह सलाह दी थी कि वे किसी संपरीक्षा फर्म द्वारा संपरीक्षा को स्वीकार किए जाने से इंकार करने की दशा में उसका अनुमोदन प्राप्त करते हुए किसी अतिरिक्त संपरीक्षा फर्म की नियुक्ति करे।

**(V) सीएसए बैठक**

9 अप्रैल, 2020 को सभी केंद्रीय कानूनी संपरीक्षकों के साथ एक परस्पर क्रियाशील वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने पीडीसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ भाग लिया था और बैंकों में शाखा संपरीक्षाओं के महत्व के बारे में विचार-विमर्श किया था तथा उनकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त की थी।

**(VI) प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन**

आरबीआई को आईएफसी रिपोर्टिंग के संबंध में प्रतिवेदन – आरबीआई के गर्वनर को, पब्लिक सेक्टर बैंकों (पीएसबी) और भारत में प्रचालन कर रहे विदेशी बैंकों की वित्तीय वर्ष 2019-20 की कानूनी संपरीक्षा का संचालन करते समय आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

(आईएफसी) रिपोर्टिंग किए जाने के संबंध में एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। यह उल्लेखनीय है कि बैंकों में वर्तमान में ऐसा कोई तंत्र विद्यमान नहीं है और साथ ही शाखा संपरीक्षको के लिए यह अपेक्षित है कि वे इस संबंध में रिपोर्ट करें। तदनुसार, हमारे अनुरोध पर विचार करते हुए आरबीआई ने इस प्रकार की रिपोर्टिंग को अगले वर्ष तक आस्थगित कर दिया है।

इसके अतिरिक्त, आरबीआई को निम्नलिखित प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किएगए थे :

- आरबीआई द्वारा तारीख 18 सितंबर, 2019 का एक परिपत्र जारी किया गया था, जो बैंकों में समवर्ती संपरीक्षा प्रणाली से संबंधित था। उक्त परिपत्र में समवर्ती संपरीक्षकों की नियुक्ति, उनके पारिश्रमिक, उनकी संपरीक्षा के विस्तार क्षेत्र आदि जैसे मुद्दों के संबंध में उपबंध सम्मिलित थे।
- 21 अक्तूबर, 2019 को बैंककारी पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें संपरीक्षकों की नियुक्ति, संपरीक्षा का परिधि क्षेत्र और संपरीक्षकों के पारिश्रमिक आदि जैसे मुद्दों को उठाया गया था ।
- 20 दिसंबर, 2019 को बैंककारी पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बैंक शाखा संपरीक्षा हेतु संपरीक्षकों की फीस में वृद्धि किए जाने से संबंधित मुद्दे को उठाया गया था।

भारतीय स्टेट बैंक को प्रतिवेदन : चालू वर्ष के दौरान किसी प्राइवेट सेक्टर/विदेशी बैंक के कानूनी शाखा संपरीक्षकों/संपरीक्षा फर्मों में से किसी की केंद्रीय/शाखा संपरीक्षकों के रूप में नियुक्ति न किए जाने के संबंध में, उक्त प्रभाव की एक घोषणा पर भारतीय स्टेट बैंक वर्ष 2019 के दौरान विचार कर रहा था। आईसीएआई ने भारतीय स्टेट बैंक को एक प्रतिवेदन भेजा था कि संपरीक्षक/संपरीक्षा फर्म 4 प्राइवेट सेक्टर बैंक और 4 विदेशी बैंकों की कानूनी संपरीक्षाओं के साथ-साथ किसी पब्लिक सेक्टर बैंक की किसी शाखा की कानूनी संपरीक्षा कर सकती है। एसबीआई ने हमारे अनुरोध को स्वीकार किया था।

**(VII) जम्मू-कश्मीर बैंक के लिए कानूनी संपरीक्षक की नियुक्ति**

आईसीएआई ने वर्ष 2018-19 के लिए जम्मू-कश्मीर बैंक के कानूनी संपरीक्षक की नियुक्ति के संबंध में उसे सीएंडएजी के कार्यालय द्वारा किए जाने संबंधी पूर्व व्यवहार को जारी रखने के लिए आरबीआई से अनुग्रह किया था। तदनुसार, जम्मू-कश्मीर बैंक के लिए संपरीक्षकों की नियुक्ति केवल सीएंडएजी द्वारा की गई थी।

**(VIII) निविदा मानीटरी समूह**

वृत्तिक सेवाओं के लिए निविदाएं सदैव एक चिंता का विषय रही हैं। पीडीसी ने अनेक समयों पर सीवीसी के साथ निविदाओं संबंधी मूल्यांकन मानदंडों सहित उससे संबंधित अनेक मुद्दों को उठाया है। यह देखा गया है कि कभी-कभी संगठन किसी न्यूनतम फीस या अत्यधिक निम्न न्यूनतम फीस को कोट किए बिना निविदाएं जारी कर देते हैं। दूसरी ओर यह आवश्यक है कि न्यूनतम फीस और लागत शीट बनाए रखने संबंधी निविदाओं के प्रति प्रतिक्रिया करते समय इस संबंध में परिषद् द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन और आईसीएआई के सदस्यों द्वारा दिए गए निर्णय के अनुपालन की मानीटरी की जाए।

निविदाएं जारी करने संबंधी ऐसे मुद्दों का समाधान करने के लिए पीडीसी ने वर्ष के दौरान "निविदाओं संबंधी मुद्दों की मानीटरी" करने हेतु एक समूह का गठन किया था, जो संगठनों द्वारा निकाले जाने वाली निविदाओं की मानीटरी और उनका मानकीकरण करेगा तथा वृत्तिक सेवाओं से संबंधित निविदाओं के मूल्यांकन की मानीटरी भी करेगा तथा उनके संबंध में सदस्यों की प्रतिक्रियाओं की मानीटरी करने तथा उनका विश्लेषण करने के लिए एक तंत्र विकसित करेगा तथा उपयुक्त स्तरों पर विचलनों को भी निर्दिष्ट करेगा। वर्ष के दौरान, समय-समय पर संबंधित संगठनों को कठिनाईयों/दिशानिर्देशों के उल्लंघन आदि के संबंध में विभिन्न प्रतिवेदन भेजे गए थे।

**(IX) सहकारिता और एनपीओ :**

वर्ष 2020-21 के लिए, पीडी समिति के नोडल नियंत्रणाधीन सभी पांच क्षेत्रों में सहकारिता और एनपीओ से संबंधित समूहों का सृजन किया गया था, उनका व्यापक उद्देश्य परिनियमों में समुचित सुधारों के संबंध में सुझाव देना, एकसमान लेखांकन ढांचे का संवर्धन करना, सहकारिता और एनपीओ के क्षेत्रों में सीए हेतु अवसरों का सृजन करने के लिए संपरीक्षकों को राज्यवार पैनलबद्ध करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना है। समिति ने आईसीएआई के सदस्यों को इन विषयों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने और उन्हें उन क्षेत्रों से संबंधित समनुदेशनों को ग्रहण करने में समर्थ बनाने के लिए सहकारिता और एनपीओ संबंधी एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का भी संचालन किया है।

**(X) सीएंडएजी को पैनलबद्ध करने संबंधी प्रारूप पुनरीक्षित संनियम**

सीएंडएजी ने सीए फर्मों को पैनलबद्ध किए जाने संबंधी वर्तमान व्यवस्था का पुनर्विलोकन करने और पैनलबद्ध सीए फर्मों को पीएसई संपरीक्षाएं आबंटित करने की प्रक्रिया को और अधिक कारगर बनाने के लिए पुनरीक्षित संनियमों का प्रारूपण किया है और उसने इस संबंध में आईसीएआई से अंत:निवेश उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। आईसीएआई ने अपने तारीख 10 अक्तूबर, 2019 के पत्र के माध्यम से ये अंत:निवेश प्रस्तुत किए थे। संस्थान ने इस प्रकार अंतिम रूप प्रदान किए गए पुनरीक्षित संनियमों के संबंध में प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया था तथा उन्हें सीएंडएजी के कार्यालय द्वारा जनवरी, 2020 मास के दौरान सीए फर्मों को पैनलबद्ध किए जाने के लिए वेबसाइट पर रखा गया था।

**(XI) राज्यस्तरीय समन्वयन समिति (एसएलसीसी)**

भारतीय रिजर्व बैंक, गैर बैंककारी वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और निगमित निकायों (यूआईबी) द्वारा निक्षेप स्वीकार करने संबंधी क्रियाकलापों का विनियमन करने के लिए अपने प्रत्येक प्रादेशिक कार्यालय में राज्य स्तरीय समन्वयन समिति की एक त्रैमासिक बैठक का आयोजन करता है । ऐसी बैठकों का आयोजन आरबीआई के संबंधित प्रादेशिक कार्यालय के प्रादेशिक निदेशक द्वारा किया जाता है और उसमें संबद्ध राज्यों के विभिन्न विभागों जैसे कि वित्त, गृह, विधि आदि के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय आवास बोर्ड (एनएचबी), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी), भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए), चिट फंड रजिस्ट्रार, चिट फंड विभाग और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) के प्रतिनिधि भाग लेते हैं । इस वर्ष के दौरान 20 से अधिक ऐसी बैठकों का आयोजन किया गया था, जिनमें आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था ।

**(XII) महिला उद्यमशीलता मंच – नीति आयोग**

नीति आयोग के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के अधीन आईसीएआई उसका एक ज्ञान भागीदार है और उसे साधारण जनता/उद्यमियों की उसके डब्ल्यूईपी पोर्टल पर प्राप्त हुई सभी शंकाओं के समाधान के लिए एक पैनल उपलब्ध कराना होता है, विशिष्ट रूप से कराधान, संपरीक्षा, लेखांकन, कानूनी अनुपालन, कारबार का विनियामक मूल्यांकन और कारबार विधिमान्यकरण प्रक्रियाओं से संबंधित शंकाओं के लिए ।

यह आनलाइन डब्ल्यूईपी पोर्टल विकसित किया जा रहा है और यह विकास के अंतिम चरणों पर है तथा आईसीएआई लगभग 10 सदस्यों के नाम उपलब्ध कराएगा, जो इस मंच पर प्राप्त होने वाली आनलाइन शंकाओं का समाधान उपलब्ध कराएंगे ।

**(XIII) आईआईएम के साथ समझौता ज्ञापन**

आईसीएआई ने सीए के लिए विभिन्न प्रबंध और वित्त संबंधी कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए फरवरी, 2020 मास में आईआईएम जम्मू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे । इसके अतिरिक्त, आईआईएम अहमदाबाद के साथ भी चार्टर्ड अकाउंटेंटों हेतु आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे । इस समझौता ज्ञापन के अधीन आईआईएम अहमदाबाद द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान विभिन्न आवासीय पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया था ।

परस्पर क्रियाशील बैठकें – सीए फर्मों के कौशल का संवर्धन और उनके स्तर को बढ़ाना ।

व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंटों को आज के आधुनिक युग के संदर्भ में तथा भविष्य में स्वयं को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर क्रियाशील सत्रों का आयोजन करने हेतु एक मंच उपलब्ध कराने के विचार से वृत्तिक विकास समिति ने 9 नवंबर, 2019 को नई दिल्ली में "इंटरएक्टिव मीट – अपसिक्लिंग एंड अपस्केलिंग आफ सीए फर्म" विषय पर एक बैठक का आयोजन किया था, जिसमें वृत्तिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में ब्यौरेवार परिचर्चा की गई थी । इसके अतिरिक्त, उक्त बैठक का आयोजन 25 नवंबर, 2019 को चेन्नई में भी किया गया था ।

**(XIV) एसएलसीसी के अधीन आरबीआई के आर्थिक अपराध खंड (ईओडब्ल्यू) के साथ संयुक्त जागरुकता कार्यक्रम**

वृत्तिक विकास समिति ने आर्थिक अपराध खंड, नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से 4 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली में राज्यस्तरीय समन्वयन समिति के सहयोग से एक संयुक्त जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसे श्रीमती पद्मनी सिंगला, सचिव, वित्त, श्री ओ.पी. मिश्रा, आईपीएस, अपर पुलिस कमीशनर, ईओडब्ल्यू, श्रीमती सुमीत कपूर, सीजीएम, पीएफआरडीए, श्री अजय कुमार, प्रादेशिक निदेशक, आरबीआई ने भी संबोधित किया था ।

**(XV) पीडी पोर्टल**

पीडीसी द्वारा विकसित पीडी पोर्टल (www.pdicai.org), आईसीएआई के सदस्यों को ऐसी जानकारी उपलब्ध कराता है, जो उनके ज्ञान और इस प्रकार उनके व्यवसाय को समृद्ध करने के लिए आवश्यक हो और साथ ही उनके ग्राहकों को मूल्यवर्धित सेवाएं भी उपलब्ध कराता है । इसके अतिरिक्त, यह वृत्तिक अवसरों का सृजन करने के लिए व्यवसायरत सीए के लिए उपलब्ध सभी निविदाओं को भी सूचीबद्ध करता है । यह पोर्टल समिति के क्रियाकलापों के लिए एक पृथक् खंड भी उपलब्ध कराता है । इस पोर्टल पर एमईएफ आवेदन, आगामी वेबीनारों और आयोजनों, विभिन्न विनियामक निकायों के साथ किए गए संपर्क संबंधी जानकारियों को भी रखा जाता है ।

**5.20 लोक वित्त और शासकीय लेखाकंन संबंधी समिति (सीपीएंडजीएफएम)**

लोक वित्त और शासकीय लेखाकंन संबंधी समिति (सीपीएफएंडजीए) केंद्रीय और राज्य सरकारों तथा स्थानीय निकायों की लेखांकन सुधारों के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन और लोकवित्त संबंधी बेहतर प्रबंध को सुकर बनाने में सहायता करने का अथक प्रयास करती है । समिति मुख्य रूप से भारत सरकार के विभिन्न टियरों में वित्त से संबंधित पदधारियों की सक्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करती है और इसके लिए समिति विभिन्न उपाय करती है जैसे कि कार्यशालाओं का आयोजन, सुसंगत ई-प्रशिक्षण माड्यूलों को विकसित करना आदि । इसके अतिरिक्त, समिति स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों (एएसएलबी) को भी तैयार करती है । अकाउंटेंटों को कारपोरेट सेक्टर से परे अपनी वृत्तिक सेवाएं उपलब्ध कराके तथा साधारण जनता के लिए कार्य करके अपनी सामाजिक बाध्यताओं को पूरा करने संबंधी आईसीएआई की यह एक महत्वपूर्ण पहल है और इस प्रकार वह राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपनी भूमिका के प्रति खरा उतरता है ।

**किए गए महत्वपूर्ण क्रियाकलाप**

**(I) समिति द्वारा निकाले गए प्रकाशन :**

- स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों का सार-संग्रह- जिल्द 2
- भारत में स्थानीय निकायों में प्रोदभवन आधारित लेखांकन सुधारों के संबंध में प्रास्थिति पत्र : पर्यावलोकन (पुनरीक्षित)

**(II) स्थानीय निकायों के लिए लेखांकन मानकों (एएसएलबी) को जारी करना :**

परिषद् वर्ष 2019-20 के दौरान स्थानीय निकायों द्वारा साधारण प्रयोजन वितीय रिपोर्टिंग संबंधी अवधारणात्मक ढांचे और प्रोदभवन आधारित 12 एएसएलबी, जिन्हें आईसीएआई की परिषद् द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था, जारी किए गए थे तथा उन्हें एएसएलबी के सार-संग्रह : जिल्द 2 के रूप में जारी किया गया था।

**(III) निम्नलिखित विषयों के संबंध में टीका-टिप्पणियां/सुझाव प्रस्तुत किए गए थे :**

- अंतर्राष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर लेखांकन मानक बोर्ड को 'सामुहिक और व्यष्टिक सेवाएं तथा आपातकालीन अनुतोष (आईपीएसएएस 19 में संशोधन)' से संबंधित उदभासन प्रारूप 67
- 27 अप्रैल, 2020 को आयोजित सीएपीए की पब्लिक सेक्टर वित्त प्रबंध समिति (पीएसएफएमसी) की बैठक की कार्यसूची, विद्यमान पीएसएफएम प्रकाशनों के अलावा।
- पीएएसएबी दस्तावेज/प्रारूप मानक :
  - 3 फरवरी, 2020 को आयोजित जीएएसएबी की 35वीं बोर्ड बैठक की कार्यसूची।
  - जीएएसएबी की सम्यक् प्रक्रिया।
  - आईजीएएस 2, 'सहायता अनुदान'।
  - आईजीएएस 3, 'ऋण और अग्रिम'।
  - 'बाह्य सहायता को प्राप्त करने वालों' संबंधी प्रकटन विवरण।
  - 'पूर्व अवधि समायोजन को सही करने' संबंधी प्रारूप।
  - आकस्मिक दायित्वों संबंधी प्रकटन विवरण।
  - 'बाह्य सहायता को प्राप्त करने वालों' संबंधी प्रारूप।
  - 'गैर-विनिमय और विनिमय संव्यवहारों से प्राप्त राजस्वों को मान्यता' संबंधी प्रारूप।

(IV) समिति ने केंद्रीय और राज्य सरकारों के लिए जीएएसएबी संबंधी निम्नलिखित मानकों के आधारिक प्रारूप को तैयार किया था :

- राजस्व
- असामान्य मदें

(V) समिति ने अनुसंधान समिति के साथ मिलकर केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लेखाओं में प्रकटन और पारदर्शिता संबंधी लेखांकन मानकों के कार्यान्वयन के प्रभाव अध्ययन को पूरा किया है, जिसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था।

(VI) समिति को असम सरकार द्वारा असम पीएसई के वार्षिक लेखाओं और कानूनी अनुपालनों को अंतिम रूप प्रदान करने के संबंध में परामर्श देने तथा उनकी मानीटरी करने के लिए गठित कार्यबल से एक प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उनके समक्ष आ रहे मुद्दों का प्रभावी रूप से समाधान करने के लिए वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से नियमित रूप से बैठकें की जा रही हैं।

(VII) **संगोष्ठियां/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम/वेबीनार**

समिति ने वर्ष के दौरान डीपीई, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सरकारी स्कीमें और उनमें चार्टर्ड अकाउंटेंटों की भूमिका के विषय पर वेबीनारों, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा समनुदेशन : अपेक्षाएं और आशाएं आदि तथा "सरकारी और लोक वित्त प्रबंध सुधार : स्थानीय स्व:शासन परिप्रेक्ष्य" प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से सदस्यों के लिए मुंबई, दिल्ली, जयपुर, चेन्नई और कोलकाता में निर्णय लिए जाने हेतु वित्त प्रबंध तथा पीएसयू पदधारियों के लिए इंड एएस के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया था और इसके अतिरिक्त सरकारी वित्त प्रबंध में पारदर्शिता और जवाबदेही विषय पर एक दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था, जिसे वरिष्ठ आईएएस, आईएएंडएएस, आईसीएएस अधिकारियों और वृत्तिकों द्वारा संबोधित किया गया था। इस कार्यक्रम में 25 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों से 300 से अधिक सरकारी पदधारियों ने भाग लिया था। उपरोक्त के अलावा, नगरपालिक प्रशासन निदेशालय, गोवा द्वारा उसके पदधारियों और हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान द्वारा आयोजित सक्षमता निर्माण कार्यक्रमों के लिए संकाय समर्थन भी प्रदान किया गया था।

(VIII) **स्थानीय निकायों के लिए प्रोदभवन लेखांकन के मूल सिद्धांतों संबंधी ई-पठन माड्यूल**

समिति ने आईसीएआई टीवी पर निम्नलिखित ई-व्याख्यानों का प्रसारण किया था :

- यूएलबी के लिए आरंभिक तुलन-पत्र तैयार करना और प्रथम वित्तीय विवरणों को पूरा करने के लिए प्रक्रियाएं, और
- प्रोदभवन आधार पर लेखांकन के अधीन अंतिम लेखाओं को तैयार करना।

(IX) **लोक वित्त और शासकीय लेखांकन संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

समिति ने लोक वित्त और शासकीय लेखांकन संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम एक कक्षा बैच और 2 आनलाइन बैचों को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिसमें 229 व्यक्तियों ने भाग लिया था।

(X) **सरकारी विभागों /स्थानीय निकायों के साथ बैठकें**

- आईसीएआई की कल्याण-डोम्बिवली शाखा के साथ संयुक्त रूप से लोक वित्त प्रबंध के क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए अवसरों के संबंध में वर्चुअल सीपीई बैठक का आयोजन किया गया था।
- आईसीएआई की रायपुर शाखा के साथ संयुक्त रूप से 28 जून, 2020 को "उभरता छत्तीसगढ़ – जवाबदेही पारदर्शिता और निवेश परिस्थितियां" विषय पर एक वर्चुअल सीपीई बैठक का आयोजन किया गया था। श्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री ने श्री मनोज कुमार पिंगुआ, आईएएस, प्रधान सचिव, वाणिज्य और उद्योग विभाग और श्री संजय शुक्ला, आईएएस, प्रबंध निदेशक, सीजी राज्य के लघु वन उत्पाद सहकारी फेडरेशन लिमिटेड के साथ इस बैठक को संबोधित किया।
- अनेक मंत्रालयों/सरकारी विभागों/स्थानीय निकायों के वरिष्ठ पदधारियों के साथ परस्पर वृत्तिक हित के विषयों पर विचार-विमर्श करने और चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए उनकी कार्यवाहियों और प्रक्रियाओं में मूल्यवर्धन लाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में जागरुकता का सृजन करने के लिए बैठकें की गई।

**5.21 जन संपर्क समिति (पीआरसी)**

**जनसंपर्क समूह (30 अप्रैल, 2019 - 11 फरवरी, 2020)**

जनसंपर्क समूह को सीए अधिनियम के ढांचे के अधीन रहते हुए उपयुक्त समझे जाने वाले विभिन्न मार्गों और उपायों के माध्यम से एक अतिविशिष्ट लेखांकन निकाय और भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी की वृत्ति के लिए एकमात्र विनियामक प्राधिकरण के रूप में आईसीएआई की छवि को विकसित करने, उसे सुदृढ़ बनाने तथा उसमें अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से गठित किया गया था। जनसंपर्क समूह ने बेहतर संबंधों को स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलें की थी और साथ ही बेहतर नेटवर्किंग अवसर उपलब्ध कराने और साथ ही आईसीएआई की छवि को ऊंचा उठाने हेतु बोद्धात्मक खाई को भरने के लिए अनेक उपाय किए थे।

**(I) महत्वपूर्ण पहलें/उपलब्धियां**

- सीए दिवस, 2019 – आईसीएआई के चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस को देश भर में आईसीएआई की 164 शाखाओं और 5 प्रादेशिक परिषदों में अति उत्साह और उल्लास से मनाया गया था और इसके दौरान विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों का आयोजन किया गया था। इस समारोह को मीडिया के द्वारा व्यापक रूप से विज्ञापित किया गया था और साथ ही नीचे उल्लिखित पहलें करते हुए इसे मुद्रण/इलैक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया गया था :
- सभी सोशल मीडिया मंचों के लिए एक लघु एवी – लगभग 1 मिनट की एक लघु एवी (केवल ऐनिमेशन वाली) को सोशल मीडिया मंचों पर प्लैटिनम जयंती समारोह का विज्ञापन करने हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया था। उसे सभी सोशल मीडिया मंचों पर अपलोड किया गया था।
- सीए दिवस के अवसर पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की लघु वीडियो – सीए दिवस के अवसर पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की ओर से सीए भ्रांतृसंघ को संबोधित करते हुए संदेश देने वाली एक लघु वीडियो तैयार की गई थी और उसे आईसीएआई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था। उसे सीए दिवस समारोह के दौरान स्क्रीन पर भी दिखाया गया था। उसके लिंक को संदर्भ हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को भेजा गया था।
- कारपोरेट फिल्म, 2019-20 को अद्यतन करना –आईसीएआई कारपोरेट फिल्म को प्रधान कार्यालय/ डीसीओ/ प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं के द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण आयोजनों, संगोष्ठियों/सम्मेलनों आदि के दौरान चलाया जाता है। समूह ने वर्ष 2019-20 के लिए आईसीएआई की इस कारपोरेट फिल्म को अद्यतन किया था और उसे सभी संबद्ध व्यक्तियों के संदर्भ हेतु आईसीएआई टीवी पर अपलोड किया गया था और उसके लिंक को सभी संबद्ध व्यक्तियों के संदर्भ हेतु भेजा गया था।

**(II) सीए दिवस 2019 समारोहों के दौरान की गई अन्य पहलें**

- सभी प्रादेशिक परिषदों/शाखाओं को, उन्हें सीए दिवस मनाने हेतु विनिर्दिष्ट क्रियाकलाप करने की सलाह देते हुए एक संसूचना भेजी गई थी। देश भर के सभी सदस्यों/छात्रों/पणधारियों ने इस प्रतिष्ठित अवसर को मनाने के लिए एकता का प्रदर्शन किया और इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार के सामाजिक क्रियाकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जैसे निवेशक जागरुकता कार्यक्रम, महिला सशक्तीकरण, पौधारोपण और रक्तदान शिविर आदि। शाखाओं ने भी संस्थान के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों को वृत्ति के प्रति उनके योगदान हेतु सम्मानित करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया था।

- विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों से इस अवसर से संबंधित सदभावी संदेश भेजने का अनुरोध किया गया था, जिन्हें सीए दिवस के उपलक्ष्य में निकाले गए चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के विशेष अंक में प्रकाशित किया गया था।

**(III) 5वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

5वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए आईसीएआई ने सभी सदस्यों और छात्रों को स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क को प्राप्त करने में योग के महत्व को समझने में सहायता प्रदान करने और उन्हें योग के प्रति उत्साहित करने के लिए अनेक पहलें की थी। पीआर समूह ने आईसीएआई की सभी प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं से यह अनुरोध किया था कि वे विनिर्दिष्ट क्रियाकलाप करके देश भर में 21 जून, 2019 को इस योग दिवस को मनाए। ऐसे क्रियाकलापों को करने हेतु सभी संबद्ध निकायों को एक विशेष अनुदान भी मंजूर किया गया था। आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर सीए भ्रातृसंघ को संबोधित किया था और उनकी लघु वीडियो को रिकार्ड करके योगा दिवस पर चलाए जाने हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को अग्रेषित किया गया था।

**(IV) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**

6 और 7 दिसंबर, 2019 के दौरान मुंबई में आईसीएआई के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का संवर्धन करने हेतु निम्नलिखित कार्रवाईयां की गई थी :

- प्रिंट मीडिया – (i) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रचार-प्रसार करने और उसके हेतु किए जाने वाले रजिस्ट्रीकरणों में वृद्धि करने के लिए आयोजन पूर्व विज्ञापनों को इन फ्लाइट पत्रिकाओं - स्पाइस रुट, गो गैटर और विस्तारा तथा बिजनेस टूडे और आउटलुक जैसी कारबार पत्रिकाओं के नवंबर अंक में प्रकाशित किया गया था।

  (ii) दो प्रमुख प्रकाशनों में जागरुकता का सृजन करने और ब्रांड की छवि निर्माण हेतु एक आधे पृष्ठ का रंगीन विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

- इलैक्ट्रानिक मीडिया – इस अंतर्राट्रीय कांफ्रेंस का दो चैनलों – सीएनबीसी टीवी 18 और सीएनबीसी आवाज के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया था। सम्मेलन के आयोजन से पूर्व उससे संबंधित विज्ञापनों का जागरुकता के सृजन और रजिस्ट्रीकरण को प्रोत्साहन देने हेतु प्रसारण किया गया था। इस संपूर्ण आयोजन को सीएनबीसी टीवी के एक दल ने भलीभांति कवर किया था और उसके संबंध एक आधे घंटे के एपिसोड को तैयार किया गया था, जिसका टेलीकास्ट सीएनबीसी टीवी 18 और सीएनबीसी आवाज पर किया गया था। इस एपिसोड को भी विज्ञापनों के माध्यम से भलीभांति प्रचारित किया गया था।

- सदभावी संदेश – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 2019 के उपलक्ष्य में एक स्मृति चिह्न निकाला गया था। विभिन्न सुविख्यात व्यक्तियों से आईसीएआई के योगदान, चार्टर्ड अकाउंटेंटों की भूमिका और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की सफलता से संबंधित सदभावी संदेश भेजने का अनुरोध किया गया था, ऐसे 15 संदेश प्राप्त हुए थे जिन्हें इस स्मृति चिह्न में प्रकाशित किया गया था।

- सम्मेलन के आयोजन स्थल पर ब्रांड निर्माण – आईसीएआई द्वारा की गई विभिन्न पहलों को दर्शित करते हुए बोर्ड तैयार किए गए थे, जिन्हें सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विज्ञापन हेतु प्रमुख स्थानों पर रखा गया था। इन बोर्ड डिजाइनों (संख्या मे कुल 15) को तैयार करने के पश्चात् उन्हें अनुवर्ती कार्रवाई के लिए आईए समिति के साथ साझा किया गया था।

- आडियो विजुअल्स – जैसा कि सलाह दी गई थी, आईसी 2019 के दौरान चलाए जाने के लिए निम्नलिखित आडियो विजुअल्स (एवी) तैयार किए गए थे :

  - आईसीएआई की प्रमुख उपलब्धियों संबंधी एवी
  - निम्नलिखित चार प्रमुख व्यक्तियों से संबंधित प्रस्तावनात्मक एवी :
    - ❖ श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, माननीय महिला और बाल विकास तथा टैक्सटाइल मंत्री
    - ❖ श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय वित्त और कारपोरेट कार्य राज्यमंत्री
    - ❖ श्री सुरेश प्रभु, माननीय संसद् सदस्य
    - ❖ श्री इनजेती श्रीनिवास, सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**(V) अन्य पहलें**

सीए पाठ्यक्रमों और आईसीएआई की पहलों का संवर्धन करने वाला विज्ञापन – सीए पाठ्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा प्रस्थापित सेवाओं का संवर्धन करने हेतु एक विज्ञापन प्रमुख प्रकाशनों में प्रकाशित किया गया था। इसके साथ ही आईसीएआई द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहलों जैसे वर्चुअल प्रबंध और संसूचना कौशल पाठ्यक्रम, ई-पठन, गो ग्रीन आदि के संबंध में भी विज्ञापन तैयार किए गए थे और आईसीएआई के जर्नल में उनका प्रकाशन किया गया था।

आईसीएआई ब्रांड का निर्माण – यूडीआईएन की अवधारणा का संवर्धन करते हुए एक विज्ञापन इन फ्लाइट प्रसुविधाओं – स्पाइस रूट, गो गैटर और विस्तारा के सितंबर, 2019 अंक में प्रकाशित किया गया था।

विज्ञापन – यू.के. के एनएआरआईसी द्वारा आईसीएआई अर्हता की बैंचमार्किंग - यू.के. के एनएआरआईसी द्वारा आईसीएआई अर्हता की बैंचमार्किंग के संबंध में जागरुकता का सृजन करने के लिए एक विज्ञापन तैयार किया गया था और इसका प्रकाशन प्रमुख दैनिक वित्तीय

समाचार-पत्रों में किया गया था । सीए अर्हता की यह बैंचमार्किंग आईसीएआई के सदस्यों की स्थिति को सुदृढ़ करेगी और सीए अर्हता की संगतता और प्रतिष्ठा के संबंध में कारपोरेट जगत में एक बेहतर समझ को तैयार करेगी । यह उच्चतर अध्ययनों के लिए अवसर भी उपलब्ध कराएगी और साथ ही इससे आईसीएआई के सदस्यों/अर्ध-अर्हित वृत्तिकों हेतु यू.के, मध्य-पूर्व और एनएआरआईसी मूल्यांकन को स्वीकार करने वाली अन्य विदेशी अधिकारिताओं में नए-नए वृत्तिक अवसरों में बढोतरी होगी ।

सभी लैंडलाइन टेलीफोन नंबरों और आईसीएआई के कर्मचारियों के लिए आईसीएआई कॉलर ट्यून – ब्रांड छवि का निर्माण करने और आईसीएआई की कारपोरेट पहचान को विकसित करने हेतु एक प्रमुख पहल के रूप में पीआर समूह द्वारा सभी लैंडलाइन टेलीफोन नंबरों और आईसीएआई के सभी कर्मचारियों के लिए एक कालर ट्यून तैयार की गई थी, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था । इस कालर ट्यून का उपयोग आईसीएआई के सभी कर्मचारियों द्वारा उनके मोबाइल फोन पर और साथ ही सभी शासकीय लैंडलाइन टेलीफोन नंबरों के लिए किया जा रहा है । यह कालर ट्यून प्रधान कार्यालय के सभी शासकीय मोबाइल फोनों (एयरटेल) और साथ ही प्रधान कार्यालय स्थित ईपीबीएएक्स (पायलेट संख्या 011-39893989) में भी यह कालर ट्यून चल रही है । सभी प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं को यह अनुरोध करते हुए संसूचना अग्रेषित की गई थी कि वे आईसीएआई के सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोनों और सभी शासकीय लैंडलाइन टेलीफोन नंबरों के लिए इस कॉलर ट्यून को कार्यरत बनाएं ।

वीडियो द्वारा मिथ्या रिपोर्टिंग के संबंध में प्रतिक्रिया के रूप में संपादकों को पत्र – हाल ही में, आईसीएआई के समक्ष कतिपय ऐसी मीडिया रिपोर्टें आई थी, जिनमें वृत्ति और उसके सदस्यों को बुरे रूप में दर्शाया गया था । आईसीएआई ने इस संबंध में कड़े तेवर दर्शित किए थे कि समाचारों को इस रीति में प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, जिसमें वृत्ति की शाख पर धब्बा लगा था । तदनुसार, उन समाचार-पत्रों के संपादकों, जिनमें आईसीएआई की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली प्रतिकूल रिपोर्टों को प्रकाशित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप चार्टर्ड अकाउंटेंट की छवि साधारण जनता के समक्ष धूमिल हुई थी, को पत्र जारी किए गए थे । प्रकाशनों से यह अनुरोध किया गया था कि वे संबंधित मामलों में समुचित शुद्धिपत्र जारी करें ।

आईसीएआई ईयर-बुक 2019-20 – संस्थान/समितियों/विभागों/प्रादेशक कार्यालयों/शाखाओं द्वारा वर्ष के दौरान की गई पहलों और उनकी उपलब्धियों को समाविष्ट करते हुए एक व्यापक दस्तावेज "ईयर-बुक" नामक प्रकाशन के रूप में निकाला गया था । पीआर समूह ने सभी समितियों/शाखाओं /प्रादेशिक कार्यालयों से जानकारी को इकठ्ठा किया था और उसके पश्चात् सभी सामग्री का संकलन और संपादन किया था । ईयर-बुक के डिजाइन को तैयार किया गया था और उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार अंतिम रूप प्रदान किया गया था ।

**जन-संपर्क समिति (12 फरवरी, 2020 – 30 जून, 2020)**

**(I) सीए दिवस, 2020**

- रेडियो – सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत और उसके द्वारा यथा अनुमोदित प्रस्तावों के आधार पर सीए दिवस, 2020 को रेडियो सिटी (13 स्टेशन) के माध्यम से प्रचारित किया गया था । इसके अंतर्गत, 1 जुलाई, 2020 को एक-एक मिनट के विज्ञापन को तीस बार रेडियो सिटी पर प्रसारित किया गया था । इस शो का प्ररूप प्रश्नोत्तरों के रूप में था, जिसमें सामान्य कारबार मुद्दों के संबंध में केंद्रीय परिषद् सदस्यों, आईसीएआई द्वारा प्रश्नों के उत्तर प्रदान किए गए थे । आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साक्षात्कारों को भी रेडियो सिटी पर प्रसारित किया गया था ।
- प्रिंट मीडिया में विज्ञापन – एक चौथाई पृष्ठ के रंगीन विज्ञापनों को तैयार किया गया था और उन्हें पीआर समिति के सचिवालय द्वारा प्रत्यक्ष रूप से मोलभाव की गई दरों पर प्रमुख/वित्तीय/देशी भाषा के समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया गया था ।
- सदभावी संदेश – इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों से सदभावी संदेशों को आमंत्रित किया गया था, जिन्हें सीए दिवस के उपलक्ष्य में निकाले गए चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के विशेष अंक में प्रकाशित किया गया था ।
- आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लघु वीडियो – सीए दिवस के अवसर पर आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के संदेशों को रिकार्ड किया गया था और उन्हें एक लघु वीडियो क्लिक के रूप में तैयार किया गया था । इस क्लिक को, सीए दिवस समारोह के दौरान चलाए जाने के लिए सभी प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं के साथ साझा किया गया था ।

**(II) वेबीनार**

मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित दो वेबीनारों का आयोजन किया गया था, जिनमें से एक को श्रीश्री रवि शंकर, आध्यात्मिक गुरू द्वारा संबोधित किया गया था और यह कोविड-19 परिसंकट के बीच सकारात्मक सोच को बनाए रखने से संबंधित था और दूसरा वेबीनार सिस्टर बी.के. शिवानी, आध्यात्मिक और प्रेरणात्मक वक्ता, ब्रह्म कुमारी विश्व आध्यात्मिक विश्वविद्यालय द्वारा संबोधित किया गया था । इन वेबीनारों को व्यापक रूप से आईसीएआई के सभी सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से प्रचारित किया गया था और इनसे संबंधित बड़ी संख्या में मेल/एसएमएस अखिल भारतीय सदस्यों/छात्रों को भेजे गए थे, जिससे वे इन लाइव सत्रों में भाग ले सके। इन कार्यक्रमों को अत्यधिक सराहा गयाथा और इसमें अनेक सदस्यों/छात्रों ने भाग लिया था ।

**(III) प्रैस कांफ्रेस**

आईसीएआई के नए निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने 13 फरवरी, 2020 को नई दिल्ली में एक प्रैस कांफ्रेस को संबोधित किया था । प्रमुख वित्तीय दैनिक समाचार-पत्रों, न्यूज वायर अभिकरणों, आनलाइन मीडिया और टीवी चैनलों के संपादकों/पत्रकारों को इस प्रैस

कांफ्रेस में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। आईसीएआई के अध्यक्ष ने मीडिया को अनुशासन तंत्र, लेखांकन मानकों के क्षेत्र में हुई नवीनतम घटनाओं से अवगत कराया था और साथ ही आगामी मासों के लिए आईसीएआई की कार्यसूची के बारेर में भी जानकारी दी थी। अध्यक्ष ने पत्रकारों के साथ बातचीत भी की थी और उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया था। इस समाचार को मीडिया द्वारा व्यापक रूप से कवर किया गया था।

**(IV) आईसीएआई मैलर**

आईसीएआई की नवीनतम पहलों के संबंध में सदस्यों को जानकारी प्रदान करने के विचार से आईआईएम जम्मू के साथ एचटीएमएल मैलर से संबंधित आईसीएआई के समझौता ज्ञापन को केंद्रीय परिषद् के सभी सदस्यों, अखिल भारतीय सदस्यों और संसद् सदस्यों (लोक सभा) को अग्रेषित किया गया था। यह विनिश्चय किया गया था कि महत्वपूर्ण जानकारियों को नियमित आधार पर इस मैलर के माध्यम से सदस्यों और पणधारियों को अग्रेषित किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए पीआर समिति और डिजीटल रि-इंजीनियरिंग एंड लर्निंग डारेक्ट्रेट ने इस मैलर को विकसित करने हेतु एक साथ मिलकर कार्य किया था।

**(V) पत्रिकाओं में विज्ञापन /विज्ञापन लेखों/लेखों के माध्यम से ब्रांड छवि का निर्माण**

आईसीएआई और सीए वृत्ति की ब्रांड छवि के निर्माण हेतु यह विनिश्चय किया गया है कि आईसीएआई की पहलों और उपलब्धियों को विज्ञापनों/विज्ञापन लेखों/लेखों/राइटअप के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाएगा। आज की तारीख तक निम्नलिखित विज्ञापन और विज्ञापन प्रकाशित किए गए है :

- इन फ्लाइट पत्रिकाओं – स्पाइस रूट और गो गैटर
- आईसीएआई का संबोधन करने वाला एक विज्ञापन इंडिया टूडे में प्रकाशित किया गया था और साथ ही आईसीएआई द्वारा "संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी केंद्र" ई-स्थापना के संबंध में एक विज्ञापन लेख भी इंडिया टूडे में प्रकाशित किया गया था।
- वार्षिक सभा के लिए, जिसमें सुविख्यात व्यक्तियों द्वारा भाग लिया था, इंडिया टूडे द्वारा निकाली गई कॉफी टेबल बुक (सीटीबी) – "इंडिया टूमारो" में आईसीएआई से संबंधित एक विज्ञापन लेख (दो पृष्ठ का) का प्रकाशन किया गया था।
- स्पाइस रूट पत्रिका में आईसीएआई की हाल ही की पहलों के संबंध में एक लघु लेख प्रकाशित किया गया था।
- वर्तमान कोविड-19 महामारी के दौरान नर्सों के अथक प्रयासों को मान्यता प्रदान करते हुए एक प्रमुख प्रकाशन में आईसीएआई द्वारा इन अगली पंक्ति के योद्धाओं को सम्मानित करते हुए प्रकाशित किया गया था।
- एक विज्ञापन तैयार करके प्रमुख प्रकाशनों में प्रकाशित किया गया था, जिसके माध्यम से सदस्यों/साधारण जनता को 22 मार्च, 2020 को उदघोषित जनता कर्फ्यू के संबंध में अद्यतन जानकारी प्रदान करते हुए और साथ ही उसे समर्थन देते हुए सरकार की इस पहल के संबंध में आईसीएआई की प्रतिबद्धता को दर्शित किया गया था।
- फाउंडेशन पाठ्यक्रम में अनंतिम रजिस्ट्रीकरण हेतु विज्ञापन के लिए 15 दिनों की अवधि के लिए .com/मोबाइल ऐप/सूचीबद्ध प्रकाशनों के डब्ल्यूएपी मंचों पर दो डिजीटल बैनरों को रखा गया था।

**(VI) अन्य पहलें**

- मुद्रण/इलैक्ट्रानिक और आनलाइन मीडिया के अतिरिक्त सोशल मीडिया के माध्यम से संस्थान की सभी प्रमुख पहलों का संवर्धन किया गया था।
- मीडिया को सतत रूप से पाठ्यचर्या, वृत्ति, विदेशी प्रतिनिधि मंडलों के दौरे और अन्य क्रियाकलापों तथा आयोजनों आदि से संबंधित नवीनतम घटनाओं से प्रैस विज्ञप्तियां जारी करके अवगत कराया गया था।
- आज के निरंतर क्रियाशील संदर्भ में चार्टर्ड अकाउंटेंसी वृत्ति की संभावनाओं और परिधि क्षेत्र का, लेखों और साथ ही परस्पर क्रियाशील बैठकों/राष्ट्रीय/प्रादेशिक स्तर पर प्रैस को जारी की गई विज्ञप्तियों और विभिन्न टीवी चैनलों के माध्यम से संवर्धन किया था।
- आईसीएआई के भीतर विभिन्न विभागों, प्रादेशिक कार्यालयों और शाखाओं को, आईसीएआई और उसके कार्यालयों/संबद्ध संगठनों से जोड़े रखने और संसूचना संबंध विकसित करने के विचार से संभार समर्थन उपलब्ध कराया गया था।
- पीआर कार्य के भागरूप में मुद्रण और इलैक्ट्रानिक मीडिया में आईसीएआई की विभिन्न संगोष्ठियों/कार्यक्रमों/आयोजनों को उपयुक्त रूप से कवर किया गया था।

**5.22 अनुसंधान समिति**

अनुसंधान समिति भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की सबसे अधिक पुरानी तकनीकी समितियों में एक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी। अनुसंधान समिति का मुख्य उद्देश्य, वृत्ति द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का मूल्यवर्धन करने के विचार से लेखांकन और अन्य सहबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान करना है। यह समिति लेखांकन पहलुओं के संबंध में मार्गदर्शक टिप्पण तैयार करती है, जिन्हें परिषद् के प्राधिकार के अधीन जारी किया जाता है। समिति, वृत्ति द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के मूल्य में अभिवर्धन करने के लिए साधारण रूप से स्वीकृत लेखांकन और/या संपरीक्षा सिद्धांतों के संबंध में तकनीकी गाइडों, अध्ययनों, मोनाग्राफों आदि को भी निकालती है।

**(I) प्रगतिशील परियोजनाएं**

समिति निम्नलिखित विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है :

- शेयर आधारित संदायों के लिए लेखांकन संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण
- ई-वाणिज्य और क्लाउड संगणना कंपनियों द्वारा लेखांकन संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण
- एएस 25 के लागू होने और अंतरिम वित्तीय परिणामों के लिए आय-कर व्ययों के मापमान संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण
- प्रोदभवन आधार पर लेखांकन संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण
- संविदाकारों की दशा में आवर्त संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण
- व्युत्पन्नियों संबंधी संविदाओं के लेखांकन संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण
- साफ्टवेयर हेतु राजस्व मान्यता संबंधी मार्गदर्शक टिप्पण का पुनरीक्षण

**(II) पुरस्कार**

- **वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार**

इन पुरस्कारों को वर्ष 1958 से वार्षिक रूप से प्रदान किया जा रहा है। विनिर्दिष्ट प्रवर्गों में पुरस्कार विजेताओं का चयन एक 3 टियर ठोस मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है : सर्वप्रथम प्रारंभिक मूल्यांकन तकनीकी पुनर्विलोककों द्वारा किया जाता है, जिसके पश्चात् शील्ड पैनल द्वारा सूचीबद्ध वार्षिक रिपोर्टों का पुनर्विलोकन किया जाता है और इनका अंतिम पुनर्विलोकन एक बाहरी ज्यूरी द्वारा किया जाता है।

वर्ष 2018-19 की प्रतिस्पर्धा के लिए ज्यूरी की बैठक 13 दिसंबर, 2019 को मुंबई में हुई थी, जिसकी अध्यक्षता श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा की गई थी। पुरस्कार विजेताओं का चयन करने के लिए बैठक में भाग लेने वाले ज्यूरी के अन्य सदस्यों में सीए थामस शाजीकदन, संसद् सदस्य, लोक सभा, सीए योगेश गुप्ता, आईपीएस, अपर डीजीपी और विशेष प्रवर्तन निदेशक, पूर्वी भारत, सीए अमरजीत चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए सुनील गोयल, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए प्रवीण कुटुंबे, सदस्य (एफएंडआई), आईआरडीएआई, श्री सुनील कनौजिया, उपाध्यक्ष, एसआरईआई इंफ्रास्ट्रकचर फाइनेंस लिमिटेड और सीसीएम – सरकार के नामनिर्देशिती, सीए सोभेश अग्रवाल, संकाय, आईआईएम अहमदाबाद, श्री वी. कुरियन, पूर्व अपर उप सीएंडएजी, सीए (डा.) गिरिश आहूजा, अध्यक्ष, संपरीक्षा समिति, भारतीय स्टेट बैंक, सीए किशोर रुंगटा, सीएमडी, द फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स ट्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी), सीए निलेश शाह, प्रबंध निदेशक, कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड सम्मिलित थे।

पुरस्कारों की स्कीम के अनुसार सर्वोत्तम प्रविष्टि और दूसरी सर्वोत्तम प्रविष्टि के लिए क्रमशः एक स्वर्ण शील्ड और एक रजत शील्ड पुरस्कार में प्रदान की जाती है। ऊपर उल्लिखित पुरस्कारों के अलावा सराहनीय प्रविष्टियों के लिए पट्टिकाएं पुरस्कार में दी जाती हैं। हाल ऑफ फेम पुरस्कार ऐसे अस्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जो किसी विशिष्ट प्रवर्ग में लगातार पांच स्वर्ण शील्ड का विजेता रहा हो।

'वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार' के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए 23 जनवरी, 2020 को बीएम बिरला सभागार, जयपुर में एक समारोह का आयोजन किया गया था। कुल 11 पुरस्कार प्रदान किए गए थे, जिनमें 4 स्वर्ण शील्ड, 6 रजत शील्ड और 1 पट्टिका सम्मिलित थीं।

- **आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पुरस्कार, 2020**

यह पुरस्कार लेखांकन, संपरीक्षा, कराधान, वित्त और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अनुसंधान अध्येताओं के योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य लेखांकन, वित्त और कराधान तथा संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान क्रियाकलापों को बढावा देने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वाली चुनौतियों की पहचान करने के उद्देश्य से लेखांकन, संपरीक्षा, वित्त, अर्थशास्त्र और कराधान के क्षेत्र में किए गए अनुसंधान क्रियाकलापों में महत्वपूर्ण योगदान को अभिस्वीकृति प्रदान करना है। इन क्षेत्रों में लेखांकन वृत्ति अनुसंधान और ऐसे योगदानों के रूप में लोक हित में अपनी सम्यक् भूमिका निभा सकती है, जिससे उभरते हुए विभिन्न वित्तीय और गैर-वित्तीय जोखिमों को कम करने हेतु नवीन व्यवहारों के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके और वैकल्पिक रूप से लोक हित का संवर्धन करने के लिए उत्तम व्यवहारों को स्थापित किया जा सके। दिए जाने वाले पुरस्कारों में स्वर्ण शील्ड, रजत शील्ड और कांस्ये शील्ड सम्मिलित है। ये पुरस्कार पांच व्यापक प्रवर्गों के अधीन प्रदान किए जाएंगे, अर्थात् लेखांकन, संपरीक्षा, अर्थशास्त्र, वित्त और कराधान।

**(III) स्कीमें**

- **आईसीएआई की डाक्ट्रेट संबंधी छात्रवृत्ति स्कीम 2020 –** यह स्कीम संस्थान के ऐसे सभी सदस्यों के लिए खुली है, जो पीएचडी पाठ्यक्रम पूरा कर रहे हैं और इस स्कीम के अधीन उत्कृष्ट शैक्षिक रिकार्ड वाले ऐसे पात्र अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है, जिनमें संपरीक्षा, कराधान, वाणिज्य, प्रबंध और लेखांकन अनुशासन जैसे अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षिक अनुसंधान करने की प्रवृत्ति और प्रतिबद्धता है। प्रत्येक वर्ष पांच अध्येताओं को तीन वर्ष के लिए पचास हजार रुपए प्रति मास छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

- **आईसीएआई अनुसंधान परियोजना स्कीम 2020 –** यह स्कीम हमारे अनुभव प्राप्त सदस्यों और विख्यात शैक्षिक संस्थानों के संकाय सदस्यों या अनुसंधानकर्ताओं को अनुसंधान संबंधी परियोजनाएं आरंभ करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो हमारे संपूर्ण समाज के लिए साधारण रूप से फायदाप्रद होंगी। दस लाख रुपए की अधिकतम रकम को प्रतिपूर्ति व्यय के रूप में प्रदान किया जाएगा।

**(IV) सम्मेलन/वेबीनार/वर्चुअल बैठकें**

समिति ने, वर्ष के दौरान, वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता, अनुसंधान पद्धति में नई तकनीकों, एमएसएमई उद्योगों में बीमारू उद्योगों के संबंध में और उनके उपचार हेतु अनुसंधान, स्वास्थ्य देखभाल उद्योग में चार्टर्ड अकाउंटेंटों की भूमिका, वृत्तिक आचार – अनुसंधान के लिए परिधि क्षेत्र क्रिप्टो करेंसी : निवेश के लिए एक विकल्प, पूंजी बाजार में अनुसंधान संबंधी वृत्तिक अवसर, अनुसंधान प्रस्ताव तैयार करने संबंधी आशावादी मार्ग जैसे विषयों पर सम्मेलनों/वेबीनारों/वर्चुअल बैठकों का आयोजन किया था।

**(V) वर्ष के दौरान जारी प्रकाशन**

- वित्तीय विवरणों में प्रयुक्त किए जाने वाले पदों की शब्दावली
- माल और सेवाकर (जीएसटी) के अधीन लेखांकन व्यवहारों संबंधी हैंडबुक
- मोशन पिक्चर फिल्मों के लेखांकन संबंधी तकनीकी गाइड

**5.23 पूंजी बाजार और निवेशकों के संरक्षण संबंधी समिति (सीसीएमएंडआईपी)**

पूंजी बाजार और निवेशकों के संरक्षण संबंधी समिति (सीसीएमएंडआईपी) सरकार/विनियामकों को प्रस्तुत किए जाने हेतु, पूंजी बाजार से संबंधित विभिन्न विधेयकों, विनियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों और अन्य दस्तावेजों के संबंध में सुझाव उपलब्ध कराती है। इसके अतिरिक्त, यह समिति विभिन्न मुद्दों के संबंध में नियमित रूप से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ परस्पर क्रियाएं करती है उदाहरणार्थ निक्षेपकर्ताओं से संबंधित, गैर-निष्पादनकारी आस्तियों के प्रबंध, बैंक प्रचालन और पर्यवेक्षण से संबंधित, प्रतिभूतिकरण से संबंधित मुद्दों, गैर-बैककारी वित्त कंपनियों – एनबीएफसी (आरबीआई का गैर बैंककारी वित्त कंपनियों संबंधी विभाग), सहकारी बैंकों के विनियामक प्राधिकरण, उनकी निवेश योजनाओं के संबंध में रणनीति/सिफारिशें, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड आदि। यह समिति प्राथमिक और गौण बाजारों, कंपनियों के अर्जन, समामेलन, विलयन (कर मुक्त क्षेत्र, भागीदारी टिप्पण, चलायमान मुद्रा, निगम शासन विनियामक अनुपालन आदि), परस्पर निधियां, विदेशी संस्थागत निवेशक, मध्यवर्ती, प्रतिभूति विधियां, आदि, अग्रिम बाजार आयोग (एफएमसी), जिसके अंतर्गत एनसीडीएक्स और एमसीएक्स, स्टाक एक्सचेंज भी हैं, पूंजी बाजार और निवेशकों की संरक्षा संबंधी मुद्दों के संबंध में भी सुझाव प्रस्तुत करती है।

वर्ष के दौरान समिति ने निम्नलिखित क्रियाकलाप किए थे :

- राष्ट्र निर्माण में एक अधिमानी भागीदार के रूप में उभरने और साधारण जनता में, वित्तीय प्रतिभूतियों में उनके धन को निवेश करने से संबंधित किए जाने वाले और न किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जागरुकता का सृजन करने और वित्तीय साक्षरता का संवर्धन करने के उद्देश्य से समिति कारपोरेट कार्य मंत्रालय की निवेशक शिक्षा और संरक्षा निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) के तत्वाधान में निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों (आईएपी) का आयोजन करती है। इन कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न संसाधन व्यक्तियों और कार्यक्रम आयोजक इकाईयों (प्रादेशिक परिषदों, शाखाओं, अध्ययन सर्कलों, अध्ययन चैप्टरों और अध्ययन समूहों) के माध्यम से देश भर में किया जाता है।
- समिति ने वर्ष 2019-20 के दौरान संपूर्ण भारत में 623 निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया था, जिसमें कुल 32,300 व्यक्तियों को, जिनमें 10,766 महिलाएं भी सम्मिलित थी, वित्तीय रूप से शिक्षित किया गया था।
- आज की तारीख तक, समिति ने अखिल भारत आधार पर 6223 निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जिसके माध्यम से आईसीएआई ने कुल 3,36,150 से अधिक व्यक्तियों को, जिनमें 1,12,050 महिलाएं भी सम्मिलित थी, वित्तीय रूप से शिक्षित किया है।
- समिति ने निवेशक शिक्षा संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) के तत्वाधान में निवेशक शिक्षा और जागरुकता के संबंध में भुवनेश्वर और धर्मशाला में राज्य स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन किया था।
- आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं द्वारा 29 निवेशक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।
- समिति को एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, अर्थात् "विदेशी मुद्रा और खजाना प्रबंध संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम" का आयोजन करने का कार्य सौंपा गया है।
- समिति ने, विदेशी मुद्रा और खजाना प्रबंध संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 55 आफलाइन बैचों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस अवधि के दौरान समिति ने विदेशी मुद्रा और खजाना प्रबंध संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के 2 बैचों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है, जिनमें आईसीएआई के कुल 46 सदस्यों ने विदेशी मुद्रा और खजाना प्रबंध संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या के लिए अपना नामांकन किया था।
- समिति ने, पूर्व में 23 और 24 नवंबर, 2019 के दौरान आयोजित विदेशी मुद्रा और खजाना प्रबंध संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के पूर्व बैचों के लिए आयोजित मूल्यांकन परीक्षा के परिणामों की घोषणा 11 फरवरी, 2020 को की थी।

- समिति ने, चार्टर्ड अकाउंटेंटों, तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड के कार्यपालकों हेतु 16 से 18 दिसंबर, 2019 के दौरान बीकेसी, मुंबई में ओएनजीसी के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय वित्त संबंधी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था।
- समिति ने वर्ष के दौरान, सदस्यों के वृत्तिक विकास के लिए पूंजी बाजार संबंधी आरआरसी, प्रतिस्पर्धा संबंधी नए आयाम – चार्टर्ड अकाउंटेंटों को भविष्य की चुनौतियों हेतु तैयार करने, विषय पर चैल, हिमाचल प्रदेश और लुधियाना में विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशालाओं/राष्ट्रीय सम्मेलनों/वेबकास्टों का आयोजन किया था।

### 5.24 संपरीक्षा समिति

संपरीक्षा समिति का गठन संस्थान की परिषद् द्वारा शासित होता है। संपरीक्षा समिति, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सत्य और उचित हैं, संस्थान की वित्तीय सूचना की रिपोर्टिंग प्रक्रिया और प्रकटन का पुनर्विलोकन करती है। यह समिति संस्थान की विभिन्न इकाईयों के लिए संपरीक्षकों की नियुक्ति करती है, संपरीक्षा रिपोर्टों का पुनर्विलोकन करती है, अनुवर्ती कार्रवाई करती है और संस्थान की विभिन्न इकाईयों के संपरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के संबंध में उपयुक्त कार्रवाई की सिफारिश करती है। यह संस्थान की विभिन्न इकाईयों हेतु संपरीक्षकों की नियुक्ति करते समय स्वतंत्रता और ईमानदारी को सुनिश्चित करती है। संपरीक्षा समिति, उसकी प्रत्येक प्रादेशिक परिषदों में अवस्थित पांच प्रादेशिक संपरीक्षा समितियों के माध्यम से प्रचालन करती है।

### 5.25 अंकीय पुन: इंजीनियरी और पठन निदेशालय (डीआरएलडी)

#### महत्वपूर्ण उपलब्धियां/पहलें

- आईसीएआई डिजीटल पठन केंद्र – आईसीएआई ने अपने डिजीटल पठन केंद्र को विभिन्न विषयों पर ई-पुस्तकों और वीडियो व्याख्यानों को सम्मिलित करके समृद्ध बनाया है। सीपीई घंटों के प्रावधान के साथ डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंटों के सतत पठन को सुनिश्चित किया जाता है। फिलहाल, इस डिजीटल पठन केंद्र तक पहुंच बनाने के लिए कोई फीस प्रभारित नहीं की जा रही है। अनेक नए पाठ्यक्रम केंद्र और पाठ्यक्रम इस डिजीटल पठन केंद्र पर आरंभ किए गए हैं और अन्य अनेकों को इस पर रखे जाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। डिजीटल पठन केंद्र का लिंक https://learning.icai.org/iDH/icai/home के अंतर्गत उपलब्ध है।
- नई और समुन्नत वेबसाइट icai.org का शुभारंभ – icai.org वेबसाइट में आमूल-चूल सुधार किए गए है, जिससे उसे नए रूप और अनुभव के साथ प्रस्तुत किया जा सके तथा उसे परिवर्तनशील समय और प्रौद्योगिकी के अनुरूप बनाकर सभी पणधारियों के अनुभव को समृद्ध बनाया जा सके। नई वेबसाइट में सुगम खोज वाली अंतर्वस्तुएं, भिन्न-भिन्न ब्राउजरों और युक्तियों से समन्वयता और अंतर्वस्तु तक त्वरित पहुंच को सम्मिलित किया गया है।
- आईसीएआई ने अपने डिजीटल पठन केंद्र और आईसीएआई मोबाइल ऐप के लिए व्यापार चिह्न रजिस्ट्रीकरण भी करा लिया है।
- आईसीएआई ने सर्वप्रथम रूप से आनलाइन पद्धति से एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया है (वर्चुअल लाइव कक्षाएं), जो सदस्यों की किसी भी स्थान से पठन करने में सहायता कर रहा है।
- नई वर्चुअल कक्षा प्रौद्योगिकी के माध्यम से समकालीन और उभरते विषयों संबंधी वेबीनारों और बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।
- आईसीएआई के लिए लागत को कम करने संबंधी पहलें, अर्थात् शाखाओं/प्रादेशिक कार्यालयों आदि में वीपीएन कनेक्टिविटी को हटाए जाने के लिए इंटरनेट पर वीआईपी को स्थापित (सीएलटीआरआईएफ) संबंधी कार्य किया जा रहा है।
- आईसीएआई मोबाइल ऐप – आईसीएआई नावो और आईसीएआई के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने आईसीएआई के विभिन्न आयोजनों, आईसीएआई की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और पहलों को बिना किसी लागत के आईसीएआई के छात्रों, सदस्यों और अन्य पणधारियों के बीच लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।
- आईसीएआई आंतरिक टिप्पण पोर्टल – इस पोर्टल को आंतरिक टिप्पण के अनुमोदन संबंधी प्रक्रिया को कागज रहित बनाने और साथ ही इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी रूप से सरल तथा कारगर बनाने के लिए इस पोर्टल को आरंभ किया गया है।
- कोविड-19 – संसाधन पृष्ठ – कोरोना वायरस कोविड-19 महामारी के दौरान सीए सदस्यों, छात्रों और आईसीएआई के कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण उदघोषणाओं के संकलन को वेबसाइट, मोबाइल ऐप और सोशल मीडिया पर रखा जाता है तथा उन्हें नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।
- 'कोविड-19 पश्च परिदृश्य में वृत्ति का भविष्य – वर्चुअल लेखांकन फर्में' विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया था, जिसमें बहु प्रकार के विषयों, अर्थात् प्रौद्योगिकी समर्थ वर्चुअल फर्म – उपकरण, प्रौद्योगिकी और अवसंरचना, दूर से ही कार्यों और दलों का प्रबंध करना – भूमिकाएं, उत्तरदायित्व और रिपोर्टिंग, डाटा प्रबंध के लिए क्लाउड संगणना रणनीति को अपनाया जाना, साइबर सुरक्षा – वर्चुअल परिस्थितियों से संबंधित जोखिमों में कमी लाना और ग्राहकों को कहीं से भी और किसी भी समय समर्थन उपलब्ध कराना, पर विचार-विमर्श किया गया था।

### 5.26 क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड (क्यूआरबी)

क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड का गठन 28 जून, 2007 को केंद्रीय सरकार द्वार निम्नलिखित कृत्य करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 28क के अधीन उसमें निहित शक्ति के अनुसार किया गया था :

- आईसीएआई के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में परिषद् को सिफारिशें करना ;
- आईसीएआई के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के पुनर्विलोकन के लिए, जिसके अंतर्गत संपरीक्षा सेवाएं भी हैं ; और
- आईसीएआई के सदस्यों को सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में मार्गदर्शन देने तथा विभिन्न कानूनी और अन्य विनियामक अपेक्षाओं के पालन हेतु ।

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 1 की उपधारा (2) के खंड (ण) के अधीन परिषद् के कृत्यों में से एक कृत्य आईसीएआई के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में इसके द्वारा की गई क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड की सिफारिशों पर विचार करना भी है । उपरोक्त खंड (ण) यह प्रावधान भी करता है कि ऐसी सिफारिशों पर की गई कार्रवाई के ब्यौरे इसकी वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित किए जाएंगे । उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार, रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान परिषद् को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 28ख(क) के अधीन तीन निर्देश सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में गुणवत्ता पुनर्विलोकन बोर्ड से प्राप्त हुआ । उस पर परिषद् द्वारा वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2019 से मार्च, 2020 के दौरान आयोजित हुई बैठक में विचार किया गया । की गई कार्रवाई के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :--

- आईसीएआई की अनुशासन तंत्र के अधीन और अन्वेषण करने के लिए निदेशक (अनुशासन) को निर्दिष्ट निर्देशों की संख्या - 3
- निर्देशों की संख्या, जहां तकनीकी पुनर्विलोकक की टिप्पणियां सदस्यों/फर्मों को सलाह के रूप में जारी किए जाने का निर्णय लिया गया - शून्य ।
- निर्देशों की संख्या, जिन्हें बंद करने का निर्णय लिया गया – शून्य ।
- परिषद् के विचार हेतु लंबित निर्देशों की संख्या – शून्य ।

### 5.27 प्रबंधन समिति

परिषद् की अस्थायी समिति के रूप में 2015 में गठित प्रबंधन समिति, शाखाओं के गठन, विदेश में चैप्टरों की स्थापना, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ एमओयू/एमआरए, आईसीएआई के केंद्रीय संपरीक्षकों की नियुक्ति, संस्थान के वार्षिक लेखे, केंद्रीय सरकार और अन्य विनियामक निकायों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 में संशोधनों के प्रस्तावों, उसके अधीन विरचित नियमों और विनियमों, क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के विषयों, सदस्यों/सीए फर्मों/एलएलपी/विलयन/ निर्विलयन/ नेटवर्किंग संबंधित विषयों और प्रशासनिक तथा नीतिगत विवक्षाओं वाली संस्थान की अन्य समितियों/विभागों से प्राप्त प्रस्तावों तथा जब कभी अपेक्षित हो, इसकी सिफारिशें परिषद् को करने से संबंधित विषयों पर विचार करने के लिए आदेशित है ।

### 5.28 मूल्यांकन मानक बोर्ड

मूल्यांकन मानक बोर्ड को आईसीएआई से मूल्यांकन मानक जारी करने पर ध्यान देने के लिए गठित किया गया है । बोर्ड मानकों के कार्यान्वयन के लिए समय-समय पर निर्वचन, मार्गदर्शन और तकनीकी सामग्री प्रदान करने पर भी ध्यान देता है ।

### महत्वपूर्ण उपलब्धियां और पहलें

### (I) सरकार के साथ विधि निर्माण प्रक्रिया को सुकर बनाना

- **आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018, चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए लागू मूल्यांकन व्यवहारों हेतु मानदंड के रूप में –** संस्थान द्वारा जारी किए गए आईसीएआई मूल्यांकन मानक संकल्पनाओं, सिद्धांतों और प्रक्रियाओं की स्थापना के लिए हैं, जो भारत में प्रचलित विधिक ढांचे तथा व्यवहारों के संबंध में सामान्यत: अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य हैं । व्यवहार के इस आला स्थान में सर्वोत्तम व्यवहारों के संवर्धन की दृष्टि से, आईसीएआई मूल्यांकन मानक, आगम में एकरूपता तथा मूल्यांकन आउटपुट की गणुवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंटों हेतु ढांचा अधिकथित करते हैं ।
- **विशेषज्ञों की समिति द्वारा एक सांस्थानिक ढांचे और मूल्यांकन वृत्ति के विकास की आवश्यकता का परीक्षण –** विनियमन के लिए सांस्थानिक ढांचे तथा मूल्यांकन वृत्तिकों के विकास के परीक्षण हेतु कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने विशेषज्ञों की आठ सदस्यीय समिति का गठन किया । आईसीएआई समिति का सदस्य है और उसने समिति द्वारा किए गए विस्तृत विचार-विमर्श में भागीदारी की है । समिति ने प्रारूप मूल्यांकक विधेयक, 2020 तैयार और प्रस्तुत किया है । सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों की समिति ने राष्ट्रीय मूल्यांकक संस्थान की स्थापना करके मूल्यांककों के लिए सांस्थानिक ढांचा प्रस्तावित किया है।
- **कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन नियम), 2017 के नियम 19 के अधीन एमसीए द्वारा गठित मूल्यांकक विषयों पर सलाह देने के लिए समिति –** मंत्रालय ने एक समिति का गठन कंपनियों तथा रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों द्वारा अनुपालन के लिए मूल्यांकन मानकों और नीतियों को विरचित और अधिकथित करने पर केंद्रीय सरकार को सिफारिशें करने के लिए किया । आईसीएआई मूल्यांकक विषयों पर सलाह देने के लिए समिति का एक सदस्य है ।

- **विशेषज्ञों की समिति द्वारा पहचाने गए मुद्दों पर चर्चा हेतु गोलमेज सम्मेलन –** आईसीएआई ने अपने मूल्यांकन मानक बोर्ड के मध्यम से मूल्यांकन वृत्तिकों के विनियमन और विकास हेतु आवश्यकता के परीक्षण के लिए गठित विशेषज्ञों की समिति द्वारा पहचाने गए 40 मुद्दों पर चर्चा के लिए विभिन्न स्थानों पर गोलमेज सम्मेलन आयोजित किए । गोलमेज सम्मेलन अहमदाबाद, कोलकाता, मुंबई, बंगलौर, रायपुर, हैदराबाद और चेन्नई में किए गए । की गई चर्चा से उत्पन्न बिन्दुओं को आईसीएआई को प्रस्तुत किया गया ।
- वैश्विक व्यवहारों तथा भारतीय विधियों और व्यवहारों के आधार पर आईसीएआई मानकों के रूप में विरचित किए गए भारतीय मूल्यांकक मानकों को विरचित करने के लिए आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 का उपयोग करने के लिए अनुरोध करने हेतु एमसीए और आईबीबीआई के पदाधिकारियों के साथ बैठक ।

**(II) मूल्यांकनों को अनिवार्य करने तथा आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को अंगीकृत करने के संबंध में विनियामकों/बैंकों को अभ्यावेदन**

कारपोरेट कार्य मंत्रालय/सेबी/एसबीआई और आरबीआई को निम्नलिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत किए गए हैं :--

- भारतीय लेखांकन मानक के अधीन मूल्यांकन अनिवार्य करने के अनुरोध के संबंध में एमसीए को पत्र प्रस्तुत किया गया, जहां रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक द्वारा पृथक् मूल्यांकन रिपोर्ट जारी किया जाना अपेक्षित है और ऐसे मूल्यांकन के लिए आईसीएआई मूल्यांकन मानकों का अनुसरण किया जाना है ।
- भारतीय स्टेट बैंक को, पैनलित करने में अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानक सम्मिलित न करने तथा राष्ट्रीय मानकों के रूप में आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को अंगीकृत करने के लिए पत्र भेजा गया क्योंकि भारत में निर्मित संकल्पना रखनी चाहिए ।
- भारतीय रिजर्व बैंक को पैनलबद्ध किए जाने संबंधी प्रक्रिया में अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानकों को सम्मिलित न किए जाने और भारत में विद्यमान आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को राष्ट्रीय मानकों के रूप में अपनाए जाने संबंधी एक पत्र भेजा गया था, जिससे भारत में निर्मित उत्पादों संबंधी अवधारणा को स्थापित किया जा सके ।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी विनियमों और अन्य अपेक्षाओं के अधीन मूल्यांकन अनिवार्य करने के अनुरोध के साथ सेबी को पत्र भेजा गया, जहां रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक द्वारा पृथक् मूल्यांकन रिपोर्ट जारी किया जाना अपेक्षित है तथा आईसीएआई मूल्यांकन मानक ऐसे मूल्यांकन के लिए अनुसरित किया जाना है ।
- आय-कर अधिनियम, 1961 के अधीन रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक द्वारा मूल्यांकन अनिवार्य करने तथा ऐसे मूल्यांकन के लिए अनुसरण किए जाने वाले आईसीएआई मूल्यांकन मानकों के अनुरोध हेतु सीबीडीटी को पत्र भेजा गया ।

**(III) एमसीए को प्रस्तुति**

- **प्रारूप मूल्यांकक विधेयक, 2020 पर आईसीएआई को सुझाव –** विशेषज्ञों की समिति, जिसका गठन मूल्यांकन वृत्तिकों के विनियमन और विकास हेतु सांस्थानिक ढांचे की आवश्यकता के परीक्षण के लिए किया गया था, ने अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को सौंप दी है, जिसके साथ प्रारूप मूल्यांकक विधेयक, 2020 संलग्न था । आईसीएआई भी समिति का सदस्य है और उसने समिति द्वारा किए गए विस्तृत विचार-विमर्श में भागीदारी की है । आईसीएआई की सिफारिशें कारपोरेट कार्य मंत्रालय को सौंप दी गई हैं ।
- **आईबीएससी की तुलना में आईसीएआई मूल्यांकन मानकों की विशिष्ट विशेषताओं पर विस्तृत दस्तावेज –** कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने आईसीएआई द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानकों की तुलना में आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 की विशिष्ट विशेषताओं को प्रस्तुत करने का अनुरोध आईसीएआई से किया है । इस संबंध में, आईबीएससी द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन मानकों की तुलना में आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 की विशिष्ट विशेषताएं बताने वाला एक विस्तृत दस्तावेज एमपीए को प्रस्तुत किया गया है ।

**(IV) अन्य पहलें**

- **आईसीएआई तथा आईसीएआईआरबीओ द्वारा लाए गए ऋजु मूल्य की संपूर्ण जानकारी पर संकल्पना पत्र –** ऋजु मूल्य की संकल्पना और इसके विभिन्न पहलुओं के महत्व को देखते हुए, मूल्यांकन मानक बोर्ड ने भारतीय लेखांकन मानक 113 के अनुसार ऋजु मूल्य के विभिन्न मुख्य पहलुओं पर विशेष बल देते हुए "ऋजु मूल्य के बारे में सब कुछ", उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग पर आधारित मूल्य के निर्धारण के लिए प्रतिफल, जहां उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग विद्यमान उपयोग से अलग है, ऋजु मूल्य को प्रभावित करने वाले कारक तथा ऋजु मूल्य में निर्गत कीमत की सुसंगतता पर एक संकल्पना पत्र लाने का निर्णय किया । इस संकल्पना पत्र में, एसएंडपी 500 पर सूचीबद्ध 505 कंपनियों का विश्लेषण वर्ष 1990 से ऋजु मूल्य लेखांकन से संबंधित डाटा की पहचान करके, वित्तीय वर्ष 1989-90 से निफ्टी 50 के वित्तीय कथनों में ऋजु मूल्य प्रभाव के विश्लेषण के साथ किया गया है । संकल्पना पत्र लिंक https://resource.icai.org/59299icairvo48306.pdf पर उपलब्ध है ।
- **मूल्यांकन रिपोर्टों के समकक्ष पुनर्विलोकन के निष्कर्षों पर संकल्पना पत्र –** आईसीएआई रजिस्टर्ड मूल्यांकन संगठन के साथ मूल्यांकन मानक बोर्ड ने मूल्यांकन रिपोर्टों के समकक्ष पुनर्विलोकन के निष्कर्षों पर संकल्पना पत्र तैयार किया है । संकल्पना पत्र रजिस्टर्ड मूल्यांकन को प्रक्रिया के साथ-साथ मूल्यांकक रिपोर्टों के समकक्ष पुनर्विलोकन के निष्कर्षों को जानने तथा मुख्य

घटावों को समझने के दृष्टिकोण से तैयार किया गया है । संकल्पना पत्र निम्नलिखित लिंक पर वेबसाइट पर उपलब्ध है : https://icairvo.s3.amazonaws.com/media/documents/Findings of Peer review workshop 14022020.pdf

- **एसएएफए देशों के साथ आईसीएआई मूल्यांकन मानक का आउटरीच कार्यक्रम –** आईसीएआई मूल्यांकन मानकों के संबंध में जागरुकता के सृजन तथा सभी एसएएफए देशों में पारदर्शिता और एकरूपता के लिए आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को अंगीकृत करने हेतु, बोर्ड ने आईसीएआई मूल्यांकन मानकों को अंगीकृत करने के लिए एसएएफए देशों के साथ सक्रिय सहयोग का प्रस्ताव किया है । एसएएफए बोर्ड ने अपनी 58वीं बैठक में एसएएफए देशों में आईसीएआई द्वारा जारी मूल्यांकन मानकों पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आईसीएआई के प्रस्ताव पर विचार करके, सैद्धांतिक रूप से उस पर सहमति दी । बोर्ड ने निम्नलिखित का उत्तरदायित्व लेकर एसएएफए देशों में आईसीएआई मूल्यांकन मानकों के कार्यान्वयन में सहयोग की योजना बनाई है :
  - शैक्षणिक सामग्री व्यवहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शक टिप्पण, बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न, निर्वचन, प्रकाशन आदि तैयार करके ।
  - मूल्यांकन मानकों की विभिन्न अपेक्षाओं पर जागरुकता के सृजन के लिए मूल्यांकन मानकों पर कार्यक्रम आयोजित करके ।
  - मूल्यांकन रिपोर्ट का प्रारूप प्रदान करेगा, जिससे रिपोर्टिंग एक रूप तथा तुलनीय हो ।

**(V) प्रकाशन**

- मूल्यांकन : वृत्तिक अंतदृष्टि : श्रृंखला 4
- मूल्यांकन : वृत्तिक अंतदृष्टि श्रृंखला 3 जुलाई, 2019
- वे प्रकाशन, जिन्हें डिजीटल पठन केंद्र पर लाइव किया गया है, निम्नानुसार हैं :--
  - आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018
  - मूल्यांकन संबंधी बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न
  - मूल्यांकन संबंधी तकनीकी गाइड (पुनरीक्षित 2018 संस्करण)
  - मूल्यांकन : वृत्तिक अंतदृष्टि – श्रृंखला – 1
  - मूल्यांकन : वृत्तिक अंतदृष्टि – श्रृंखला – 2

**(VI) वेबकास्ट/कार्यक्रम**

- **लाइव वेबकास्ट : कोविड-19 दशाओं के अधीन एनबीएफसी तथा मूल्यांकन तथा मूल्यांकन पर प्रभाव –** आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड ने 5 जून, 2020 को "कोविड-19 दशाओं के अधीन एनबीएफसी तथा मूल्यांकन" पर एक लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया । वेबकास्ट में अध्यक्ष, आईसीएआई के साथ-साथ, उपाध्यक्ष आईसीएआई, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष वीएसबी तथा ख्यातिप्राप्त पैनलिस्टों ने संबोधित किया । वेबकास्ट में 15000 से अधिक सदस्य उपस्थित हुए तथा इसे निम्नलिखित लिंक पर होस्ट किया गया : http://ecpl.live/icai/vsb/05062020/
- **प्रारूप मूल्यांकक विधेयक पर चर्चा के लिए लाइव वेबकास्ट –** कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने आठ सदस्यीय समिति का गठन मूल्यांकन वृत्तिकों के विनियमन और विकास के लिए सांस्थानिक ढांचे की आवश्यकता के परीक्षण हेतु किया तथा समिति ने प्रारूप मूल्यांकक विधेयक, 2020 तैयार और प्रस्तुत किया । सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों की समिति ने राष्ट्रीय मूल्यांकक संस्थान की स्थापना करके मूल्यांककों के लिए एक सांस्थानिक ढांचे का प्रस्ताव किया है । प्रारूप मूल्यांकक विधेयक, 2020 के विभिन्न पहलुओं पर और चर्चा करने के लिए मूल्यांकन मानक बोर्ड ने अप्रैल और मई, 2020 मास में दो वेबकास्ट आयोजित किए थे, जिनमें भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के अधिकारियों द्वारा प्रावधानों को समझाया गया । वेबकास्ट में आईबीबीआई के अन्य अधिकारियों के साथ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वीएसबी तथा श्री सुधाकर शुक्ला, पूर्णकालिक सदस्य, आईबीबीआई द्वारा भी संबोधन दिया गया । पणधारियों द्वारा वेबकास्ट का स्वागत किया गया तथा 10000 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित हुए और यह लिंक : http://ecpl.live/icai/rvo/27052020/ और http://ecpl.live/icai/rvo/28042020/ पर उपलब्ध है ।
- **"रजिस्टर्ड मूल्यांकक के लिए मूल्यांकन मानक तथा आचार संहिता" –** आईसीएआई आरवीओ के साथ संयुक्त रूप से मूल्यांकन मानक बोर्ड ने 19 अप्रैल, 2019 को "रजिस्टर्ड मूल्यांकक के लिए मूल्यांकन मानक तथा आचार संहिता" पर एक वेबकास्ट का आयोजन किया । वेबकास्ट का प्रयोजन कोई विशिष्ट मूल्यांकन कार्य करते समय अनुसरण किए जाने वाले मूल्यांकन मानकों तथा आचार संहिता के संबंध में बड़ी संख्या में श्रोताओं को जानकारी प्रदान करना था । वेबकास्ट में डा. नवरंग सैनी, पूर्णकालिक सदस्य, दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) द्वारा संबोधन दिया गया । वेबकास्ट को 4000 से अधिक सदस्यों द्वारा देखा गया और निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है : http://ecpl.live/icai/19042020/

- **"विभिन्न विधियों के अधीन मूल्यांकन और मूल्यांकन मानक अनुपालन तथा अन्य पहलूओं" पर लाइव वेबकास्ट के दौरान उठाए गए प्रश्नों के उत्तर –** "विभिन्न विधियों के अधीन मूल्यांकन और मूल्यांकन मानक अनुपालन तथा अन्य पहलूओं" पर 19 अप्रैल, 2020 को हुए लाइव वेबकास्ट के दौरान उठाए गए प्रश्नों को आधार पर कार्यालय ने प्रश्नों के उत्तर तैयार किए । उन्हें आईसीएआई की वेबसाइट पर होस्ट किया गया तथा वे लिंक : http://resource.cdn.icai.org/59538vsb48459.pdf पर उपलब्ध है ।
- **क्षेत्रीय परिषद् और शाखाओं द्वारा संचालित किए जाने वाले आईसीएआई मूल्यांकन मानकों संबंधी जागरुकता कार्यक्रम –** मूल्यांकन मानक बोर्ड ने क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के साथ संयुक्त रूप से आईसीएआई मूल्यांकन मानकों पर आधे दिन का जागरुकता कार्यक्रम संचालित किया था ताकि हमारे सदस्य आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 के अनुसार मूल्यांकन मानक और आचरण मूल्यांकनों से पूर्ण सुसज्जित रहें ।

### 5.29 कराधान संपरीक्षा गुणवत्ता पुनर्विलोकन बोर्ड (टीएक्यूआरबी)

राष्ट्र की सेवा करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) कराधान विधियों के अधीन अनुपालन की रिपोर्टिंग के सुधारने के लिए कराधान संपरीक्षा क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड का गठन वर्ष 2018-19 में परिषद् द्वारा किया गया है । यह विचार किया गया है कि बोर्ड द्वारा किए गए पुनर्विलोकन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्वक्ष और अप्रत्यक्ष कराधान के अधीन विहित विभिन्न रिपोर्टों को प्रमाणित करते समय सदस्य अधिक सावधानी बरतेंगे तथा दीर्घ समय में उनके द्वारा की गई संपूर्ण रिपोर्टिंग तथा प्रमाणीकरण में सुधार होगा ।

**क्रियाकलाप/पहलें**

**(I) परिषद् वर्ष 2018-19 के दौरान चयनित कर संपरीक्षा रिपोर्टों के पुनर्विलोकन की प्रास्थिति**

बोर्ड ने परिषद् वर्ष 2018-19 के दौरान 100 कंपनियों का चयन स्वप्रेरणा से निर्धारण वर्ष 2017-18 के संबंध में उनकी कर संपरीक्षा रिपोर्टों के पुनर्विलोकन के लिए किया । इस संबंध में 95 कर संपरीक्षा रिपोर्टें कर संपरीक्षकों से प्राप्त हुई हैं । इन रिपोर्टों का प्रारंभिक पुनर्विलोकन बोर्ड के पास पैनलित तकनीकी पुनर्विलोककों द्वारा पूर्ण किया गया है । इनमें से 91 प्रारंभिक पुनर्विलोकन रिपोर्टें उन रिपोर्टों को द्वितीयक पुनर्विलोकन के लिए विभिन्न बोर्ड सदस्यों की संयोजकता के अधीन गठित कराधान संपरीक्षा गुणवत्ता पुनर्विलोकन समूहों को दिया गया है । इन समूहों की रिपोर्टों पर बोर्ड द्वारा विचार किया जा रहा है, जिसमें बोर्ड ने निम्नलिखित निर्णय लिया है :

- कतिपय पहलुओं के संबंध में संपरीक्षक को परामर्श पत्र जारी करना ।
- कर संपरीक्षाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए जागरुकता के प्रसार के प्रयोजन के लिए सदस्यों द्वारा की जा रही सामान्य गलतियों को चिह्नित करना ।

**(II) वर्ष 2020-21 के दौरान रिपोर्टों का चयन**

बोर्ड ने वर्ष 2020-21 के दौरान वित्तीय वर्ष 2018-19 (निर्धारण वर्ष 2019-20) के लिए 104 रिपोर्टें (कर संपरीक्षा के लिए 100+4 जीएटी) चयनित करने का निर्णय लिया है । बोर्ड ने जीएसटी के लिए संपरीक्षा रिपोर्टों की कम संख्या का चयन किया है, चूंकि जीएसटी विधि अपनी आरंभिक अवस्था में है । बोर्ड ने अधिक रिपोर्टों को चयनित करने का निर्णय लिया जब एकबार विधि की स्थापना हो जाए।

**(III) टीएक्यूआरबी पर नामित होने के लिए सीबीडीटी तथा सीबीआईसी को अनुरोध**

इस तथ्य पर विचार करते हुए कि टीएक्यूआरबी के गठन का उद्देश्य कराधान विधियों के अधीन अनुपालनों की रिपोर्टिंग में सुधार करना है, 11 फरवरी, 2021 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए आईसीएआई के कराधान संपरीक्षा क्वालिटी पुनर्विलोकन बोर्ड की बैठकों में भागीदारी के लिए सीबीडीटी और सीबीआईसी से क्रमश: एक विशेष अतिथि नामित करने का अनुरोध अध्यक्ष सीबीडीटी तथा अध्यक्ष सीबीआईसी से किया गया है । यह विचार किया गया है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमाशुल्क बोर्ड के नामितों की सक्रिय भागीदारी, इस प्रयोग में किए गए क्रियाकलापों में गुणवत्तात्मक मूल्य जोडेंगी ।

**(IV) कर संपरीक्षा में सामान्य त्रुटियां**

रिपोर्टों पर विचार करते समय बोर्ड ने कतिपय संप्रेक्षण किए हैं, जिन पर सदस्यों का ध्यान अपेक्षित होगा । बोर्ड ने निर्णय किया है कि उचित समय पर ये संप्रेक्षण/मुद्दे बोर्ड द्वारा संपादित किए जा सकते हैं तथा "कर संपरीक्षा में सामान्य त्रुटियों" के रूप में प्रकाशित किए जा सकते हैं तथा की जा रही त्रुटियों के बारे में जागरुकता के प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ।

### 5.30 दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (सीआईबीसी) संबंधी समिति

आईसीएआई की दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संबंधी समिति का गठन दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता पर विशेष जोर देने के लिए किया गया है । यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है तथा इसने सदस्यों के लिए एक नए वृत्तिक अवसर का सृजन किया है । समिति का उद्देश्य विधि के व्यवहारिक पहलुओं तथा प्रक्रिया पर बड़े पैमाने पर सदस्यों में दिवाला संकल्प क्षेत्र में व्यवहार के नए क्षेत्र के बारे में जागरुकता लाना तथा सदस्यों को शिक्षित करना है ।

**(I) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की ओर**

- आईसीएआई भारत सरकार द्वारा दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के कार्यान्वयन के पुनर्विलोकन हेतु स्थायी समिति के रूप में गठित दिवाला विधि समिति के सदस्य के रूप में योगदान दे रहा है।
- वित्त संबंधी माननीय स्थायी समिति ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2019 पर आईसीएआई से विचार/सुझाव मांगे थे तथा आईसीएआई ने जनवरी, 2020 में माननीय समिति को अपना उत्तर प्रस्तुत किया।

**(II) प्रकाशनों को जारी करना**

- **दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (पुनरीक्षित, 2019 संस्करण)**

  समिति ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 में हुए संशोधनों को सम्मिलित करते हुए, "दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 पर बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न" (पुनरीक्षित, 2019 संस्करण) प्रकाशित किया है।

- **दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अधीन न्यायिक निर्णय**

  समिति ने आईसीएआई के भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान के साथ उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, एनसीएलएटी और एनसीएलटी द्वारा निर्णयों के आधार पर संहिता के अधीन मुद्दों पर महत्वपूर्ण मामलों के विश्लेषण को सम्मिलित करते हुए "दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 – न्यायिक उदघोषणाएं श्रृंखला 3" का प्रकाशन किया है।

**(III) दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता पर अद्यतन जानकारी**

- समिति ने सदस्यों के फायदे के लिए दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता पर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की है। अद्यतन जानकारी, अद्यतन मामलों, अद्यतन समाचारों के साथ-साथ समिति की पहलों पर भी सूचना देती है।

**(IV) संगोष्ठी/कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम/जागरुकता कार्यक्रम**

- समिति ने वर्ष के दौरान, जयपुर, मुंबई, नोएडा, नागपुर, गाजियाबाद, तिरुनेलवेली, पुणे, विशाखपट्टनम, रायपुर, गांधीधाम, कोलकाता, हैदराबाद और जोधपुर में स्नातक दिवाला कार्यक्रम, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, आईबीसी और आईबीबीआई सीमित, दिवाला परीक्षा, जीएसटी एंड आईबीसी दिवाला परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के अधीन सीए. के वृत्तिक अवसरों पर संगोष्ठीयों/कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों/जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

**(V) वेबकास्ट**

समिति ने वर्ष के दौरान दिवाला : कई अवसरों के साथ एक उभरता व्यवसाय, युवा सदस्यों के लिए स्नातक दिवाला कार्यक्रम, आईबीसी की कार्यवाहियों पर कोविड-19 का प्रभाव, आईबीसी के अधीन एस्सार स्टील समाधान के प्रमुख पहलुओं का मामला अध्ययन और आईबीसी के अधीन बिनानी सीमेंट समाधान का मामला अध्ययन पर लाइव वेबकास्ट आयोजित किए।

**5.31 महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय (डब्ल्यूएमईडी)**

आईसीएआई ने अपनी महिला सदस्यों के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं, नीतियां और उपाय विरचित और कार्यान्वित करने के लिए महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय की स्थापना की है। डब्ल्यूएमईडी क्षमता निर्माण पहलों, कौशल विकास क्रियाकलापों, विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में जागरुक करके तथा अन्य समान साधनों के माध्यम से महिला सदस्यों की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करता है।

निदेशालय ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण क्रियाकलाप किए हैं :--

(I) डब्ल्यूएमईडी ने "महिला सदस्यों की विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशाल और वृहद पहुंच के लिए डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से व्यवसाय डोमेन में महिला सदस्यों की उपस्थिति महसूस और दृश्यमान करवाने के लिए, जिससे वे विविध क्षेत्रों जैसे प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर, संपरीक्षा और निगम विधि आदि कार्य क्षेत्रों में, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट व्यवसाय फर्म का आवश्यक भाग है, नवीनतम संशोधनों से अद्यतन बनी रहें और उनका ज्ञान तथा संपूर्ण आत्मविश्वास समृद्ध हो", विषय पर विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम (सेतु कार्यक्रम) आरंभ किया है।

(II) महिला सीए के लिए, जो पूर्णलिक कार्य नहीं कर सकतीं, महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय ने स्वयं आईसीएआई में अवसर के विभिन्न क्षेत्रों को पहचाना है, जहां महिला सदस्य अपनी सुविधा और गति के अनुसार व्यवसायिक योगदान दे सकती हैं तथा आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर हो सकती है। आईसीएआई के विभिन्न विभागों/समितियों में उपलब्ध विभिन्न व्यवसायिक अवसरों जैसे बीओएस के लिए मामला अध्ययनों का विकास, निवेशकर्ता जागरुकता कार्यक्रम के लिए संसाधक परीक्षा विभाग आदि को सूचीबद्ध करते हुए संपूर्ण देश में सभी महिला सदस्यों को बड़ी मात्रा में ई-मेल भेजी गई।

(III) डब्ल्यूएमईडी ने "सीए उत्कृष्टता : स्त्रियों के नजरिए से", विषय पर "आज की महिला लेखापालों के लिए व्यवसायिक अवसर : सीमाओं के भीतर और बाहर तथा जटिलता और अनिश्चितता के समय में नेतृत्व" पर चर्चा के लिए लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया।

लाइव वेबकास्ट में प्रख्यात वक्ता थे जैसे सीए आर.एम. विशाखा, सुश्री परवीन महमूद, बांग्लादेश तथा सीए डा. रीटा शाह, जिससे महिला सदस्यों को प्रेरित और उत्साहित किया जा सके।

(IV) महिला सदस्यों के लिए पोर्टल (https://womenportal.icai.org/) - महिला पोर्टल महिला सदस्यों को एक माध्यम प्रदान करता है, जिसके द्वारा वे अपनी अपेक्षाएं भेज सकती हैं तथा क्षेत्र/शाखा के आधार पर उनके लिए उपलब्ध लचीले कार्य विकल्प ढूंढ सकती हैं। यह महिला सदस्यों को अपना ज्ञान अद्यतन करने और अपने दृष्टिकोण तथा चिंताएं साझा करने के लिए एक सामान्य प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु भी लक्ष्यित है।

- महिला सदस्यों की सफलता की कहानियां : महिला सदस्यों को उच्चतर लक्ष्य निश्चित करने तथा उन्हें पाने के लिए, निदेशालय ने महिला सदस्यों से उनकी सफलता की कहानियां आमंत्रित कीं तथा उन्हें महिला पोर्टल पर अपलोड किया।
- आईसीएआई प्लेटफार्म पर महिलाएं : महिला सदस्यों की उपस्थिति को मान्यता देने के लिए, निदेशालय ने आईसीएआई के साथ सहबद्ध महिला सदस्यों के अद्यतन ब्यौरे अपलोड किए हैं।

(V) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, अर्थात् 8 मार्च, 2020 को मनाने के लिए महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय ने निम्नलिखित क्रियाकलाप किए :

- अध्यक्ष, आईसीएआई तथा उपाध्यक्ष आईसीएआई के वीडियो वाइट रिकार्ड किए गए तथा संपूर्ण देश में महिला सदस्यों को उत्साहित तथा प्रोत्साहित करने के लिए महिला सदस्य कार्यक्रम के दौरान प्रसारित होने के लिए भारत में सभी शाखाओं को भेजे गए।
- 8 मार्च को स्थानीय समाचारपत्रों में प्रकाशन के लिए प्रारूप प्रेस विज्ञप्ति संपूर्ण देश में सभी शाखाओं को भेजी गई, जिससे महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय के अंतर्गत संचालित आईसीएआई की विभिन्न पहलों को बड़े स्तर पर प्रसारित और संवर्धित किया जा सके।
- विभिन्न सोशल मीडिया क्रियेटिव का सृजन किया गया तथा महिला सदस्य सशकतिकरण के लिए आईसीएआई की पहलों को प्रचारित और संवर्धित करने के लिए महिला सदस्य सशक्तिकरण निदेशालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया।
- डब्ल्यूएमईडी का पहल ब्रोशर, जिसका विषय "समन्यवयकारी विकास के लिए लेखांकन व्यवसाय में महिलाओं का योगदान बढ़ाने के लिए पहल को सशक्त करना" था, उसे संकल्पित और प्रकाशित किया गया। महिला सदस्यों के लिए आईसीएआई की पहलों के साथ ब्रोशर में भारत सरकार की महिलाओं को सशक्त करने वाली स्कीमों के बारे में ब्यौरे भी दिए गए हैं।

**(VI)** *महिला केन्द्रित कार्यक्रम :* डब्ल्यूएमईडी के उत्तर में सामूहिक ई-मेल शाखाओं को बड़े पैमाने पर महिला सदस्यों के फायदे के लिए कार्यक्रम संवर्धित करने और आयोजित करने के लिए भेजे गए। कुछ कार्यक्रम महिला चार्टर्ड अकाउटंटो के लिए व्यवसायिक अवसर, महिलाओं की संगोष्ठी प्रेरणा 2020, महिला केंद्रित कार्यक्रम, सीए महिलाओं के लिए काम और जीवन का संतुलन, महिला सीपीई संगोष्ठी, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डब्लुएमईडी के अधीन शाखाओ द्वारा आयोजित किए गए।

### 6. सीए सेवाओं तथा डब्लुटीओ के निर्यात संबंधी समिति (सीईसीएएसएन्डडब्ल्यूटीओ)

भारत सरकार ने लेखांकन सेक्टर को एक चेंपियन सेक्टर के रूप में पहचाना है जो सेवा में व्यापार के शिला प्रक्षेपण को नई सुगंध देगा। सेवाओं में वैश्विक व्यापार में वृद्धि के साथ यह एक प्राकृतिक परिणाम है कि किसने व्यवसायिक प्रॅक्टिस या रोजगार के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में लगे हुए चार्टर्ड अकांउटेंट व्यवसायियों को अवसर प्रदान किए है। विभिन्न देशों में संस्थान के सदस्यों की बडी संख्या में उपस्थिति द्वारा समिति के प्रयास, परिषद वर्ष 2018-2019 में इसके आरंभ से इस दिशा में ना केवल इसकी साख बढाएंगे और ब्रॉड छवि विकसित करेंगे बल्कि भारत सरकार के लेखांकन और संबंधित सेवाओं में व्यापार के हिस्से को बढाने में की गयी पहल में सहायता करेंगे, और डब्लुटीओ व्यवस्था में भारतीय सीए के लिए कई अवसरों को लेकर आएंगे।

#### सेवाओं के निर्यात को सुकर बनाने के लिए पहल

##### (I) लेखांकन और वित्त सेक्टर (चेंपियन सेक्टर) के लिए निर्यात अवसर बढाने के लिए भारत सरकार के साथ हाथ मिलाना

***चेंपियन सेक्टर के लिए प्रस्ताव***

इस अवधि के दौरान कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ चल रही बातचीत को जारी रखते हुए आईसीएआई ने नये प्रस्ताव वाले चेंपियन सेक्टर के लिए इसके प्रस्ताव प्रस्तुत किए है :

- लेखांकन प्रक्रिया आउट सोर्सिंग (एपीओ) को स्थापित करने के लिए विकास और प्रशिक्षण के लिए प्रस्ताव।
- आईसीएआई – एआरएफ के माध्यम से ई-पठन द्वारा विशेषीकृत लघु अवधि पाठ्यक्रम/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम/मॉड्युल।
- अंतरराष्ट्रीय पाठ्यचर्चा के माध्यम से वैश्विक छात्रों को जोडना।
- विदेश में लेखांकन व्यवसाय को मजबूत करना और सिखाना।

- आईसीएआई – एआरएफ के माध्यम से विदेश मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के अधीन विदेशी नागरिकों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम देना।
- चेप्टरों और प्रतिनिधि कार्यालयों के माध्यम से विश्व भर में ब्रांड भारतीय सीए का संवर्धन करना।
- आईसीएआई डिजिटल पठन केंद्र का विश्वभर में संवर्धन करना।

***सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर***

भारतीय चार्टर्ड अकांउटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने 30 जून, 2020 को मुंबई में सीए सेवाओं के निर्यात के लिए समिति और आईसीएआई के डब्लुटीओ (सीईएसडब्लुटीओ) के अधीन सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य केन्द्रित और मानीटर की गई कार्ययोजना के कार्यान्वयन के माध्यम से लेखांकन और वित्त सेवाओं में भारत के निर्यात कि प्रतिस्पर्धा को बढाना है, जिसके लिए दोंनो पक्षकार यह एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमत हुए।

***भारत सरकार को दिए गए अभ्यावेदन/इनपुट***

इस अवधि के दौरान चेंपियन सेक्टर पहल के अलावा इस समिति ने विभिन्न मंत्रालयों के साथ सीए सेवाओं के निर्यात या डब्लुटीओ से संबंधित क्षेत्रों के संवर्धन हेतु इनपुट प्रदान करने के लिए बातचीत की, जो निम्नानुसार है :

- क्षेत्रीय विस्तृत आर्थिक भागीदारी करार (आरसीईपी) के निवेश चेप्टर की आरक्षण सूची
- 22 अप्रैल, 2019 को आर सी ई पी करार के अधीन सेवाओं में व्यापार पर क्षेत्रीय विस्तृत आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) पणधारी चर्चा हुई, जिसमे आईसीआई ने आरसीईपी के 15 देशों के साथ पारस्परिक रुचि के विषय में क्षमता निर्माण के लिए तकनीकी सहयोग हेतु आगे बढने के लिए अपनी रुचि प्रकट की, जो भविष्य में पारस्परिक मान्यता करारों द्वारा अनुसरण किया जाएगा।
- आरईसीपी करार के अधीन प्रारुप व्यवसायिक सेवा उपाबंध।
- भारत और जापान के बीच द्वीपक्षीय बातचीत में विकास।
- व्यापार, अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग (आईटीजेसीएम) पर भारत तजाकिस्तान संयुक्त आयोग का 11 वां सत्र।
- सेवा व्यापार में भारत यू.के. संयुक्त कार्य समूह बैठक।
- सेवा सेक्टर पर जोर के साथ अफ्रीका और डब्लुएएनए क्षेत्रों के लिए निर्यात रणनीति।
- क्षेत्रीय विस्तृत आर्थिक भागिदारी (आरसीईपी) करार और व्यवसायिक सेवा उपाबंध के निवेश चेप्टर की आरक्षण सूची।
- व्यापार संबंधित विकासों पर डब्लुटीओ व्यापार नीति पुनर्विलोकन निकाय (टीपीआरबी) को रिपोर्ट पर आईसीएआई इनपुट।
- भारत चिली पीटीए विस्तार के अधीन संयुक्त प्रशासनिक समिति (जेएसी) की दूसरी बैठक के संबंध में अंतर मंत्रालय बैठक के लिए आईसीएआई इनपुट।
- सेवा में व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह की चौथी भारत चीन बैठक पर आईसीएआई इनपुट।
- डब्लुटीओ में सेवाओं में व्यापार में एलडीसी को भारत का विशेष व्यवहार।
- भारत ब्राजील व्यापार मॉनिटरी व्यवस्था (टीएमएम) की पांचवी बैठक।
- सेवाओं में क्षेत्रीय विस्तृत आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) करार नकारात्मक सूची।
- भारत चिली अधिमानता व्यापार करार विस्तार के अधीन संयुक्त प्रशासनिक समिति (जेएसी) की दूसरी बैठक के संबंध में अंतर मंत्रालय बैठक।
- चेंपियन सेवा सेक्टर स्कीम (सीएसएसएस) पर व्यय वित्त समिति (ईएफसी) को इनपुट।
- भारत पेरू वार्ता के अधीन अंतर मंत्रालय पणधारी परामर्श।
- भारत जापान सीईपीए के अधीन सीमित सेवा में व्यापार पर चैप्टर के प्रावधानों के कार्यान्वयन हेतु सेवा में व्यापार सेटअप के संबंध में प्राकृतिक व्यक्तियों का प्रचालन।
- भारत और वियतनाम के बीच व्यापार बैठक पर चौथे संयुक्त उप आयोग के लिए मुद्दे।
- सेवा में व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह पर भारत चीन चौथी बैठक।

- व्यापार, अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग (आईटीजेसीएम) पर भारत ताजिकिस्तान संयुक्त आयोग का 11 वां सत्र।
- 4 फरवरी, 2020 को हुई भारत ईयूबीटीआईए पर चर्चा के अभिलेख पर आईसीएआई इनपुट।
- एसईआईएस के अधीन दावे प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तारीख में छूट देने हेतु विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) को इनपुट।
- सेवा निर्यातकों पर कोविड 19 का प्रभाव।
- भारत जापान सहयोग में अद्यतन जानकारी।

**(II) सेवाओं के निर्यात को सुकर बनाने के लिए की गई पहलें**

***आईसीएआई के विदेशी चैप्टरों के साथ समन्वयन करके विदेशों में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों हेतु विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम***

सितंबर, 2019 के दौरान इसकी सर्वप्रथम परियोजना के सफलतापूर्वक संचालन के पश्चात् समिति ने 12-14 दिसंबर, 2019 के दौरान दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में व्यक्तिगत रूप से तथा बंगलूरू, हैदराबाद, पुणे, जयपुर और अहमदाबाद में वीडियो कॉल के माध्यम से भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों और लेखापालों के लिए दूसरे विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम को पिछले वर्ष की पहल से और आगे ले जाते हुए इस विदेशी कैम्पस नियोजन अभियान में लेखापालों को भी सम्मिलित किया गया था। इस नियोजन अभियान के, जिसमें 18 कंपनियों ने रजिस्ट्रीकृत किया था, संक्षिप्त ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

***सदस्यों के बीच विदेशी भाषा का संवर्धन***

विदेशों में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों के सुगम नियोजन के लिए भारत सरकार ने विदेशी भाषाओं के संवर्धन को स्वयं के लिए आज्ञापक बनाया था ; अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में अवसरों में वृद्धि करने और अवसरों का फायदा उठाने के लिए आईसीएआई अपने सदस्यों और छात्रों के कैरियर में विकास करने हेतु भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने का आशय रखता है।

समिति ने, आईसीएआई के सदस्यों और छात्रों के बीच स्पेनीश भाषा संबंधी पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए इंस्टीट्यूटो सर्वेन्टिस, स्पेनीश दूतावास सांस्कृतिक केंद्र के साथ, जर्मन भाषा संबंधी पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए गौथ इंस्टीट्यूट, मैक्स मूलर भवन (शासकीय जर्मन सांस्कृतिक संस्थान, जो भारत में जर्मन भाषा के पठन का संवर्धन करता है) के साथ और जापानी भाषा संबंधी पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए द जापान फाउंडेशन के साथ ठहराव किया है।

- स्पेनीश भाषा पठन पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए इंस्टीट्यूटो सर्वेन्टिस, स्पेनीश दूतावास सांस्कृतिक केंद्र – 77 अभ्यर्थियों के साथ 11 बैच।
- जर्मन भाषा पठन पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए गौथ इंस्टीट्यूट, मैक्स मूलर भवन (शासकीय जर्मन सांस्कृतिक संस्थान, जो भारत में जर्मन भाषा के पठन का संवर्धन करता है) – 25 अभ्यर्थियों के साथ 3 बैच।
- फ्रैंच भाषा पठन पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए एलायंस फ्रेन्केशे डे दिल्ली – 22 अभ्यर्थियों के साथ 3 बैच।
- जापानी भाषा संबंधी पाठ्यक्रम का संवर्धन करने के लिए द जापान फाउंडेशन – 17 अभ्यर्थियों के साथ 1 बैच।
-

**ग. आईसीएआई के सदस्यों और छात्रों से विदेशी भाषा पाठ्यक्रम के संबंध में अधिमानता की ईप्सा करने हेतु सर्वेक्षण**

समिति ने, विदेशी भाषाओं की मांग का निर्धारण करने के लिए एक सर्वेक्षण आरंभ किया है । आज की तारीख तक समिति को नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार 12655 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं ।




**(III) सदस्यों को सेवाएं**

समिति ने आर्थिक विकास में युवाओं की उभरती भूमिका, वित्तीय विवरणों, विदेशों में अवसरों की पहचान करना और उनका लाभ उठाना, सेवाओं के निर्यात के संबंध में कोविड-19 का प्रभाव और इस प्रभाव को कम करने हेतु उपायों, भारतीय लेखांकन वृत्ति को संयुक्त राज्य अमेरीका में बढ़ावा देने, इंड एएस बनाम आईएफआरएस : वैश्विक निवेशकों का परिप्रेक्ष्य, भारत में निवेशों को बढ़ावा देने, जम्मू-कश्मीर की जनता को आईसीएआई द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे वृत्तिक अवसरों का लाभ उठाने हेतु तैयार करके जम्मू-कश्मीर की उन्नति और विकास की राह प्रशस्त करने जैसे विषयों पर इस वर्ष के दौरान कार्यशालाओं/कार्यक्रमों /लाइव वेबीनारों का आयोजन किया गया था ।

## 7. अन्य क्रियाकलाप

### 7.1 प्रबंध लेखांकन संबंधी समिति (सीएमए)

प्रबंध लेखांकन संबंधी समिति, जिसके अंतर्गत वित्त और अन्य संबद्ध विषय भी हैं, के विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में पाठ्यक्रमों/वेबीनारों, संगोष्ठियों आदि का आयोजन करके समुन्नत ज्ञान और विशेषीकृत प्रशिक्षण प्रदान करती है । आईसीएआई की प्रबंध लेखांकन संबंधी समिति का मुख्य उद्देश्य सदस्यों को प्रबंध और कारबार वित्त के क्षेत्रों में बुद्धिमतता, विशेषज्ञता और गहन जानकारी प्राप्त करने में समर्थ बनाना है ।

**(I) पाठ्यक्रम**

- आईसीएआई की प्रबंध लेखांकन संबंधी समिति ने वर्ष 2009 में कारबार वित्त में मास्टर संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया था, जिसके माध्यम से संस्थान के सदस्यों को वित्त क्षेत्र के संबंध में सभी प्रकार की नवीन जानकारियां उपलब्ध कराई जाती थी । यह लगभग एक वर्ष का पाठ्यक्रम था जिसे उत्तीर्ण करने हेतु दो आवासीय पाठ्यक्रमों (इनमें से प्रत्येक 5 दिवसीय कार्यक्रम था) में अनिवार्य उपस्थिति के साथ 30 कक्षा सत्रों और परीक्षाओं में उपस्थित होना अपेक्षित था । संस्थान की समिति द्वारा अब यह विनिश्चय किया गया है कि ऊपर उल्लिखित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और उससे संबंधित परीक्षाओं को समाप्त कर दिया जाए । अत:, अब ऊपर उल्लिखित पाठ्यक्रम के लिए आगे और रजिस्ट्रीकरण नहीं किए जाएंगे । ऊपर उल्लिखित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के संबंध में अंतिम परीक्षा मई-जून, 2019 में कराई गई थी, जिसके परिणामों की घोषणा अक्तूबर, 2019 मास के दौरान की गई थी ।
- समिति द्वारा हाल ही में पीक्यूसी आरंभ किया जाना – प्रबंध और कारबार वित्त पाठ्यक्रम संबंधी डिप्लोमा (डीएमबीएफ) को वर्ष 2019 में आरंभ किया गया है, जिसके माध्यम से संस्थान के सदस्यों को वित्त के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी । डीएमबीएफ का पहला बैच विभिन्न अवस्थानों, अर्थात् दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बंगलूरू में आरंभ किया गया था, जिसमें 62 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था ।

**(II) सदस्यों के लिए पहलें**

- समिति ने, पीक्यूसी – प्रबंध और कारबार वित्त पाठ्यक्रम (डीएमबीएफ) के पाठ्यक्रम की संरचना में पूर्ण सुधार किया है । समिति इन पाठ्यक्रमों हेतु अध्ययन सामग्री तैयार करती/निकालती है (6 विषयों, अर्थात् नीतिगत प्रबंध, पूंजी संरचना और

निवेश प्रबंध, पूंजी और वित्तीय बाजार, विदेशी मुद्रा और खजाना, बैंककारी तथा जोखिम प्रबंध के अधीन वितरित किए जाने वाले कुल 33 माड्यूल)।

- समिति ने, एक सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या का आज्ञापक भाग), जो सदस्यों को प्रबंध संबंधी अवधारणाओं, नेतृत्व संबंधी कौशलों और अपने प्रबंध संबंधी कृत्यों का और अधिक दक्षता तथा प्रभावी रूप से पालन करने हेतु उपयुक्त निर्णय लेने के लिए सामर्थ्य प्राप्त करने संबंधी व्यवहारिक अंत:दृष्टि उपलब्ध कराएगा, के संचालन हेतु एक सुविख्यात कारबार विद्यालय, अर्थात् जमनालाल बजाज प्रबंध अध्ययन संस्थान (जेबीआईएमएस) के साथ सहयोग किया है। तथापि, कोविड-19 संक्रमण के कारण डीबीएमएफ के प्रथम बैच के अभ्यर्थियों के लिए इस आवासीय कार्यक्रम का आयोजन जुलाई, 2020 मास के दौरान आनलाइन पद्धति के माध्यम से किया गया था, जिसके अंतर्गत जेबीआईएमएस के सहयोग से तीन सप्ताहांत सत्रों, अर्थात् छह दिनों के सत्रों का आयोजन किया गया था।
- समिति ने, वर्तमान बैच के अभ्यर्थियों के लिए ई-पठन मंच (अस्सी घंटे का ई-पठन प्रशिक्षण आज्ञापक है) के विकास के लिए मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विस, बंगलूरु के साथ सहयोग किया है (जिसमें 11 माड्यूलों को सम्मिलित किया गया है) और इस मंच को 28 जून, 2020 को आरंभ किया गया था।

**(III) वेबीनार/वीसीएम**

समिति ने, एनपीए की पहचान और प्रबंध, शंकाओं के संबंध में परिचर्चा : एनपीए पहचान और प्रबंध, लागत प्रबंध संबंधी रणनीतियां और अर्थव्यवस्था को पुन: पटरी पर लाने, संगठनों के नीतिगत प्रबंध में सीए की भूमिका आदि विषयों पर वेबीनार/वर्चुअल सीपीई बैठकों का आयोजन किया था।

**7.2आईसीएआई द्वारा भारतीय फर्मों की वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि करने हेतु संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी केंद्र की स्थापना**

अनेक वर्षों से, आईसीएआई अथक रूप से क्वालिटी शिक्षा उपलब्ध कराने और छात्रों हेतु अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाला प्रशिक्षण प्रदान करने ; सुस्थापित और उभरते क्षेत्रों में सदस्यों के सतत वृत्तिक विकास ; मानक निर्धारण के सुदृढ़ ढांचे और उसके प्रवर्तन के माध्यम से वित्तीय रिपोर्टिंग और आश्वासन कृत्यों की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

स्वतंत्र संपरीक्षा का प्रयोजन, वित्तीय रिपोर्टों की गुणवता के निबंधनानुसार संपरीक्षित वित्तीय विवरणों के उपयोक्ताओं में विश्वास का सृजन करने, विशिष्ट रूप से उनकी विश्वसनीयता के संबंध में विश्वास को अक्षुण्ण बनाए रखना है। संपरीक्षकों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले स्वतंत्र आश्वासन में विश्वास कायम रखने हेतु यह अनिवार्य है कि संपरीक्षा की गुणवता में सुधार किया जाए और संपरीक्षा के निष्पादन में संगतता लाई जाए। आईसीएआई के विद्यमान सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों के समतुल्य लेखांकन वृत्ति में मानदंडों के सृजन संबंधी प्रक्रिया को जारी रखने के आईसीएआई के अभियान के भागरूप में हमने पहले ही प्रकटन और आश्वासन से संबंधित वैश्विक मानकों के साथ भारतीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए अभिसरण का कार्य पूरा कर लिया है। वृत्ति का भविष्य परिवर्तनशील परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को पर परिवर्तित करने, विकसित करने तथा स्वयं उनके अनुरूप ढालने के सामर्थ्य में निहित है, जो आईसीएआई द्वारा किए जा रहे सुधारों के लिए केंद्रीय तत्व है और आईसीएआई का उद्देश्य अपनी मानक निर्धारक संबंधी भूमिका को सर्वोत्तम ढंग से निभाना है। आईसीएआई, इस तथ्य को मान्यता प्रदान करते हुए कि उच्च स्तरीय "क्वालिटी ढांचा" एक दक्ष, क्वालिटी वाली लेखांकन वृत्ति के विकास के लिए एक सुदृढ़ नींव के समान है, "संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी केंद्र" के रूप में जयपुर में एक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु कार्यवाही कर रहा है।

संपरीक्षा क्वालिटी संबंधी केंद्र का उद्देश्य भावी अकाउंटेंटों और/या संपरीक्षकों के लिए समकालीन शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सतत निवेश करना, मार्गदर्शनों को विकसित करना और संपरीक्षा दलों और कार्यालयों को प्रभावी मूल कारण विश्लेषण करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में सहायता करना, निष्कर्षों के कारणों की पहचान के संबंध में विचार-विमर्श करने और साथ ही कार्यान्वित किए जाने वाले समाधानों के संबंध में चर्चा करने हेतु समूह पठन सत्रों का आयोजन करना, संपरीक्षा क्वालिटी संकेतकों को स्थापित करना है और इस प्रकार वह संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल के प्रति कार्य करेगा। संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता माडल लेखांकन फर्मों के लिए एक ऐसे स्वैच्छिक स्व:मूल्यांकन मैट्रिक्स को अधिकथित करने की प्रक्रिया आरंभ करेगा, जिससे फर्मे संपरीक्षा क्वालिटी, संपरीक्षा और लेखांकन से संबंधित उनके द्वारा किए जाने वाले कृत्यों के संबंध में अपने संबंधित परिपक्वता स्तर का अनुमान लगा सकें। सीएक्यू संस्थान को संपरीक्षा कृत्यों के वस्तुनिष्ठ पहलूओं के संबंध में विचार-विमर्श करने में समर्थ बनाएगा और इस क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ करने के लिए एक उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करेगा।

सीए. अतुल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, आईसीएआई ने यह कथन किया था कि "भारत एक बहुत बड़ी डाटा क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। यह अनिवार्य हो गया है कि संपरीक्षकों की स्थिति को सुदृढ़ बनाया जाए जिससे वे विभिन्न पणधारियों की आशाओं पर खरे उतर सके। ऐसे परिवर्तनशील समय में संपरीक्षा क्वालिटी केंद्र एक ऐसी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है, जो निवेशकों के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा तथा साधारण रूप से जनता में विश्वास का सृजन करेगा"।

संपरीक्षा क्वालिटी केंद्र के उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

- संपरीक्षा क्वालिटी के लिए ढांचा विकसित करना।
- संपरीक्षा क्वालिटी के प्रमुख तत्वों पर काम करना।
- संपरीक्षा क्वालिटी परिपक्वता मॉडल विकसित करना।

- संपरीक्षा क्वालिटी के निरंतर सुधार के लिए संपरीक्षा और संबद्ध क्षेत्रों में समकालीन शिक्षा और प्रशिक्षण का आयोजन करना ।
- वृत्तिक अकाउंटेंटों के लिए सीपीडी विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना ताकि उन्हें संपरीक्षा मानकों के सिद्धांतों के पूर्ण अनुपालन के साथ संपरीक्षा करने में समर्थ बनाया जा सके ।
- संपरीक्षा क्वालिटी में सुधार के लिए संपरीक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना ।
- संपरीक्षा क्वालिटी में सुधार के लिए संपरीक्षा समितियों के अनुभव पर विचार-विमर्श करना ।
- संपरीक्षा क्वालिटी संकेतकों को विकसित करना और उन्हें बढ़ावा देना ।
- उच्च संपरीक्षा क्वालिटी के लिए अकाउंटेंटों/लेखांकन फर्मों के लिए सस्ते डिजिटल और ऑनलाइन संसाधनों में निवेश करना और उन तक पहुंच को समर्थ बनाना ।

### 7.3 उद्यमों और लोक सेवा में लगे सदस्यों संबंधी समिति (एससीएमईएंडपीएस)

इस समिति के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है, आईसीएआई के उद्यमों में लगे सदस्यों और लोक सेवा में लगे सदस्यों के बीच अंतरापृष्ठ स्थापित करना, जिससे आईसीएआई की प्रभावोत्पादकता में वृद्धि करने संबंधी उनके विजन और परिप्रेक्ष्य को विचार में लिया जा सके और साथ ही हमारे सदस्यों के लिए नए-नए क्षेत्रों और अवसरों की खोज की जा सके ।

समिति को प्रारंभिक रूप से वर्ष 2011 में, लोक सेवा में लगे संस्थान के सदस्यों और सफल सीए उद्यमियों को आईसीएआई के क्रियाकलापों में सम्मिलित करने और उनके योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए गठित किया गया था । इससे लोक सेवा और उद्यमी सदस्यों के साथ परस्पर क्रियाओं में वृद्धि होगी और उन्हें संस्थान के क्रियाकलापों से संबंधित मुख्य धारा में लाया जा सकेगा । यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि ऐसे सदस्यों को संस्थान के क्रियाकलापों में सम्मिलित किया जाए, जो उद्यमियों के रूप में अत्यंत सफल हैa या लोक सेवा में प्रमुख पद धारण कर रहे हैं और उनके समृद्ध अनुभव, बुद्धिमता को वृत्ति की बेहतरी के लिए उपयोग किया जा सके ।

#### (I) 23 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली में लोक सेवा में आईसीएआई के सदस्यों की क्षेत्रीय बैठक

उद्यमों और लोक सेवा में लगे सदस्यों संबंधी समिति ने 23 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली में लोक सेवा में लगे सदस्यों की एक क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया था, जिसमें लोक सेवा के विभिन्न सेक्टरों से जुड़े सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था । सदस्यों ने आईसीएआई के बेहतर भविष्य के लिए सुझाव प्रस्तुत किए थे और साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण के तंत्र के संबंध में अपनी मूल्यवान प्रतिक्रियाएं भी प्रस्तुत की थी, उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि आईसीएआई को आर्थिक संगतता के उभरते मुद्दों के संबंध में अध्ययन प्रारंभ करना चाहिए । इसके अतिरिक्त, सदस्यों ने इस संबंध में भी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया था कि आईसीएआई को सरकार के एक सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए और रणनीतिगत महत्वपूर्ण परियोजनाओं में सरकार के साथ भागीदारी करनी चाहिए ।

#### (II) 31 जनवरी – 2 फरवरी, 2020 के दौरान कुमाराकोम, केरल में लोक सेवा में लगे आईसीएआई के सदस्यों की आवासीय बैठक

आईसीएआई की उद्यमों और लोक सेवा में लगे सदस्यों संबंधी समिति (सीएमईपीएस) ने 31 जनवरी – 2 फरवरी, 2020 के दौरान आईसीएआई के सदस्यों की एक आवासीय बैठक का आयोजन किया था । इस आवासीय बैठक में राजनीति, न्यायपालिका, प्रशासनिक सेवाओं, विदेश सेवाओं, आईपीएस, आईआरएस, अपील अधिकरणों, एसएफआईओ और अन्य जैसो विभिन्न सेक्टरों से लगभग 51 सदस्यों ने भाग लिया था । इसमें एक ऐसा सामान्य मंच उपलब्ध कराया था, जहां सभी सेक्टरों से लोक सेवा में लगे सदस्यों ने भाग लिया था और उभरते मुद्दों के संबंध में विचार-विमर्श किया था ।

इस आवासीय बैठक का उदघाटन सीए सुरेश पी. प्रभु, माननीय संसद् सदस्य और प्रधानमंत्री के जी 7 और जी 20 के शेरपा के करकमलों द्वारा हुआ था । उन्होंने आईसीएआई के इस नए प्रयास की सराहना की थी और साथ ही डिजीटल क्रांति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने हेतु आईसीएआई द्वारा की गई पहलों की प्रशंसा की थी, जो वृत्ति को भविष्य की चुनौतियों हेतु तैयार करेंगे । अपने संबोधन के दौरान उन्होंने आईसीएआई को यह सलाह दी थी कि वह आईसीएआई के प्रशासनिक तंत्र को सुदृढ करने हेतु उपाय करे, जिससे वह साधारण रूप से पणधारियों की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। माननीय सुरेश प्रभु ने 2 फरवरी को जलवायु परिवर्तन की विवक्षाओं से संबंधित मुद्दे पर भी संबोधन किया था और साथ ही ऐसे उपायों के बारे में चर्चा की थी, जिन्हें इस भावी आपदा को रोकने के लिए उठाया जाना चाहिए । इस आवासीय बैठक को सीए थॉमस शाजीकदन ने भी अपनी उपस्थिति से सम्मानित किया था और उन्होंने 2 फरवरी को लोक सेवा में लगे सदस्यों को वृत्ति से सुसंगत मुद्दों के विषय पर संबोधित भी किया था । उन्होंने संघीय बजट के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी अपने विचार प्रकट किए थे ।

आवासीय बैठक को पहले दिन माननीय अतिथि, माननीय न्यायमूर्ति (सीए) भार्गव डी. करिया, न्यायाधीश, गुजरात उच्च न्यायालय ने संबोधित किया और दूसरे दिन माननीय श्री न्यायमूर्ति (सीए) डॉ. विनीत कोठारी, वरिष्ठतम न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय और माननीय श्री न्यायमूर्ति (सीए) दिनेश मेहता, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालयों ने संबोधित किया था । इस आवासीय बैठक में आयोजित तकनीकी सत्रों में सीए अरुण कुमार गुजराती, माननीय पूर्व अध्यक्ष, महाराष्ट्र विधान परिषद द्वारा इस बात पर विचार-विमर्श किया गया था कि किस प्रकार जनता के विश्वास और भरोसे में वृद्धि की जा सकती है, सीए प्रवीण गर्ग, आईएएस, अपर सचिव और वित्त सलाहकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जलवायु परिवर्तन वित्तपोषण विषय पर, सीए, दीपक कुमार

केडिया, आईपीएस ने सरकार, विनियामकों, मीडिया, सदस्यों, छात्रों और अन्य पणधारियों के बीच सीए वृत्ति की सकारात्मक ताकत और सीए महावीर सिंघवी, आईएफएस, संयुक्त सचिव (काउंटर टेरोरिज्म) एमईए, भारत सरकार द्वारा एक भविष्य हेतु तैयार वृत्ति के लिए आईसीएआई की एक वृत्तिक लेखांकन निकाय के रूप में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए गए थे। डॉ. सीवी आनंद बोस, आईएएस (सेवानिवृत्त), प्रधान सलाहकार, विरासत परियोजना, भारत सरकार और अध्यक्ष, यूएन परामर्शी निकाय, हैबिटेट एलायंस ने स्वयं का उचित रूप से प्रबंध करने संबंधी एक तकनीकी सत्र को संबोधित किया था।

एक ओपन हाऊस परिचर्चा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें लोक सेवा में लगे सदस्यों ने राष्ट्र निर्माण में लेखांकन वृत्ति की प्रास्थिति के संबंध में अपने विचारों को साझा किया था। संपरीक्षा क्वालिटी में सुधार करने, आर्टिकलशिप के परिधि क्षेत्र में विस्तार करने, न्यूनतम फीस व्यवस्था संबंधी दिशानिर्देशों, आईसीएआई की पर्यावरण संबंधी हेतुओं में भागीदारी और छात्रों को सिविल सेवाओं हेतु विकल्प लेने के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराके उनके संपर्क कौशलों में सुधार करने जैसे अनेक विषयों पर सदस्यों से सुझाव प्राप्त हुए थे।

**(III) वेबकास्ट**

समिति द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंटों संबंधी वेबकास्टों का आयोजन – समिति ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्रों हेतु राष्ट्र के निर्माण के लिए किस प्रकार सिविल सेवा में प्रवेश करें, आक्सीजन डेबिट ..... कार्बन क्रेडिट, पर्यावरण ही हमारा कारबार है, विषयों पर वेबकास्टों का आयोजन किया था।

## 7.4 विधिक निदेशालय

विधिक निदेशालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण क्रियाकलाप किए गए थे :

विधिक समन्वयन समूह ने सीए अधिनियम, 1949 के अधीन अनुशासन तंत्र में प्रस्तावित प्रारूप संशोधनों पर विचार किया था और अपने सुझावों को परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया था। परिषद् ने अगस्त, 2019 के दौरान हुई अपनी बैठक में सरकार को प्रस्तुत किए जाने हेतु इस प्रारूप संशोधन को अनुमोदन प्रदान किया था। तदनुसार, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के अनुशासन तंत्र से संबंधित प्रारूप संशोधनों को तारीख 27.08.2019 को कारपोरेट कार्य मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था।

1.4.2019 से 31.03.2020 की अवधि के दौरान विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21(6) के अधीन निपटाए गए मामलों की कुल संख्या 1 है।

**30.06.2020 को विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों की कुल संख्या**

| क्रम सं. | मामले की प्रकृति | मामलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सूची I- चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21(5) के अधीन फाइल किए गए निर्देश मामले, जो विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं - *168*<br>सूची I – निर्देश मामलों में उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध फाइल की गई विशेष इजाजत याचिका (एसएलपी)/अपील, जो उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं - *10* | 178 |
| 2. | चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 21 के अधीन अनुशासन कार्रवाई से उदभूत होने वाली फाइल की गई रिट याचिकाएं | 148 |
| 3. | विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लंबित गैर अनुशासन संबंधी मामलों से संबंधित न्यायालय के मामले | 132 |
| 4. | चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 24 के उल्लंघन से उदभूत होने वाले मामले, जो विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं | 24 |
| 5. | चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 24क के उल्लंघन से उदभूत होने वाले मामले, जो विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं | 2 |
| 6. | चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (संशोधन) अधिनियम, 2006 द्वारा यथा संशोधित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 22क के अधीन अपील प्राधिकरण के समक्ष लंबित अपीलें (चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 की धारा 22छ के अधीन संस्थान के सदस्यों द्वारा फाइल की गई) | 29 |
| | 30.06.2020 को यथा विद्यमान मामलों की कुल संख्या | **513** |

- विधिक रायों, अध्ययनों और रिपोर्टों के रूप में प्रभावी विधिक सहायता को उपलब्ध कराना, जैसा कि समय-समय पर संस्थान की परिषद्/कार्यपालक समिति/ विभिन्न गैर-स्थायी समितियों और विभागों द्वारा अपेक्षा की जाए।
- आईसीएआई के हित को ठोस रूप से सुनिश्चित करने के लिए संस्थान के प्रशासनिक कार्यकरण से उदभूत होने वाली विधि के सारवान और प्रक्रियात्मक प्रश्नों की विविध श्रृंखला पर उपयुक्त विधिक सलाह उपलब्ध कराना, जैसा कि प्रचालनात्मक विभागों द्वारा अपेक्षित किया जाए।

- आईसीएआई के प्रचालन विभागों और विभिन्न समितियों द्वारा अपेक्षा किए गए अनुसार संविदाओं, निविदाओं, दस्तावेजों और अन्य विधिक दस्तावेजों के पुनर्विलोकन, उनके संबंध में बातचीत, उनके प्रारूपण और विधीक्षा संबंधी कार्य का पर्यवेक्षण और पर्यावलोकन करना।
- नीतियों को तैयार करने के संबंध में विधिक सूक्ष्मताओं की जांच पड़ताल करने के लिए यथा अपेक्षित रूप में विभिन्न स्थायी और गैर-स्थायी समितियों, अध्ययन समूहों और कार्यबलों में सेवा प्रदान करना।
- जब कभी आवश्यक हो, विधिक उपचारों का अवलंब लेने के विषयों में सलाह देना और प्राप्त हुई विधिक सूचनाओं का उत्तर तैयार करने में प्रचालन विभागों और समितियों की सहायता करना।

### 7.5अवसंरचना विकास संबंधी समिति (आईडीसी)

अवसंरचना विकास संबंधी समिति का सृजन वर्ष 2014 में संस्थान की एक गैर-स्थायी समिति के रूप में किया गया था। इस समिति ने शाखाओं और प्रादेशिक परिषदों/कार्यालयों के लिए अवसंरचना नीति की विरचना की थी। वर्ष 2014 से, आईसीएआई ने एक ठोस अवसंरचना नीति स्थापित की है, जो वित्तीय विवेक और अनुशासन को सुनिश्चित करती है। यह नीति इस बात को परिभाषित करती है कि किस प्रकार की प्रसुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, स्थानीय अवसरंचना समितियों की संरचना कैसी हो, भूमि/भवन के अर्जन के नीति और प्रक्रिया, संकेतात्मक क्षेत्र, प्रधान कार्यालय से अनुज्ञेय अनुदान, संस्थान के भीतर विभिन्न प्राधिकारियों में निहित शक्तियां और उनका प्रत्यायोजन। चूंकि नीति स्वयं वित्तीय शक्तियों को परिभाषित करती है इसलिए वर्ष 2014 के पश्चात् से सभी अवसंरचना परियोजनाएं वित्त समिति की बजाए आईडीसी द्वारा अनुमोदित की जा रही हैं। अवसंरचना नीति को विरचित किए जाने के समय से ही आईसीएआई ने निम्नलिखित परियोजनाओं को आरंभ किया है :

| नई अवसंरचना का क्रय | अनुमोदित संनिर्माण संबंधी प्रस्ताव | संदान में प्राप्त संपत्ति |
|---|---|---|
| कन्नूर, जालंधर, जबलपुर, गोवा, गुरुग्राम, मुरादाबाद, पाली, आगरा, गोरखपुर, करनाल, किशनगढ़, लातूर, पटियाला, उज्जैन, रतलाम और अहमदाबाद | अजमेर, सूरत, हुबली, भोपाल, राजमहेंद्रवरम, उत्कृष्टता केंद्र जयपुर, बठिंडा, बरेली, जोधपुर, रायपुर, कन्नूर, ग़ज़ियाबाद, गोवा, मुरादाबाद, गुटूंर, आगरा, गुरुग्राम और रोहिणी | बंगलूरु स्थित संदान में प्राप्त संपत्ति |

आईसीएआई द्वारा अभी तक स्थापित कुल 164 शाखाओं में से, 99 शाखाओं के पास अपने स्वयं के परिसर हैं, जिनके अंतर्गत 14 ऐसी शाखाएं (जो वर्तमान में किराए के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं) भी हैं, जिन्होंने भूमि का उपापन किया है और जहां या तो उन्होंने संनिर्माण आरंभ कर दिया है या होने वाला है। 16 शाखाओं (जो अपने स्वयं के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं) में, जिनके पास अभी तक अपने स्वयं के परिसर नहीं है, भूमि का उपापन किया है और या तो उन्होंने संनिर्माण आरंभ कर दिया है या होने वाला है। 51 शाखाओं के पास अपने स्वयं की भूमि या भवन नहीं है। 21 जुलाई, 2020 तक क्षेत्रवार ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

| **क्रम सं.** | **विशिष्टियां** | **टिप्पणियां** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **डब्ल्यूआईआरसी** | **एसआईआरसी** | **ईआईआरसी** | **सीआईआरसी** | **एनआईआरसी** | **योग** |
| 1. | शाखाओं की कुल संख्या | 35 | 45 | 13 | 47 | 24 | 164 |
| 2. | अपने स्वयं का परिसर रखने वाली शाखाओं की संख्या | 21 | 33 | 6 | 29 | 10 | 99 |
| 3. | ऐसी शाखाओं की संख्या, जिनके पास भूमि है और जिस पर संनिर्माण या तो आरंभ हो गया है या आरंभ होने वाला है (जो किराए के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं) | 1 | 1 | 0 | 7 | 5 | 14 |
| 4. | ऐसी शाखाओं की संख्या, जिनके पास अपने परिसर के अलावा ऐसी भूमि भी है जिस पर संनिर्माण या तो आरंभ हो गया है या आरंभ होने वाला है (जो अपने स्वयं के परिसरों से कार्यकरण कर रही हैं) | 5 | 2 | 1 | 7 | 1 | 16 |
| 5. | ऐसी शाखाओं की कुल संख्या, जिनके पास न तो भूमि है और न ही भवन | 13 | 11 | 7 | 11 | 9 | 51 |

**अवसंरचना विभाग का सृजन**

विभिन्न प्रक्रियात्मक पहलुओं का समाधान करने के साथ-साथ अवसंरचना से संबंधित प्रचालन पहलुओं हेतु एकल बिन्दु संपर्क स्थापित करने के विचार से, परिषद् ने 22.04.2020 को हुई अपनी बैठक में प्रधान कार्यालय में अवसंरचना विभाग के सृजन के लिए अनुमोदन प्राप्त किया था, जो आईसीएआई के पास उपलब्ध सभी अवसंरचना का स्वामी होगा और उनके संबंध में कार्यवाही करेगा, जिसके अंतर्गत केवल सिविल संकर्म से संबंधित उनकी मरम्मत और अनुरक्षण भी है । अवसंरचना विभाग द्वारा इस संबंध में सभी निदेश/मार्गदर्शन अवसंरचना विकास समिति से प्राप्त किए जाएंगे ।

**काफी टेबल बुक**

एक काफी टेबल बुक तैयार की गई है, जो आईसीएआई की सभी शाखाओं और साथ ही उत्कृष्टता केंद्रों, प्रधान कार्यालय और अपने स्वयं के परिसर से कार्यकरण करने वाले प्रादेशिक कार्यालयों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराती है । इस पुस्तक में कक्षाओं, आईटीटी प्रयोगशालाओं, पठन कक्षों, पुस्तकालय, सम्मेलन/संगोष्ठी सभागृहों, बहु प्रयोजन हालों और सभागृहों जैसी अवसंरचना प्रसुविधाओं के ब्यौरे एक ही स्थान पर अंतर्विष्ट है, जिससे आईसीएआई की कार्ययोजना और लेखांकन वृत्ति के विकास हेतु रणनीतिगत संसाधनों के रूप में उनका प्रभावी और दक्ष उपयोग किया जा सके ।

**7.6 अंतरराष्ट्रीय कार्य समिति (आईएसी)**

**क्रियाकलाप**

**(I) विदेशों में वृत्तिक अवसरों की मान्यता के लिए आईएसी की पहलें**

अंतर्राष्ट्रीय रूप से अपनी उपस्थिति को उपदर्शित करने के लिए आईसीएआई, सदस्यों की अर्हताओं को परस्पर रूप से मान्यता प्रदान करने के लिए वैश्विक लेखांकन निकायों के साथ अर्हता संबंधी परस्पर मान्यता हेतु करार कर रहा है । ये करार दो लेखांकन संस्थाओं के बीच कार्यकारी संबंधों की स्थापना करते हैं । ऐसी विदेश संस्थानों में, जिनके साथ वर्तमान में आईसीएआई का अर्हता संबंधी परस्पर ठहराव है, सीपीए आयरलैंड, एसएआईसीए, सीपीए कनाडा और आईसीएईडब्ल्यू सम्मिलित हैं । वर्ष के दौरान, विभिन्न लेखांकन निकायों के साथ अंतिम रूप प्रदान किए गए/नवीकृत अर्हता संबंधी परस्पर मान्यता हेतु करारों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

- आईसीएआई ने अक्तूबर, 2019 में लंदन, यू.के. में इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इन इंग्लैड एंड वेल्स (आईसीएईडब्ल्यू) के साथ अपने अर्हता संबंधी परस्पर मान्यता हेतु करार को नवीकृत किया है, जिससे दोनों संस्थान एक-दूसरे की अर्हता और प्रशिक्षण को मान्यता प्रदान करें और साथ ही एक दूसरे को जोड़ने संबंधी तंत्र को विहित करके सुप्रतिष्ठा वाले सदस्यों को प्रवेश प्रदान करें ।
- इसने आईसीए नेपाल के साथ हमारे करारों को अंतिम रूप प्रदान किया है । आईसीए नेपाल के साथ किए जाने वाले एमआरए को भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 19 फरवरी, 2020 को आयोजित संघ के मंत्री मंडल की बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया था और इस पर शीघ्र ही हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है ।
- इसने एमआईसीपीए के साथ हमारे करारों को अंतिम रूप प्रदान किया है । मलेशियाई इंस्टीट्यूट आफ सीपीए (एमआईसीपीए) के साथ एमआरए पर हस्ताक्षर करने संबंधी मामला और आस्ट्रेलिया के सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (सीपीए आस्ट्रेलिया) के साथ अर्हता संबंधी परस्पर मान्यता हेतु करारों के नवीकरण के विषय के संबंध में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के चार्टर्ड अकाउंटेंट शासकीय प्राधिकरणों से अनुमोदन/सहमति प्राप्त होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।
- इसके अतिरिक्त, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड (सीएएएनजेड) और इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इन इंग्लैड एंड वेल्स (आईसीएईडब्ल्यू) ने आईसीएआई के सदस्यों के लिए अग्रणी पाथवे कार्यक्रमों की प्रस्थापना की है । ये प्रस्थापना द्विपक्षीय अर्हता संबंधी परस्पर मान्यता हेतु करारों के अलावा एकपक्षीय प्रस्थापना है ।
- आईसीएआई ने भारतीय सदस्यों की अर्हताओं की विदेशी में मान्यता और उनके लिए विदेशों में वृत्तिक अवसरों का सृजन करने हेतु उन्हें एक सुदृढ अंतरापृष्ठ उपलब्ध कराने के लिए यू.के. और साथ ही यूएई शिक्षा प्रणालियों के लिए अपनी अर्हता का मूल्यांकन यू.के. एनएआरआईसी (द नेशनल रिकोग्निशन इन्फ्रोमेशन सेंटर, यूनाइटेड किंगडम) से कराया है ।

**(II) आईसीएआई की ब्रांड ईक्विटी का वैश्वीकरण**

- **आईसीएआई के विदेशी चैप्टर**

वर्तमान में आईसीएआई के पास 34 विदेशी चैप्टर हैं, जो समान अर्हताएं रखने वाले देशों के बीच सीए के ब्रांड का संवर्धन करते हैं और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों के लिए कैरियर अवसरों के संवर्धन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं । इस अवधि के दौरान नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार आईसीएआई की परिषद् द्वारा निम्नलिखित चैप्टरों को आरंभ करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिनका शीघ्र ही शुभारंभ किया जाएगा :

- आईसीएआई का लग्जमबर्ग चैप्टर, जो विदेशी चैप्टरों की सूची में 35वां चैप्टर होगा और यूरोप में स्थित 4था चैप्टर होगा ।

- आईसीएआई का यूएई (फुजेरा), जो विदेशी चैप्टरों की सूची में 36वां चैप्टर होगा और मध्य-पूर्व क्षेत्र में स्थित 11वां चैप्टर होगा।

➢ **भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान की विदेश नीति**

परिषद् ने संस्थान की विदेश नीति को अनुमोदित किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में परिसीमाओं और दबावों को सम्यक् रूप से मान्यता प्रदान करते हुए आईसीएआई के सुसंगठित और केंद्रित दृष्टिकोण को उपदर्शित करेगी। इस नीति का उद्देश्य वैश्विक रूप से सदस्यों की सेवा करना और आज के क्रियाशील आधुनिक युग में ज्ञान और कौशलों के प्रसार में विश्व गुरू के रूप में कार्य करना है।

➢ **विदेशों में आईसीएआई के प्रतिनिधि कार्यालय**

वैश्विक रूप से अपनी उपस्थिति में अभिवृद्धि करने के प्रयास में आईसीएआई ने विदेशों में ऐसे स्थानों पर अपने प्रतिनिधि कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है, जहां वर्तमान में आईसीएआई चैप्टरों का सृजन नहीं किया जा सकता और इस प्रकार विदेशों में स्थित आईसीएआई के सदस्यों को एकसाथ लाया जा सकेगा और उसके सदस्यों को आईसीएआई तक प्रभावी पहुँच बनाने और उसकी सेवाएं प्राप्त करने में समर्थ बनाया जा सकेगा और इस प्रकार भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों को विदेशों में वृत्तिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए "भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट" की एक ब्रांड के रूप में स्थिति में संवर्धन हुआ है। आईसीएआई ने अपनी यह परियोजना शिकागो, डलास, ह्यूस्टन, न्यू इंग्लैंड क्षेत्रों, वांशिगटन डीसी में जुलाई, 2020 में 5 प्रतिनिधि कार्यालयों के शुभारंभ के साथ शुरु की। घाना, अकरा, रवांडा, किगाली, मॉरीशस, पोर्ट लूईस, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, किंशासा, दक्षिण अफ्रीका, डरबन, दक्षिण अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, मिस्र काहिरा, जॉर्डन, अकाबा, सेशेल्स, माहे, मलावी, लिलोंग्वे, मलावी, ब्लाएंट्रे और मोजाम्बिक, मापुटो में 12 और प्रतिनिधि कार्यालयों को खोलने की भी मंजूरी दी गई है और उन्हें शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा।

➢ **आईसीएआई का सिंगापुर में दूसरा विदेशी कार्यालय**

आईसीएआई के एशियान देशों में लगभग 1000 सदस्य अवस्थित हैं और सिंगापुर में आईसीएआई का कार्यालय खुलने से दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (एशियान) देशों और साथ ही अन्य एशिया प्रशांत देशों में भारतीय सीए की ब्रांड छवि सुदृढ होगी। इस विचार के साथ सिंगापुर में आईसीएआई के दूसरे विदेशी कार्यालय को निगमित किया गया है। यह कार्यालय सदस्यों से संबंधित क्षेत्रों और इन देशों में सदस्यों को वापस आईसीएआई की छत्र छाया में लाने में उपयोगी सिद्ध होगा। यह उनकी इन देशों में पीएओ के साथ उत्तम संपर्क बनाए रखने में भी सहायता करेगा और साथ ही एशिया प्रशांत क्षेत्रों, विशिष्ट रूप से एशियान देशों में सीए की ब्रांड छवि का संवर्धन करेगा।

➢ **आईसीएआई के सर्वोत्तम विदेशी चैप्टर पुरस्कार, 2020**

वर्ष 2013 से अंतर्राष्ट्रीय कार्य संबंधी समिति (आईएसी) विदेशों में स्थित अपने चैप्टरों के लिए आईसीएआई के सर्वोत्तम विदेशी चैप्टर पुरस्कारों का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य 'भारतीय सीए' की ब्रांड छवि में अभिवृद्धि करने में चैप्टर का प्रबंध करने वाली समिति के प्रयासों की सराहना की जाती है और साथ ही इस बात के लिए भी उसकी प्रशंसा की जाती है कि वह सदस्यों को नेटवर्किंग हेतु एक मंच उपलब्ध करा रही है और इस प्रकार विदेशी जमीन पर सदस्यों के बीच अपनेपन की भावना का सृजन कर रही है। ये पुरस्कार चैप्टरों के विशिष्ट प्रयासों और उदाहरणात्मक उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करते हैं, जो चार्टर्ड अकाउंटेंसी वृत्ति के विस्तार क्षेत्र में निरंतर बढ़ोतरी कर रहे हैं। सर्वोत्तम विदेशी चैप्टर का चयन समय-समय पर यथा अनुमोदित परिभाषित पैरामीटरों के आधार पर किया जाता है।

सर्वोत्तम चैप्टर पुरस्कार प्रतिस्पर्धा 2020-21 हेतु मानदंडों को अद्यतन किया गया है और यह विनिश्चय किया गया है कि ऐसे विदेशी चैप्टरों के प्रयासों को मान्यता प्रदान की जाए, जिन्होंने मूल्यांकनाधीन अवधि के दौरान सराहनीय रूप से कार्यपालन किया है किंतु जो इन तीन प्रवर्गों के अधीन शीर्ष स्थान बनाने में सफल नहीं हो सके हैं और इसलिए उन्हें सराहना प्रमाणपत्र प्रदान किए गए थे।

➢ **आईसीएआई द्वारा 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई, भारत में अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस की मेजबानी**

डब्ल्यूसीओए का आयोजन प्रत्येक चार वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन फेडरेशन (आईएफएसी), जो लेखांकन वृत्ति से संबंधित एक विश्वव्यापी संगठन है, के तत्वाधान में किया जाता है और यह वृत्तिक अकाउंटेंटों के लिए एक अत्यधिक प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन है, जहां लगभग 6000 प्रतिनिधि एकत्रित होते हैं और लेखांकन तथा संबद्ध विषयों पर अपने-अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। आईसीएआई ने, जो आईएफएसी का सदस्य है, डब्ल्यूसीओए, 2022 की मेजबानी करने की प्रस्थापना की थी और एक कड़े निर्धारण के पश्चात् उसे 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई, भारत में अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस की मेजबानी करने का सम्मान प्राप्त हुआ है।

**(III) प्रतिनिधि मंडलों द्वारा आईसीएआई का दौरा**

➢ सीपीए आस्ट्रेलिया से एक प्रतिनिधि मंडल, जिसमें सुश्री डेबोरा ल्यूंग, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मार्क चाऊ, प्रादेशिक महाप्रबंधक कारबार विकास और श्री लेस्ली लियु, प्रादेशिक प्रबंधक एमईएसए सम्मिलित थे, ने 30 अप्रैल, 2019 को आईसीएआई के प्रधान कार्यालय का दौरा किया था, जिसके दौरान आईसीएआई और सीपीए आस्ट्रेलिया के बीच परस्पर मान्यता प्रदान करने संबंधी करार (एमआरए) के, जो सितंबर, 2019 में समाप्त हो रहा था, नवीकरण के संबंध में विचार-विमर्श किया गया था। इसके अलावा, दोनों संस्थानों ने द्विपक्षीय सहयोग के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संबंध में भी परिचर्चा की थी, जिनमें संवहनीय विकासात्मक उद्देश्यों के संबंध में सहयुक्त अध्ययन और अकाउंटेंटों की भूमिका विषय पर खोजबीन करना और निगम शासन, ब्लॉक चेन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि विषयों पर संयुक्त संगोष्ठियों/कार्यशालाओं का आयोजन सम्मिलित था।

- डा. इन की जू, अध्यक्ष, आईएफएसी और श्री रसेल गुथरी, सीएफओ और कार्यपालक निदेशक, आईएफएसी ने 1 जुलाई, 2019 को आईसीएआई प्लेटिनम जयंती समारोह में भाग लेने के लिए आईसीएआई का दौरा किया था। इस समारोह का उदघाटन श्री एम. वैकेया नायडू, भारत के माननीय उप राष्ट्रपति द्वारा किया गया था। 18-21 नवंबर, 2022 के दौरान मुंबई, भारत में डब्ल्यूसीओए 2022 के सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया था और साथ ही ईएसबी, एएएसबी और आईएएसबी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष से भी बैठक की गई थी।
- केन्या अकाउंटेंट्स एंड सैक्रेटरीज नेशनल एग्जामिनेशन्स बोर्ड (केएएसएनईबी) और इंस्टिट्यूट आफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स आफ केन्या (आईसीपीएके) से एक प्रतिनिधि मंडल ने 7 नवंबर, 2019 को आईसीएआई का दौरा किया था, जिसके दौरान विभिन्न तकनीकी और वृत्तिक मुद्दों के संबंध में आईसीएआई से तकनीकी संवर्धन का फायदा लेने की संभावनाओं पर विचार किया गया था।
- श्री एलन जॉनसन, उपाध्यक्ष और श्री रसेल गुथरी, मुख्य वित्तीय अधिकारी, आईएफएसी ने मुंबई में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया था। उनके दौरे के साथ-साथ उन्होंने 5 दिसंबर 2019 को डब्ल्यूसीओए, 2022 के आयोजन स्थल, अर्थात् जियो वर्ल्ड सेंटर का दौरा किया और आईसीएआई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ मुंबई में आयोजित की जाने वाली वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ़ अकाउंटेंट्स 2022 (डब्ल्यूसीओए 2022) संबंधी तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया था।
- सीपीए ऑस्ट्रेलिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री एंड्रयू हंटर, सीईओ, सीपीए ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में 3 दिसंबर, 2019 को मुंबई का दौरा किया था और उन्होंने आईसीएआई और सीपीए ऑस्ट्रेलिया के बीच एमआरए के नवीकरण के संबंध में चर्चा करने के लिए आईसीएआई के नेतृत्व के साथ मुलाकात की थी। दोनों संस्थानों के परस्पर हित के विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया था।

**(IV) सम्मेलन/कार्यक्रम**

- आईसीएआई-सीपीए ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सूचना सत्र - आईसीएआई और सीपीए ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त रूप से विभिन्न टियर I और टियर II शहरों में जून, सितंबर, नवंबर 2019 और फरवरी 2020 में एमआरए रुट के माध्यम से सीपीए ऑस्ट्रेलिया की परीक्षाओं को अर्हित करने के पश्चात् ऑस्ट्रेलिया में विद्यमान अवसरों के बारे में जागरूकता का सृजन करने हेतु कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन किया था।
- आईएफएसी परिषद् बैठक के साथ-साथ आईसीएआई के वैंकूवर चैप्टर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग संबंधी कार्यक्रम का आयोजन – आईएफएसी, सीएपीए, सीएडब्ल्यू की प्रमुख बैठकें वैंकूवर, कनाडा में नवंबर 2019 के मास के दौरान आयोजित की गईं। इन बैठकों के संयोजन में, आईसीएआई के ब्रिटिश कोलंबिया, वैंकूवर चैप्टर ने एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें सीएपीए के बोर्ड सदस्यों ने भाग लिया था। इस आयोजन में अध्यक्ष आईएफएसी, अध्यक्ष, सीएपीए, अध्यक्ष, एसएएफए ने भी भाग लिया था और इस आयोजन से आईसीएआई को व्यापक फायदा हुआ था। आईसीएआई के चैप्टर द्वारा 11 नवंबर, 2019 को आयोजित रात्रि भोज के दौरान वैश्विक मंच पर सीए की ब्रांड छवि को निखारने हेतु अनन्य अवसर उपलब्ध कराया गया था और साथ ही भारत में आयोजित होने वाली डब्ल्यूसीओए, 2022 का भी प्रचार-प्रसार किया गया था। इस आयोजन में अध्यक्ष, आईएफएसी, सीएपीए और एसएएफए भी उपस्थित हुए थे। अतुल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष, आईसीएआई ने आईसीएआई की यूडीआईएन संबंधी पहल पर एक प्रस्तुति दी थी, जिसमें 13 नवंबर, 2019 को आयोजित आईएफएसी परिषद् की बैठक में इस पहल की अवधारणा और फायदों का वर्णन किया गया था, जिसमें 130 देशों के 175 सदस्य निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। आईसीएआई की इस पहल की आईएफएसी परिषद द्वारा अत्यधिक सराहना की गई।
- 6-7 दिसंबर, 2019 के दौरान मुंबई में "लेखांकन वृत्ति : क्रांतिकारी सुधार, मूल्यों का सृजन" विषय पर आईसीएआई का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन - 6-7 दिसंबर, 2019 के दौरान मुंबई, भारत की वित्तीय राजधानी में "लेखांकन वृत्ति : क्रांतिकारी सुधार, मूल्यों का सृजन" विषय पर आईसीएआई के एक वृहत्त अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रख्यात अनेक वक्ताओं ने भाग लिया था, जो सरकार, उद्योग और लेखांकन वृत्ति से संबंधित थे और जिनमें श्री एलन जॉनसन, उपाध्यक्ष, आईएफएसी, सीए सुरेश प्रभु, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) और प्रधानमंत्री के जी 7 और जी 20 में शेरपा और सीए थॉमस चाजीकदन, माननीय संसद सदस्य (लोक सभा) सम्मिलित थे। इस सम्मेलन में 1200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर इसके प्रति उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया दर्शित की थी और इस कार्यक्रम को अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई थी।
- 13 अप्रैल, 2020 को "रिपोर्टिंग और आश्वासन पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव" विषय पर आईसीएआई के वैश्विक वेबीनार का आयोजन – अंतर्राष्ट्रीय कार्य संबंधी समिति ने अप्रैल, 2020 में "रिपोर्टिंग और आश्वासन पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव" विषय पर आईसीएआई के वैश्विक वेबीनार का आयोजन किया था, जिसमें उन चुनौतियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जो कोविड-19 संक्रमण फैलने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के सामने आई हैं और इस आयोजन में विशेष रूप से लेखांकन, रिपोर्टिंग और आश्वासन के परिप्रेक्ष्य में विश्वभर में स्थित वृत्तिकों और निगमों के सामने आई चुनौतियों का समाधान करने पर जोर दिया गया था। इस वेबिनार को इस क्षेत्र के वैश्विक नेताओं ने संबोधित किया गया था, जिनमें सीए सुरेश प्रभु, माननीय सांसद (राज्य सभा) और प्रधानमंत्री के जी 7 और जी 20 में शेरपा, डॉ. इन की जू,

अध्यक्ष, आईएफएसी, श्री फ्लोरिन तोमा, अध्यक्ष, लेखांकन यूरोप, श्री साल्वाडोर मारिन, अध्यक्ष, यूरोपीय फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट्स एंड ऑडिटर्स फॉर एसएमई (ईएफएए), श्री वान टिन, अध्यक्ष, आसियान फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट्स, श्री टॉम सिडेनस्टीन, अध्यक्ष, आईएएएसबी, श्री एलन जॉनसन, उपाध्यक्ष, आईएफएसी और श्री अर्जुन हेराथ, अध्यक्ष, पीएओडीसी, आईएफएसी सम्मिलित थे । इस वेबिनार को अन्य वृत्तिक लेखांकन संगठनों (पीएओ)/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वर्ल्डवाइड (सीएडब्ल्यू), दक्षिण एशियाई लेखाकार संघ (एसएएफए), द एडिनबर्ग समूह, सीपीए कनाडा, सीपीए ऑस्ट्रेलिया, सीपीए मलेशिया, इंस्टीट्यूट ऑफ इंडोनेशिया और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रतिनिधियों द्वारा भी संबोधित किया गया था ।

- 30 अप्रैल, 2020 को "जोखिम विविधता रणनीतियां – वैश्विक विनिर्माताओं के लिए भारत में अवसर - कोविड-19 के पश्चात्" विषय पर ग्लोबल वेबीनार का आयोजन - कोविड-19 महामारी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के सामने अत्यंत कड़ी चुनौतियां खड़ी कर रही है और इसका अनेक राष्ट्रों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा । अधिकांश राष्ट्रों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण के लिए अपने निवेश और आपूर्ति श्रृंखला को सुमेलित करने के लिए पहलें आरंभ कर दी हैं, किंतु सामान्य अर्थव्यवस्था विकास मानक को पुन: प्राप्त करना अत्यधिक कठिन होगा । जैसे-जैसे विश्व कोविड-19 महामारी से उभर रहा है, वैश्विक निवेशों, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाओं के अंतरण के साथ एक नई आर्थिक व्यवस्था आरंभ होगी । इसके लिए भारत से यह अपेक्षित होगा कि वह इस महामारी के अंत के पश्चात् अपनी अर्थव्यवस्था का पुन: निर्माण करे । भारत को आर्थिक विकास के लिए तैयार करने और उसकी अर्थव्यवस्था के विकास के प्रति योगदान देने के लिए आईसीएआई ने 30 अप्रैल, 2020 को "जोखिम विविधता रणनीतियां – वैश्विक विनिर्माताओं के लिए भारत में अवसर - कोविड-19 के पश्चात्" विषय पर एक वैश्विक वेबीनार का आयोजन किया था । इस वेबीनार में सीए पीयूष गोयल, माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री और रेल मंत्री, सी.ए. अरुण सिंह, माननीय संसद सदस्य, इस वेबीनार में इलैक्ट्रानिक रूप से उपस्थित हुए थे । इस वेबीनार के वक्ताओं के पैनल में डॉ राजीव कुमार, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, श्री राजकिरण राय, एमडी और सीईओ, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, श्री सतीश मराठे, निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, सीए गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अर्थशास्त्री, सीए राजीव कुमार सिंह, स्वतंत्र निदेशक, यूनियन बैंक आफ इंडिया और सीए उमेश चंद्र पांडे, पूर्व स्वतंत्र निदेशक, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड जैसे विख्यात व्यक्ति सम्मिलित थे, जिन्होंने इस विषय पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया, जिसके पश्चात् माननीय मंत्री सीए पीयूष गोयल के साथ विदेशी चैप्टरों से प्रश्नोत्तरों के सत्रों को आरंभ किया गया था ।
- 14 मई, 2020 को विदेशी निवेश आकर्षित करने हेतु भारत में भावी निवेश नीति के संबंध में सुझावों को प्राप्त करने के लिए वीडियो काल के माध्यम से चैप्टर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक – अंतर्राष्ट्रीय कार्य संबंधी समिति ने आईसीएआई के नेतृत्व के साथ आईसीएआई के विदेशी चैप्टरों के प्रतिनिधियों की एक परस्पर क्रियाशील बैठक का 14 मई, 2020 को आयोजन किया था, जिसमें विदेशी निवेश आकर्षित करने हेतु भारत में भावी निवेश नीति के संबंध में सुझावों को प्राप्त किया गया था ।
- 27 और 30 जून 2020 को इंग्लैंड और वेल्स के इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (आईसीएईडब्ल्यू) के साथ समझौता ज्ञापन के संबंध में आईसीएआई के सदस्यों हेतु जागरुकता सत्र का आयोजन – आईसीएआई और इंग्लैंड और वेल्स के इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (आईसीएईडब्ल्यू) के साथ समझौता ज्ञापन का संवर्धन करने और साथ ही दोनों संस्थानों के बीच हस्ताक्षरित की जाने वाली पाथवे स्कीम के बारे में जागरुकता का सृजन करने हेतु दोनों संस्थानों ने संयुक्त रूप से क्रमश: 27 और 30 जून, 2020 को "विश्व के लिए आपका पासपोर्ट : आईसीएआई के सदस्यों हेतु आईसीएईडब्ल्यू में शामिल होने का अवसर" विषय पर वेबीनार का आयोजन किया । इन दोनों वेबीनारों में 400 से अधिक आईसीएआई सदस्यों ने भाग लिया ।
- 27 जून, 2020 को एडिनबर्ग समूह के साथ सहयोग से वेबीनार का आयोजन – अंतर्राष्ट्रीय कार्य संबंधी समिति और व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति ने 27 जून, 2020 को अंतर्राष्ट्रीय एसएमपी दिवस की पूर्व संध्या पर एक आईसीएआई-एडिनबर्ग समूह वैश्विक एसएमपी वेबीनार का आयोजन किया, जो भविष्य हेतु तैयार एसएमपी - वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण, विषय से संबंधित था । इस वेबीनार में सुश्री मोनिका फ़ॉस्टर, अध्यक्ष, आईएफएसी की एसएमपी समिति, श्री ईमोन सिगिन्स, अध्यक्ष, एडिनबर्ग समूह और सीई, सीपीए आयरलैंड, सुश्री केडी वालर, हैड आफ पब्लिक प्रैक्टिस, सीपीए ऑस्ट्रेलिया, श्री मार्क एडमंडसन, अध्यक्ष और सीईओ, आईएनएफएलओ, सीए सतीश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, व्यवसायरत सदस्यों संबंधी समिति, आईसीएआई और अध्यक्ष, एसएएफए की एसएमपी समिति इलैक्ट्रानिक रूप से उपस्थित हुए थे ।

**(V) अविकसित देशों को तकनीकी सहायता**

- एनबीएए तंजानिया, आईसीए नेपाल और सीपीएपीएनजी के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की आज्ञा के अधीन आईसीएआई द्वारा इन तीन संस्थानों को सहायता
  - एनबीएए, तंजानिया को आईसीएआई का समर्थन – लेखांकन और संबद्ध क्षेत्रों में परस्पर सहयोग की स्थापना करने के लिए आईसीएआई ने नेशनल बोर्ड आफ अकाउंटेंट्स एंड ऑडिटर्स, तंजानिया के साथ एक तकनीकी सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे । इस समझौते के अधीन आज्ञा का क्रियान्वयन करने के लिए आईसीएआई ने एनबीएए की पाठ्यचर्या का पुनर्विलोकन किया है, एनबीएए की अध्ययन सामग्री का ब्यौरेवार मूल्यांकन और पुनरीक्षण तथा एनबीएए के लिए पुस्तकों का उपापन और उनकी आपूर्ति की है ।

- सीपीएपीएनजी को आईसीएआई का समर्थन – आईसीएआई और सीपीएपीएनजी एक द्विपक्षीय सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं और उसके अनुसरण में, आईसीएआई को सीपीएपीएनजी से यह अनुरोध प्राप्त हुआ है कि उनके सीपीए मॉड्यूल के लिए पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या में सुधार किया जाए। आईसीएआई ने उनके मॉड्यूल का सुधार करने के लिए उसका मूल्यांकन/अध्ययन करने का कार्य आरंभ किया है। पूर्व में, आईसीएआई ने सीपीएपीएनजी को, आईएफएपी की पूर्ण सदस्यता प्राप्त करने में अपना समर्थन दिया था। आईसीएआई ने सम्यक् तत्परता संबंधी प्रक्रिया पूरी की तथा अपनी रिपोर्ट को विचारार्थ आईएफएसी को प्रस्तुत किया था। आईएफएसी ने 13 नवंबर, 2019 को आयोजित अपनी परिषद बैठक में सीपीएपीएनजी को पूर्ण सदस्यता प्रदान की थी । इसके अनुसरण में, श्री युवाक ताओ, कार्यपालक निदेशक, सीपीएपीएनजी ने आईसीएआई द्वारा मुंबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आईसीएआई के प्रति सीपीएपीएनजी की ओर से आभार व्यक्त किया था।
- आईसीएआई की आईसीए नेपाल को समर्थन – आईसीएआई ने आईसीएएन को उनकी परीक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत बनाने हेतु तकनीकी सहायता प्रदान की थी, जिसके दौरान आईसीएएन के अधिकारियों ने आईसीएआई की परीक्षा प्रणाली का परिशीलन करने और परीक्षाओं के सुचारू संचालन/प्रवाह से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की थी।
- तकनीकी सहयोग संबंधी करार – आईसीएआई ऐसे देशों को तकनीकी सहयोग का ढांचा उपलब्ध कराने में भी सहबद्ध रहा है, जिनके पास समुचित लेखांकन अवसंरचना का अभाव है । चालू वर्ष में, संस्थान ने कुवैत एकाउंटेंट्स एंड ऑडिटर्स एसोसिएशन (केएएए) और साऊदी आर्गनाइजेशन फार सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (एसओसीपीए) के साथ तकनीकी सहयोग संबंधी करारों पर हस्ताक्षर किए हैं और निम्नलिखित संस्थानों के साथ आईसीएआई के उन देशों में लेखांकन वृत्ति को संस्थागत बनाने के लिए तकनीकी सहयोग संबंधी करार विद्यमान हैं :
    - बैंककारी और वित्तीय अध्ययन संबंधी महाविद्यालय, ओमान
    - नेपाल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान
    - बहरीन बैंककारी और वित्तीय संस्थान (बीआईबीएफ)
    - राष्ट्रीय अकाउंटेंट्स और लेखा परीक्षक बोर्ड, तंजानिया
    - केन्या प्रमाणित लोक लेखापाल संस्थान (आईसीपीएके)
    - कुवैत अकाउंटेंट्स और लेखापरीक्षक संघ (केएएए)
    - प्रमाणित लोक लेखापालों संबंधी सऊदी संगठन (एसओसीपीए)

  सीपीए अफगानिस्तान और प्रौद्योगिकी संबंधी उच्चतर महाविद्यालय, यूएई के साथ किए जाने वाले तकनीकी सहयोग संबंधी करारों को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और उन पर शीघ्र ही हस्ताक्षर किए जाने की आशा है।

  आईसीएआई द्वारा कुवैत अकाउंटेंट्स और लेखा परीक्षक संघ (केएएए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर – भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) ने 21 नवंबर, 2019 को कुवैत में कुवैत अकाउंटेंट्स और लेखा परीक्षक संघ (केएएए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। आईसीएआई और केएएएए के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन इस बात को सुकर बनाएगा कि दोनों संस्थान कुवैत में लेखांकन, वित्तीय और संपरीक्षा ज्ञान आधार को सुदृढ़ हेतु एकसाथ मिलकर कार्य करेंगे । इस समझौता ज्ञापन के अधीन, आईसीएआई कुवैत सरकार/मंत्रालयों के कर्मचारियों/केएएए के सदस्यों और कुवैत के राष्ट्रिकों को केएएए के सहयोग से तकनीकी कार्यक्रमों की प्रस्थापना करेगा।
- आईसीएआई और प्रमाणित लोक लेखापालों संबंधी साऊदी संगठन (एसओसीपीए) के बीच समझौता ज्ञापन -- आईसीएआई और प्रमाणित लोक लेखापालों संबंधी साऊदी संगठन (एसओसीपीए) के बीच 2014 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे । इस समझौता ज्ञापन का नवीकरण किया जाना था और भारत के मंत्रिमंडल के अनुमोदन के पश्चात् आईसीएआई और एसओसीपीए ने 27 जनवरी, 2020 को रिहाद में साऊदी अकाउंटेंटों के मंच के उद्घाटन समारोह के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता ज्ञापन निगम शासन, तकनीकी अनुसंधान और सलाह, क्वालिटी आश्वासन, न्यायालयीय लेखांकन, लघु और मध्यम आकार के व्यवसायियों (एसएमपी) संबंधी मुद्दों, इस्लामिक वित्तपोषण, सतत वृत्तिक विकास (सीपीडी) और लेखांकन वृत्ति से संबंधित परस्पर हित के अन्य विषयों में परस्पर सहयोग के ढांचे का संवर्धन करता है।

**(VI) रचना खंडों के लिए कार्यकरण**

एसएएएफए सदस्य निकायों और ऐसे अन्य लेखांकन निकायों के, जिनके साथ आईसीएआई ने एमओयू/एमआरए पर हस्ताक्षर किए हैं और भविष्य में एमओयू/एमआरए पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव किया है, सदस्यों को आईसीएआई के ई-पठन मंच तक पहुंच प्रदान करने का प्रस्ताव – डिजीटल पठन केंद्र, एकीकृत पठन प्रबंध प्रणाली (एलएमएस) का भाग है, जो बहु प्ररूपों (वीडियो/प्रस्तुतीकरणों और परस्पर क्रियाशील अंतर्वस्तु) में पाठ्यक्रमों और वृत्तिक अंतर्वस्तु तक पहुंच को सुकर बनाता है, जिनका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन निकायों/मंचों के वृत्तिकों द्वारा अपने ज्ञान को अद्यतन बनाने के लिए किया जा सकता है। इस प्रयास की एसएएएफए के सदस्य निकायों द्वारा सराहना की गई थी और एसएएएफए ने अनुरोध किया था कि क्या आईसीएआई इस पठन क्रेंद को एसएएएफए के सदस्य निकायों के साथ साझा कर सकता है।

एक सदभावना प्रदर्शन के रूप में आईसीएआई ने अपने अद्वितीय डिजीटल पठन केंद्र के संबंध में 200 अमेरीकी डालर प्रतिवर्ष की तुलना में अत्यधिक कम दर एक अमरीकी डालर प्रतिवर्ष की दर से एसएएफए देशों और ऐसे लेखांकन निकायों को प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिनके साथ आईसीएआई ने एमआरए/एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अलावा, असाधारण उभरती परिस्थितियों में आईसीएआई ने एक सक्रिय उपाय के रूप में, इन डिजिटल संसाधनों को लघु पीएओ का समर्थन करने हेतु उनके साथ साझा करने का निर्णय लिया है, जिससे वे अपने सदस्यों को ऑनलाइन सीपीडी पठन उपलब्ध कराने में समर्थ हो सकें। आईएफएसी ने आईसीएआई के इस प्रस्ताव की काफी सराहना की है और आईसीएआई के, लघु पीएओ को आईसीएआई के डिजिटल पठन केंद्र का उपयोग करने संबंधी प्रस्ताव को आईएफएसी की वेबसाइट पर भी रखा गया है। इस डिजिटल पठन केंद्र को लेखांकन शिक्षा संबंधी अंतर्राष्ट्रीय पैनल के सदस्यों के साथ भी साझा किया गया है और उन्होंने आईसीएआई की इस पहल की सराहना भी की है। नेपाल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएएन) के लगभग 100 सदस्यों ने अपने वृत्तिक ज्ञान में सतत रूप से वृद्धि करने के लिए आईसीएआई डिजिटल पठन केंद्र का उपयोग करना आरंभ कर दिया है।

### 7.7 अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस संबंधी कार्यकरण समिति (डब्ल्यूसीओए)

परिषद् ने 18 नवंबर, 2022 से 21 नवंबर, 2022 के दौरान जिओ वर्ल्ड सेंटर, बीकेसी, मुंबई में आयोजित की जाने वाली अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस (डब्ल्यूसीओए) के आयोजन संबंधी भिन्न-भिन्न कार्यों को पूरा करने हेतु चालू परिषद् वर्ष में एक गैर-स्थायी समिति, अर्थात् अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस संबंधी कार्यकरण समिति का गठन किया है।

समिति ने इस अवधि के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलाप किए हैं :

- अकाउंटेंटों की विश्व कांग्रेस 2022 के आयोजन संबंधी तैयारियां चल रही हैं और शीघ्र ही डब्ल्यूसीओए – 2022 हेतु रजिस्ट्रीकरण और अन्य क्रियाकलाप आरंभ किए जाएंगे।
- वर्ष के दौरान आईएफएसी के उपाध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डब्ल्यूसीओए – 2022 के आयोजन स्थल का दौरा किया था।
- आईसीएआई भवन, बीकेसी, मुंबई में बेहतर समन्वयन हेतु एक पूर्णकालिक समर्थित कर्मचारिवृंद के साथ एक पूर्णरूपेण कार्यकरण करने वाले सचिवालय की स्थापना भी की गई है।
- डब्ल्यूसीओए – 2022 के वृत्तिक सम्मेलन आयोजक की नियुक्ति के लिए आरएफपी को अंतिम रूप प्रदान करने हेतु प्रक्रिया की जा रही है।
- डब्ल्यूसीओए – 2022 के लोगो (प्रतीक चिह्न) को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है और इससे संबंधित वेबसाइट को तैयार करने संबंधी प्रक्रिया चल रही है और साथ ही डब्ल्यूसीओए – 2022 का विज्ञापन करने वाले सोशल मीडिया पृष्ठों को भी तैयार किया जा रहा है।
- डब्ल्यूसीओए के विभिन्न प्रचालनों की देखभाल करने हेतु उप समितियों का सृजन किया गया है।

### 7.8 रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति (एसपीपीएमसी)

रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति का मुख्य उद्देश्य एक प्रमुख रूप से केंद्रित और क्रियाशील संस्थान के रूप में आईसीएआई को रणनीति और अन्य उभरते क्षेत्रों में विकसित करने और एक व्यापक आधार प्रदान करने हेतु लेखांकन वृत्ति की मूल सक्षमताओं की पहचान करना, उन पर ध्यान केंद्रित करना, उनकी खोज करना, उनके संबंध में विचार-विमर्श करना तथा उन्हें विकसित करना है।

#### समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम

समिति ने इस अवधि के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन किया है :

3 मई, 2020 को "मेकिंग आफ न्यू इंडिया" विषय पर रणनीति, परिप्रेक्ष्य योजना और मानीटरी समिति द्वारा एक वेबकास्ट का आयोजन किया गया था, जिसके मुख्य वक्ताओं में श्री नीतिन गड़करी, माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री सम्मिलित थे इन्होंने सदस्यों को कोविड और कोविड पश्च युग में आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर संबोधित किया था। माननीय मंत्री द्वारा निम्नलिखित मुद्दों के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए गए थे :

- मेक इन इंडिया
- उत्तम नीति द्वारा निवेशों को आकर्षित करना
- नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उत्पादकता में वृद्धि करना
- निर्यात में वृद्धि करना
- आयात में कमी करना
- आत्मनिर्भरता
- नए सेक्टर संबंधी विकास
- संवहनीयता

श्री श्रीपाद येसो नायक, माननीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और रक्षा राज्यमंत्री, भारत सरकार ने भी सदस्यों को सरकार द्वारा कोविड संक्रमण का सामना करने हेतु किए जा रहे प्रयासों और वृत्ति के सदस्यों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में संबोधित किया था। इस वेबकास्ट को प्रोफेसर आशा कौल, प्रोफेसर, संसूचना, भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद ने भी संबोधित किया था, जिन्होंने निजी ब्रांडिंग के महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए थे। इस वेबकास्ट को एक लाख से अधिक व्यक्तियों द्वारा देखा गया था।

### 7.9 सीएसआर समिति

सीएसआर समिति, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की एक गैर-स्थायी समिति है, जिसका सृजन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के विनियामक उपबंधों के अधीन किया गया था। सीएसआर समिति का मिशन और उद्देश्य सीएसआर विनियमों का सृजन करना, उन्हें बनाए रखना और उनके संबंध में जागरुकता को बढ़ावा देना तथा उनके अनुपालन को सुनिश्चित करना ; अर्थपूर्ण और क्वालिटी संबंधी पहलें करना ; ऐसे क्रियाकलाप करना, जो सामाजिक उत्तरदायित्व के सही सार को पकडना और ऐसे मार्गों को अपनाना, जो समाज हेतु मूल्य के सृजन का पथ प्रदर्शित करें, पारदर्शिता और भावी शासन के माध्यम से पर्यावरण के साथ सुमेलित रूप से संवहनीय विकास का संवर्धन करना है।

**किए गए क्रियाकलाप**

- सीएसआर समिति ने निम्नलिखित प्रकाशनों को जारी किया है :
  - सीएसआर निधियों के उपयोग संबंधी स्वतंत्र व्यवसायियों की रिपोर्ट के संबंध में सलाह – 29.05.2020
  - 29.04.2020 को आयोजित लाइव वेबकास्ट के दौरान सीएसआर नियमों, लेखांकन और कराधान संबंधी उठाए गए प्रश्नों के उत्तर – 9.6.2020
  - निगम सामाजिक उत्तरदायित्व क्रियाकलापों संबंधी व्यय के लेखांकन संबंधी तकनीकी गाइड – 30.06.2020
- सीएसआर समिति ने 29.04.2020 को सीएसआर विधियों, लेखांकन और कराधान के संबंध में एक लाइव वेबीनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया था। इस वेबीनार को देखने हेतु 4122 लॉग-इन हुए थे। इसे अब सदस्यों के फायदे के लिए आईसीएआई टीवी पर रखा गया है।
- सदस्यों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं को समाविष्ट करने के पश्चात् प्रारूप सीएसआर कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2020 के संबंध में अपनी प्रतिक्रियाओं को सीएसआर समिति द्वारा एमसीए के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।
- ऐसे प्रशिक्षित वृत्तिकों, जो सामान्य रूप से बेहतरी हेतु सीएसआर संबंधी विजन और उद्देश्यों को कार्यान्वित करने में सहायता कर सकते हैं, की आवश्यकता को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया सीएसआर संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम। सीएसआर संबंधी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के पहले बैच को 4 जुलाई, 2020 से आरंभ किया गया है और इसे सदस्यों से अच्छी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो रही हैं।
- चार्टर्ड अकाउंटेंटों के सीएसआर क्रियाकलापों का पता लगाने और उन्हें जनता के समक्ष रखने हेतु एक वेब पोर्टल को भी विकसित किया गया है। इस वेब पोर्टल पर चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा कोविड-19 महामारी के प्रति किए गए संदानों संबंधी जानकारी को भी रखा गया है। इसके साथ ही सीएसआर के क्षेत्र में सभी नवीनतम घटनाओं और सीएसआर समिति के क्रियाकलापों को नियमित रूप से सीएसआर पोर्टल https://csr.icai.org पर अद्यतन किया जाता है।
- सदस्यों को नियमित रूप से संसूचनाएं भेजी जाती हैं कि वे आगे आएं और अर्थव्यवस्था के विकास के प्रति अपना योगदान दें और साथ ही पीएम केयर निधि, पीएम राष्ट्रीय अनुतोष निधि, सीएम राष्ट्रीय अनुतोष निधि, आईसीएआई कोविड निधि, भोजन के पैकेटों और चिकित्सीय किटों का जरुरतमंद व्यक्तियों को संदान करके समाज के प्रति अपना योगदान दें।
- सदस्यों को सरकार/एमसीए के निर्णयों और जारी की गई अधिसूचनाओं/परिपत्रों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराते हुए नियमित रूप से संसूचनाएं भेजी जाती हैं।

### 7.10 यूडीआईएन निदेशालय

यूडीआईएन निदेशालय को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की परिषद् द्वारा वर्ष 2019 में यूडीआईएन के क्रियान्वयन और इस संबंध में प्रगति की तथा वास्तविक समय आधार पर उसके दैनिक कार्यकरण की मानीटरी करने के लिए गठित किया गया है।

**(I) यूडीआईएन का कार्यान्वयन**

दिसंबर, 2018 में, परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि निम्नलिखित चरणों में पूर्णकालिक व्यवसाय करने वाले प्रत्येक चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए यूडीआईएन को आज्ञापक बनाया जाए :

- व्यवसायी चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा किए जाने वाले सभी प्रकार के प्रमाणनों के लिए 1 फरवरी, 2019 से।
- सभी जीएसटी और कर संपरीक्षा रिपोर्टों के संबंध में 1 अप्रैल, 2019 से।
- अन्य सभी संपरीक्षा, आश्वासन और अनुप्रमाणन कृत्यों के लिए 1 जुलाई, 2019 से।

सदस्यों को समय से काफी पहले उदघोषणाओं और मास ई-मेलों के माध्यम से चरणबद्ध रीति में किए जाने वाले इस कार्यान्वयन की जानकारी प्रदान की गई थी । उनकी सुविधा के लिए प्रत्येक चरण के संबंध में ब्यौरेवार एफएक्यू जारी किए गए थे और उन्हें यूडीआईएन पोर्टल और आईसीएआई की वेबसाइट पर रखा गया था ।

**(II) यूडीआईएन से संबंधित आंकड़े**

**31 मार्च, 2020 तक 1.05 करोड़ यूडीआईएन का सृजन किया गया है (इनमें से 98.53 लाख क्रियाशील यूडीआईएन हैं)**

***प्रवर्गवार यूडीआईएन***

| | |
|---|---|
| प्रमाणपत्र | 49.85 लाख |
| जीएसटी और कर संपरीक्षा | 37.12 लाख |
| अन्य संपरीक्षा और आश्वासन | 11.56 लाख |

***व्यवसाय करने वाले सदस्यों की संख्या – जो यूडीआईएन हेतु रजिस्ट्रीकृत है और जिन्होंने उसका सृजन किया है***

| | |
|---|---|
| पूर्णकालिक व्यवसाय में | 1,38,441 |
| यूडीआईएन पर रजिस्ट्रीकृत | 1,12,786 |
| जिन्होंने यूडीआईएन का सृजन किया है | 1,05,802 |

***सदस्यों द्वारा सृजन किए गए यूडीआईएन की तुलना में उनके अधीन आर्टिकल***

| **आर्टिकल को प्रशिक्षण देने वाले सदस्य** | **सदस्यों की संख्या** | **यूडीआईएन की संख्या** |
|---|---|---|
| कोई आर्टिकल नहीं | 49,977 | 29,02,954 |
| 1 से 2 | 30,022 | 29,45,910 |
| 3 से 4 | 11,919 | 15,54,126 |
| 5 से 7 | 8,898 | 13,98,989 |
| 8 से 10 | 4,833 | 10,28,096 |
| 10 से अधिक आर्टिकल्ड सहायक | 153 | 24,273 |

**(III) कपटों का पता लगाना**

यूडीआईएन के कार्यान्वयन के पश्चात्, कपट करने वाले व्यक्तियों द्वारा किए गए अनेकों कदाचार सामने आने लगे । पणधारियों से इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही है, जहां गैर-सीए व्यक्तियों ने सीए के नाम पर अनेक कपट किए हैं, जो सामने आने लगे । यूडीआईएन को विनियामकों/पणधारियों द्वारा इस बात की प्रमाणिकता को स्थापित करने के लिए सत्यापित किया जा रहा है कि उन पर केवल सीए द्वारा ही हस्ताक्षर किए गए हैं । बैंकों ने 10 लाख से अधिक यूडीआईएन को सत्यापित किया है ।

**(IV) यूडीआईएन से संबंधित आज्ञा के संबंध में परिषद् के निर्णय की अधिसूचना**

चरणबद्ध रीति में यूडीआईएन को आज्ञापक बनाए जाने संबंधी परिषद् के निर्णय को अधिसूचना सं. 1-सीए(7)/192/2019, तारीख 2 अगस्त, 2019 द्वारा अधिसूचित किया गया था । तदनुसार, सदस्यों द्वारा इसके अननुपालन के संबंध में अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है ।

**(V) यूडीआईएन का व्यापार चिह्न और प्रतिलिप्याधिकार**

"यूडीआईएन" परिवर्णी शब्द को 15 मार्च, 2019 से व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के अधीन भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के नाम पर तारीख 7 सितंबर, 2019 की व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार की मुद्रा के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया गया है । इसके अतिरिक्त, संस्थान यूडीआईएन के लिए प्रतिलिप्याधिकार अभिप्राप्त करने के लिए प्रक्रिया कर रहा है ।

**(VI) आईबीए, सेबी, रेरा, सीबीडीटी द्वारा यूडीआईएन का क्रियान्वयन**

भारतीय बैंक संघ ने अपनी तारीख 11 मार्च, 2019 की संसूचना के द्वारा सभी बैंकों से यह अनुरोध किया है कि वे उनके द्वारा स्वीकार किए जाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा प्रमाणित सभी दस्तावेजों पर यूडीआईएन चिह्न के लिए जोर डाले । तारीख 6 जून, 2019 को मुंबई में, सेबी में श्री नागेन्द्र पारख, कार्यपालक निदेशक के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें यूडीआईएन के महत्व

और प्रभाविकता पर बल दिया गया था । सेबी ने हमारे अनुरोध को स्वीकार करते हुए सभी स्टॉक मार्किट मध्यवर्तियों की संपरीक्षा रिपोर्ट सहित संपरीक्षा रिपोर्टों/अपने प्रारूपों में यूडीआईएन का उल्लेख करने संबंधी एक स्तंभ को सम्मिलित किया है ।

30 अगस्त, 2019 को, सभी आईटी प्ररूपों और रिपोर्टों में यूडीआईएन को सम्मिलित करने हेतु सीबीडीटी में श्री राजेश भूत, संयुक्त सचिव के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था । इस बैठक के और सीबीडीटी को भेजी गई संसूचना के अनुसरण में सीबीडीटी द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा प्रमाणित/जारी किए जाने वाले उनके सभी प्ररूपों और रिपोर्टों में यूडीआईएन का उल्लेख करने हेतु एक स्तंभ को जोड़ा गया है । सीबीडीटी शीघ्र ही अपने ई-फाइलिंग पोर्टल पर प्ररूपों को अपलोड करते समय रियल टाइम आधार पर आईसीएआई के यूडीआईएन पोर्टल से एपीआई के माध्यम से यूडीआईएन के विधिमान्यकरण का कार्यान्वयन आरंभ करेगा ।

**(VII) यूडीआईएन के लिए निदेशक, एसआईएफओ के साथ बैठक**

12 जून, 2020 को श्री अमरजीत सिंह भाटिया, एसआईएफओ और उसके दल के साथ एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें यूडीआईएन की अवधारणा को तथा चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा प्रमाणित किए जाने वाले सभी प्ररूपों में उसके महत्व को उनके साथ साझा किया गया था ।

**(VIII) रेरा के साथ संसूचनाएं**

सभी राज्यों के भू-संपदा विनियामक प्राधिकरणों को इस अनुरोध के साथ संसूचनाएं भेजी गई हैं कि वे चार्टर्ड अकाउंटेंटों द्वारा हस्ताक्षरित की जाने वाली उनकी सभी संपरीक्षा रिपोर्टों में यूडीआईएन के लिए एक स्तंभ को सम्मिलित करें और गुजरात तथा तमिलनाडु के प्राधिकरणों ने इसका कार्यान्वय भी कर दिया है ।

**(IX) यूडीआईएन का प्रस्तुतीकरण**

- राज्य स्तरीय समन्वयन समिति (एसएलसीसी) की बैठकें – पिछले वर्ष के दौरान आयोजित सभी एसएलसीसी बैठकों में आईसीएआई के प्रतिनिधियों ने यूडीआईएन से संबंधित एक प्रस्तुतीकरण किया है, जिनमें संबद्ध राज्य के प्रधान सचिव, सेबी, एमसीए, ईडी, एसएफआईओ, सीबीआई के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए थे और उन्होंने आईसीएआई द्वारा विकसित यूडीआईएन की अवधारणा की सराहना की थी ।
- एसएएफए, आईएफएसी, एओएसएसजी को प्रस्तुतीकरण – एसएएफए ने, एसएएफए सदस्य निकायों में यूडीआईएन का कार्यान्वयन करने हेतु एक कार्यबल का गठन किया है । इस कार्यबल की पहली बैठक का आयोजन 29 जुलाई, 2019 को कोलंबो, श्रीलंका में किया गया था, जिसमें यूडीआईएन से संबंधित एक ब्यौरेवार प्रस्तुतीकरण किया गया था । आईसीए बांग्लादेश, आईसीए पाकिस्तान और आईसीए नेपाल ने उनके अपने संबद्ध सदस्य निकायों से यूडीआईएन के कार्यान्वयन हेतु आईसीएआई की तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया है ।

नवंबर, 2019 के मास में गोवा में आयोजित एशियाई प्रशांत मानक निर्धारक समूह (एओएसएसजी) की ग्यारहवीं वार्षिक साधारण बैठक में "यूडीआईएन के प्रभाव का विश्लेषण" विषय पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया था, जिसमें 27 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था । नवंबर, 2019 में आईसीएआई के ब्रिटिश कोलंबिया, वैंकुवर चैप्टर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग बैठक के दौरान आईसीएआई की यूडीआईएन संबंधी पहलों के संबंध में आईएफएसी परिषद् के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण किया गया था, जिसमें इस पहल की अवधारणा और फायदों पर प्रकाश डाला गया था और आईएफएसी की परिषद् ने इसकी काफी सराहना की थी । 15 फरवरी, 2020 को आईसीए बांग्लादेश के समक्ष एक यूडीआईएन संबंधी प्रस्तुतीकरण किया गया था, जिसमें इस अवधारणा को काफी प्रशंसा प्राप्त हुई थी ।

**(X) प्रकाशनों का जारी किया जाना**

- अद्वितीय दस्तावेज पहचान संख्यांक के संबंध में एफएक्यू – नवंबर, 2019 के मास के दौरान अद्वितीय दस्तावेज पहचान संख्यांक (यूडीआईएन) के संबंध में एफएक्यू नामक एक प्रकाशन निकाला गया था ।
- यूडीआईएन संबंधी रिपोर्ट – निदेशालय ने 7 फरवरी, 2020 को वार्षिक समारोह के दौरान एक रिपोर्ट जारी की थी । इसके अवधारणात्मक, कार्यन्वयन संबंधी पहलुओं से आरंभ करते हुए इस रिपोर्ट में सदस्यों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं और जानकारी के आधार पर यूडीआईएन से संबंधित विभिन्न आंकड़ों और भावी कार्ययोजना को भी उपदर्शित किया गया था ।

**(XI) प्रमाणपत्रों के संबंध में प्रपुंज यूडीआईएन का सृजन –** जून, 2020 के मास में प्रपुंज संख्या में प्रमाणपत्रों के लिए यूडीआईएन के सृजन संबंधी प्रावधान को यूडीआईएन पोर्टल पर सम्मिलित किया गया था । इस सुविधा का उपयोग करके अब सदस्य एक ही बार में विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों के लिए प्रपुंज में, अर्थात् संख्या में 300 तक यूडीआईएन का सृजन कर सकेंगे । इसे एक्सएल फाइल को अपलोड करके किया जा सकता है ।

**(XII) यूडीआईएन – विनियामक के लिए एक उत्प्रेरक**

यह परिकल्पना की गई है कि धीरे-धीरे यूडीआईएन वृत्ति को विनियमित करने वाला एक ऐसा उपकरण बन जाएगा, जो दिशानिर्देशों और विधियों का प्रभावी रूप से प्रवर्तन करेगा । ऐसे कुछ क्षेत्रों को नीचे उल्लिखित किया गया है :

- एफसीआरए/फेमा के अनुसार विदेशों में छूट/धन का प्रवाह

- सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों में धन के उपयोग संबंधी जांच
- जीडीपी के विकास की तुलना में निर्धारिती का मूल्यांकन
- किसी सीए को अनुज्ञेय कर/कंपनी संपरीक्षाओं की संख्या
- यूडीआईएन के माध्यम से आईसीएआई नियमों/विनियमों/दिशानिर्देशों का प्रभावी रूप से प्रवर्तन
- यूडीआईएन के माध्यम से पूर्ववर्ती संपरीक्षक के साथ संपर्क हेतु

### 7.11 अंतर्राष्ट्रीय नियोजन निदेशालय

अंतर्राष्ट्रीय नियोजन निदेशालय को चार्टर्ड अकाउंटेंटों की सेवाओं के निर्यात और डब्ल्यूटीओ संबंधी समिति से पृथक् किया गया है, जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंटों और अकाउंटेंटों के विदेशों में नियोजन हेतु लगातार दो वर्षों के लिए विदेशी कैम्पस नियोजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा निर्यात के संवर्धन हेतु 12 प्रमुख सेक्टरों में से लेखांकन और वित्त सेक्टर की एक सेक्टर के रूप में पहचान की गई है। अंतर्राष्ट्रीय नियोजन निदेशालय इस प्रमुख सेक्टर के अधीन की जाने वाली एक ऐसी प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य आईसीएआई संस्थागत ढांचे के अधीन वैश्विक अवसरों के लिए संभाव्य नियोजकों, चार्टर्ड अकाउंटेंटों और अकाउंटेंटों की पूर्ति करना है और यह विदेशी नियोजकों को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों और अकाउंटेंटों की भर्ती करने संबंधी एक अद्वितीय अवसर उपलब्ध कराएगा।

**पहलें**

- निदेशालय एक अंतर्राष्ट्रीय नियोजन आनलाइन पोर्टल स्थापित करने के लिए कार्य कर रहा है, जो भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों को विदेशों में नौकरी प्राप्त करने में सहायता करने के लिए 24x7 कार्य करेगा और शीघ्र ही यह पोर्टल यूएटी चरण में प्रवेश करेगा तथा इसे शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा।
- निदेशालय, विदेशों में स्थित सभी भारतीय मिशनों के वाणिज्यिक खंडों को, भारतीय लेखांकन वृत्ति का वैश्विक रूप से संवर्धन करने हेतु समर्थन और सहायता करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिख रहा है और वह उनसे पुष्टि प्राप्त होने के पश्चात् आगे की कार्य पद्धतियों के संबंध में परिचर्चा करेगा।
- निदेशालय ने विदेशों में स्थित आईसीएआई के सभी चैप्टरों से यह अनुरोध किया था कि वे उनकी अधिकारिता में स्थित अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्यताप्राप्त एचआर परामर्शियों की एक सूची को साझा करे, जिन्हें निदेशालय व्यक्तिगत रूप से या इन चैप्टरों के माध्यम से संपर्क करेगा, जिससे वे ऐसी संभाव्य कंपनियों की सूची उपलब्ध करा सकें, जो विदेशों में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटों को नियुक्त कर सकती हैं।

### 7.12 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना के अधिकार को अंतर्निहित रूप से संविधान द्वारा गारंटी प्रदान की गई है। तथापि, भारत के नागरिकों को अधिकार के रूप में सूचना उपलब्ध कराने हेतु एक व्यवहारिक व्यवस्था की स्थापना करने के विचार से भारतीय संसद् ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया था। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सशक्त करना, प्रत्येक लोक प्राधिकारी के कार्यकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही का संवर्धन करना है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई), जो संसद् के एक अधिनियम, अर्थात् चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के अधीन स्थापित एक कानूनी निकाय है, जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 2(ज) में परिकल्पित किए गए अनुसार एक लोक प्राधिकारी है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबंधों और केन्द्रीय सूचना आयोग के निदेश के अनुपालन में इस लोक प्राधिकरण द्वारा अपने अधिकारियों को केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी, प्रथम अपील प्राधिकारी (एफएए) और पारदर्शिता अधिकारी के रूप में पदाभिहित किया गया है।

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)(ख) के अधीन प्रकटन**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)(ख) के निबंधनों के अनुसार संस्थान द्वारा आवश्यक प्रकटन किए गए हैं और उन्हें संस्थान की वेबसाइट www.icai.org पर रखा गया है और उसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। कुल 68901 (अड़सठ हजार नौ सौ एक) आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें ऐसे आवेदन भी सम्मिलित हैं, जिनमें आईसीएआई द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

### 7.13 एक्सबीआरएल

विनियामकों, तकनीकी व्यक्तियों, निगमों और शिक्षाविदों को भारत में एक्सबीआरएल के संवर्धन हेतु संस्थान के प्रयासों में प्रभावी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए, संस्थान ने एक्सबीआरएल इंडिया के एक धारा 25 की कंपनी के रूप में निगमन को सुकर बनाया है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में इलैक्ट्रानिक कारबार रिपोर्टिंग के मानक के रूप में एक्सबीआरएल के अपनाए जाने का संवर्धन और प्रोत्साहन करना है, यह कार्य वर्गीकरणों के विकास, एक्सबीआरएल संबंधी शिक्षा और प्रशिक्षण को सुकर बनाकर पूरा किया जाता है। इसके साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय रूप से एक्सबीआरएल की बढ़ती महता को ध्यान में रखते हुए, एक्सबीआरएल इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय रूप

से एक्सबीआरएल फाइलिंग को सुकर बनाने तथा उसके संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त करने हेतु एक्सबीआरएल इंटरनेशनल इंक की सदस्यता प्राप्त की है । वर्तमान में, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई), क्रमश: "विनियामकों और स्टॉक एक्सचेंजों" और "विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थाओं" के प्रवर्ग के अधीन एक्सबीआरएल इंडिया के सदस्य हैं ।

एक्सबीआरएल इंडिया कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के लिए एक्सबीआरएल वर्गीकरणों का विकास और अनुरक्षण कर रहा है । एक्सबीआरएल इंडिया ने कारपोरेट कार्य मंत्रालय के लिए दो वर्गीकरणों को विकसित किया है, प्रथम लेखांकन मानकों का अनुसरण करने वाली कंपनियों हेतु वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) वर्गीकरण है तथा अन्य इंड एएस का अनुसरण करने वाली कंपनियों के लिए इंड एएस वर्गीकरण है । एक्सबीआरएल इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मार्गदर्शन और समर्थन के माध्यम से इंड एएस वर्गीकरण को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है और वित्तीय वर्ष 2017-18 तथा 2018-19 के लिए वित्तीय विवरणों की एक्सबीआरएल फाइलिंग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है ।

**• कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा एक्सबीआरएल फाइलिंग संबंधी अपेक्षाएं**

इंड एएस और इंड एएस के अनुरूप अनुसूची 3 की अपेक्षाओं पर आधारित एक्सबीआरएल वर्गीकरण को पहले ही एक्सबीआरएल प्ररूप में वित्तीय विवरणों को फाइल करने हेतु स्थापित कर दिया गया है ।

निम्नलिखित परिवर्तनों को सम्मिलित करते हुए इंड एएस वर्गीकरण का संशोधन किया गया है :

- लेखांकन वर्ष 2019-20 के लिए प्रभावी नया पट्टों संबंधी मानक, अर्थात् इंड एएस 116, 'पट्टे' का जारी किया जाना
- अन्य इंड एएस में संशोधन ।

इसके अतिरिक्त, इंड एएस के अनुरूप अनुसूची 3 में हुए परिवर्तनों को सम्मिलित करने हेतु वर्गीकरणों के पुनरीक्षण की आवश्यकता होगी । इंड एएस के अनुरूप अनुसूची 3 में हुए परिवर्तनों को सम्मिलित करने के पश्चात् इंड एएस वर्गीकरण को एक्सबीआरएल इंडिया की वर्गीकरण विकास और पुनर्विलोकन समिति तथा आईसीएआई की परिषद् द्वारा सम्यक् अनुमोदन के पश्चात् एमसीए को प्रस्तुत किया जाएगा ।

## 7.14 आईसीएआई – एआरएफ

लेखांकन अनुसंधान फाउंडेशन (आईसीएआई एआरएफ) को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (जो अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 है) के अधीन जनवरी, 1999 में लेखांकन, संपरीक्षा, पूंजी बाजारों, राजकोषीय और धनीय नीतियों के क्षेत्रों में मूल अनुसंधान करने के लिए आईसीएआई द्वारा स्थापित किया गया था । गत वर्ष के दौरान, आईसीएआई एआरएफ द्वारा आरंभ की गई परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :--

- भारतीय रेल के सभी ज़ोनल रेल कार्यालयों और उत्पादन इकाईयों में प्रोदभवन लेखांकन को लागू किया जाना – आईसीएआई एआरएफ द्वारा, "भारतीय रेल के सभी ज़ोनल रेल कार्यालयों और उत्पादन इकाईयों में प्रोदभवन लेखांकन को लागू किए जाने" की परियोजना का निष्पादन करने के लिए भारतीय रेल और साथ ही 17 जोनल रेल और 8 उत्पादन इकाईयों को सम्मिलित करते हुए देश भर में गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया था, जो निर्धारण सहित एक विशेष रूप से तैयार किए गए प्रशिक्षण मैनुअल (दो भागों में) द्वारा समर्थित था । प्रोदभवन लेखांकन कार्यान्वयन मैनुअल (एएआईएम) को भी प्रस्तुत किया गया है । वित्त संहिता – 2 की कार्ययोजना संबंधी अवधारणा पत्रों में यथा उल्लिखित दृष्टिकोण 1 का अनुमोदन किया गया था और एक दल संव्यवहार आधारित प्रोदभवन लेखांकन प्रणाली के संबंध में कार्य कर रहा है ।
- भारतीय रेल के वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के वित्तीय विवरणों और 31.03.2018 तथा 31.03.2019 को यथा विद्यमान तुलन-पत्र संबंधी डाटा के समेकन तथा उन्हें तैयार करने और वित्तीय वर्ष 2015-16 तथा 2016-17 के लिए वित्तीय विवरणों के संकलन के दौरान रोल आउट क्रम पर पाई गई डाटा/प्रणाली संबंधी कमियों के संबंध में अध्ययन का संचालन करना और उनमें सुधार करना – आईसीएआईएआरएफ को उक्त परियोजना सौंपी गई है, जिसमें निम्नलिखित पांच अध्ययन सम्मिलित हैं :
- भारतीय रेल के प्रोदभवन आधारित वित्तीय विवरणों के संबंध में इंड एएस को लागू करने संबंधी ढांचा
- 31.03.2017 को यथा विद्यमान रेल बोर्ड के साथ उत्तरी रेल के रोलिंग स्टॉक डाटा को सुमेलित करने संबंधी अग्रणी अध्ययन
- उत्तरी रेल में पट्टाधृत आस्तियों और स्वामित्व वाली आस्तियों की पहचान हेतु तंत्र विकसित करने संबंधी अग्रणी अध्ययन
- सीडब्ल्यूआईपी के समाशोधन और 31 मार्च, 2017 को यथा विद्यमान एफए-13 में प्राप्त सीडब्ल्यूआईपी डाटा पर आधारित उत्तरी रेल द्वारा किए जाने वाले एफएआर के अंतरण हेतु ढांचा विकसित करने संबंधी अग्रणी अध्ययन
- 31 मार्च, 2017 तक भारतीय रेल द्वारा विभिन्न सहायिकियों, सहबद्ध कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेशों को सुमेलित करने संबंधी अग्रणी अध्ययन

इन सभी बिन्दुओं पर कार्य आरंभ कर दिया गया है।

- आईसीएआई एआरएफ ने नगरपालिक निकायों संबंधी संपरीक्षा समिति के संबंध में एक अवधारणा पत्र का प्रकाशन किया था और उसे आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के माननीय मंत्री और सचिव तथा सभी के मुख्यमंत्रियों और शहरी विकास/नगरपालिक प्रशासन मंत्रियों, वित्त आयोग और नीति आयोग को विचारार्थ अग्रेषित किया था।

### 7.15 आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन

आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा सृजित एक धारा 8 प्राइवेट कंपनी है, जिसका गठन कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के अनुसरण में और उससे आनुषंगिक कृत्यों को करने के लिए रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों या मूल्यांकक सदस्यों को उसके सदस्य के रूप में नामांकित करने के लिए किया गया था।

**(I) आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रम (50 घंटे), जो रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक बनने के लिए पूर्व शर्त है :**

- आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन अपने प्रारंभिक चरण में अपनी सदस्यता के आधार को व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसके साथ ही अपने मूल्यांकक सदस्यों के लिए एक 50 घंटे के शैक्षिक पाठ्यक्रम का संचालन भी कर रहा है, जो रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक बनने के लिए एक पूर्व शर्त है तथा संगठन ने शैक्षिक पाठ्यक्रम के लिए शैक्षिक सामग्री को भी तैयार कर रहा है।
- इस दिशा में, जून, 2018 से, आईसीएआई आरवीओ ने देश भर में 50 घंटे के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के 43 बैचों का संचालन किया है।
- अगस्त, 2020 तक आईसीएआई आरवीओ द्वारा उसके 50 घंटे के शैक्षिक पाठ्यक्रम के अधीन 3000 से अधिक सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

**(II) आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रम (50 घंटे), जो रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक बनने के लिए पूर्व शर्त है, की आनलाइन कक्षाओं का आयोजन :**

- कोविड-19 महामारी के फैल जाने के कारण आईबीबीआई द्वारा आनलाइन पद्धति से शैक्षिक पाठ्यक्रमों की आनलाइन कक्षाओं के संचालन को अनुज्ञात किया है।
- आईसीएआई आरवीओ ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के 3 बैचों का संचालन किया है और 500 से अधिक सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

**(III) आस्ति वर्ग की प्रतिभूतियों या वित्तीय आस्तियों के लिए आईबीबीआई के साथ रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों का रजिस्ट्रीकरण :**

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने आस्ति वर्ग की प्रतिभूतियों या वित्तीय आस्तियों के लिए 31 जुलाई, 2020 तक 1183 रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों का रजिस्ट्रीकरण किया है, जिनमें से 635 रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक आईसीएआई आरवीओ के सदस्य हैं, जो कुल सदस्यों का लगभग 54% है।

**(IV) आईसीएआई आरवीओ द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रम के लिए अध्ययन माड्यूल**

ऐसे सदस्यों की सहायता करने के लिए, जो आईसीएआई आरवीओ में इस शैक्षिक पाठ्यक्रम हेतु नामांकन करते हैं, इस विषय के संबंध में बेहतर समझ बनाने के लिए इस शैक्षिक पाठ्यक्रम के 4 अध्ययन माड्यूलों को तैयार किया गया है :

- माड्यूल 1, जो ब्यौरेवार रूप से मूल्यांकन के पर्यावलोकन और उसकी अवधारणाओं को सम्मिलित करता है।
- माड्यूल 2, जो ब्यौरेवार रूप से मूल्यांकन संबंधी दृष्टिकोणों और पद्धितियों को सम्मिलित करता है।
- माड्यूल 3, जो न्यायिक उदघोषणाओं को सम्मिलित करता है।
- माड्यूल 4, जो पाठ्यचर्या के अनुसार सुसंगत विधियों और विनियमों को सम्मिलित करता है।

**(V) आईसीएआई आरवीओ द्वारा आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 का अपनाया जाना**

आईसीएआई ने अपने मूल्यांकन मानक बोर्ड के माध्यम से आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 को तैयार किया है, जो भारत में अपनी किस्म के पहले मानक हैं। आईसीएआई आरवीओ ने कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 8 के अधीन आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 को अंगीकृत किया है। आईसीएआई मूल्यांकन मानक, 2018 ऐसे सदस्यों के लिए आज्ञापक है, जिन्होंने स्वयं को कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन आईसीएआई आरवीओ के साथ नामांकित किया है और वे उस समय तक आज्ञापक बने रहेंगे जब तक कि उक्त नियमों के अनुसार सरकार द्वारा मूल्यांकन मानक जारी नहीं कर दिए जाते। आईसीएआई के ये मानक अन्य कानूनों के अधीन मूल्यांकन प्रयोजनों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंटों हेतु सिफारिशात्मक हैं।

**(VI) आईसीएआई आरवीओ पठन प्रबंध प्रणाली का शुभारंभ**

आईसीएआई आरवीओ ने अपनी पठन प्रबंध प्रणाली का शुभारंभ किया है, जो एक ई-पठन मंच है, जो ऐसी अध्ययन सामग्री के रूप में, जो बहु विकल्प वाले प्रश्नोत्तरों को अंतर्विष्ट करने वाली मोक परीक्षा द्वारा संपूरित है, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड द्वारा विहित पाठ्यचर्या की विभिन्न अवधारणाओं को स्पष्ट करती है। यह पठन प्रबंध प्रणाली ऐसे सदस्यों हेतु, जो आईसीएआई आरवीओ के प्राथमिक सदस्य हैं, आईबीबीआई मूल्यांकक परीक्षा की तैयारी को सुकर बनाती है।

**(VII) प्रकाशन**

आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन ने आईसीएआई के मूल्यांकन मानक बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से निम्नलिखित प्रकाशन निकाले हैं :

- उचित मूल्य संबंधी सभी जानकारी से संबंधित अवधारणा पत्र
- मूल्यांकन : वृत्तिक अंत:दृष्टि (श्रृंखला I, II, III और IV)
- मूल्यांकन रिपोर्टों के पियर पुनर्विलोकन संबंधी निष्कर्षों से संबंधित अवधारणा पत्र
- मूल्यांकन संबंधी तकनीकी गाइड
- मूल्यांकन संबंधी बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न

**7.16 आईसीएआई का भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई)**

आईसीएआई का भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान (आईआईआईपीआई), जो भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान का एक पूर्ण स्वामित्व वाला समनुषंगी है, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा सृजित एक धारा 8 पब्लिक कंपनी है, जिसका गठन दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 और उससे संबद्ध विनियमों और कृत्यों के अनुसरण में उसके सदस्यों को नामांकित करने और दिवाला वृत्तिकों का विनियमन करने हेतु किया गया है।

इसे संघ के माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा 28 नवंबर, 2016 को दिल्ली में भारत के प्रथम दिवाला वृत्तिक अभिकरण के रूप में रजिस्ट्रीकृत प्रमाणपत्र प्रदान किया गया था। आईआईआईपीआई ने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से, जिनके अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, लागत लेखापाल, अधिवक्ता और प्रबंध संबंधी वृत्तिक भी हैं, सदस्यों को अपनी ओर आकर्षित किया है। 31 मार्च, 2020 को भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के साथ रजिस्ट्रीकृत कुल 3014 दिवाला वृत्तिकों में से 1860 वृत्तिक आईआईआईपीआई से संबंधित हैं।

**(I) सदस्यता अभियान**

| निम्नलिखित का आईपीए | कुल रजिस्ट्रीकरण (31 मार्च 2020 तक)* | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वित्तीय वर्ष 2019-20 | | | | | | | |
| | त्रैमास 1 | | त्रैमास 2 | | त्रैमास 3 | | त्रैमास 4 | |
| | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % |
| **आईसीएआई** | 137 | 67.49 | 83 | 64.84 | 73 | 58.87 | 49 | 49.5 |
| **आईसीएसआई** | 57 | 28.08 | 32 | 25.00 | 36 | 29.03 | 40 | 40.40 |
| **आईसीडब्ल्यूएआई** | 9 | 4.43 | 13 | 10.16 | 15 | 12.10 | 10 | 10.10 |
| **योग** | **203** | **100.00** | **128** | **100.00** | **124** | **100.00** | **99** | **100.00** |

*** स्रोत : आईबीबीआई डाटा**

आईआईआईपीआई के प्रचालनों के प्रारंभिक चरण में सदस्यता आधार को व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। तथापि, सदस्यता आधार को सुदृढ़ बनाए जाने के पश्चात् क्रियाकलापों को और अधिक व्यापक बनाया गया है।

**(II) दिवाला वृत्तिकों के कार्यपालन की मानीटरी**

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 204 के अनुसार, आईपीएआई के मूल कृत्यों में से एक कृत्य उसके सदस्यों के कार्यपालन की मानीटरी करना है। तदनुसार, आईआईआईपीआई निम्नलिखित पैरामीटरों के आधार पर अपने सदस्यों के कार्यपालन की मानीटरी करता है :--

- **नातेदारी संबंधी प्रकटन :** आईबीबीआई ने 16 जनवरी, 2018 को "समाधान प्रक्रियाओं का संचालन करने वाले आईआईआईपीआई द्वारा नियुक्त दिवाला वृत्तिकों और अन्य वृत्तिकों द्वारा प्रकटन" विषय पर एक परिपत्र जारी किया है, जिमसें निम्नानुसार कथन किया गया है :

  "कोई दिवाला वृत्तिक (i) निगम ऋणी, (ii) उसके द्वारा नियोजित अन्य वृत्तिक (वृत्तिकों), (iii) वित्तीय लेनदार (लेनदारों), (iv) अंतरिम वित्त प्रदाता और (v) भावी समाधान आवेदक (आवेदकों) से अपने किसी नाते, यदि कोई हो, का प्रकटन उस दिवाला वृत्तिक अभिकरण के समक्ष करेगा, जिसका वह सदस्य है।"

- **फीस और अन्य व्यय संबंधी प्रकटन :** आईबीबीआई ने 12 जून, 2019 को "निगम दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए उपगत की जाने वाली फीस और अन्य व्यय" विषय पर एक परिपत्र जारी किया था। आईपी को यह निदेश दिया गया है कि वह विनिर्दिष्ट समय के भीतर सभी पूरे किए गए चालू और पश्चातवर्ती सीआईआरपी के संबंध में उस दिवाला वृत्तिक अभिकरण के समक्ष, जिसका वह सदस्य है, सुसंगत प्ररूपों में फीस और अन्य व्ययों संबंधी प्रकटन करेगा।

- **आईपी द्वारा मूल्यांककों की नियुक्ति :** आईबीबीआई द्वारा तारीख 17 अक्तूबर, 2018 को जारी परिपत्र के पैरा 6 में निम्नानुसार उपबंधित है :

  "उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस संहिता या तदधीन बनाए गए विनियमों में से किसी के अधीन अपेक्षित प्रत्येक मूल्यांकन किसी 'रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक', अर्थात् आईबीबीआई के साथ कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई मूल्यांकक, द्वारा किया जाएगा। एततद्वारा यह निदेश दिया जाता है कि 1 फरवरी, 2019 से कोई भी दिवाला वृत्तिक संहिता या तदधीन बनाए गए विनियमों में से किसी के अधीन अपेक्षित प्रत्येक मूल्यांकन के लिए किसी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त नहीं करेगा।"

- **आईबीबीआई (निगमित व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 40ख के अनुसार – आईबीबीआई की वेबसाइट पर सीआईआरपी प्ररूपों को प्रस्तुत किया जाना :** दिवाला वृत्तिक (यथास्थिति आईआरपी या आरपी) सभी प्ररूपों को, प्रत्येक प्ररूप के लिए उपबंधित समय-सीमा के अनुसार बोर्ड के इलैक्ट्रानिक मंच (www.ibbi.gov.in) पर उनके सभी अनुलग्नकों के साथ सम्यक् रूप से फाइल करेगा।

- **अर्धवार्षिक रिपोर्ट का फाइल किया जाना :** दिवाला वृत्तिक अभिकरण से संबंधित माडल उपविधियों के पैरा 16 के निबंधनानुसार प्रत्येक सदस्य वर्ष में न्यूनतम दो बार आईआईआईपीआई द्वारा विनिर्दिष्ट रीति और प्ररूप में दिवाला वृत्तिक के रूप में संपूर्ण जानकारी, जिसके अंतर्गत चालू और समाप्त किए गए नियोजनों के अभिलेख भी हैं, प्रस्तुत करेगा।

**(III) निरीक्षण**

अपने मानीटरी संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आईआईआईपीआई की मानीटरी समिति वृत्तिक सदस्यों के रजिस्ट्रीकृत निगम कार्यालय का स्थल दौरा कर सकेगी। समिति निम्नलिखित दो मानदंडों के आधार पर निरीक्षण किए जाने वाले वृत्तिक सदस्यों का चयन कर सकेगी :

1. ट्रिगर आधार पर
2. यादृच्छिक आधार पर

आईआईआईपीआई ने पांच दिवाला वृत्तिकों का स्थल निरीक्षण किया है।

**(IV) आईआईआईपीआई द्वारा अन्य पहलें**

- **विजन संबंधी कथन :** आईआईआईपीआई ने हाल ही में अपने विजन संबंधी कथन को जारी किया है वह भारत का ऐसा पहला आईपीए बन गया है, जिसका अपना विजन संबंधी कथन है। यह कथन निम्नानुसार है :--

  "पणधारियों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के प्रति सजग और खरा उतरने वाली स्वतंत्र, नैतिक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की दिवाला वृत्ति के विकास हेतु एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित होना।"

- **एमडी की नियुक्ति -** आईआईआईपीआई के शासी बोर्ड ने आईआईआईपीआई के प्रबंध निदेशक को नियुक्त किया था।

- **जागरुकता कार्यक्रम –** आईबीसी, 2016 विषय पर डीआरटी अधिकारियों के लिए और आईबीसी विषय पर आय-कर अधिकारियों के लिए आईबीबीआई के सहयोग से अनेक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

- **सीआईआई के साथ सहयोग –** नवंबर, 2019 में सीआईआई के सहयोग से भारत में दिवाला का समाधान करने संबंधी एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

- **आईएमसी और बीएसई के साथ सहयोग –** आईबीसी संबंधी चुनौतियों, अवसरों, पठन और भविष्य की कार्ययोजना विषय पर आईएमसी और बीएसई के सहयोग से मुंबई में संयुक्त रूप से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

- **रजिस्ट्रीकरण-पूर्व शैक्षिक पाठ्यक्रम –** आईआईआईपीआई ने 30 जून, 2020 तक देश भर में विभिन्न केंद्रों पर 14 रजिस्ट्रीकरण-पूर्व शैक्षिक पाठ्यक्रमों का आयोजन किया था।

- **आईआईआईपीआई द्वारा गोलमेज संगोष्ठियों का आयोजन –** निरीक्षण मैनुअल, आचार-संहिता और नैतिकता, आईबीसी, 2016 के अधीन संचालित किए जाने वाले मूल्यांकनों में आईपी की भूमिका तथा आईबीसी, 2016 के अधीन एमएसएमई के लिए विशेष दिवाला समाधान ढांचे के संबंध में संभाव्य कार्यान्वयन योग्य पहलुओं का पुनर्विलोकन और उनके संबंध में परिचर्चाओं का आयोजन किया गया था।

- **आईआईआईपीआई द्वारा दिवाला वृत्तिकों के लिए अध्ययन समूहों की बैठकें –** आईआईआईपीआई ने दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों और चिंताओं का समाधान करने के लिए दिवाला वृत्तिकों के लिए अध्ययन समूहों की विभिन्न बैठकों में भाग लिया है।

- **आईसीएआई के भारतीय दिवाला वृत्तिक संस्थान की पठन प्रबंध प्रणाली -** आईआईआईपीआई ने आईसीएआई के साथ संयुक्त रूप से एक पठन प्रबंध प्रणाली को तैयार किया है, जिससे वृत्तिकों को एक सीमित दिवाला परीक्षा के लिए तैयारी करने में समर्थ बनाया जा सके ताकि वे एक दिवाला वृत्तिक बन सकें।

- **आईआईआईपीआई साप्ताहिक न्यूज-लैटर -** आईआईआईपीआई सांप्ताहिक न्यूज-लेटर को वेबसाइट पर नियमित रूप से रखा जा रहा है, जिसमें दिवाला वृत्तिक से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं और नए कार्यक्रमों के संबंध में ब्यौरे प्रदान किए जाते हैं।

- **राष्ट्रीय सम्मेलन –** एसौचेम इंडिया, सीआईआई के सहयोग से "भारत में दिवाला समाधान" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- **एसौचेम और ईआईआरसी के साथ सहयोग –** एसौचेम और ईआईआरसी के सहयोग से व्यापक रूप से सम्मेलनों और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया था। इन संगोष्ठियों का आयोजन आईबीसी के भिन्न-भिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने और उसके संबंध में प्रचालानत्मक तथ्यों और समझ के संबंध में भी जानकारी प्रदान करने हेतु किया गया था।
- **आईपी सभा –** आईआईआईपीआई द्वारा ईआईआरसी – आईसीएआई के सहयोग से 29 फरवरी, 2020 को आईबीबीआई दिवाला वृत्तिक सभा का आयोजन किया गया था।
- **वेबीनार और वेब सम्मेलन –** आईआईआईपीआई ने दिवाला वृत्तिकों को आईबीसी के संदर्भ में नवीनतम संशोधनों, अधिसूचनाओं या परिपत्रों या प्रक्रिया में परिवर्तन से संबंधित अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आईएफसी, आईबीबीआई के सहयोग से विभिन्न वेबीनारों और वेब-सम्मेलनों का आयोजन किया था। इन आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन कोविड-19 के संक्रमण के दौरान अंत:पृष्ठ को क्रियाशील बनाए रखने और सदस्यों की शंकाओं का समाधान करने के लिए उनके साथ समुचित संपर्क बनाए रखने के लिए किया गया था।
- **आईबीबीआई के सहयोग से कार्यशालाओं का आयोजन –** आईआईआईपीआई ने दिवाला वृत्तिकों के लिए पूरे भारत वर्ष में आईबीबीआई के सहयोग से अनेकों कार्यशालाओं और आधुनिक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया है।
- **शिकायत समाधान –** 01.04.2019 से 30.06.2020 की अवधि के दौरान आईआईआईपीआई की शिकायत समाधान समिति ने कुल 83 शिकायतों का निपटारा या उनके संबंध में कार्यवाही की थी।
- **आनलाइन उपयोगिताएं –** आईआईआईपीआई ने दिवाला और परिसमापन संबंधी समनुदेशनों की प्रास्थिति के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अपनी वेबसाइट www.iiipicai.in पर विभिन्न उपयोगिताओं को विकसित किया है और कार्यरत बनाया है, जिनके अंतर्गत निम्नलिखित हैं :
    - लोक उदघोषणाओं को अपलोड करना
    - नातेदारी संबंधी प्रकटनों को फाइल करना
    - सीआईआरपी और परिसमापन के संबंध में उपगत फीस और अन्य व्ययों के ब्यौरों को अपलोड करना
    - आईआईआईपीआई ने नामांकन संबंधी आवेदन प्ररूप को आनलाइन बनाया है
    - अर्धवार्षिक विवरणी को प्रस्तुत करना
    - आईआईआईपीआई के सदस्यों हेतु सभी प्रकार की फीस के आनलाइन संदाय को सुकर बनाने हेतु एक संदाय गेटवे को विकसित करना

आईआईआईपीआई एक एकीकृत ईआरपी पैकेज को विकसित करने के लिए प्रक्रिया कर रहा है, जो उसके सदस्यों के लिए एकल पटल सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

## 8. अन्य मामले

### 8.1चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) दिवस - 1 जुलाई, 2020

1 जुलाई, अर्थात् सीए दिवस को आईसीएआई ने अपनी गौरवान्वित विद्यमानता के 71 वर्षों को पूरा किया। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण और बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित न करने संबंधी शासकीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सीए दिवस समारोह का आयोजन वर्चुअल पद्धति से किया गया। इन समारोह के भागरूप में 29 जून, 2020 से 1 जुलाई, 2020 के दौरान "भविष्य का निर्माण – उत्कृष्टता को समर्थ बनाना और विश्वास का सृजन करना" विषय पर एक तीन दिवसीय वर्चुअल सीए शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। वृत्ति के लिए वस्तुत: यह एक अत्यंत गौरवशाली समय था जब श्री ओम बिरला, माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने 1 जुलाई, 2020 को सदस्यों और छात्रों को संबोधित किया था। इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन को, जिसमें विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया था, जिनमें वृत्ति से संबंधित संपूर्ण जानकारी और उसके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में और साथ ही समाज के प्रति दिए जाने वाले योगदानों को सम्मिलित किया गया था, जीवन के सभी क्षेत्रों से गणमान्य वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया था, जिन्होंने अपने समृद्ध अनुभव को दर्शकों के साथ साझा किया था।

### 8.2केन्द्रीय परिषद पुस्तकालय

संस्थान का केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय उसके पणधारियों की सूचना संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करता है। इसका उद्देश्य, आईसीएआई के वर्तमान और भावी सदस्यों/छात्रों, अनुसंधान अध्येताओं और पदधारियों को प्रारंभिक और द्वितीय मुद्रण और गैर-मुद्रण सामग्रियों का व्यापक और अद्यतन संग्रह उपलब्ध कराना है। पुस्तकालय ने समितियों, विभागों में जानकारी प्रदान करने और मूल्यवान सूचना का प्रसार करने के वृहत्तर उत्तरदायित्व को ग्रहण किया है। यह इस उत्तरदायित्व का निर्वहन पुस्तकों, ई-पुस्तकों, जर्नलों, पत्रिकाओं, ऑनलाइन डाटाबेसों, मुद्रित समाचारपत्रों और साथ ई-समाचारपत्रों के माध्यम से करता है। केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय विभिन्न समितियों के कार्य के लिए अपेक्षित जर्नलों और पुस्तकों को उपलब्ध कराने तथा उन्हें अद्यतन करने के लिए उत्तरदायी है।

केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय पूर्णतया कंप्यूटरीकृत है और वह लिबर्टी-एक पुस्तकालय प्रबंधन साफ्टवेयर के माध्यम से कार्य करता है। पुस्तकालय की सामग्रियों, जिनके अंतर्गत पुस्तकों, जर्नलों और लेखों का डाटा बेस भी है, के लिए विषय, लेखक, शीर्षक, टापिक, कुंजी शब्द और प्रकाशक के माध्यम से खोज की जा सकती है। ये अभिलेख पुस्तकालय में इंटरनेट ऑनलाइन सर्विस www.icai.org पर "सेंट्रल काउंसिल लाइब्रेरी" पुस्तकों, जर्नलों, लेखों आदि के लिए पुस्तकालय में ऑनलाइन सर्च ओपीएसी लिबर्टी के अधीन उपलब्ध हैं।

संस्थान के जर्नल के स्तंभ "अकाउंटेंट्स ब्राउजर" के अधीन लेखांकन वृत्ति से सुसंगत लेखों की अनुक्रमणिका को प्रत्येक मास 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' जर्नल में प्रकाशित किया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि "अकाउंटेंट्स ब्राउजर" पूर्ववर्ती लेखों के अभिलेखागार के साथ महत्वपूर्ण/वृत्तिक लेखों की एक अनुक्रमणिका है। निर्देश सेवा विभिन्न शोधकर्ताओं और अध्येताओं, संकाय और छात्रों तथा सदस्यों को प्रदान की जाती है।

पुस्तकालय द्वारा अनेक ऑन लाईन डाटाबेस भी अर्जित किए गए हैं जिनके ब्यौरे www.icai.org–Central Council Library पर उपलब्ध हैं। पुस्तकालय ने इन आनलाइन ज्ञान डाटाबेसों को केन्द्रीय परिषद् पुस्तकालय परिसरों और विभिन्न विभागों तथा साथ ही आईसीएआई की प्रादेशिक परिषदों के पुस्तकालयों में भी छात्रों, सदस्यों, संकाय और अनुसंधान अध्येताओं के लिए अपेक्षित सामग्री की सर्च को सुकर बनाने के लिए आनलाइन रूप से प्रतिष्ठापित किया है। पुस्तकालय द्वारा अनेक आनलाइन जर्नलों की ग्राहकी भी प्राप्त की गई है। केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय के क्रमश: प्रधान कार्यालय और नोएडा कार्यालय में स्थित पुस्तकालयों में वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान जोड़े गए नए संसाधनों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

**केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय (मुख्यालय)**

| क्रम सं. | शीर्षक | आंकड़े |
|---|---|---|
| 1. | जर्नल (मुद्रण) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय | 31 |
| 2. | आनलाइन संसाधन | 19 |
| 3. | अवधि के दौरान जोड़ी गई पुस्तकों की संख्या | 708 |

**केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय, सेक्टर 62 नोएडा**

| क्रम सं. | शीर्षक | आंकड़े |
|---|---|---|
| 1. | जर्नल (मुद्रण) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय | 15 |
| 2. | आनलाइन संसाधन | 12 |
| 3. | अवधि के दौरान जोड़ी गई पुस्तकों की संख्या | 202 |

केंद्रीय परिषद् पुस्तकालय नियमित रूप से अपने संसाधनों को अद्यतन बना रहा है ताकि वृत्तिक सदस्यों, छात्रों, संकायों और अन्य पणधारियों को नवीनतम और अद्यतन जानकारी और सूचना उपलब्ध कराई जा सके।

### 8.3 संपादक बोर्ड

संपादक बोर्ड भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की एक गैर-स्थायी समिति है जिसका उद्देश्य सदस्यों को नियमित रूप से वृत्तिक ज्ञान, वृत्ति से हितबद्ध अन्य विषयों पर एक संरचित रीति में 'द चार्टर्ड अकाउंटेंट' जर्नल के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराना है। जर्नल की पहुंच और प्रभाव का अनुमान इसके परिचालन से संबंधित आंकड़ों से लगाया जा सकता है, जो अब 3,10,000 से अधिक है, जिसमें ई-जर्नल और मुद्रित प्रतियां, दोनों सम्मिलित हैं।

यह आईसीएआई का 'ब्रांड अम्बेसेडर' है और सदस्यों, छात्रों तथा बाह्य श्रोताओं के लिए संस्थान के प्रोफाइल को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। आज द चार्टर्ड अकाउंटेंट विश्व की ख्याति प्राप्त पत्रिकाओं से टक्कर ले रहा है। विभिन्न विषयों और मुद्दों पर आईसीएआई के सदस्यों और द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के अन्य पाठकों की विभिन्न विषयों और मुद्दों पर जानकारी को अद्यतन बनाए रखने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए संपादक बोर्ड निरंतर प्रयासरत है।

1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान संपादक बोर्ड द्वारा प्राप्त की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं :

**(I) राष्ट्र निर्माण में भागीदारी संबंधी पहलें**

संपादक बोर्ड ने अपने मासिक जर्नल, द चार्टर्ड अकाउंटेंट और साथ ही अन्य माध्यमों से ज्ञान का उन्नयन और प्रसार करके राष्ट्र निर्माण में भागीदारी संबंधी अनेक पहलों को आरंभ किया है। इस संबंध में, की गई महत्वपूर्ण पहलें निम्नानुसार हैं :-

**(क) राष्ट्रीय/वृत्तिक हित के प्रकाशन :**

आईसीएआई के जर्नल द चार्टर्ड अकाउंटेंट में विभिन्न सरकारी अंगों, आईसीएआई की समितियों, लेखक सदस्यों और अन्य पणधारियों के सहयोग से राष्ट्रीय-वृत्तिक-आर्थिक हित से संबंधित 215 लेखों/फीचरों का प्रकाशन किया गया था।

**(ख) 'आई गो ग्रीन विद आईसीएआई' पहल**

आईसीएआई के बहु आयामी हरित अभियान के भागरूप में, हरित क्रांति की सोच रखने वाले सदस्यों और द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के अन्य पाठकों को हाल ही में एक विकल्प प्रदान किया गया था, जिसके अधीन वे वृक्षों को बचाने के लिए जर्नल की हार्ड प्रति को न लेकर जर्नल के विभिन्न इलैक्ट्रानिक पाठों का विकल्प ले सकते थे। आईसीएआई का यह डिजीटल पाठ अत्यंत लोकप्रिय हो रहा है। हरित क्रांत के भाग स्वरूप जर्नल के ई-पाठ को उपलब्ध कराए जाने संबंधी विज्ञापनों, उदघोषणाओं और आईसीएआई के अध्यक्ष के संदेश संबंधी जानकारी को इसमें सम्मिलित किया गया है, जिससे सदस्यों को ई-जर्नल को अधिमानता देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। सदस्यता फीस में कमी करके भी सदस्यों को ई-जर्नल का विकल्प लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सदस्य बड़ी संख्या में पर्यावरण के लिए हानिकारक ई-जर्नल की हार्ड प्रतियों से दूर जा रहे हैं। इन प्रयासों के कारण मुद्रित प्रतियों की संख्या, जो मार्च, **2019** में 2,74,600 थी, मार्च, **2020** में कम होकर मात्र 1,74,815 रह गई है।

(II) **सदस्यों/छात्रों के लिए पहलें**

संपादक बोर्ड, अपने मासिक जर्नल द चार्टर्ड अकाउंटेंट के माध्यम से सदस्यों/छात्रों के ज्ञानवर्धन और वृत्तिक विकास के लिए पहलें करने में सदैव सक्रिय रहा है। इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण पहलें निम्नानुसार हैं :

**क. द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल में क्वालिटी और समकालीन अंतर्वस्तु को सम्मिलित किया जाना :**

- विषयों की व्यापक रेंज को सम्मिलित किया जाना : अप्रैल, 2018 से मार्च, 2020 तक के जर्नल के अंकों में विभिन्न नवीन और समकालीन मुद्दों के अधीन 215 से अधिक लेखों/फीचरों का प्रकाशन किया गया था।
- 'अवर अचीवर' फीचर : जर्नल के 'अवर अचीवर' फीचर के अधीन आईसीएआई के उत्कृष्ट ऐसे सदस्यों, जिन्होंने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्टता को सिद्ध किया है, के साक्षात्कारों का प्रकाशन किया जाता है। इस अवधि के दौरान, सीए अरुण सिंह, संसद् सदस्य, राज्य सभा, सीए संजीव मेहता, सीएमडी, हिन्दूस्तान यूनीलिवर लिमिटेड, सीए सुभाष रुनवाल, रुनवाल समूह के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (सीए) डा. विनीत कोठारी और आईसीएआई के ऐसे सदस्यों, जो आसीन न्यायाधीश, प्रसिद्ध तकनीशियन और कारबार व्यक्तित्व आदि हैं, के साक्षात्कारों को सम्मिलित किया गया था।
- **'इंड एएस अलर्ट' फीचर :** 'इंड एएस अलर्ट' फीचर सदस्यों/पाठकों को भारतीय लेखांकन मानकों के संबंध में नवीनतम घटनाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान करता है।
- जुलाई, 2019 के आईसीएआई के जर्नल के अंक को कलेक्टर्स संस्करण के रूप में निकाला जाना : सीए दिवस के और आईसीएआई द्वारा उसके प्लेटिनम जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में जुलाई, 2019 के अंक को कलेक्टर्स संस्करण के रूप में निकाला गया था, जिसमें 164 पृष्ठ सम्मिलित थे।
- जर्नल का अद्यतन विधिक जानकारी संबंधी भाग : जर्नल में मामला संबंधी रिपोर्टों को शीर्ष टिप्पणों के साथ प्रकाशित किया गया था। इसके साथ ही मामला विधियों के संपूर्ण विवरणों को संस्थान की वेबसाइट पर समिति के पृष्ठ के अधीन आनलाइन रूप से प्रकाशित किया गया था।

**ख. सदस्यों और छात्रों की सुविधा हेतु द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के अंकीय पाठों के अनेक रूपों का उन्नयन**

- डिजीटल पठन केंद्र संबंधी जर्नल : जर्नल के इलैक्ट्रानिक पाठ को, जो आनलाइन रूप से उपयोक्ता मित्र ई-पत्रिका के रूप में आईसीएआई की वेबसाइट www.icai.org पर उपलब्ध है, को और अधिक समुन्नत किया गया था तथा उसे डिजीटल पठन केंद्र के भाग रूप में सम्मिलित किया गया था। इससे आईसीएआई के हरित अभियान को समर्थन देने के अलावा आईसीएआई की पठन प्रबंध प्रणाली के माध्यम से ज्ञान के प्रसार में सहायता प्राप्त हुई थी। ई-जर्नल का एससीओआरएम अनुरूप पाठ और अधिक तीव्र, प्रतिक्रियाशील है और उसमें बेहतर उपयोक्ता अनुभव प्राप्त होता है तथा वह बेहतर मोबाइल अनुरूपता की प्रस्थापना करता है, जो नई पीढ़ी के चार्टर्ड अकाउंटेंटों की अपेक्षाओं को पूरा करता है। फिल्प पुस्तक के रूप में भी ई-जर्नल को वेबसाइट पर रखा जाता है, जिसमें सौंदर्यबोधी रूप से आकर्षक अंतर्वस्तु उपलबध कराई जाती है।
- पीडीएफ प्ररूप में जर्नल : पाठकों के लिए और अधिक तथा वैकल्पिक सुविधाओं को आरंभ करने, विशिष्ट रूप से अंतर्वस्तु-वार पृथक् डाउनलोड के लिए जर्नल को पीडीएफ प्ररूप में वेबसाइट पर रखे जाने को जारी रखा गया है। जुलाई, 2002 के आगे से अंकीय जर्नल के पिछले सार संग्रह आईसीएआई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
- मोबाइल पर जर्नल : यह ई-जर्नल अब मोबाइल पर भी उपलब्ध है तथा यह आईओएस (आई पैड/आई फोन आदि) और एंड्रयाड युक्तियों के समनुरूप है। इस जर्नल तक पहुंच को http://www.icai.org/ के अधीन 'ई-जर्नल' टैब पर सुकर बनाया जा सकता है। यह ई-जर्नल आईसीएआई मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध है।
- जर्नल हाईलाईट ईमेलर्स : एक अतिरिक्त सेवा के रूप में जर्नल के प्रत्येक अंक की विशिष्टियों को संक्षिप्त रूप में तथा जर्नल में सम्मिलित अध्यक्ष के संदेश को सभी सदस्यों को ई-मेल किया जाता है।

➢ जर्नलों की डीवीडी : चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के सभी पाठकों को एकल बिन्दु संदर्भिका उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में तथा उनकी बेहतर रूप से सेवा करने में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के विचार से, जर्नल के सभी पूर्व अंकों की एक डीवीडी भी पाठकों और अन्य पणधारियों के लिए उपलब्ध कराई गई है। यद्यपि, दस वर्ष के जर्नलों (जुलाई, 2002 – जून, 2012) की एक डीवीडी पीडीएफ प्ररूप में न्यूनतम लागत पर पाठकों के लिए निकाली गई थी, अभी हाल ही में एक एचटीएमएल कृत डीवीडी, जिसमें द चार्टर्ड अकाउंटेंट जर्नल के 63 वर्षों के सभी अंक (जुलाई, 1952 से जून, 2015) अंतर्विष्ट हैं, भी जारी की गई है। इस एचटीएमएल – पाठ डीवीडी में खोज पद्धति समाविष्ट है, जिससे पाठक अंतर्वस्तु को लेखांकन, संपरीक्षा, कराधान आदि जैसे कुंजी शब्दों और साथ ही मास, वर्ष, जिल्द, प्रवर्ग (जैसे कि परिपत्र और अधिसूचना, आईसीएआई समाचार, विधिक निर्णय, लेखक आदि) के माध्यम से खोज सकेंगे।

## 9. सदस्य

### 9.1 सदस्यता

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान आईसीएआई द्वारा 15,540 नए सदस्यों को दर्ज किया गया था, जिससे 1 अप्रैल, 2020 को आईसीएआई की कुल सदस्यता संख्या 3,07,238 हो गई है।

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, पूर्व वर्ष के 6752 के आंकड़ों की संख्या की तुलना में 642 सहयोजित सदस्यों को प्रविष्ट किया गया था।

**1 अप्रैल, 2020 को सदस्यों की कुल संख्या**

| सदस्यों का प्रवर्ग | अध्येता (1) | सहयोजित (2) | स्तंभ (1) और (2) का योग |
|---|---|---|---|
| पूर्णकालिक व्यवसाय में | 82953 | 53368 | 136321 |
| अंशकालिक व्यवसाय में | 2705 | 4531 | 7236 |
| जो व्यवसाय में नहीं हैं | 13825 | 149856 | 163681 |
| योग | 99483 | 207755 | 307238 |

### 9.2 दीक्षांत समारोह

संस्थान, नवम्बर, 2008 से अपने नए नामांकित सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन कर रहा है। पांचों प्रादेशिक कार्यालयों के अधीन निम्नलिखित नौ स्थानों पर मई, 2019 से अक्तूबर, 2019 तक की अवधि को सम्मिलित करते हुए 3, 4 और 5 जनवरी, 2020 को नए नामांकित सदस्यों के लिए "दीक्षांत समारोह 2019" के पहले चरण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद | 6. | कोलकाता |
| 2. | मुंबई | 7. | जयपुर |
| 3. | पुणे | 8. | कानपुर |
| 4. | चैन्नई | 9. | नई दिल्ली |
| 5. | हैदराबाद | | |

### 9.3 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कल्याण निधि

दिसम्बर, 1962 में स्थापित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कल्याण निधि ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को, जो संस्थान के सदस्य हैं या रहे हैं और उनके आश्रितों को, उनके भरण पोषण तथा शिक्षा और चिकित्सा आदि की उभरती अत्यावश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

निधि की वित्तीय और अन्य विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :

**सदस्यता के ब्यौरे**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 31 मार्च, 2019 को कुल आजीवन सदस्य | 1,36,050 |
| 2. | 31 मार्च, 2020 को कुल आजीवन सदस्य | 1,37,775 |
| 3. | नए आजीवन सदस्यों में कुल वृद्धि (31 मार्च, 2020 को यथाविद्यमान) | 1,725 |

**वित्तीय विशिष्टियों के ब्यौरे**

| | | 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान (रुपए) | 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान (रुपए) |
|---|---|---|---|
| 1. | दी गई कुल वित्तीय सहायता | 93,98,000 | 1,12,70,000 |
| 2. | प्रशासनिक व्यय | 15,000 | 2,014 |
| 3. | वर्ष के दौरान निधि में अधिशेष | 1,94,70,000 | 1,24,95,000 |
| 4. | निधि का अतिशेष | 6,87,99,000 | 4,93,29,000 |
| 5. | कोरपस का अतिशेष | 21,68,98,000 | 20,63,28,000 |

**9.4 एस. वैद्यनाथ अय्यर स्मारक निधि**

निधि के पास 31 मार्च, 2019 को 52,97,000 रुपए के मुकाबले 31 मार्च, 2020 को 61,64,000 रुपए हैं। 31 मार्च, 2020 को निधि के आजीवन सदस्यों की संख्या 8735 है।

**9.5 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स छात्र कल्याण निधि (सीएएसबीएफ)**

आईसीएआई के साथ रजिस्ट्रीकृत छात्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लक्ष्य और उद्देश्यों से अगस्त, 2008 में इस निधि की स्थापना की गई थी। वर्ष 2019-20 के लिए 1824 ऐसे आर्टिकल्ड सहायकों, जो आईपीसीसी और आईआईपीसीसी के लिए रजिस्ट्रीकृत हैं, को वित्तीय सहायता के रूप में 1500 रुपए प्रति मास की दर पर और 492 ऐसे आर्टिकल्ड सहायकों, जो फाइनल पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत हैं, को वित्तीय सहायता के रूप में 2000 रुपए प्रति मास की दर पर सहायता उपलब्ध कराई गई थी। 31 मार्च, 2019 को 14,31,53,000/- रुपए की तुलना में 31 मार्च, 2020 को 13,31,54,000 रुपए साधारण निधि में अतिशेष के रूप में जमा थे।

| | **सदस्यो संबंधी आंकड़े 01/04/2020 को यथाविद्यमान** | |
|---|---|---|
| **अध्येता** : | पूर्णकालिक व्यवसाय में | 82953 |
| | अंशकालिक व्यवसाय में | 2705 |
| | जो व्यवसाय में नहीं है | 13825 |
| | | 99483 |
| **सहबद्ध** : | पूर्णकालिक व्यवसाय में | 53368 |
| | अंशकालिक व्यवसाय में | 4531 |
| | जो व्यवसाय में नहीं है | 149856 |
| | | 207755 |
| सदस्यों की कुल संख्या : | | 307238 |







| | अध्येता | | | | सहबद्ध | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व्यवसाय में | | | | व्यवसाय में | | | | |
| **क्षेत्र** | पूर्णकालिक | अंशकालिक | व्यवसाय में नहीं | कुल | पूर्णकालिक | अंशकालिक | व्यवसाय में नहीं | कुल | कुल योग |
| **पश्चिमी** | 24118 | 782 | 3960 | 28860 | 18279 | 1567 | 54439 | 74285 | 103145 |
| **दक्षिणी** | 17491 | 700 | 3304 | 21495 | 8632 | 1019 | 28754 | 38405 | 59900 |
| **पूर्वी** | 7804 | 232 | 1259 | 9295 | 3683 | 335 | 11717 | 15735 | 25030 |
| **मध्य** | 16744 | 375 | 1898 | 19017 | 11915 | 705 | 25833 | 38453 | 57470 |
| **उत्तरी** | 16796 | 616 | 3404 | 20816 | 10859 | 905 | 29113 | 40877 | 61693 |
| **योग** | 82953 | 2705 | 13825 | 99483 | 53368 | 4531 | 149856 | 207755 | 307238 |







## 10. अध्ययन बोर्ड

संस्थान का अध्ययन बोर्ड, चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठयचर्या के प्रशासन और चार्टर्ड अकाउंटेंसी पाठयक्रम करने वाले छात्रों को सैद्धांतिक अनुदेश प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। इस अवधि के दौरान बोर्ड की महत्वपूर्ण पहलों और उपलब्धियों को नीचे उल्लिखित किया गया है :

### 10.1 अध्ययन बोर्ड (शैक्षिक)

*राष्ट्र निर्माण में भागीदारी संबंधी पहलें*

**(I) शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम**

- **मूल्यवर्धित अध्ययन सामग्री :** अध्ययन सामग्रियों के पुनरीक्षित मूल्यवर्धित संस्करण को इस वर्ष जारी किया गया था और उसे बीओएस ज्ञान पोर्टल की वेबसाइट पर भी रखा गया था। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2020 में, अध्ययन सामग्रियों की गुणवत्ता में आगे और अभिवृद्धि करने के लिए एक समूह का भी गठन किया गया है और इसे प्रथम चरण में त्रुटि मुक्त बनाया गया है तथा दूसरे चरण में इसमें सामग्रियों को जोड़ने और उसे अद्यतन बनाए जाने संबंधी कार्य किया जा रहा है।

- **अभ्यास के लिए प्रश्नोत्तर और मामला अध्ययन :** छात्रों को, उनकी आगामी परीक्षाओं हेतु तैयारी करने में सहायता करने के लिए मूल प्रश्न-पत्रों के लिए प्रश्नों और मामला अध्ययनों को भी आईसीएआई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।
- **फाइनल के स्तर पर चुने हुए विषयों में विषय विनिर्दिष्ट वेबकास्ट :** ये वेबकास्ट बीओएस संकाय द्वारा मई और नवंबर की परीक्षाओं से पूर्व प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें चुने हुए प्रश्न-पत्रों के संबंध में चुनिंदा मामला अध्ययनों के संबंध में ब्यौरेवार चर्चा की गई थी और रियल टाइम आधार पर छात्रों की शंकाओं का समाधान किया गया था।
- **विषय विनिर्दिष्ट पुनरीक्षण कैप्सूल :** छात्र जर्नल "द चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट" में प्रत्येक मास विषय विनिर्दिष्ट पुनरीक्षण कैप्सूलों को प्रकाशित किया जाता है। ये कैप्सूल विभिन्न विषयों के संबंध में प्रभावी पुनरीक्षण को सुकर बनाते हैं, विशेषकर परीक्षा के दिवस से एक दिन पूर्व।
- **पुनरीक्षण प्रश्न-पत्र :** शिक्षा की पुरानी और नई स्कीम के अंतर्गत सभी प्रश्न-पत्रों के लिए पुनरीक्षण प्रश्न-पत्रों को अपलोड किया गया है और छात्रों की सुविधा के लिए उन्हें मुद्रित भी किया गया है। इन प्रश्नों में एमसीक्यू और विस्तृत उत्तरों वाले प्रश्न सम्मिलित थे, जो विभिन्न कौशलों का मूल्यांकन करते हैं – ज्ञान और वस्तुनिष्ठा, उपयोग और विश्लेषण तथा मूल्यांकन और संश्लेषण।
- **एमसीक्यू आधारित निर्धारण :** छात्रों के विश्लेषणात्मक और व्यापक कौशलों को और अधिक विकसित करने के लिए और साथ ही परीक्षा में उनके प्रदर्शन का वस्तुनिष्ठ निर्धारण करने हेतु, आईसीएआई ने एक निर्धारण प्रणाली को आरंभ किया है, जिसमें किसी चुने गए प्रश्न-पत्र की परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों में से 30 प्रतिशत प्रश्न बहु विकल्पों पर आधारित प्रश्न होंगे, जो एक और दो अंकों के होंगे। यह प्रणाली मई, 2019 की परीक्षाओं से, मध्यवर्ती और फाइनल, दोनों प्रकार के स्तरों पर शिक्षा और प्रशिक्षण की पुरानी और नई दोनों स्कीमों के अधीन स्थापित की गई थी। प्रत्येक विषय से संबंधित मॉडल एमसीक्यू को बीओएस ज्ञान पोर्टल पर अपलोड किया गया था।

| मध्यवर्ती (नया पाठ्यक्रम) | | आईआईपीसीसी (पुराना पाठ्यक्रम) | |
|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र | विषय | प्रश्नपत्र | विषय |
| 2 | निगम और अन्य विधियां | 2 | कारबार विधियां, आचार और संसूचना |
| 4 | कराधान | 4 | कराधान |
| 6 | संपरीक्षा और आश्वासन | 6 | संपरीक्षा और आश्वासन |
| 7 | उद्यम सूचना प्रणाली और रणनीतिगत प्रबंध | 7 | उद्यम सूचना प्रणाली और रणनीतिगत प्रबंध |

| फाइनल (नया पाठ्यक्रम) | | फाइनल (पुराना पाठ्यक्रम) | |
|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र | विषय | प्रश्नपत्र | विषय |
| 3 | अग्रिम संपरीक्षा और वृत्तिक आचार | 3 | अग्रिम संपरीक्षा और वृत्तिक आचार |
| 4 | निगम और आर्थिक विधियां | 4 | निगम और आर्थिक विधियां |
| | | 6 | सूचना प्रणाली नियंत्रण और संपरीक्षा |
| 7 | प्रत्यक्ष कर विधि और अंतर्राष्ट्रीय कराधान | 7 | प्रत्यक्ष कर विधियां |
| 8 | अप्रत्यक्ष कर विधियां | 8 | अप्रत्यक्ष कर विधियां |

**व्यवहारिक प्रशिक्षण के निर्धारण के लिए एमसीक्यू**

दो स्तरीय व्यवहारिक प्रशिक्षण के निर्धारण के लिए आर्टिकलशिप प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशलों के निर्धारण हेतु माडल एमसीक्यू को वेबसाइट पर रखा गया था।

**छात्रों के लिए ई-जर्नल**

आईसीएआई की गो ग्रीन पहल के भागरूप में इस जर्नल को ई-जर्नल के रूप में प्रकाशित किए जाने को जारी रखा जाएगा। किसी भी स्थान से और किसी भी समय निःशुल्क पहुंच को सुकर बनाने वाली यह सुविधा सुगम नेवीगेशन, व्याख्या सहित 1 जुलाई, 2019 से आरंभ की गई थी और वह सभी विद्यमान और नए छात्रों के लिए पठन प्रबंध प्रणाली पर उपलब्ध है। छात्र सभी स्तरों पर, एसएसबी पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के दौरान उन्हें उपलब्ध कराए गए लिंक पर जर्नल के इस पीडीएफ/एससीओआरएम अनुरूप पाठ को देख/उस तक पहुंच बना सकते हैं।

**छात्रों को छात्रवृत्तियां मंजूर करना**

अध्ययन बोर्ड वर्ष में दो बार विभिन्न प्रवर्गों अर्थात् मेरिट, मेरिट-सह-आवश्यकता आधारित, आवश्यकता आधारित और कमजोर वर्गों, वृत्ति दान के अधीन छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। तदनुसार, वर्ष के दौरान अध्ययन बोर्ड ने उपरोक्त प्रवर्गों के अधीन चुने गए छात्रों को 1060 छात्रवृत्तियां प्रदान की थी।

**सीए शिक्षा को विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ सुमेलित करना**

बोर्ड ने यह परिकल्पना की थी कि एक स्व:विवेकानुसार पहल के रूप में विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की बी.काम (आनर्स) पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को चार्टर्ड लेखांकन शिक्षा के साथ सुमेलित करके सरल और कारगर बनाया जाए। इसके पश्चात्, मूल प्रश्न-पत्रों, अर्थात् लेखांकन, संपरीक्षा, वित्तीय, आय-कर विधि, माल और सेवाकर तथा लागत लेखांकन के लिए 'वाणिज्य स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए माडल पाठ्यचर्या' को अंतर्विष्ट करने वाली एक पुस्तिका तैयार की थी। इस पुस्तिका को 1 जुलाई, 2019 को सीए दिवस के अवसर पर जारी किया गया था।

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के बी.काम (साधारण) और बी.काम (आनर्स) के लिए पियर पुनर्विलोकन पठन परिणामों पर आधारित पाठ्यचर्या ढांचा (एलओसीएफ)**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्चतर शिक्षा संस्थाओं (एचएआई) की गुणवत्ता में अभिवृद्धि हेतु एक गुणवत्ता संबंधी आदेश निकाला है, जिसमें यूजीसी द्वारा की जाने वाली दस पहलों को सम्मिलित किया गया है। इस दिशा में की जाने वाली प्रमुख पहलों में से एक पहल बी.काम (साधारण) और बी.काम (आनर्स) के लिए पठन परिणामों पर आधारित पाठ्यचर्या ढांचा (एलओसीएफ) तैयार करना है। सीए निहार जम्बुसरिया, उपाध्यक्ष, आईसीएआई से यह अनुरोध किया गया था कि वे उसके पियर पुनर्विलोकन संबंधी कार्य को पूरा करें। इस समनुदेशन को सीए अतुल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए भ्रातृसंघ के सदस्यों, सीए (डा.) देबाशिष मित्रा, अध्यक्ष, अध्ययन बोर्ड, सीए (डा.) एम.एस. जाधव, सीए वंदना डी. नागपाल, निदेशक, अध्ययन बोर्ड और अध्ययन बोर्ड के अन्य संकाय से प्राप्त मूल्यवान अंत:निवेशों पर विचार करने के पश्चात् पूरा किया गया था।

आईसीएआई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से यह भी अनुरोध कर रहा है कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी मध्यवर्ती और फाइनल पाठ्यक्रमों तथा वाणिज्य की क्रमश: स्नातक और मास्टर डिग्रियों में समानता लाई जाए।

**(II) सदस्यों/छात्रों के लिए नई पहलें**

**छात्रों के लिए नई पहलें**

- **जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तथा उत्तर-पूर्व के राज्यों के छात्रों के लिए फीस में रियायत**

आईसीएआई ने नए सृजित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्रों और उत्तर-पूर्व राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा) के छात्रों को बड़ी संख्या में सीए पाठ्यक्रम हेतु नामांकन कराने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इन संघ राज्यक्षेत्रों/राज्यों के 31 मार्च, 2022 तक सीए पाठ्यक्रम के किसी भी स्तर, अर्थात् फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल, हेतु नामांकन कराने वाले छात्रों को 75 प्रतिशत की सीमा तक ट्यूशन फीस में छूट अनुज्ञात की थी।

- **बीओएस : एकल बिन्दु संदर्भिका**

बीओएस : एकल बिन्दु संदर्भिका नामक एक पुस्तिका को प्रादेशिक कार्यालयों, शाखाओं, व्यवसायरत सदस्यों, उद्योग में लगे सदस्यों और सीए छात्रों के फायदे के लिए प्रकाशित किया गया था। इस पुस्तिका में बोर्ड की पहलों और क्रियाकलापों के संबंध में ब्यौरेवार जानकारी, कार्यकलापों का अधीक्षण करने वाले संबंधित पदधारियों के संपर्क के ब्यौरे, वे वेब पते, जहां संबद्ध क्रियाकलाप के बारे में ब्यौरेवार जानकारी प्राप्त की जा सकती है, अंतर्विष्ट हैं।

- **लाइव वर्चुअल कक्षाएं**

अगस्त, 2018 से मध्यवर्ती और फाइनल स्तर के लिए लाइव वर्चुअल कक्षाओं (एलवीसी) को चलाया जा रहा है। यद्यपि, मध्यवर्ती कक्षाओं का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है वहीं फाइनल कक्षाओं का आयोजन वर्ष में एक बार किया जाता है।

- **विशिष्टियां**

  - लाइव व्याख्यान में भाग लें या रिकार्ड किए गए व्याख्यानों को देखें
  - कंप्यूटरों और मोबाइलों पर उपलब्ध
  - समृद्ध अनुभव वाला विशेषज्ञ संकाय
  - परस्पर क्रियाशील – लाइव कक्षाओं के दौरान प्रश्नोत्तर
  - परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाला दृष्टिकोण
  - मामला अध्ययन आधारित वैकल्पिक प्रश्न-पत्रों के संबंध में पृथक् सत्र
  - पृथक् प्रश्नोत्तर सत्र
  - एकीकृत परीक्षाओं के माध्यम से प्रदर्शन का पुनर्विलोकन

- आधुनिकतम प्रौद्योगिकी से युक्त स्मार्ट कक्षाएं
- संपूर्ण पाठ्यचर्या को सम्मिलित किया जाना – ये कक्षाएं संपूर्ण पाठ्यचर्या को सम्मिलित करती है और साथ ही इनमें आवधिक रूप से परीक्षाओं का संचालन भी किया जाता है।
- कक्षाओं का समय - इन कक्षाओं का आयोजन सप्ताह दिवसों के दौरान कार्य घंटों से परे प्रात: और सायंकाल के दौरान किया गया था (प्रात: 7 से 9.30 बजे) (सायं: 6 से 8.30 बजे)
- अत्यधिक निम्न फीस – मध्यवर्ती और फाइनल स्तर के दोनों समूहों के लिए क्रमश: 4000 रुपए और 4750 रुपए की फीस निर्धारित की गई है।

फीस

| | रजिस्ट्रीकरण के समय | | रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् | |
|---|---|---|---|---|
| | **एकल समूह** | **दोनों समूह** | **एकल समूह** | **दोनों समूह** |
| **मध्यवर्ती** | 2,250 | 4,000 | 3,750 | 6,250 |
| **फाइनल** | 2,500 | 4,750 | 4,500 | 7,500 |

**लाइव पुनरीक्षण कक्षाएं**

लाइव वर्चुअल कक्षाओं संबंधी परियोजना के भागरूप में, नवंबर, 2019 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं हेतु सितंबर-अक्तूबर, 2019 के दौरान आईसीएआई के मध्यवर्ती और फाइनल के छात्रों हेतु लाइव पुनरीक्षण कक्षाओं (एलआरसी) का आयोजन किया गया था। इन कक्षाओं को मई, 2020 की परीक्षाओं हेतु मध्यवर्ती स्तर के लिए भी आरंभ किया गया था, तथापि कोरोना महामारी के कारण इन कक्षाओं को निलंबित करना पड़ा था। फाइनल परीक्षाओं के लिए एलआरसी को अप्रैल, 2020 से आरंभ किया जाना था किंतु उन्हें भी निलंबित करना पड़ा था।

**लाइव पुनरीक्षण कक्षाओं की विशिष्टियां**

- पूर्ण दिवसीय गहन लाइव पुनरीक्षण कक्षाएं
- 2 से 5 दिनों में प्रत्येक विषय के सभी महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित कर दिया जाता है
- आगामी मई/नवंबर की परीक्षाओं के लिए तैयारी कराई जाती है
- समृद्ध अनुभव के साथ विशेषज्ञ संकाय
- प्रश्न उठाए जाने की सुविधा के साथ परस्पर क्रियाशील कक्षाएं
- आपके लैपटॉप, कंप्यूटरों और मोबाइलों पर सुगमता से उपलब्ध
- इन कक्षाओं की रिकार्डिंग भी उपलब्ध है

ये कक्षाएं सभी विषयों से संबंधित विशिष्ट अवधारणाओं को सम्मिलित करती हैं और किसी भी विषय के संबंध में 2 से 5 दिन के भीतर छात्र को पूर्णरूपेण पुनरीक्षण करने में सहायता प्रदान करती हैं। संबद्ध विषयों के संबंध में सभी छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई शंकाओं का हाथ-के-हाथ समाधान कर दिया जाता है। इन कक्षाओं हेतु निम्नानुसार फीस निर्धारित की गई है :

| | **एकल समूह (रुपए)** | **दोनों समूह (रुपए)** |
|---|---|---|
| **मध्यवर्ती पाठ्यक्रम** | 500 | 800 |
| **फाइनल पाठ्यक्रम** | 1000 | 1600 |
| **एलवीसी कक्षाओं के लिए पहले से रजिस्ट्रीकृत छात्र** | शून्य | शून्य |

**नि:शुल्क लाइव पुनरीक्षण कक्षाएं**

कोविड-19 महामारी और उसके पारिणामिक लाकडाउन के कारण छात्रों को उनके घर से अपने-अपने पाठ्यक्रमों के पुनरीक्षण हेतु सहायता प्रदान करने के लिए संस्थान ने अप्रैल-मई, 2020 के दौरान नि:शुल्क एलआरसी का संचालन किया था। इन कक्षाओं का लक्ष्य जुलाई, 2020 की परीक्षाएं थीं। ये कक्षाएं गहन प्रकृति की थी और इनमें 2 से 5 दिनों के भीतर सभी महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया था।

**नि:शुल्क वर्चुअल कोचिंग कक्षाएं**

बीओएस नि:शुल्क लाइव वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन कर रहा है, जो अब वर्चुअल कोचिंग कक्षाओं के नाम से ज्ञात हैं, इनकी विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :

- बीओएस नवंबर, 2020 की परीक्षाओं के लक्ष्य से फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल वर्चुअल कोचिंग कक्षाओं के बैचों का नि:शुल्क रूप से संचालन कर रहा है।
- सभी स्तरों, अर्थात् फाउंडेशन, मध्यवर्ती और फाइनल की संपूर्ण पाठ्यचर्या को सम्मिलित किया जाएगा।
- ये कक्षाएं 1 जुलाई, 2020 से आरंभ हुई हैं।
- इन कक्षाओं का संचालन इंटरनेट प्रौद्योगिकी के उपयोग से होता है और इन्हें कंप्यूटरों और मोबाइल के माध्यम से चलाया जाता है।
- ये कक्षाएं लाइव रूप से उपलब्ध हैं और लाइव सत्रों में किसी कारणवश भाग न ले सकने वाले छात्र अपनी सुविधानुसार रिकार्ड किए गए व्याख्यानों को देख सकते हैं। ये कक्षाएं परस्पर क्रियाशील प्रकृति की हैं और इनके दौरान छात्र प्रश्न पूछ सकते हैं।
- कक्षाओं का समय : मध्यवर्ती और फाइनल कक्षाओं का संचालन कार्यालय घंटों से पूर्व प्रात: किया जाता है जबकि फाउंडेशन कक्षाओं का संचालन दिन के दौरान किया जाता है।

➢ **डिजीटल पठन केंद्र से संबंधित ई-पुस्तकें**

शिक्षा और प्रशिक्षण की नई स्कीम के अधीन सभी स्तरों पर सभी विषयों के लिए अध्याय-वार ई-पुस्तकें डिजीटल पठन केंद्र के माध्यम से आईसीएआई के क्लाउड कैम्पस पर उपलब्ध हैं। फाउंडेशन और मध्यवर्ती पाठ्यक्रमों के लिए वीडियो व्याख्यानों और स्व:निर्धारण हेतु क्विजों को भी इन ई-पुस्तकों में समाविष्ट किया गया है।

➢ **वेबकास्ट के माध्यम से पुनश्चर्या पाठ्यक्रम**

अध्ययन बोर्ड ने 25 जनवरी, 2020 से 1 मार्च, 2020 के दौरान सप्ताहंतों पर मध्यवर्ती और फाइनल स्तर की कक्षाओं के छात्रों के लिए जीएसटी, इंड एएस और कंपनी अधिनियम, 2013, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016, भू-संपदा विनियमन और विकास अधिनियम, 2016 और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का आयोजन किया था, जिन पाठ्यक्रमों में 440 छात्रों ने भाग लिया था।

➢ **सोशल मीडिया**

बोर्ड ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और यू-टयूब जैसी सोशल मीडिया साइटों के माध्यम से छात्रों को अपनी पहलों के संबंध में जानकारी और जारी की गई उदघोषणाओं को उपलब्ध कराना आरंभ कर दिया है। इनमें से प्रत्येक साइट पर बोर्ड के लिए एक प्रोफाइल का सृजन किया गया था। इस माध्यम से छात्रों की शंकाओं का भी समाधान किया जा रहा है और साथ ही बोर्ड द्वारा की जा रही पहलों को लोकप्रिय बनाने के साथ-साथ उनके संबंध में जागरुकता का सृजन भी किया जा रहा है।

➢ **एनएआरआईसी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा मान्यता प्रदान किया जाना**

सीए वृत्तिकों के लिए विदेशी अधिकारिताओं में अवसरों का विस्तार करने के उद्देश्य से संस्थान ने यू.के. और यूएई शिक्षा प्रणालियों के संदर्भ में आईसीएआई के मध्यवर्ती और फाइनल स्तरों को तुलनात्मक रूप से मूल्यांकित करने हेतु एक स्वतंत्र बैंचमार्किंग अध्ययन का संचालन करने के लिए यू.के. के एनएआरआईसी (द नेशनल रिकोग्निशन इंफरमेशन सेंटर फार द यूनाइटेड किंगडम) को नियोजित किया है, जो एक विख्यात यू.के. राष्ट्रीय अभिकरण है और जो विश्वव्यापी रूप से अर्हताओं और कौशलों के संबंध में जानकारी और विशेषज्ञ राय उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है।

यू.के. एनएआरआईसी ने यू.के. और यूएई के विनिर्दिष्ट विनियमित अर्हता ढांचे स्तरों की तुलना में आईसीएआई अर्हताओं का मूल्यांकन किया है। सीए अर्हताओं की इस प्रकार की बैंचमार्किंग आईसीएआई के सदस्यों की स्थिति को मजबूत करेगी और निगमों को सीए अर्हता की संगतता और उसकी छवि को बेहतर रूप से समझने में सहायता करेगी। यह बैंचमार्किंग आईसीएआई के सदस्यों/यू.के., मध्य-पूर्व और एनएआरआईसी मूल्यांकन को स्वीकार करने वाली अन्य अधिकारिताओं के अर्ध-अर्हित वृत्तिकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और बृहतर वृत्तिक अवसरों का लाभ उठाने में समर्थ बनाएगी।

**छात्रों के लिए अन्य पहलें**

➢ **मोक परीक्षा पत्र**

जुलाई, 2020 की परीक्षाओं के लिए बीओएस ज्ञान पोर्टल के माध्यम से मई, 2020 में मोक परीक्षा पत्रों का आनलाइन रूप से संचालन किया गया था। प्रत्येक विषय से संबंधित मोक परीक्षा को समय-सूची के अनुसार अपलोड किया गया था और इसके 48 घंटों के पश्चात् उनके उत्तरों को भी अपलोड किया गया था, जिससे छात्र अपने उत्तरों की जांच और उनका सत्यापन कर सकें।

➢ **विशेष परामर्शी सत्र**

मोक परीक्षा पत्रों के संचालन के पश्चात् छात्रों को इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कि उन्हें परीक्षाओं में किस प्रकार प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए, 1 से 10 जून, 2020 के दौरान प्रत्येक विषय के संबंध में विशेष परामर्शी सत्रों का आयोजन किया गया था।

➢ **व्यवहारिक प्रशिक्षण के निर्धारण हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा**

व्यवहारिक प्रशिक्षण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के पूरा हो जाने के पश्चात् छात्रों के लिए आनलाइन एमसीक्यू आधारित परीक्षाओं का आयोजन किया गया था। दोनों स्तरों पर 1,13,000 छात्रों को सम्मिलित करते हुए 23 सितंबर, 21 अक्तूबर, 2 दिसंबर, 30 दिसंबर, 2018, 3 फरवरी, 10 मार्च, 21 अप्रैल, 7 जुलाई, 8 सितंबर, 8 दिसंबर, और 29 दिसंबर, 2019 को 11 ऐसी परीक्षाओं का आयोजन किया गया था।

➢ **अनुमोदित प्रत्यायित संस्थाओं के संकाय/समन्वयकों और उनके विभागाध्यक्षों के लिए एक दिवसीय अनुकूलन कार्यक्रम**

बोर्ड ने 30 अगस्त, 2019 को चेन्नई में अनुमोदित प्रत्यायित संस्थाओं के संकाय/समन्वयकों और उनके विभागाध्यक्षों के लिए एक दिवसीय अनुकूलन कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस अनुकूलन कार्यक्रम का आयोजन अंतरा और अंत: संस्थागत परस्पर क्रियाओं का संवर्धन करने और अध्यापन की मानक पद्धति/शिक्षा शास्त्र का अनुभव प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदित "प्रत्यायित संस्थाओं द्वारा मौखिक कोचिंग कक्षाओं के आयोजन संबंधी राष्ट्रीय नीति" के अनुसार किया गया था। प्रत्यायित संस्थाओं से 31 प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया था।

➢ **पठन कक्ष पोर्टल**

देश भर में सीए छात्रों को पठन संबंधी अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 170 पुस्तकालय/पठन कक्ष/अतिरिक्त पठन कक्ष उपलब्ध हैं। छात्र अपने यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करते हुए पठन कक्ष पोर्टल पर लॉग-इन कर सकते हैं और कहीं भी किसी भी समय स्वयं को रजिस्टर कर सकते है। इस पठन कक्ष पोर्टल की अन्य विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :--

➢ **पोर्टल की विशिष्टियां**

- फीस का संदाय करके अपने लिए स्थान सुरक्षित करना
- छात्रों द्वारा एकदिवस/एक मास के लिए नमनीय रजिस्ट्रीकरण
- 24X7 आनलाइन सेवाओं का उपलब्ध होना
- संदाय के 24 घंटे के भीतर स्थान की पुष्टि
- रजिस्टर करने हेतु छात्रों की सहायता करने हेतु पोर्टल पर ही अद्यतन जानकारी का उपलब्ध होना

➢ **प्रादेशिक परिषदों, शाखाओं और छात्रों के साथ मासिक परस्पर क्रियाएं**

बीओएस के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निदेशक द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से प्रादेशिक परिषदों, शाखाओं और छात्रों के साथ मासिक परस्पर क्रियाएं आरंभ की गई है, जिससे कि वे उनके साथ जुड़े रह सकें और इस संबंध को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। बीओएस ने विभिन्न शैक्षिक और बीओएस की अन्य पहलों से संबंधित बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) का संकलन किया है तथा उन्हें संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किया है।

➢ **टोल फ्री सहायता नंबर**

बोर्ड ने देश भर के सीए छात्रों की शंकाओं/शिकायतों का समाधान करने के लिए 11 मई, 2017 से छात्र समर्थन पहल के रूप में एक टोल फ्री सहायता टेलीफोन सेवा 18001211330 को आरंभ किया था। आज की तारीख तक इस सहायता केंद्र के माध्यम से छात्रों से प्राप्त 2.5 लाख के लगभग शंकाओं का समाधान किया गया है।

➢ **छात्र क्रियाकलाप संबंधी पोर्टल**

बोर्ड ने, अपने छात्रों को, प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न छात्र संबंधी कार्यक्रमों हेतु कहीं से भी और किसी भी समय स्वयं को रजिस्ट्रीकृत करने में सहायता करने हेतु एक छात्र क्रियाकलाप संबंधी पोर्टल को विकसित किया है। यह पोर्टल कार्यक्रम आयोजक इकाईयों और अध्ययन बोर्ड के स्तर पर छात्र क्रियाकलापों के प्रणालीगत प्रबंध में सहायता करता है। 1.4.2019 से 11.02.2020 की अवधि के दौरान इस पोर्टल पर 1000 कार्यक्रमों को रजिस्ट्रीकृत किया गया है।

➢ **आर्टिकल और औद्योगिक नियोजन पोर्टल**

आर्टिकलशिप और औद्योगिक प्रशिक्षण नियोजन पोर्टल – यह सदस्यों, संगठनों और छात्रों के लिए एक-दूसरे के साथ परस्पर क्रिया करने और सदस्यों/संगठनों को दिलचस्पी रखने वाले छात्रों की खोज करने, उन्हें सूचीबद्ध करने तथा उनके साथ साक्षात्कारों का समय तय करने की सुविधा प्रदान करने वाला एक सामान्य मंच है। छात्र स्थान और क्षेत्रों से संबंधित अपनी अधिमानताओं को उपदर्शित करते हुए रिक्तियों की खोज/उनके लिए आवेदन भी कर सकते हैं। यह पोर्टल उपयोक्ता मित्र है और यह सदस्यों/उद्योगों तथा आर्टिकल्डशिप /औद्योगिक प्रशिक्षण की वांछा करने वाले छात्रों के बीच दूरी को कम करने में सहायता करेगा।

बोर्ड औद्योगिक प्रशिक्षण पोर्टल को समुन्नत करने हेतु कार्यवाही कर रहा है, जिसे छात्रों और सदस्यों, दोनों की सुगमता के लिए एसएसपी के साथ एकीकृत किया जाएगा।

➢ **छात्रों के लिए आयोजित साफ्ट कौशल संबंधी पाठ्यक्रम (भौतिक और आनलाइन, दोनों माध्यमों से)**

1 अप्रैल, 2019 से 11 फरवरी, 2020 की अवधि के दौरान प्रादेशिक कार्यालयों और शाखाओं द्वारा छात्रों के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था और उन्हें प्रशिक्षित किया गया था। इसके ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

| पाठ्यक्रम | पीओयू की संख्या | बैचों की संख्या | प्रशिक्षित छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| अग्रिम एमसीसी पाठ्यक्रम | 140 | 1192 | 50519 |
| अग्रिम आईटीटी | 147 | 1468 | 49450 |
| सूचना प्रौद्योगिकी | 151 | 1636 | 49254 |
| अनुकूलन कार्यक्रम | 150 | 1148 | 50345 |
| कुल योग | **588** | **5444** | **199568** |

➢ **पूरे भारत वर्ष में विभिन्न आईटीटी प्रयोगशालाओं में प्रणालियों के प्रतिष्ठापन संबंधी प्रास्थिति**

19 अप्रैल, 2019 को एक आरएफपी जारी किया गया था और उसके पश्चात् एक अन्य आरएफपी 10 मई, 2019 को जारी किया गया था। सम्यक् प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात् मैसर्स टीम कंप्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड (लेनोवो ब्रांड के कंप्यूटरों के प्रदायकर्ता) को 14 जून, 2019 को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया था। आज की तारीख तक आईसीएआई के सभी 113 प्रादेशिक और शाखा कार्यालयों में 4166 डेस्कटॉप कंप्यूटरों को परिदत्त किया गया है।

➢ **आईटी और साफ्ट कौशल पाठ्यक्रमों से संबंधित 18 पीओयू में बायोमीट्रिक युक्तियों का प्रतिष्ठापन**

इन पाठ्यक्रमों के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने और पीओएस द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए संस्थान ने प्रथम चरण में सफलतापूर्वक आईसीएआई के 18 प्रादेशिक और शाखा कार्यालयों में, जहां सदस्यों की संख्या 2500 से अधिक है, 80 बायोमीट्रिक युक्तियों को प्रतिष्ठापित और उनका एकीकरण किया है। दूसरे चरण में, आईसीएआई के 140 प्रादेशिक और शाखा कार्यालयों में 290 बायोमीट्रिक मशीनों का प्रतिष्ठापन किया जा रहा है।

**महत्वपूर्ण घटनाएं**

➢ **सम्मेलन/सभाएं/संगोष्ठियां और छात्र सम्मेलनों से संबंधित अन्य क्रियाकलाप**

राष्ट्रीय सम्मेलन, सीए छात्र सम्मेलन और सीए छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन : 2019-20 की अवधि के दौरान अध्ययन बोर्ड ने देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित 43 सीए छात्र सम्मेलनों के अलावा कोलकाता, चेन्नई, विशाखापट्टनम, इंदौर और मुंबई में 5 राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया था और इसके साथ ही पुणे में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। इन छात्र सम्मेलनों में लगभग 27,000 छात्रों ने भाग लिया था।

➢ **अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :** अध्ययन बोर्ड ने 14 और 15 दिसंबर, 2019 के दौरान आईसीएआई की पुणे शाखा और डब्ल्यूआईसीएएसए की मेजबानी में पुणे में एक अंतर्राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन का आयोजन किया था। सीए प्रफुल्ल प्रेमसुख छाजेड़, अध्यक्ष, आईसीएआई इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे और सीए आर.एम. विशाखा, एमडी और सीईओ, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस और सीए अतुल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष, आईसीएआई इसके गणमान्य अतिथि थे। इस सम्मेलन में विभिन्न विशिष्ट व्यक्तियों ने भाग लिया था, जिनमें - स्वामी मुकुंदानंदजी, जगदगुरु कृपालुजी योग और योग, ध्यान और आध्यात्मिक पीठ के संस्थापक, श्रीमती रितु छाबड़िया, सह-संस्थापक और प्रबंध न्यासी - मुकुल माधव फाउंडेशन, श्री सिद्धार्थ शिरोले, विधान सभा सदस्य (महाराष्ट्र), श्री मकरंद टिल्लू, लाफ्टर योगा प्रशिक्षक और प्रेरक वक्ता, श्री पराग शाह, संस्थापक फ्लेम और मिडास, सीए अमरजीत चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए (डॉ.) एस.बी. ज़वारे, पूर्व केंद्रीय परिषद् सदस्य, आईसीएआई, सीए केमिशा सोनी, अध्यक्षा, अध्ययन बोर्ड, सीए दुर्गेश काबरा, उपाध्यक्ष, अध्ययन बोर्ड, सीए सी.वी. चिताले, सी.ए. जय छैरा, सी.ए. धीरज खंडेलवाल, सीए अनिकेत तलाती, केंद्रीय परिषद सदस्य सम्मिलित थे। इस सम्मेलन में 2581 छात्रों और विभिन्न एसएएफए देशों के 21 विदेशी प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

➢ **सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च 2019**

अध्ययन बोर्ड ने 20 दिसंबर, 2019 को "राष्ट्रीय स्तर के सीए स्टूडेंट्स टैलेंट सर्च -2019" का आयोजन किया है, जो कि आईसीएआई की मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की इंदौर शाखा द्वारा आयोजित किया गया था, जो अत्यधिक सफल रहा था तथा छात्रों और सदस्यों ने उसका अत्यधिक आनंद उठाया था। पदमश्री डॉ. पंडित गोकुलोत्सवजी महाराज ग्रैंड फिनाले में मुख्य अतिथि थे। सीए. केमिशा सोनी, अध्यक्षा, अध्ययन बोर्ड, आईसीएआई, सीए दुर्गेश काबरा, उपाध्यक्ष, अध्ययन बोर्ड, आईसीएआई ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई थी।

यह आयोजन अत्यंत सफल रहा था और इसके विजेताओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

| विजेताओं के ब्यौरे | | | |
|---|---|---|---|
| | **प्रथम पुरस्कार विजेता** | **द्वितीय पुरस्कार विजेता** | **तृतीय पुरस्कार विजेता** |
| | **नाम** | **नाम** | **नाम** |
| **क्विज प्रतिस्पर्धा** | श्री गौरांग कुमार अग्रवाल | सुश्री विनीता रेड्डी जे. | |
| | श्री शब्द रूप सत्संगी | सुश्री सन्निधि नागा लक्ष्मी दुर्गा पूजीथा | |
| **वक्तृता** | श्री अनीश सयानी | सुश्री जीनत गुम्बर | सुश्री लिपिका गोयल |
| **वाद्य संगीत** | श्री एलोशिन जोसफ | श्री प्रखर गुप्ता | श्री नरोत्तम माझी |
| **नुक्कड़ ड्रामा** | सुश्री अंकिता महेश्वरी [दल की मुखिया] | श्री निलय गोखले [दल के मुखिया] | श्री महकप्रीत सिंह [दल के मुखिया] |
| | श्री केशव बिरला | सुश्री प्रियंका ठाकुर | श्री सचिन गोयल |
| | सुश्री श्रुति तापडिया | श्री अभिषेक साठे | श्री शुभम खुल्लर |
| | श्री साहिल भंडारी | श्री पदनेश पाटिल | सुश्री सिमरन धवन |
| | श्री केशव राठी | श्री सोहम वैद्य | सुश्री मुस्कान जैसवाल |
| | सुश्री शिवानी राठौर | | सुश्री सुप्रीत कौर |

➢ **शिक्षक दिवस समारोह**

अध्ययन बोर्ड ने 5 सितंबर, 2019 को अपनी प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं के माध्यम से देश भर में शिक्षक दिवस संबंधी समारोह का आयोजन किया था, जिससे सीए और सीए छात्रों के बीच मजबूत संबंध स्थापित हो सके। इस कार्यक्रम के दौरान प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं ने निंबध और कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था।

बोर्ड ने छात्रों के बीच उनके शिक्षकों के प्रति आदर और आभार की भावना का सृजन करने के लिए आईसीएआई की वेबसाइट और सोशल मीडिया पृष्ठों पर कुछ ई-कार्डों और डीपी छवियों को अपलोड किया था। अध्ययन बोर्ड ने आईसीएआई के दिल्ली कार्यालय से प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक वेबकास्ट का आयोजन किया था, जिसे सीए प्रफुल प्रेमसुख छाजेड, अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए. केमीशा सोनी, अध्यक्षा, अध्ययन बोर्ड, सीए दुर्गेश काबरा, उपाध्यक्ष, अध्ययन बोर्ड ने संबोधित किया था। इसके पश्चात् दो विख्यात वक्ताओं के संबोधनों के साथ सत्रों का आयोजन किया गया था।

➢ **आईसीएआई का अपने छात्रों के साथ संवाद**

अध्ययन बोर्ड ने 23 मई, 2020 को वेबकास्ट के माध्यम से छात्रों के साथ एक परस्पर क्रियाशील सत्र, अर्थात् "आईसीएआई का अपने छात्रों के साथ संवाद" का आयोजन किया था।

सीए अतुल कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए निहार निरंजन जम्बूसरिया, उपाध्यक्ष, आईसीएआई, सीए (डा.) देबाशिष मित्रा, अध्यक्ष, बीओएस और सीए प्रमोद कुमार बूब, उपाध्यक्ष, एसएसईबी ने इस आयोजन में भाग लेने वाले छात्रों को संबोधित किया था और उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया था।

लगभग 46,000 छात्रों ने इस वेबकास्ट को देखा था और उन्होंने लगभग 5,000 प्रश्न पूछे थे। छात्रों द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर बीओएस द्वारा पृथक् रूप से मेल द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

**10.2 छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन)**

➢ **छात्र क्रियाकलाप संबंधी पोर्टल**

अध्ययन बोर्ड ने छात्रों की, प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न छात्र संबंधी कार्यक्रमों हेतु रजिस्टर करने में सहायता करने के लिए छात्र क्रियाकलाप संबंधी पोर्टल को विकसित किया है। यह कार्यक्रम आयोजक इकाईयों और अध्ययन बोर्ड के स्तर पर छात्र क्रियाकलापों के प्रणालीगत प्रबंध में सहायता करता है। इस पोर्टल पर 180 कार्यक्रमों को रजिस्ट्रीकृत किया गया है।

➢ **आर्टिकल नियोजन और औद्योगिक प्रशिक्षण पोर्टल**

आईसीएआई के छात्र कौशलों में अभिवृद्धि करने संबंधी बोर्ड (अध्ययन बोर्ड – प्रचालन) ने हाल ही में 14 जून, 2020 को एक लाइव वेबीनार के माध्यम से आर्टिकल नियोजन और औद्योगिक प्रशिक्षण पोर्टल का शुभारंभ किया है। यह एक ऐसा मंच है जो छात्रों और कंपनियों, दोनों को परस्पर एक दूसरे का चयन करने हेतु एक दूसरे के साथ परस्पर क्रिया करने का अवसर उपलब्ध कराता है। यह पोर्टल नामांकन हेतु पात्र छात्रों की संख्या और साथ ही उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उपलब्ध सदस्यों की संख्या को उपदर्शित

करता है। यह पोर्टल रजिस्ट्रीकृत कंपनियों और उनमें उपलब्ध रिक्तियों के क्षेत्रवार, विशेषज्ञतावार और उनकी संख्या के संबंध में ब्यौरे भी दर्शित करता है। यह पोर्टल छात्रों को सही समय पर प्रणाली के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु उनकी पात्रता के बारे में ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से संसूचित करेगा। यह पोर्टल ऐसे उद्योगों को आनलाइन अनुमोदन भी प्रदान करता है, जो हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट विनियमों के अनुसार सीए बनने के इच्छुक छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदान करने का आशय रखते हैं।

➢ **पठन कक्ष पोर्टल**

देश भर में सीए छात्रों को पठन संबंधी अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 170 पुस्तकालय/पठन कक्ष/अतिरिक्त पठन कक्ष उपलब्ध हैं। छात्र अपने यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करते हुए पठन कक्ष पोर्टल पर लॉग-इन कर सकते हैं और कहीं भी किसी भी समय स्वयं को रजिस्टर कर सकते है। इस पठन कक्ष पोर्टल की अन्य विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :--

➢ **पोर्टल की विशिष्टियां**

फीस का संदाय करके अपने लिए स्थान सुरक्षित करना

छात्रों द्वारा एकदिवस/एक मास के लिए नमनीय रजिस्ट्रीकरण

24X7 आनलाइन सेवाओं का उपलब्ध होना

संदाय के 24 घंटे के भीतर स्थान की पुष्टि

रजिस्टर करने हेतु छात्रों की सहायता करने हेतु पोर्टल पर ही अद्यतन जानकारी का उपलब्ध होना

➢ **वर्चुअल प्रबंध और संसूचना कौशलों संबंधी पाठ्यक्रम**

एमसीसी और अग्रिम आईटीटी संबंधी वर्चुअल पाठ्यक्रमों को ऐसे छात्रों के लिए आरंभ किया गया था, जिन्होंने मई, 2019/नवंबर, 2019 की परीक्षाओं में फाइनल परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है या जो जुलाई, 2020 (जो अब नवंबर तक आस्थगित हो गई हैं) / नवंबर, 2020 की परीक्षाओं में बैठ रहे हैं। इन छात्रों को कोविड-19 संक्रमण के कारण उत्पन्न हुई स्थिति को ध्यान में रखते हुए भौतिक रूप से उपस्थित होकर एमसीएस और अग्रिम आईटी कक्षाओं में भाग लेने के संबंध में एकबार की शिथिलता मंजूर की गई है और इस प्रकार उन्हें वर्चुअल पद्धति के माध्यम से इसे पूरा करने की अनुज्ञा प्रदान की गई है। छात्रों के पूर्वोक्त प्रवर्ग के लिए वर्चुअल एमसीएस कक्षाएं 28 अप्रैल, 2020 से आरंभ हुई थी और अग्रिम आईटीटी छात्रों के लिए ये परीक्षाएं 12 मई, 2020 से आरंभ हुई थी।

➢ **वर्चुअल प्रबंध और संसूचना कौशल पाठ्यक्रम की विशिष्टियां**

- इसमें कोई कक्षा अध्यापन सम्मिलित नहीं है। छात्र आनलाइन पद्धति से इस पाठ्यक्रम को पूरा करेंगे। इस वर्चुअल एमसीएक्स पाठ्यक्रम की अवधि 90 घंटे है।
- इस पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए किसी छात्र को अधिकतम 180 दिन की अवधि अनुज्ञात है। उस दशा में, जहां कोई छात्र पूर्वोक्त अवधि के दौरान पाठ्यक्रम पूरा करने में असमर्थ रहा है, छात्र को 90 दिन की अवधि का और विस्तारण किया जाएगा। छात्र को पूर्वोक्त पाठ्यक्रम संबंधी रजिस्ट्रीकरण के पुन: विधिमान्यकरण हेतु पाठ्यक्रम फीस के 50 प्रतिशत का संदाय करना होगा।
- एक पृथक् पोर्टल/पठन प्रबंध प्रणाली (एलएमएस) विद्यमान है, जहां छात्र रजिस्टर कर सकते हैं और इस पाठ्यक्रम को पूरा कर सकते हैं।
- छात्र दैनिक रूप से सत्रों को देखने में समर्थ होंगे।
- प्रत्येक सत्र के अंत पर, एक वस्तुनिष्ठ किस्म की आनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। छात्र द्वारा सभी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के पश्चात् प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। उस दशा में, जहां छात्र आनलाइन परीक्षा को उत्तीर्ण करने में असमर्थ रहा है वहां छात्र उस परीक्षा में पुन: बैठेगा।

**छात्रों के लिए आयोजित साफ्ट कौशल संबंधी पाठ्यक्रम (भौतिक और आनलाइन, दोनों रूपों में)**

(I) 12 फरवरी, 2020 से प्रादेशिक कार्यालयों और शाखाओं द्वारा छात्रों के लिए आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

| पाठ्यक्रम | पीओयू की संख्या | बैचों की संख्या | प्रशिक्षित छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **अग्रिम एमसीसी पाठ्यक्रम** | 140 | 243 | 8247 |
| **अग्रिम आईटीटी** | 147 | 260 | 7522 |
| **सूचना प्रौद्योगिकी** | 151 | 163 | 3156 |
| **अनुकूलन कार्यक्रम** | 150 | 159 | 3377 |
| **कुल योग** | **588** | **825** | **22302** |

(II) 1 अप्रैल, 2020 से 30 जून, **2020** की अवधि के दौरान क्रमश: 5962 और 5122 छात्रों को वर्चुअल एमसीएस और अग्रिम आईटीटी में प्रशिक्षित किया गया है।

**11. कैरियर परामर्श निदेशालय**

कैरियर परामर्श समिति को भारत और विदेशों में माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, स्नातक, स्नातकोत्तर छात्रों और साथ ही अन्य पणधारियों के बीच सीए पाठ्यक्रमों के संबंध में विशेष ध्यान आकर्षित करने हेतु वाणिज्य संबंधी शिक्षा का संवर्धन करने के उद्देश्य से फरवरी, 2015 के मास में सृजित किया गया था। परिषद् 2018-19 के दौरान कैरियर परामर्शी समूह का सृजन किया गया था और उसके पश्चात् 12 फरवरी, 2020 को उसे कैरियर परामर्शी निदेशालय के रूप में संपरिवर्तित किया गया था। निदेशालय सतत रूप से सर्वाधिक विख्यात सम्मानित, मान्यताप्राप्त और वैश्विक रूप से विश्वसनीय चार्टर्ड लेखांकन की वृत्ति पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए वाणिज्य संबंधी शिक्षा का संवर्धन कर रहा है।

निदेशालय, छात्रों के कौशलों, सामर्थ्य और ज्ञान का पता लगाने, उनकी योग्यता की पहचान करने और उन्हें वाणिज्य संबंधी शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पूरे वर्ष भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिसमें क्विज और वाद-विवाद प्रतिस्पर्धाएं सम्मिलित हैं। निदेशालय अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बज्ज का सृजन करने, अद्यतन जानकारी को पोस्ट करने, परिचर्चाओं को आरंभ करने, लिंक्स को शेयर करने, संवर्धनात्मक अभियानों को चलाने, ब्लॉग/फीड का संवर्धन करने, फोटो और दस्तावेजों को होस्ट करने, ट्वीटर हैंडलों का सृजन करने और उनके लिए संपर्क प्ररूप/रजिस्ट्रीकरण प्ररूप आदि को तैयार करने के लिए फेसबुक, ट्वीटर, गुगल+, यू-ट्यूब और लिंकडिन जैसे सोशल मीडिया मंचों का प्रभावी रूप से उपयोग कर रहा है। पूरे भारत में 2815 संसाधन व्यक्ति हैं, जिन्हें देश के लगभग प्रत्येक भाग में कैरियर परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु पैनलबद्ध किया गया है।

1 अप्रैल, 2019 से 30 जून, 2020 की अवधि के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलापों का संचालन किया गया था :--

निदेशालय ने छात्रों के फायदे हेतु भारत में 1000 कैरियर परामर्शी कार्यक्रमों और आईसीएआई के विदेशी चैप्टरों में 13 ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया था। वर्तमान समय में फैली कोविड-19 महामारी की चुनौती को अवसर में परिवर्तित करते हुए, इस अवधि के दौरान पलादी, अहमदाबाद, बेल्लारी कर्नाटक, एर्नाकुलम और कांचीपुरम् में वर्चुअल आनलाइन पद्धति के माध्यम से 93 कार्यक्रमों और 4 बृहत्त कैरियर परामर्शी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। 3 वाणिज्य चैंपियन कार्यक्रमों का आयोजन जयपुर, लखनऊ और सिलिगुड़ी में किया गया था।

निदेशालय ने पहली बार 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए पृथक् चार स्तरों पर 29 जून, 2020 को आनलाइन पद्धति के माध्यम से आईसीएआई वाणिज्य क्विज 2020 का आयोजन किया था। इस क्विज के लिए कुल 48343 रजिस्ट्रीकरण कराए गए थे, जिसमें से 46054 रजिस्ट्रीकरण भारत से थे जबकि अन्य 2289 अन्य देशों से थे। 8,20,000 रुपए के नकद पुरस्कारों का क्विज के विजेताओं के बीच वितरण किया जाना है।

| देश | कक्षा IX | कक्षा X | कक्षा XI | कक्षा XII | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3882 | 6511 | 12250 | 23411 | 46054 |
| भारत से बाहर | 665 | 593 | 525 | 506 | 2289 |
| **कुल योग** | **4547** | **7104** | **12775** | **23917** | **48343** |

निदेशालय सतत रूप से भारत और विदेशों में वाणिज्य संबंधी शिक्षा के संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है और वह अगले वर्ष और अधिक कार्यक्रमों के आयोजन का आशय रखता है, जिससे वह भारत के प्रत्येक भाग के छात्रों तक पहुंच सके।

**12. प्रादेशिक परिषदें और उनकी शाखाएं**

संस्थान की पांच प्रादेशिक परिषदें हैं, अर्थात् पश्चिमी भारत प्रादेशिक परिषद्, दक्षिणी भारत प्रादेशिक परिषद्, पूर्वी भारत प्रादेशिक परिषद्, मध्य भारत प्रादेशिक परिषद् और उत्तरी भारत प्रादेशिक परिषद्, जिनके मुख्यालय क्रमशः मुम्बई, चैन्नई, कोलकाता, कानपुर और नई दिल्ली में स्थित हैं। इस समय इसके पास पूरे भारत में 164 शाखाएं और भारत से बाहर 34 विदेशी चैप्टर तथा 15 प्रादेशिक पुस्तकालय हैं।

सर्वोत्तम प्रादेशिक परिषद्, प्रादेशिक परिषद् की सर्वोत्तम शाखा, सर्वोत्तम छात्र संघ और छात्र संघ की सर्वोत्तम शाखा के लिए पुरस्कार :

ये पुरस्कार आईसीएआई द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार सकल कार्यपालन और स्थापित संनियमों के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2019 के लिए ये शील्डें 7 फरवरी, 2020 को आयोजित वार्षिक समारोह में निम्नलिखित विजेताओं को दी गई थी।

**1. सर्वोत्तम प्रादेशिक परिषद्**

प्रथम पुरस्कार: पश्चिमी भारत प्रादेशिक परिषद्

दूसरा पुरस्कार: संयुक्त रूप से दक्षिणी भारत प्रादेशिक परिषद् और

पूर्वी भारत प्रादेशिक परिषद्

**2. प्रादेशिक परिषदों की सर्वश्रेष्ठ शाखा** :-

**1. बृहत्त श्रेणी**

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की पुणे शाखा

दूसरा पुरस्कार: संयुक्त रूप से आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की अहमदाबाद शाखा और आईसीएआई की एनआईआरसी की गुरुग्राम शाखा

**2. बड़ी शाखा प्रवर्ग**

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की एसआईआरसी की एर्नाकुलम शाखा

दूसरा पुरस्कार: संयुक्त रूप से आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की वदौदरा शाखा और आईसीएआई की एनआईआरसी की लुधियाना शाखा

**3. मध्यम शाखा प्रवर्ग**

प्रथम पुरस्कार: संयुक्त रूप से आईसीएआई की ईआईआरसी की सिलिगुडी शाखा और आईसीएआई की एनआईआरसी की अमृतसर शाखा

दूसरा पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की औरंगाबाद शाखा

**4. लघु शाखा प्रवर्ग**

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की अहमद नगर शाखा

दूसरा पुरस्कार: संयुक्त रूप से आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की जलगांव शाखा और आईसीएआई की एसआईआरसी की सलेम शाखा

**5. सूक्ष्म शाखा प्रवर्ग**

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की ईआईआरसी की डिब्रूगढ़ शाखा

दूसरा पुरस्कार: आईसीएआई की एसआईआरसी के तिरूनेलवेल्ली शाखा

**3. सर्वश्रेष्ठ छात्र संघ**

प्रथम पुरस्कार: पश्चिमी भारत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स छात्र संघ

दूसरा पुरस्कार: पूर्वी भारत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स छात्र संघ

**4. छात्र संघ की सर्वश्रेष्ठ शाखा**

क. बड़ी शाखा प्रवर्ग

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की पुणे शाखा

दूसरा पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी के डब्ल्यूआईसीएएसए की अहमदाबाद शाखा

ख. बड़ी शाखा प्रवर्ग

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की नागपुर शाखा

दूसरा पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की ठाणे शाखा

ग. मध्यम शाखा प्रवर्ग

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की औरंगाबाद शाखा

दूसरा पुरस्कार: संयुक्त रूप से आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की वदोदरा शाखा और आईसीएआई की एनआईआरसी की एनईसीएएसए की चंडीगढ़ शाखा

घ. लघु शाखा प्रवर्ग

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की अहमद नगर शाखा

दूसरा पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की जलगांव शाखा

ङ. सूक्ष्म शाखा प्रवर्ग

प्रथम पुरस्कार: आईसीएआई की एसआईआरसी की एसआईसीएएसए की शिवकाशी शाखा

दूसरा पुरस्कार: आईसीएआई की डब्ल्यूआईआरसी की डब्ल्यूआईसीएएसए की पिंपरी-चिंचवाड शाखा

**विकेन्द्रीकृत कार्यालय**

आईसीएआई की परिषद् ने, त्वरित और व्यक्तिगत सेवा के मूल्य को मान्यता प्रदान करते हुए, जिन्हें विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, निम्नानुसार रूप से 5 विकेन्द्रीकृत कार्यालयों की स्थापना की है :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | चेन्नई | कोलकाता | कानपुर | नई दिल्ली |

**13. वित्त और लेखा**

31 मार्च, 2020 को यथाविद्यमान तुलन पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय-व्यय का लेखा, जो संपरीक्षकों द्वारा सम्यकत: संपरीक्षित है, इसमें इसके पश्चात् प्रकाशित किए गए हैं।

**14. अनुशंसा**

परिषद् व्यवसाय के उन सदस्यों की आभारी है, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के अधीन गठित संस्थान के बोर्डों/समितियों में सहयोजित सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट हुए थे, प्रादेशिक परिषदों, उनकी शाखाओं और उनके सदस्यों तथा गैर-सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने वर्ष 2019-20 के दौरान परिषद् के शैक्षिक, तकनीकी, अन्य विकास क्रियाकलापों में और उसकी परीक्षाओं के संचालन में परिषद् की सहायता की, के प्रति भी आभार व्यक्त करती है।

परिषद् की हार्दिक कामना है कि वर्ष 2019-2020 के दौरान केन्द्रीय सरकार और परिषद् में उनके मनोनीत सदस्यों द्वारा दी गई निरंतर सहायता और समर्थन की प्रशंसा अभिलेख पर अंकित की जाए।

परिषद् आईसीएआई द्वारा की गई अनेक पहलों में केंद्रीय और विभिन्न प्रादेशिक राज्य सरकारों द्वारा दिखाई गई गहन रूचि और की गई पहल के अनुसरण में उनके द्वारा पहले ही उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों की प्रशंसा करती है।

परिषद्, आईसीएआई के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2019-2020 के दौरान और उसके पश्चात् उनके द्वारा किए गए निष्ठापूर्ण और समर्पित प्रयासों के लिए उनकी अनुशंसा करती है।

**सांख्यिकी एक दृष्टि में**

**सदस्य रजिस्ट्रीकरण**

(1 अप्रैल, 2007 से)

**सारणी 1**

| वर्ष (को यथाविद्यमान) | | पश्चिमी क्षेत्र | दक्षिणी क्षेत्र | पूर्वी क्षेत्र | मध्य क्षेत्र | उत्तरी क्षेत्र | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2007 | सहयुक्त | 31159 | 18237 | 7829 | 9642 | 14182 | 81049 |
| | अध्येता | 16896 | 13646 | 6488 | 8882 | 12880 | 58792 |
| | योग | 48055 | 31883 | 14317 | 18524 | 27062 | 139841 |
| 1 अप्रैल, 2008 | सहयुक्त | 32364 | 19203 | 7939 | 10045 | 14642 | 84193 |
| | अध्येता | 17646 | 14034 | 6738 | 9472 | 13398 | 61288 |
| | योग | 50010 | 33237 | 14677 | 19517 | 28040 | 145481 |
| 1 अप्रैल, 2009 | सहयुक्त | 34294 | 20666 | 8193 | 10578 | 15951 | 89682 |
| | अध्येता | 18442 | 14516 | 7002 | 10007 | 13951 | 63918 |
| | योग | 52736 | 35182 | 15195 | 20585 | 29902 | 153600 |
| 1 अप्रैल, 2010 | सहयुक्त | 36390 | 21733 | 8512 | 11252 | 17104 | 94991 |
| | अध्येता | 19181 | 15076 | 7192 | 10615 | 14461 | 66525 |
| | योग | 55571 | 36809 | 15704 | 21867 | 31565 | 161516 |
| 1 अप्रैल, 2011 | सहयुक्त | 38608 | 22998 | 9154 | 12329 | 18547 | 101636 |
| | अध्येता | 19831 | 15612 | 7406 | 11182 | 14943 | 68974 |
| | योग | 58439 | 38610 | 16560 | 23511 | 33490 | 170610 |
| 1 अप्रैल, 2012 | सहयुक्त | 45273 | 25505 | 11069 | 15963 | 23332 | 121142 |
| | अध्येता | 20510 | 16132 | 7578 | 11720 | 15431 | 71371 |
| | योग | 65783 | 41637 | 18647 | 27683 | 38763 | 192513 |
| 1 अप्रैल, 2013 | सहयुक्त | 52846 | 28020 | 13258 | 20606 | 27743 | 142473 |
| | अध्येता | 21522 | 16918 | 7815 | 12327 | 16051 | 74633 |
| | योग | 74368 | 44938 | 21073 | 32933 | 43794 | 217106 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2014 | सहयुक्त | 56595 | 29401 | 14035 | 22978 | 29467 | 152476 |
| | अध्येता | 22313 | 17460 | 8007 | 12915 | 16508 | 77203 |
| | योग | 78908 | 46861 | 22042 | 35893 | 45975 | 229679 |
| 1 अप्रैल, 2015 | सहयुक्त | 60229 | 30126 | 14514 | 24702 | 31137 | 160708 |
| | अध्येता | 22838 | 17864 | 8137 | 13441 | 16986 | 79266 |
| | योग | 83067 | 47990 | 22651 | 38143 | 48123 | 239974 |
| 1 अप्रैल, 2016 | सहयुक्त | 64235 | 31919 | 15046 | 27353 | 32774 | 171327 |
| | अध्येता | 23700 | 18495 | 8223 | 14071 | 17521 | 82010 |
| | योग | 87935 | 50414 | 23269 | 41424 | 50295 | 253337 |
| 1 अप्रैल, 2017 | सहयुक्त | 67746 | 33591 | 15580 | 30036 | 34632 | 181585 |
| | अध्येता | 25742 | 19711 | 8718 | 15618 | 18933 | 88722 |
| | योग | 93488 | 53302 | 24298 | 45654 | 53565 | 270307 |
| 1 अप्रैल, 2018 | सहयुक्त | 70683 | 34733 | 15606 | 32094 | 36988 | 190104 |
| | अध्येता | 26736 | 20280 | 8912 | 16494 | 19667 | 92089 |
| | योग | 97419 | 55013 | 24518 | 48588 | 56655 | 282193 |
| 1 अप्रैल, 2019 | सहयुक्त | 72296 | 34352 | 15547 | 33522 | 37129 | 192857 |
| | अध्येता | 28747 | 21437 | 9418 | 18337 | 20895 | 98841 |
| | योग | 101043 | 55789 | 24965 | 51859 | 58024 | 291698 |
| 1 अप्रैल, 2020 | सहयुक्त | 74285 | 38405 | 15735 | 38453 | 40877 | 207755 |
| | अध्येता | 28860 | 21495 | 9295 | 19017 | 20816 | 99483 |
| | योग | 103145 | 59900 | 25030 | 57470 | 61693 | 307238 |



**सदस्य**

(1 अप्रैल, 1950 से)

**सारणी 2**

| | सहयुक्त | अध्येता | योग |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 1950 को | 1,120 | 569 | 1,689 |
| 1 अप्रैल, 1951 को | 1,285 | 672 | 1,957 |
| 1 अप्रैल, 1961 को | 4,059 | 1,590 | 5,649 |
| 1 अप्रैल, 1971 को | 7,901 | 3,326 | 11,227 |
| 1 अप्रैल, 1981 को | 16,796 | 8,642 | 25,438 |
| 1 अप्रैल, 1991 को | 36,862 | 22,136 | 58,998 |
| 1 अप्रैल, 2001 को | 51,603 | 44,789 | 96,392 |
| 1 अप्रैल, 2002 को | 54,666 | 47,064 | 1,01,730 |
| 1 अप्रैल, 2003 को | 60,619 | 49,637 | 1,10,256 |
| 1 अप्रैल, 2004 को | 63,384 | 52,707 | 1,16,091 |
| 1 अप्रैल, 2005 को | 68,052 | 55,494 | 1,23,546 |
| 1 अप्रैल, 2006 को | 73,778 | 57,168 | 1,30,946 |
| 1 अप्रैल, 2007 को | 81,049 | 58,792 | 1,39,841 |
| 1 अप्रैल, 2008 को | 84,193 | 61,288 | 1,45,481 |
| 1 अप्रैल, 2009 को | 89,682 | 63,918 | 1,53,600 |
| 1 अप्रैल, 2010 को | 94,991 | 66,525 | 1,61,516 |
| 1 अप्रैल, 2011 को | 1,01,636 | 68,974 | 1,70,610 |
| 1 अप्रैल, 2012 को | 1,21,142 | 71,371 | 1,92,513 |
| 1 अप्रैल, 2013 को | 1,42,473 | 74,633 | 2,17,106 |
| 1 अप्रैल, 2014 को | 1,52,476 | 77,203 | 2,29,679 |
| 1 अप्रैल, 2015 को | 1,60,708 | 79,266 | 2,39,974 |
| 1 अप्रैल, 2016 को | 1,71,327 | 82,010 | 2,53,337 |
| 1 अप्रैल, 2017 को | 1,81,585 | 88,722 | 2,70,307 |
| 1 अप्रैल, 2018 को | 1,90,104 | 92,089 | 2,82,193 |
| 1 अप्रैल, 2019 को | 1,92,857 | 98,841 | 2,91,698 |
| 1 अप्रैल, 2020 को | 2,07,755 | 99,483 | 3,07,238 |

**रजिस्ट्रीकृत छात्र**

(31 मार्च, 2009 से)

| वर्ष के दौरान | नए सीआरईटी के अनुसार फाउंडेशन | फाइनल | नया फाइनल | सीपीटी | पीसीसी | आईपीसीसी एवं आईआईपीसीसी | मध्यवर्ती | एटीसी | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2009-10 | - | 24,172 | - | 1,67,073 | 1,860 | 80,745 | - | 3,376 | 2,77,226 |
| 2010-11 | - | 57,175 | - | 1,55,217 | 329 | 67,984 | - | 1,906 | 2,82,611 |
| 2011-12 | - | 47,515 | - | 1,61,712 | - | 85,053 | - | 2,099 | 2,96,379 |
| 2012-13 | - | 45,102 | - | 1,61,084 | - | 1,02,406 | - | 2,615 | 3,11,207 |
| 2013-14 | - | 39,348 | - | 1,54,742 | - | 96,285 | - | 3,209 | 2,93,584 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2014-15 | - | 36,950 | - | 1,41,241 | - | 66,570 | - | 881 | 2,45,642 |
| 2015-16 | - | 31,669 | - | 1,25,140 | | 77,962 | - | 1,249 | 2,36,020 |
| 2016-17 | - | 27,611 | - | 1,07,392 | | 81,886 | - | 1,430 | 2,18,319 |
| 2017-18 | 9,788 | 26,291 | 14,056 | 73,804 | - | 22,657 | 63,693 | - | 2,10,289 |
| 2018-19 | 45,048 | - | 27,966 | - | - | - | 53,654 | - | 1,26,668 |
| **2019-20** | 63,228 | - | 67,090 | - | - | - | 87,949 | - | 2,18,267 |




## परिषद् की संरचना

**परिषद् के सदस्य (2020-21)**

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **निर्वाचित सदस्य** | |
| सीए. अतुल कुमार गुप्ता | सीए. अनिल सत्यनारायण भंडारी | मुंबई |
| | सीए. जय छैरा | सूरत |
| | सीए. प्रफुल प्रेमसुख छाजेड | मुंबई |
| **उपाध्यक्ष** | सीए. चंद्रशेखर वसंत चिताले | पुणे |
| सीए. निहार निरंजन जम्बुसरिया | सीए. तरुण जमनादास घिया | मुंबई |
| | सीए. नंदकिशोर चिदम्बर हेगड़े | मुंबई |
| | सीए. निहार निरंजन जम्बुसरिया | मुंबई |
| | सीए. श्रीनिवास यशवंत जोशी | मुंबई |
| | सीए. दुर्गेश कुमार काबरा | मुंबई |
| | सीए. धीरज कुमार खंडेलवाल | मुंबई |
| | सीए. अनिकेत सुनील तलाती | अहमदाबाद |
| | सीए. बाबु अब्राहम कल्लीवयालिल | कोच्ची |
| | सीए दयानिवास शर्मा | हैदराबाद |
| | सीए. प्रसन्ना कुमार डी. | विशाखापट्टनम |

| | | |
|---|---|---|
| **परिषद् के सचिव** | सीए. राजेन्द्र कुमार पी. | चेन्नई |
| श्री राकेश सहगल | सीए. जी. शेखर | चेन्नई |
| कार्यकारी सचिव | | |
| | सीए. एम.पी. विजय कुमार | चेन्नई |
| | सीए. रंजीत कुमार अग्रवाल | कोलकाता |
| | सीए. सुशील कुमार गोयल | कोलकाता |
| | सीए. (डा.) देबाशीष मित्रा | गुवाहाटी |
| | सीए. मनु अग्रवाल | कानपुर |
| | सीए. प्रमोद कुमार बूब | जयपुर |
| | सीए. अनुज गोयल | गाजियाबाद |
| | सीए. सतीश कुमार गुप्ता | जयपुर |
| | सीए. प्रकाश शर्मा | जयपुर |
| | सीए. केमिशा सोनी | इंदौर |
| | सीए. हंसराज चुघ | नई दिल्ली |
| | सीए. अतुल कुमार गुप्ता | गुरुग्राम |
| | सीए. प्रमोद जैन | नई दिल्ली |
| | सीए. चरणजोत सिंह नंदा | नई दिल्ली |
| | सीए. राजेश शर्मा | नई दिल्ली |
| | सीए. (डा.) संजीव कुमार सिंघल | नई दिल्ली |
| **सरकार के नामनिर्देशिती** | | |
| | श्री मनोज पांडे, संयुक्त सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय | नई दिल्ली |
| | श्री ज्ञानेश्वर कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय | नई दिल्ली |
| | सुश्री रितिका भाटिया, प्रधान निदेशक (वाणिज्य-2) भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का कार्यालय | नई दिल्ली |
| | डा. रवि गुप्ता, सहबद्ध प्रोफेसर, श्रीराम कालेज ऑफ कामर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय | नई दिल्ली |
| | श्री सुनील कनोरिया | कोलकाता |
| | श्री चन्द्र वाधवा | नई दिल्ली |
| | डा. पी.सी. जैन | नई दिल्ली |
| | अधिवक्ता विजय कुमार झालानी | नई दिल्ली |

शाह गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

रवि राजन एंड कं. एलएलपी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**स्वतंत्र संपरीक्षक की प्रारूप रिपोर्ट**

**सेवा में,**

**परिषद्, भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान**

**वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा संबंधी रिपोर्ट**

**राय**

हमने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान ("संस्थान") के संलग्न वित्तीय विवरणों, जिसमें 31 मार्च, 2020 को यथा विद्यमान तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए संलग्न आय और व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखाकंन नीतियों के संक्षिप्त विवरण को सम्मिलित करने वाले वित्तीय विवरणों संबंधी टिप्पण भी सम्मिलित हैं, की संपरीक्षा की है।

हमारी राय में, 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पूर्वोक्त वित्तीय विवरण चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949 के अनुसार सभी सारवान अपेक्षाओं को पूरा करते हुए, तैयार किए गए हैं और वे भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए संस्थान के मामलों की स्थिति और उसके नकद प्रवाह के संबंध में एक सत्य और उचित मत प्रदान करते हैं।

**राय के लिए आधार**

हमने अपनी संपरीक्षा को आईसीएआई द्वारा जारी संपरीक्षा मानकों (एसए) के अनुसार पूरा किया है। उन मानकों के अधीन हमारे उत्तरदायित्वों को आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा हेतु संपरीक्षक के उत्तरदायित्वों संबंधी खंड में वर्णित किया गया है। हम ऐसी नैतिक अपेक्षाओं, जो वित्तीय विवरणों की हमारी संपरीक्षा के लिए सुसंगत हैं, के अनुसार संस्थान से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं के अनुसार अपने अन्य नैतिक उत्तरदायित्वों को पूरा किया है। हम यह विश्वास करते हैं कि हमारे द्वारा अभिप्राप्त किए गए संपरीक्षा संबंधी साक्ष्य हमारी राय का आधार प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

**वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधमंडल का उत्तरदायित्व**

संस्थान का प्रबंधमंडल चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 के अनुसार, इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उन्हें उचित रूप से प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है और इस प्रयोजन के लिए ऐसे आंतरिक नियंत्रण आवश्यक हैं, जिन्हें प्रबंध मंडल अवधारित करे, जिससे ऐसे वित्तीय विवरणों के तैयार किए जाने को समर्थ बनाया जा सके, जो सारवान मिथ्या कथनों, चाहे वे किसी कपट के कारण हों अथवा किसी त्रुटि के कारण, से मुक्त हैं।

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधमंडल, एक गोईंग कर्न्सन के रूप में बने रहने संबंधी संस्थान के सामर्थ्य का निर्धारण करने, यथा लागू प्रकटन करने, गोईंग कर्न्सन से संबंधित विषयों का निर्धारण करने और लेखांकन के गोईंग कर्न्सन के आधार का उपयोग करने के लिए तब तक उत्तरदायी है जब तक कि प्रबंधमंडल का आशय या तो संस्थान का परिसमापन करना है या उसके प्रचालनों को बंद करना है या उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई अन्य वास्तविक विकल्प उपलब्ध नहीं है।

प्रबंध-मंडल संस्थान की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यावलोकन करने के लिए उत्तरदायी है।

**वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा के संबंध में संपरीक्षक के उत्तरदायित्व**

हमारा उद्देश्य इस बारे में युक्तियुक्त आश्वासनों को प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण सकल रूप से सारवान मिथ्या कथनों से मुक्त हैं, चाहे वे कपट के कारण हों अथवा किसी त्रुटि के कारण और ऐसी संपरीक्षा संबंधी रिपोर्ट को जारी करना है, जिसमें हमारी राय सम्मिलित हो। युक्तियुक्त आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, किंतु यह इस बात की गारंटी नहीं करता है कि एसए के अनुसार की गई संपरीक्षा सदैव सारवान कथनों का उस समय पता लगाने में समर्थ होगी, जब वे विद्यमान होते हैं। मिथ्या कथन, कपट या त्रुटि, किसी भी कारण से उदभूत हो सकते हैं और उन्हें उस समय सारवान समझा जाता है, यदि व्यष्टिक रूप से या सकल रूप से उनसे युक्तियुक्त रूप से यह प्रत्याशा की जा सकती है कि वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए जाने वाले उपयोक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करेंगे।

एसए के अनुसार की जाने वाली संपरीक्षा के भागरूप में, हम अपने वृत्तिक विवेक का प्रयोग करते हैं और पूर्ण संपरीक्षा के दौरान वृत्तिक संदेहों को भी बनाए रखते हैं। हम :

- कपट या त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में सारवान मिथ्या कथनों की पहचान करते हैं और उनसे संबंधी जोखिमों का निर्धारण करते हैं, उन जोखिमों के प्रत्युत्तर में संपरीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं को तैयार और उनका निष्पादन करते हैं तथा ऐसे संपरीक्षा संबंधी साक्ष्य अभिप्राप्त करते हैं, जो हमारी राय का आधार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हों। किसी कपट के परिणामस्वरूप होने वाले किसी सारवान मिथ्या कथन की पहचान न करने का जोखिम किसी त्रुटि के परिणामस्वरूप आए सारवान मिथ्या कथन से कहीं अधिक है, क्योंकि कपट में दुरभिसंधि, जालसाजी, साशय लोप, अर्थात् विवरण या आंतरिक नियंत्रणों की अवहेलना अंतर्वलित हो सकती है।

- संपरीक्षा से सुसंगत आंतरिक नियंत्रणों की समझ को प्राप्त करते हैं, जिससे ऐसी संपरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार किया जा सके, जो मामले की परिस्थितियों में उपयुक्त हैं, किंतु जो संस्थान के आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविकता के संबंध में राय अभिव्यक्त करने के प्रयोजन के लिए अभिप्रेत नहीं हैं।
- प्रयुक्त की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करते हैं और प्रबंधमंडल द्वारा दिए गए लेखांकन प्राक्कलनों और संबद्ध प्रकटनों के औचित्य का भी मूल्यांकन करते हैं।
- प्रबंधमंडल द्वारा लेखांकन के गोईंग कर्न्सन के आधार के उपयोग की उपयुक्तता के संबंध में निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं तथा प्राप्त किए गए संपरीक्षा संबंधी साक्ष्यों के आधार पर यह तय करते हैं कि क्या किन्हीं घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई सारवान अनिश्चतता विद्यमान है, जो एक गोईंग कर्न्सन के रूप में बने रहने के संस्थान के सामर्थ्य के संबंध में महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न करती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सारवान अनिश्चितता विद्यमान है तो हम से यह अपेक्षा की जाती है कि हम हमारी संपरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबद्ध प्रकटनों की ओर ध्यान आकर्षित करें या यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं तो हमारी राय को उपांतरित करें। हमारे निष्कर्ष, हमारी संपरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक हमारे द्वारा प्राप्त किए गए संपरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित होते हैं। तथापि, भावी घटनाएं या परिस्थितियां यह प्रभाव उत्पन्न कर सकती हैं कि संस्थान एक गोईंग कर्न्सन के रूप में अपना कार्यकरण जारी रखना बंद कर दे।

हम ऐसे व्यक्तियों से परस्पर संपर्क करते हैं, जिन्हें अन्य विषयों के साथ संपरीक्षा के योजनाबद्ध विस्तार क्षेत्र, समय और महत्वपूर्ण संपरीक्षा निष्कर्षों से संबंधित विषयों को शासित करने का प्रभार सौंपा गया है, जिसके अंतर्गत आंतरिक नियंत्रण में ऐसी कोई महत्वपूर्ण कमियां भी हैं, जिनकी हम हमारी संपरीक्षा के दौरान पहचान करते हैं।

**अन्य विषय**

(क) संस्थान ने भारत में और विदेशों में बड़ी संख्या में चैप्टरों को प्राधिकृत किया है। संस्थान ने हमें यह निवेदन किया है कि चूंकि यह चैप्टर पृथक् अस्तित्व हैं इसलिए उनके लेखाओं को समेकित किया जाना अपेक्षित नहीं है।

(ख) हमने संस्थान के विकेन्द्रीकृत कार्यालयों, कंप्यूटर केंद्रों, छात्र संघों, प्रादेशिक परिषदों और उनकी शाखाओं (जो एकीकृत रूप में शाखाओं के नाम से ज्ञात हैं) के वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण 1,00,156 लाख रुपए की कुल आस्तियों, 19,171 लाख रुपए का कुल राजस्व और 224 लाख रुपए की रकम का शुद्ध नकद प्रवाह/(बर्हिगामी) उपदर्शित करते हैं। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों की संपरीक्षा अन्य संपरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्टें प्रबंधमंडल द्वारा हमें प्रस्तुत की गई हैं। इन वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारी राय, जहां तक उसका संबंध इन शाखाओं के संबंध में सम्मिलित की गई रकमों और प्रकटनों से है, पूर्णतया उन अन्य संपरीक्षकों की रिपोर्टों पर आधारित है।

वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारी राय और नीचे दी गई विनियामक अपेक्षाओं को, अन्य संपरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और उनकी रिपोर्टों तथा प्रबंधमंडल द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारे विश्वास के आधार पर अन्य मामलों के संबंध में उपांतरित नहीं किया गया है।

**अन्य विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट**

**हम यह और रिपोर्ट करते हैं कि :**

**क)** हमने ऐसी सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारी संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे;

